दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 30 | अंक :264
प्रतापगढ़ | शनिवार , 27 जुलाई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## न्यूज डायरी

### 600 साल पुरानी असम की धरोहर ने पाई यूनेस्को की हेरीटेज लिस्ट में जगह



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि यह भारत के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात है कि असम के मोइदाम - अहोम राजवंश की टीला दफन प्रणाली को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। इसे आगे बढ़ाते हुए मोइदाम विश्व विरासत सूची में शामिल हो गए। अहोम राजवंश की टीला दफन प्रणाली, जिसे मोइदाम के नाम से भी जाना जाता है, को सांस्कृतिक संपत्ति की श्रेणी के तहत यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया था। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चल रहे विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) के 46वें सत्र के दौरान लिया गया।असम से आने वाले केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि यह हमारे लिए बड़ी मान्यता है। मैं नॉर्थ ईस्ट के लोगों की ओर से पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं।

### महुआ मोइत्रा के खिलाफ दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग पर दिल्ली पुलिस को नोटिस



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा की ओर से दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग पर सुनवाई करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 नवंबर को होगी।आज सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने कहा कि उन्हें अभी तक एफआईआर की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। दिल्ली पुलिस की ओर से पेश वकील ने महुआ मोइत्रा को एफआईआर की प्रति उपलब्ध कराई।दिल्ली पुलिस ने महुआ मोइत्रा के रेखा शर्मा के खिलाफ पोस्ट किए गए ट्वीट के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 के तहत एफआईआर दर्ज किया है। महुआ मोइत्रा की ट्वीट में हाथरस भगदड़ के दौरान रेखा शर्मा के वीडियो का जिक्र किया गया है जिसमें घटनास्थल पर जाते समय रेखा शर्मा का स्टाफ उनके सिर के ऊपर छाता थाम कर चल रहा है। इस मामले पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया और महुआ मोइत्रा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राष्ट्रीय महिला आयोग ने महुआ की टिप्पणी को अपमानजनक बताते हुए एक महिला की गरिमा के साथ जीवन के अधिकार का उल्लंघन करार दिया था।

## ● ● सुप्रीम कोर्ट से योगी सरकार को झटका ●

# कांवड यात्रा मार्ग की दुकानों पर नहीं लगेगी नेम प्लेट

**▶▶ योगी सरकार के हलफ़नामें पर भी शीर्ष अदालत ने अपनु पुराने फैसले को बरकरार रखा**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकान मालिकों का नाम लिखे जाने वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि कांवड़ यात्रा मार्ग में खाने-पीने का सामान बेचने वाले दुकान मालिकों के नाम दुकान के बाहर लिखने पर रोक लगाने वाला उसका अंतरिम आदेश जारी रहेगा।जस्टिस ह्रषिकेश राय की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमारा आदेश साफ है। अगर कोई अपनी मर्जी से दुकान के बाहर अपना नाम लिखना चाहता है तो हमने उसे रोका नहीं है। हमारा आदेश था कि नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 5 अगस्त को होगी।आज एक याचिकाकर्ता महुआ मोइत्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने किहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का जवाबी हलफनामा कल रात साढ़े दस बजे मिला है। उन्होंने इसका जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। कोर्ट ने कहा कि यूपी सरकार का हलफनामा अभी कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं आया है। उसके बाद कोर्ट ने सुनवाई 5 अगस्त तक टालते हुए अंतरिम आदेश भी बढ़ा दिया।यूपी सरकार ने कोर्ट में दायर हलफनामे में कहा है कि ये निर्देश कांवड़ियों की शिकायतों के बाद ही लाए गए हैं। कांवड़ियों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यात्रा के दौरान उनके द्वारा खाए जाने वाले भोजन के संबंध में पारदर्शिता के लिए यह निर्देश दिया गया है। यूपी सरकार ने कहा है कि कांवड़ियों को पता होना चाहिए कि वे क्या खा रहे हैं और कहां खा रहे हैं। कांवड़ यात्रा में शांति, सुरक्षा और व्यापक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए निर्देश लाए गए हैं।सुप्रीम कोर्ट ने 22 जुलाई को इस निर्देश पर अंतरिम रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि ढाबा, रेस्टोरेंट, फल-सब्जी विक्रेता, फेरी वाले यह तो बता सकते हैं कि वह कांवड़ियों को किस प्रकार का भोजन परोस रहे हैं लेकिन उन्हें दुकान मालिकों या फिर उनके यहां काम करने वालों के नाम उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कांवड़ियों को शाकाहारी भोजन मिले और स्वच्छता का उच्च स्तर भी कायम रहे ये प्राधिकार सुनिश्चित कर सकती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा था कि सक्षम प्राधिकार फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड एक्ट 2006 और स्ट्रीट वेंडर एक्ट 2014 के तहत आदेश भी जारी कर सकती है लेकिन इसको लेकर सक्षम अथॉरिटी के पास जो अधिकार है, उसको बिना किसी कानूनी आधार के पुलिस नहीं हथिया सकती है।एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स समेत कई याचिकाकर्ताओं ने याचिका दाखिल की है। इस याचिका में यूपी सरकार, राज्य के डीजीपी और मुजफ्फरनगर के एसएसपी के अलावा उत्तराखंड सरकार को भी पक्षकार बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि 19 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार ने एक आदेश जारी कर कांवड़ रूट के सभी दुकानदारों को दुकान के बाहर अपना नाम लिखना अनिवार्य कर दिया। इस आदेश पर राजनीतिक हंगामा खड़ा हो गया है।

### लंबित विधेयकों पर केंद्र, बंगाल और केरल सरकार के राज्यपालों को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को अनुमति नहीं देने के मामले में पश्चिम बंगाल और केरल सरकार की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार और दोनों राज्यों के राज्यपालों के सचिवालय को नोटिस जारी किया है।पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट राज्यपाल को निर्देश दे कि वो लंबित आठ विधेयकों पर फैसला लें। इन आठ में से छह विधेयकों को पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ के पास भेजा गया था। बाद में दो विधेयक वर्तमान राज्यपाल सीवी आनंद बोस के पास भेजा गया था। पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का जिक्र किया है, जिसमें तेलंगाना के राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 200 के प्रावधानों का पालन करने को कहा गया था। याचिका में पंजाब के राज्यपाल को सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए निर्देश का भी जिक्र किया गया है।

## सुलतानपुर कोर्ट में पेश हुए राहुल गांधी, खुद को बताया बेकसूर



**सुलतानपुर, (हि.स.)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर अपमानजनक टिप्पणी के मामले में शुक्रवार को सुलतानपुर जिले के स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। राहुल ने जज से कहा कि वे निर्दोष हैं और उनको राजनीतिक षड्यंत्र के तहत फंसाया गया है।रायबरेली के सांसद राहुल गांधी जज शुभम वर्मा की अदालत में करीब 16 मिनट तक रहे और अपना बयान दर्ज कराया। जज वर्मा ने वादी अधिवक्ता से एविडेंस पेश करने को कहते हुए मामले की अगली सुनवाई की तारीख 12 अगस्त को तय की।कर्नाटक के बेंगलुरु में एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी। इसको लेकर सुलतानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने कोर्ट में परिवाद दायर किया था। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि राहुल गांधी का केस स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर-15 में साक्ष्य बयान के लिए नियत था। राहुल ने अपने किए हुए वादे के मुताबिक संसद की व्यस्तता के बाद भी कोर्ट में पहुंचकर अपना बयान दर्ज कराया। उक्त मामले में कोर्ट ने अभियोजन साक्ष्य के लिए 12 अगस्त की तारीख नियत की है।शुक्ला ने बताया कि उनके मुवक्किल राहुल गांधी ने अपने ऊपर लगाये गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि यह सब राजनीतिक दुर्भावना से उनको और उनकी पार्टी की छवि धूमिल करने के लिए लगाए गए। अब अभियोजन पक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करेगे। बाकी जो नतीजा होगा वह सब आगे पता चलेगा।अधिवक्ता संतोष पांडेय ने मीडियाकर्मियों को बताया कि राहुल गांधी व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। उन्होंने कोर्ट के समक्ष पेश होकर अपना बयान दर्ज कराया है। उन्होंने अपने को निर्दोष बताया और कहा कि उनके खिलाफ जो भी मामला दर्ज हुआ है वह सब राजनीतिक दुर्भावना का नतीजा है।उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 20 फरवरी 2024 को अपनी न्याय यात्रा के दौरान सुलतानपुर कोर्ट में सरेंडर किया था। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो बॉन्ड पर जमानत दी थी। विगत 26 जून को कोर्ट ने राहुल को व्यक्तिगत रूप से 26 जुलाई को तलब किया था।

### के. कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े सीबीआई मामले में बीआरएस नेता के. कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। आज कविता और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। दोनों को आज तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया।राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 जुलाई को के. कविता के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सीबीआई ने कविता को इस मामले में 11 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने 7 जून को के कविता के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने ईडी की ओर से के कविता के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर 29 मई को संज्ञान लिया था।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश

# गर्भपात कराना है या नहीं, यह महिला का एकाधिकार



**प्रयागराज,(हि.स.)।** गर्भपात कराये जाने को लेकर महिलाओं के पक्ष में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दो टूक कहा कि एक महिला स्वयं के निर्णय पर निर्भर करेगा कि उसे अपना गर्भपात करना है, अथवा बच्चे को जन्म देना है यानि गर्भपात नहीं कराना है। कोर्ट ने कहा यह किसी और को नहीं, बल्कि उसे ही तय करना है। यह मुख्य रूप से दैहिक स्वतंत्रता के स्वीकृत विचार पर आधारित है। यहां महिला की सहमति सर्वोच्च है। कोर्ट ने कहा दुष्कर्म पीड़िता 15 वर्षीय नाबालिग को यह स्वयं निर्णय करना होगा कि वह गर्भधारण रखना चाहती है अथवा गर्भपात कराना चाहती है।इस टिप्पणी के साथ न्यायमूर्ति शेखर बी. सर्राफ और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की खंडपीठ ने पीड़िता और उसके माता-पिता से परामर्श के बाद 32 सप्ताह का गर्भ समाप्त करने से जुड़े जोखिमों पर विचार कर गर्भावस्था जारी रखने की अनुमति दे दी है।कोर्ट ने कहा, 'भले ही वह (महिला) गर्भधारण करने और बच्चे को गोद देने का फैसला करती है, लेकिन राज्य का यह कर्तव्य है कि वह इसे सुनिश्चित करे कि यह काम यथासंभव निजी तौर पर किया जाए।इसी के साथ सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि बच्चा इस देश का नागरिक होने के नाते संविधान में निहित मौलिक अधिकारों से वंचित न हो। यह सुनिश्चित करना राज्य का कर्तव्य है कि गोद लेने की प्रक्रिया कुशल तरीके से की जाए और इसमें 'बच्चे का हित सर्वोत्तम' सिद्धांत का पालन किया जाए।' इलाहाबाद कोर्ट के इस फैसले के दूरगामी परिणाम हो सकते हैं।

### अब्दुल्ला आजम के पासपोर्ट मामले में आदेश सुरक्षित

**प्रयागराज,(हि.स.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आज़म के फर्जी पासपोर्ट मामले में आदेश सुरक्षित कर लिया है।यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्र ने मामले में सुनवाई पूरी होने पर दिया। गलत जन्म तिथि पर फ़र्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में अब्दुल्ला आज़म खान ने ट्रायल कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर कुछ वीडियो क्लिप, शादी के कार्ड आदि दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि दाखिल करने की अनुमति मांगी थी। ट्रायल कोर्ट ने प्रार्थना पत्र को खारिज कर दिया था। ट्रायल कोर्ट के इसी आदेश को अब्दुल्ला आजम ने याचिका में चुनौती दी है। पूर्व में हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी थी।भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने फर्ज़ी पासपोर्ट मामले में 30 जुलाई 2019 को अब्दुल्ला के खिलाफ रामपुर के सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी और पासपोर्ट एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।

## महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ ट्रायल शुरू

**● अगली सुनवाई पर 6 अगस्त को एक पीड़ित और एक दूसरे गवाह के दर्ज होंगे बयान**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दर्ज मामले में शुक्रवार को ट्रायल शुरू कर दिया। कोर्ट ने आज मामले की जांच से जुड़े एक कांस्टेबल के बयानों को दर्ज किया। एडिशनल जुडिशियल मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को एक पीड़ित और एक दूसरे गवाह को अपना बयान दर्ज करने के लिए समन जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 6 अगस्त को होगी।बृजभूषण सिंह और विनोद तोमर ने 21 मई को कोर्ट से कहा था कि वे ट्रायल का सामना करेंगे। दोनों ने मामले में कोर्ट ने तय आरोपों को स्वीकार करने से इनकार करते हुए कहा कि कोई गलती नहीं की है तो मानने का सवाल ही नहीं है। सुनवाई के दौरान विनोद तोमर ने कोर्ट में कहा कि हमारे पास सबूत हैं। अगर दिल्ली पुलिस सही से जांच करती तो सच सामने आता। हमने कभी किसी को घर पर नहीं बुलाया, जो सच है वह सामने आएगा। 10 मई को कोर्ट ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने छह में से पांच महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए आरोपों पर बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था जबकि एक महिला पहलवान के आरोपों के मामले में बृजभूषण सिंह को बरी कर दिया था।कोर्ट ने पांच महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354ए और 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस मामले के सह आरोपी और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया था।राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 26 अप्रैल को बृजभूषण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दी थी, जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। 18 अप्रैल को बृजभूषण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं था। बृजभूषण ने इस तथ्य की दिल्ली पुलिस से जांच करने का आदेश देने की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दी थी।

कोर्ट ने 4 अप्रैल को आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने 20 जुलाई 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपी विनोद तोमर को जमानत दी थी। कोर्ट ने 7 जुलाई, 2023 को दिल्ली पुलिस की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

## नीति आयोग को बंद करें, ये कुछ नहीं करता-ममता बनर्जी

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को 2015 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के तहत स्थापित केंद्र सरकार के थिंक टैंक नीति आयोग को खत्म करने की मांग की।

वार्षिक योजनाएं वापस लाई जाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से एक दिन पहले बनर्जी ने राजधानी में कहा कि इस नीति आयोग को रोकें।

यह बैठकें बुलाने के अलावा कुछ नहीं करता। योजना आयोग को वापस लाओ। यह पूछे जाने पर कि वह अपने कुछ गठबंधन सहयोगियों के विपरीत नीति आयोग की बैठक में क्यों भाग ले रही हैं, जिन्होंने बहिष्कार का फैसला किया



है। बनर्जी ने कहा कि आने की कोई जरूरत नहीं है और मैंने उनके बजट के कारण अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया था। लेकिन अभिषेक और अन्य ने मुझे मना लिया और मैंने हेमंत (सोरेन) से भी बात की, जो आ रहे हैं।

उन्होंने उत्तर बंगाल पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार की टिप्पणी का जिक्र करते हुए कहा कि समस्या समन्वय की है. हर राज्य की अपनी प्राथमिकताएँ होती हैं, लेकिन मैं संघवाद में विश्वास करता हूँ। भाजपा देश को तोड़ना चाहती है। उनके नेता बांटने की बात कर रहे हैं।




## उप्र. में अग्निवीरों को पुलिस और पीएसी भर्ती में मिलेगा आरक्षण- मुख्यमंत्री

**लखनऊ(हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो उत्तर प्रदेश सरकार पुलिस और पीएसी भर्ती में इन नौजवानों को प्राथमिकता के आधार पर समायोजित करेगी। उनके लिए एक निश्चित आरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति एवं समृद्धि के नित नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफार्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। लगातार हर फील्ड में पिछले 10 वर्षों में बेहतरीन रिफार्म करके देश की अर्थव्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया में पांचवी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में काफी कदम उठाए गए।



इसके साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। योगी ने कहा कि अग्निपथ योजना इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। युवाओं के मन में उत्साह है।विपक्ष पर हमला बोलते हुए योगी ने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि कुछ लोगों के लिए उनकी राजनीति देश से बड़ी हो गयी है। वे देश की कीमत पर राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका काम ही है कि रिफार्म वाले, समृद्धि वाले हर कार्य में टांग अड़ाना है। अनावश्यक व्यवधान पैदा करना, गुमराह करना, बयानबाजी करना उनकी नीयत बन गयी है। अग्निवीर को लेकर भी विपक्ष ने लगातार गुमराह करने का प्रयास किया है। आज अग्निवीर में जहां ट्रेंड युवा भर्ती हो रहे हैं, वहीं अग्निवीर की सेवा पूरा करने के बाद उन्हें सेना में भी अच्छा अवसर प्राप्त होने वाला है। पैरा मिलिट्री, सिविल पुलिस और विभिन्न सेक्टर में भी उनके समायोजन की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अग्निवीर जब अपनी सेवा पूरा करके वापस आएंगे तो हम उप्र पुलिस सेवा, पीएसी में इन जवानों को प्राथमिकता देंगे। उनके लिए हम निश्चित आरक्षण की व्यवस्था करेंगे।

# पुण्य का कार्य है रक्तदान- प्रोफेसर सत्यकाम

## मुक्त विश्वविद्यालय के रक्तदान शिविर में कुलसचिव एवं शिक्षकों ने किया रक्तदान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों में उत्साह बरकरार रहा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देशन में मुक्त विश्वविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने सरस्वती परिसर में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों में



रक्तदान के प्रति उत्साह बरकरार रहा। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने नामांकन कराया, जिन्होंने रक्त समूह तथा ब्लड प्रेशर की जांच कराई। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रुप से कुलसचिव कर्नल विनय कुमार, प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर श्रुति, प्रोफेसर एके मलिक, डॉ शिवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ मुकेश कुमार मौर्य, अनुपम, अनुराग शुक्ला एवं आशुतोष कुमार मिश्रा आदि प्रमुख रहे।

इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने रक्तदाताओं को प्रदेश शासन और बेली अस्पताल की तरफ से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए और उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

शिविर में स्थानीय तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय रक्तदान केंद्र की तरफ से हेमंत शुक्ला, डॉ संजू, अजय मिश्रा, संदीप मिश्रा, भूपेंद्र पांडे, लवलेश शुक्ला, वीरेन्द्र तथा श्रीमती उपासना आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

प्रारंभ में कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय के रक्तदान केंद्र की टीम का स्वागत स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रोफेसर डॉ मीरा पाल ने किया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रेरित करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमित रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके पूर्व भी विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान किया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान बहुत पुण्य का कार्य है।

## गावों में बनी पेयजल टंकी से किसान कर रहे खेत की सिंचाई



**होलागढ़(प्रयागराज)।** विकास खंड होलागढ़ केपूरबनारा में बनी पेयजल टंकी की पाइप फटने से किसान खेत की सिंचाई कर रहे हैं।इंटर कालेज पूरबनारा के पास शक्ति माई के थान के बगल पाइप लगभग दो साल से फटी है।सूत्रों की पाने तो इस टंकी पर नियुक्त आपरेटर सौ से दो सौ रूपया घंटा लेकर पानी बेंचने की शिकायत है जबकि गांव के लोगों को पीने के पानी की किल्लत है।पेयजल की टंकी चौरसिया ईंट भट्ठा के पास बनी हैं। यहां नियुक्त आपरेटर श्याम लाल से बात नहीं हो सकी।फिलहाल कमोवेश इसी तरह की शिकायत कल्याणपुर सहित आधा दर्जन अन्य गावों की है।जिसकी जांच होना अति आवश्यक है।

# कारगिल विजय दिवस पर अभिलेख प्रदर्शनी का आयोजन

## सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गये आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि,अभिलेख प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी गई तत्पश्चात् अन्य कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया।

कारगिल के अमर शहीद सेनानियो के अदम्य शौर्य, उनके बलिदान तथा कारगिल युद्ध से सम्बन्धित पोस्टर, चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इंद्रजीत पटेल और साथियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित बिरहा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक क्षेत्रीय अभिलेखागार प्रयागराज द्वारा किया



गया। सभी अतिथियों को गुलाम सरवर पाण्डुलिपि अधिकारी, प्रभारी क्षेत्रीय अभिलेखागार, प्रयागराज द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर श्याम पाण्डेय अध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा, अंगद पटेल, राजेंद्र तिवारी उर्फ दुकानजी, सुमित दुबे, अरुण दुबे, पवन राष्ट्रवादी, सागर पांडे, शुभम शुक्ला, शिव प्रताप मिश्रा, बृज मोहन, शुभम कुमार सहित गणमान्यजनों की उपस्थिति रही।

# नवाब नन्हे की कोठी से निकाला गया जुलूस ए आबिद ए बीमार



**प्रयागराज।** चौथे इमाम जैनुल आबेदीन अलैहिस्सलाम की शहादत पर रानी मंडी स्थित नवाब नन्हे की कोठी से जुलूस ए आबिद ए बीमार निकाला गया।

अमजद अली पप्पू की सरपरस्ती में निकाले गए जुलूस में अन्जुमन शब्बीरीया रानी मंडी, अन्जुमन हैदरी दरीयाबाद, अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार, अन्जुमन अब्बासिया रानी मंडी के नौहाख्वानों ने पुरदर्द नौहा पढ़ते हुए जुलूस को इमामबाड़ा मीर हुसैनी पर पहुंच कर खत्म किया। जुलूस से पूर्व खतीब ए अहलेबैत हसन अली ने ग़मगीन मसायब पढ़े। जुलूस के सरपरस्त मुख्तार हुसैन भैय्यू , सेक्रेटरी ज़फ़र अब्बास रिजवी कौनैन, जनरल सेक्रेटरी मुज़फ्फर अब्बास नजमी, सद्र सलमान हैदर व डॉ हसन काज़्मी,क्षनायब सद्र असग़र अब्बास व शाहिद अब्बास रिजवी, अमजद अली पप्पू, असद अली, अब्बास अली, आबिद अली, अकबर अली ने जुलूस को सम्पन्न कराने में सहयोग किया। जुलूस में शबीहे ताबूत व ज़ुलजनाह की शबीह भी साथ साथ रही जिस पर अक़ीदतमंदों ने फूल माला चढ़ा कर बोसा लिया और मन्नते व मुरादें मांगी।

वहीं रानी मंडी इमामबाड़ा स्व हुसैन अब्बास रिजवी (कल्लू भाई)में अब्बास गुड्डू की ओर से सालाना मजलिस ए तरहीम में रज़ा इस्माइल सफवी ने सोज़ख्वानी की तो मौलाना सैय्यद जौहर अब्बास ने शहादत का मार्मिक अन्दाज़ में वर्णन किया तो इमाम हुसैन के चाहने वालों की आंखें भर आई। अन्जुमन मुहाफिज़े अज़ान क़दीम के नौहाख्वान ग़ुलाम अब्बास नकवी व अन्य लोगों ने ग़मगीन नौहा पढ़ा।

इसी क्रम में बैदन टोला स्थित रज़ा मंज़िल में मेंहदी रज़ा की ओर से सालाना मजलिस ए अज़ा का आयोजन किया गया जिसमें फ़ैज़ जाफरी ने सोज़ख्वानी तो मौलाना सैय्यद जवादुल हैदर रिज़वी साहब क़िब्ला ने मजलिस को खिताब किया। अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया बख्शी बाज़ार ने नौहों और मातम का नज़राना पेश किया।

इस दौरान अली रज़ा,श्रकाज़िम रज़ा, रिज़वान जव्वादी,श्रहसनैन अख्तर, हुसैन रज़ा, मक़सूद रिज़वी, हैदर अली,क्षसैय्यद मोहम्मद अस्करी, मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन, असग़र अली, मोहम्मद रज़ा, नजमुल हुसैन, जैग़म नक़वी, हसन टाईगर आदि शामिल रहे।

# डॉ मानसिंह यादव का विधानपरिषद की विधायी समाधिकार समिति का सभापति बनाये जाने पर हुआ स्वागत

## उदय भान करवरिया की रिहाई पर सरकार की कड़े शब्दों में की गई निंदा



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में आज आयोजित कार्यक्रम में एम एलसी डॉ मानसिंह यादव को विधानपरिषद की विधायी समाधान समिति का सभापति बनाये जाने पर फूल मालाओं से लाद कर स्वागत किया गयाऔर बधाई दी गई।पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने डॉ मानसिंह यादव को डॉ लोहिया और डॉ अम्बेडकर के विचारों को सेतु बनाकर सामाजिक न्याय का प्रबल पक्षधर बताते हुए इन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने का स्वागत किया और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रति आभार भी जताया। सपा नेताओं ने पार्टी के पूर्व विधायक स्व जवाहर सिंह यादव की दिनदहाड़े की गई हत्या में उम्र कैद की सजा भोग रहे उदय भान करवरिया को जेल से रिहा किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों, हत्यारों, बालात्कारियों को सजा की बजाय माफ़ी दी जा रही है जो जनादेश के साथ धोखा है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण श्रीमती विजमा यादव, डॉ संग्राम सिंह यादव, हाकिम लाल बिन्द, पंधारी यादव, अमरनाथ सिंह मौर्य, राजू पासी, रविन्द्र यादव, महावीर यादव, राम अवध पाल, वजीर खान, प्रेम चंद्र कुशवाहा, असगर अली, खिन्नी लाल पासी, राजबहादुर, नवीन यादव, रुपनाथ यादव एडवोकेट, ओ पी पाल, आदि मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस रजत जयंती समारोह मनाया गया




**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष में भारतीय जनता युवा मोर्चा जमुना पार के तत्वाधान में अरैल के त्रिवेदी पुष्प से सेल्फी प्वाइंट भारी संख्या में मौजूद युवा मोर्चा के कार्यकर्ता संत समाज एवं कारगिल में भाग लिए हुए जवानों के साथ मसाल जुलूस निकल गया तद उपरांत अमर ज्योति प्रज्वलित करके कारगिल में भाग लिए हुए वीर से सैनिकों को माल्यार्पण,अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया उसके उपरांत मौजूद सैनिकों ने अपने अनुभव को साझा किया इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जमुना पार जिला अध्यक्ष श्री विनोद प्रजापति जी युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य युवामोर्चा के जमुना पार अध्यक्ष सुधाकर पांडे महामंत्री जय भारत सिंह महामंत्री शिव पांडे, स्वामी अभिरामाचार्य एवं एवं सौरव शास्त्री, उपाध्यक्ष शिव तिवारी एवं अन्य सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत सिर्फ देश ही नहीं हमारी मां के समान- राकेश गुप्ता

## आज के ही दिन देश के जवानों ने लहराया विजय पताखा



**खीरी (प्रयागराज )।** आज का दिन हमारे देश के एक एक भारतीयों के लिए गौरव का पल है। आज के ही दिन हमारे जांबाज जवानों ने पाकिस्तान को बहुत ही बुरी तरह से हराया और उसकी सही औकात दिखाई। उक्त बातें साहू वैश्य वेलफेयर सोसाइटी के यमुनापार प्रभारी राकेश गुप्ता(बबलू गुप्ता) द्वारा कारगिल विजय दिवस के मौके पर कही गई। आगे बतलाया गया कि आज का दिन उन सुर वीरों का दिन है जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश के लिए हंसते-हंसते कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज से 25 वर्ष पूर्व भारत के वीर सपूतों ने पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबों को परास्त करते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा झंडा फहराया था। इसीलिए आज का यह दिन हम सभी भारत वाशियो के लिए गर्व का दिन है। आज के दिन को हम सभी लोग कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। कारगिल विजय दिवस में भारतीय सैनिकों ने जम्मू कश्मीर स्थित कारगिल के उन इलाकों पर फिर से दोबारा फतह हासिल की थी जिन पर पाकिस्तानी सैनिकों और आतंकवादियों ने घुसपैठ कर कब्जा कर लिया था।

आगे निवेदन करते हुए राकेश गुप्ता द्वारा कहा गया कि आज के दिन हम सभी भारतीयों को उन शहीदों के नाम एक-एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए और उनकी उचित देखरेख भी करना चाहिए और देश को हरा भरा बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें यही उन जाबांज और सच्चे देश भक्तों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# आशुतोष मेमोरियल स्कूल कैबिनेट का शपथ ग्रहण सम्पन्न

## हेड ब्वाय उत्कर्ष पाण्डेय और हेड गर्ल अनन्या सिंह बनी



**हनुमानगंज ।** शुक्रवार को धनैचा-मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में सत्र 2024-25 के लिए नई स्कूल कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और उमंग के साथ सम्पन्न हुआ। गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के विविध गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने, खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल संचालन तथा विद्यालय में अनुशासन की परम्परा के निर्वहन हेतु अलग-अलग दायित्व दिये गये और उन्हें अपने दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई। इस क्रम में हेड ब्वाय के रूप में उत्कर्ष पाण्डेय, हेड गर्ल अनन्या सिंह, खेलकूद कैप्टन अंशु यादव, उप-कैप्टन जितेश यादव, सांस्कृतिक प्रभारी आर्या सिंह एवं आकृति मिश्रा, अनुशासन प्रभारी आयुष्मन मिश्रा, शुभ तिवारी, मोहम्मद अमान को उनके नामित पदों की शपथ दिलाई गई। आज ही ब्लू हाउस के कैप्टन अनन्या त्रिपाठी एवं उप-कैप्टन रक्षिका सिंह , रेड हाउस के कैप्टन एवं उप-कैप्टन क्रमशः श्रेयांसी यादव एवं आकाश शुक्ला, ग्रीन हाउस के कैप्टन एवं उप-कैप्टन श्रेयांश तिवारी तथा शिवांशी सोनी तथा यलो हाउस के कैप्टन एवं उप-कैप्टन वेद तिवारी एवं हर्षिता उपाध्याय को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के समन्वयक अमित कुशवाहा, वातेन्द्र सिंह व श्रेया पाण्डेय ने की तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने यथायोग्य अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# शुआट्स में प्लांट टिशू कल्चर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

**नैनी(प्रयागराज)।** सेंटर फॉर टिश्यू कल्चर टेक्नोलॉजी, जैकब इंस्टीट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड बायोइंजीनियरिंग, सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज, प्रयागराज में ''प्लांट टिशू कल्चर टेक्नोलॉजी'' पर दस दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल द्वारा प्रार्थना के साथ की गई, जिसके बाद डॉ. गुरुदयाल राम गुरु (कार्यक्रम सह-समन्वयक) द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया और डॉ. प्रगति शुक्ला (कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रमुख, ऊतक संवर्धन प्रौद्योगिकी केंद्र) द्वारा प्रशिक्षण का संक्षिप्त विवरण दिया गया। डॉ. सैमुअल दीपक मेकार्टी (निदेशक, अनुसंधान निदेशालय, शुआट्स) मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उपस्थित थे। उद्घाटन भाषण में उन्होंने प्रतिभागियों के करियर विकास में इस प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें फसल उत्पादन और



उत्पादकता बढ़ाने में किसानों की मदद करने के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. गुरुदयाल राम गुरु ने किया।डॉ. प्रगति शुक्ला (कार्यक्रम समन्वयक) ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम (25 जुलाई से 3 अगस्त 2024) के लिए यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के पैंतीस छात्रों को पंजीकृत किया गया और उन्होंने प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए. लाल (डीन, जेआईबीबी और प्रो-वाइस चांसलर एकेडमिक्स, शुआट्स) को उनके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। प्रो. (डॉ.) रूबीना लॉरेंस (एसोसिएट डीन, अकादमिक और प्रमुख, औद्योगिक माइक्रोबायोलॉजी), प्रो. (डॉ.) कपिल लॉरेंस (प्रमुख, आणविक और सेलुलर इंजीनियरिंग विभाग), प्रो. (डॉ.) आलोक मिल्टन लाल (प्रमुख, बायोकैमिस्ट्री और बायोकेमिकल इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. राजीव कांत (प्रमुख, कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी और बायोइंफॉर्मेटिक्स), डॉ. ईपेन पी. कोशी (कार्यक्रम सह-समन्वयक) और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# व्यवस्था परिवर्तन के महानायक थे छत्रपति शाहूजी महाराज - डॉ0 पल्लवी पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** जब देश और प्रदेश में मनुवादी विचारधारा की सरकार थी या उस विचारधारा के लोग सत्ता में काबिज थे तब साहू जी महाराज जी ने सभी जातियों को उनके आबादी के अनुपात में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, नौकरी में बराबर की हिस्सेदारी देकर जनमानस के साथ न्याय किया । उक्त बातें अपना दल कमेरावादी द्वारा ढोकरी फूलपुर में शाहू जी महाराज की जयंती पर आयोजित कमेरा महापंचायत को संबोधित करते हुए डा0 पल्लवी पटेल ने कहा।

उन्होंने आगे बताया कि आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी कमेरों के साथ न्याय नहीं हो रहा। इसके लिए हम और आप जिम्मेदार हैं क्योंकि हम जाति और धर्म के नाम पर लोगों को वोट देते हैं और यही वोट हमारा सम्मान है हक है अधिकार है। उन्होंने 69000 शिक्षक भर्ती घोटाला, जाति जनगणना, छात्रों में नौकरी को लेकर निराशा, प्राइवेट संस्थानों में आरक्षण के हिसाब से नौजवानों को नौकरी की वकालत की।

अपना दल कमेरावादी के प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंच राय अखिलेश



सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में होने वाले उप चुनाव में अपना दल कमेरा वादी पूरी ताकत के साथ पीडीएम गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगा ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट दिलीप पटेल, बसंत लाल विश्वकर्मा, महेंद्र मौर्य सुरजीत सिंह पटेल सी डी सिंह मानिकचंद पटेल, जिला अध्यक्ष अरुण पटेल, कन्हैया लाल पटेल, दिलीप पटेल, पंकज पटेल, रमेश पटेल, रामचंद्र पटेल प्रधान,रमेश बिंद,ओ पी श्रीवास्तव,राकेश मौर्य, महेंद्र पटेल, राम सूरत, राजेंद्र ठाकुर, कमलेश पटेल, प्रधान पारस पटेल, डॉ प्रदीप पटेल , विजय पटेल ,अनुराग पटेल ,सुरेश पटेल ,नंदलाल पटेल, कमल कांत पटेल , कालिका प्रसाद पटेल ,मनोज पटेल ,नंदू पासी, भोलानाथ , अमृतलाल, राजेश बिंद ,बीपी परवाना , राकेश कुमार जायसवाल, मदन चंद्र बिंद जगदीश बिंद, लखपत केवट, विद्या प्रसाद पटेल रामसागर पटेल देशराज पटेल ,अभय राज पटेल नंदलाल पटेल रामबाबू मान सिंह प्रेमचंद पटेल सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण पटेल, तथा संचालन प्रदेश सचिव उमेश पटेल ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम में मानिकचंद सरल आकाशवाणी लोक कलाकार ने लोक कला के माध्यम से समाज को सोचने पर विवश किया।

# परम्परागत भारतीय भोजन हमारे शरीर के अनुकूल- डॉक्टर कचनार वर्मा

## वयस्कों में एनीमिया और पोषण की समस्या विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं महिला प्रकोष्ठ जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आज %वयस्कों में एनीमिया और पोषण की समस्या% विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता प्रो. कचनार वर्मा , विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी विभाग, एम .एल.एन मेडिकल कॉलेज प्रयागराज एवं डॉ कौशिन हफीज डाइटीशियन एम .एल.एन मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज रही।

इस अवसर पर प्रो. जया कपूर डायरेक्टर महिला अध्ययन केंद्र, इलाहाबाद विश्वविद्यालय की ने व्याख्यान की विषयवस्तु से सबका परिचय कराया। वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य डॉ नीलिमा मिश्रा ने अतिथियों का परिचय दिया एवं स्वागत किया। इस अवसर पर रीना यादव महिला प्रकोष्ठ जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज ने अतिथियों का




परिचय दिया। महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ रीना यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रोफेसर कचनार वर्मा ने एनीमिया के प्रकार उनके कारणो पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमे अपने परम्परागत भारतीय भोजन परम्पराओं को अपनाना चाहिए जो हमारे शरीर के अनुकूल है और हमे स्वास्थ्य रख सकते है। डॉ कौशिन हफीज ने संतुलित आहार भोजन सूची को विभिन्न उदाहरण समेत छात्राओ को जानकारी दी साथ ही छात्राओं की जिज्ञासा को शांत करते हुए विभिन्न उनके विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए।

धन्यवाद ज्ञापन गुरविंदर ने किया। कार्यक्रम में डॉ शिखा दीक्षित, डॉ अजिता ओझा, डॉ अशीष मिश्रा, डॉ निर्मला गुप्ता, डॉ फातिमा नूरी, डॉ प्रमा द्विवेदी, डॉ संगीता सहगल, डॉ नम्रता देव आदि उपस्थित रहे।

# अभाविप ने मेडिकल इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक को मेडिकल इंटर्न के स्टाइपेंड को बढ़ाने की लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रादेशिक मेडिकल संस्थान एवं चिकित्सा विद्यालयों में मेडिकल इंटर्न को उनकी आवश्यकतानुरूप स्टाइपेंड नहीं दिया जाता है, जिसे बढ़ाने को लेकर विद्यार्थी आंदोलन कर रहे हैं और अभाविप उनकी इस मांग के साथ है तथा इस समस्या के शीघ्र निवारण हेतु मांग करती है। अभाविप ने गत 17 जुलाई को भी इस विषय में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को इस समस्या से अवगत कराया था तथा मेडिकल के विद्यार्थियों की स्टाइपेंड बढ़ाए जाने की बात को रखा था।अभाविप प्रतिनिधिमंडल से इस बिंदुओं पर चर्चा के दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री बृजेश पाठक ने यह आश्वासन दिया है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार कर मेडिकल विद्यार्थियों के हित में निर्णय लिया जाएगा।अभाविप अवध प्रांत के प्रांत सह-मंत्री रोहित सिंह ने कहा कि अभाविप द्वारा पूरे देश में मेडिकल विद्यार्थियों के लिए एक समान स्टाइपेंड तय किया जाए इसके लिए निरंतर मांग की जाती रही है। इसी संबंध में आज अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा है और मेडिकल इंटर्न के स्टाइपेंड को बढ़ाने की मांग की है।अभाविप कानपुर प्रांत के मेडिविजन संयोजक व मेडिकल इंटर्न सौरभ नायक ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मेडिकल इंटर्न को दिया जा रहा स्टाइपेंड काफी कम है और इसे बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। जहां अन्य राज्यों में औसतन 25 हज़ार रुपए मेडिकल इंटर्न को स्टाइपेंड के रूप में दिया जाता है वहीं उत्तर प्रदेश में यह राशि 12 हज़ार है, जिसके चलते मेडिकल इंटर्न को काफी समस्याओं को सामना करना पड़ता है और उनकी मूलभूत आवश्यकताओ की पूर्ति भी नहीं हो पाती है। उपमुख्यमंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल में अभाविप अवध प्रांत के प्रांत सह-मंत्री रोहित सिंह, कानपुर प्रांत मेडीविजन संयोजक सौरभ नायक, मनीष कुमार गुप्ता, सृष्टि एवं यश चोपड़ा उपस्थित रहे।

# विभागीय योजनाओं को लेकर डीपीआरओ ने कड़ा व सिराथू में सचिवों के साथ की समीक्षा बैठक





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** विभागीय योजनाओं को लेकर शुक्रवार को जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विकास खंड कड़ा व सिराथू में सचिवों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए योजनाओं की जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने विकास खण्ड कड़ा, एवं सिराथू के सहायक विकास अधिकारी पंचायत ,समस्त सचिव,कंसल्टिंग इंजीनियर एवं खण्ड प्रेरक के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र् वित्त् आयोग एवं राज्य वित्त् आयोग ,

अंत्येष्टि स्थल , पंचायत भवन का निमार्ण कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने जानें। समस्त स्कूल के अंतर्गत कायाकल्प के समस्त कार्यो को दस दिनों में पूर्ण कराने की कड़ी चेतावनी देते हुए आगे कहा की दी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ठोस अपशिस्ट प्रबन्ध केंद्र का निमार्ण जल्द से जल्द पूर्ण कराये। साथ ही पूर्ण हो चुके ठोस अपशिस्ट प्रबन्ध केंद्र का संचालन सुचारू रूप से प्रतिदिन कराएं जाने एवं घर घर कचरा एकत्र कराए जाने व ग्राम पंचायतो मे कैंप लगा कर छूटे हुए पात्र लाभार्थी को शौचालय का लाभ देने के निर्देश देते हुए अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर एडीओ पंचायत कड़ा अवधेश तिवारी , सचिव सत्य प्रकाश पांडेय , सुरेश मौर्य , अजय सिंह , विकास शर्मा , रमेश सोनकर , ताज मोहम्मद , आफ्ताब आलम , सत्येंद्र सिंह , शरद श्रीवास्तव , सोहन लाल निखिल सिंह सहित कंसल्टिंग इंजीनियर , खंड प्रेरक आदि मौजूद रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ज्योति पुत्री लालजी शर्मा निवासी जंगली की बाग पानी की टंकी की शादी 21 नवम्बर 2021 को निखोदा थाना पश्चिम शरीरा निवासी युवक के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी। सादी के एक वर्ष बाद ही 19 नवम्बर को 2022 को पाँच लाख रुपए व चार पहिया गाड़ी मायके से लाओ नहीं तो तुझको मार कर फेक देगें और दूसरी शादी कर लेगे , वही पीड़िता ने बताया कि पति की नामौजूदगी में देवर करन छेड़छाड़ करता था। दहेज लेने के लिए पीड़िता को मारपीट किया तथा मायके भेज आये। पीड़िता की अपने पति के मध्य कई बार सामाजिक पंचायते हुई किन्तु पति विवाहिता को अपने साथ रखने के लिये तैयार नहीं है हुआ और तलाक की धमकी देता है और अब विवाहिता का पति न तो उसका का फोन रिसीव करता है और नम्बर ब्लाक कर दिया है और न ही आज तक कोई खोज खबर लिया है।

## केसारी में ग्राम चौपाल लगा पीडी ने सुनीं समस्याएं






**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के ग्राम पंचायत केसारी पंचायत भवन में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहा परियोजना निदेशक मनोज वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने उनके सामने पीएम सम्मान निधि योजना खाते में न आने की समस्या को रखा। जिसके बाद पी डी ने उनकी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

परियोजना निदेशक मनोज वर्मा की अध्यक्षता में केसारी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया । जहा बीडीओ कड़ा दिनेश चंद्र ने गांव में कराए गए विकास कार्य, पेंशन योजना, हैंडपंप रिबोर , प्रधानमंत्री आवास सहित शासन द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं से अवगत कराया। ग्रामीणों की समस्याओ को सुनते हुए परियोजना निदेशक ने निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान परियोजना निदेशक ने ग्रामीणों को जल संरक्षण, गोवंश के संरक्षण , वृक्षारोपण , संचारी रोग से बचाव सहित हेतु जागरूक करते हुए बच्चों को स्कूल भेजने की जानकारी दी । चौपाल में खंड विकास अधिकारी दिनेश चंद्र , ए पी ओ जयचंद्र पांडेय , ग्राम प्रधान शिव पूजन, सचिव रमेश सोनकर , ताज मोहम्मद , ए डी ओ पंचायत अवधेश तिवारी , मुख्य सेविका ज्ञानमती , कृषि विभाग से भगौती प्रसाद , रोजगार सेवक अनिल अग्निहोत्री , पंचायत सहायक , आंगनबाड़ी , आशा , समूह सखी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## चकसैनी में ग्राम चौपाल में योजनाओं की दी गई जानकारी

सैनी, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के चकसैनी ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया जहा मौजूद अधिकारियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रभारी एडीओ आईएसबी सत्य प्रकाश पांडेय , ग्राम प्रधान अनिमा सिंह, प्रतिनिधि विष्णु पटेल , सचिव अजय सिंह , बीबीएम लवकुश पटेल , कृषि विभाग से भगौती प्रसाद , मुख्य सेविका सरस्वती देवी , कंप्यूटर आपरेटर प्रवीन कुमार , आशा, एएनएम सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## डी.डी.आर. निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्रों को वितरित किया गया टेबलेट



**● जिला पंचायत अध्यक्ष रही मौजूद**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** डी.डी.आर. निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आई.टी.आई. के छात्रों को टेबलेट वितरित किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर जी ने टेबलेट वितरित करके सभी छात्रों को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक संजय उपाध्याय, प्रधानाचार्य शैलेश, दीनबंधु द्विवेदी, राधेश्याम तथा अन्य सभी अध्यापक उपास्थित रहे।

# मजदूरी करने गई महिला के घर से चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे में मजदूरी के लिए गई महिला के घर में चोरों ने नकदी व जेवरात पार कर दिया , मजदूरी करके वापस घर लौटी महिला ने घर का सामान बिखरा देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी।सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं पांच बीच का पुरवा गांव की रहने वाली कोमल देवी पत्नी रमेश सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसके पति काम धंधे के सिलसिले में बाहर रहते है , और वह भी मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करती है । कोमल देवी ने बताया की गुरुवार को वह मजदूरी के लिए गई थी शाम को घर वापस लौटी तो घर का बिखरा सामान देख दंग रह गई । इस दौरान चोरों ने छत के सहारे घर के अंदर घुसकर 3500 नकदी सहित घर में रखे पायल , छागल आदि जेवरात पार कर दिया । पीड़िता ने मामले में कार्यवाही की मांग की है । वहीं चोरों ने अजुहा कस्बे के वार्ड नं 12 नया नगर निवासी अजय कुमार पुत्र बुद्धसेन ने बताया की गुरुवार की रात आए चोरों ने उसकी दुकान से गल्ला चोरी कर लिया जिसमे मूंग की दाल लगभग 28 किलो , सरसों लगभग 40 किलो , उर्द लगभग 30 किलो उठा ले गए , पीड़ित ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

### दुकान में रखा लैपटॉप उचक्कों ने किया पार

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक कस्बे में दुकान में रखा लैपटॉप उचक्कों ने पार कर दिया जब दुकान मालिक घर से वापस लौटा तो लैपटॉप नदारत देख खोजबीन की लेकिन लैपटॉप नही मिला तो मामले की लिखित सूचना पुलिस को दी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के धाता रोड के रहने वाले अमित कुमार केसरवानी पुत्र दिनेश चंद्र केसरवानी ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की घर में केसरवानी ट्रेडर्स के नाम से लोहे की दुकान चलाता है , अमित ने बताया की शुक्रवार की दोपहर वह मजदूर को दुकान की रखवाली के लिए कहकर खाना खाने के लिए चला गया जब वापस लौटा तो दुकान से लैपटॉप गायब था काफी खोजबीन के बाद लैपटॉप का पता नही चला तो पुलिस को सूचना दी।

## जलाभिषेक के लिए बाबा धाम को रवाना हुए शिव भक्त



**कड़ा, कौशाम्बी।** पवित्र श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए जगह- जगह से कांवड़ियों का जत्था रवाना हो रहा है।शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु भक्त लगातार पहुंच रहे हैं।शुक्रवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के शरीफाबाद से कांवड़ियों का एक जत्था भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ।इस दौरान शिवभक्त नाचते गाते बाबा के जयकारे लगाते हुए अपने गंतव्य को रवाना हुए।इस जत्थे में संदीप सरोज, वीरेंद्र साहू, बब्लू गौतम, पवन गौतम, पप्पू सोनकर, निशा पटेल आदि शिव भक्त सम्मलित रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत आई0टी0आई0 चलों अभियान प्रवेश के सम्बन्ध में की बैठक



**● आई0टी0आई0 चलों अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के दिए निर्देश**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अरूण कुमार गोंड द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत आई0टी0आई0 चलों अभियान प्रवेश के सम्बन्ध में बैठक की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर आई0टी0आई0 चलों अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ब्लाकों में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक कर बच्चों को आई0टी0आई0 में प्रवेश के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि इस अभियान के तहत ऐसे बच्चों को चिन्हित करें जो कक्षा-08 एवं कक्षा-10 की पढाई करने के बाद आगे की शिक्षा नहीं प्राप्त कर रहें है उन्हें रोजगार परक शिक्षा आई0टी0आई0 में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित करें। बैठक में प्रधानाचार्य राजकीय आई0टी0आई0 रूद्र प्रताप गौतम ने बताया कि राज्य व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन के तहत कक्षा-08 एवं कक्षा-10 उत्तीर्ण करने के उपरान्त जनपद में संचालित विभिन्न इंजीनियरिंग तथा नॉन इंजीनियरिंग व्यवसाय के लिए बेवसाइट दिनांक 04 अगस्त 2024 तक पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रवेश लें सकतें हैं। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा, जिला पंचायतराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी-सिराथू, नेवादा, कड़ा एवं सरसवां, जिला कौशल प्रबन्धक दीपक मौर्य, आईटीआई कार्यदेशक रोहित मिश्रा तथा अनुदेशक अंकुर गौरव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नेशनल इंटर कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में 26 जुलाई 2024 को कारगिल विजय दिवस मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्र तथा एनसीसी कैडेट्स द्वारा रैली निकाली गई। इस रैली का प्रारंभ प्रबंधक रवि नारायण तिवारी एवं प्रधानाचार्य कलीम अहमद द्वारा किया गया एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट पंकज कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स तथा छात्रों को बताया गया कि किस प्रकार भारतीय सेना ने अपनी साहस का अदम्य परिचय देते हुए कारगिल में छिपे हुए पाकिस्तान सैनिकों को पराजित किया।

इस मिशन का नाम ऑपरेशन विजय रखा गया। उन्होंने यह भी बताया कि इस विजय में भारतीय सेना के लगभग 500 जवान शहीद हुए जिसमें कैप्टन विक्रम बत्रा मरणोपरांत परमवीर चक्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रवक्ता विनोद कुमार मिश्रा, अजय कुमार, भरत लाल शर्मा, माया तिवारी, चंद्रकांत शुक्ला, बालमुकुंद त्रिपाठी, संतोष सिंह यादव, गंगा प्रसाद ,संजय चौधरी ,अवधेश कुमार अर्जुन लाल ,वरुण मिश्रा ,प्रज्ञा मिश्रा अतुल मिश्रा, स्वतंत्र श्रीवास्तव राजेश कुमार अस्थाना एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## शिक्षा सप्ताह के पांचवे दिवस पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में हुईं विविध गतिविधियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** नेवादा ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय अमिरसा में शुक्रवार को शिक्षा सप्ताह आयोजन के पांचवे दिन कौशल व डिजिटल पहल दिवस आयोजन किया गया। छात्रों ने डिजिटल इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया विभिन्न प्रकार के जागरूकता व साफसफाई जैसे मॉडल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के शिक्षकों ने लैपटॉप,टैबलेट व मोबाइल से एनिमेशन व डिजिटल माध्यम से प्रेरक कहानियां सुनाई ततपश्चात वीडियो दिखाकर छात्रों को अपने शब्दों में कहानी सुनाने को प्रेरित किया गया। डिजिटल के जरिये छात्रों ने ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहरों के चित्र देखकर उनके बारे में शिक्षकों से जाना। प्रधानाध्यापक अनुराधा पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के चार साल पूरे होने पर देशभर में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत केंद्रीय स्कूल में 22 जुलाई से 28 जुलाई तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 जुलाई को ईको क्लब दिवस के रूप में मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत अभिभावकों की उपस्थिति में छात्रों को पर्यावरण से जुड़ी शिक्षण गतिविधियां कराई जाएंगी। कार्यक्रम में शिक्षिका प्रियंका गुप्ता, शिक्षक पुष्पेंद्र सिंह, सत्यनिधि शुक्ला सहित दर्जनों की संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# कारगिल विजय दिवस समारोह में कारगिल विजेता एवं वीर नारियों को किया गया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** सैनिक कल्याण पुनर्वास कार्यालय, मंझनपुर में आज 25वॉं कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ने शहीद अजीत कुमार शुक्ला के मानचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित कुमार सिंह ने जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक को बुकें भेट कर स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने कारगिल युद्ध विजेता सूबेदार मदन सिंह एवं हवलदार दशरथ लाल करवरिया को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट करतें हुए वीर नारियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कारगिल में शहीद योद्धाओ को नमन करते हुए कहा कि जो लोग देश की सीमा पर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की रक्षा करते हुए शहीद हो गए हैं, उनको मैं नमन करता हूं और जो आज देश की सीमा पर तैनात होकर, हमारे देश की सुरक्षा कर रहें हैं, उन्हें धन्यवाद देता हूं। उन्हांने कहा कि अगर किसी फौजी की किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो वे मेरे कार्यालय में आकर मुझसे मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकतें हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक बंधु की मीटिंग महीने में एक बार मेरे कार्यालय में आयोजित की जायेंगी, जिसमे आप अपनी समस्या दो दिन पूर्व लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकतें हैं, जिसका समाधान मीटिंग में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा करवाने की कोशिश की जायेंगी।

इस अवसर पर सोल्जर बोर्ड अधिकारी कर्नल अमित सिंह, जय नारायण मिश्रा, मदन सिंह तथा पूर्व सैनिकगण- दशरथ लाल करवरिया, शारदा प्रसाद वर्मा, महेंद्र सिंह, संजीव कुमार चौरसिया, राजमन पाल, राम यादव, कृष्ण चंद गुप्ता, उद्धव श्याम केसरवानी, मनोज कुमार सिंह, अस्वनी कुमार पांण्डेय एवं भैया लाल यादव सहित अन्य वीर नारियां उपस्थित रहीं।

## सपा सांसद ने की कैंसर पीड़ित की मदद

**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने सरसंवा ब्लाक के ग्राम पंचायत रक्सौली पोस्ट अंधावा निवासी नरेंद्र कुमार स्व0 भैया लाल काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित था नरेंद्र सरोज का इलाज कई प्राइवेट अस्पतालो से इलाज विगत कई महीनो से चल रहा था। पीड़ित नरेंद्र सिंह की आर्थिक स्तिथ काफी कमजोर थी पीड़ित नरेंद्र कुमार अपने सहयोगी ग्राम प्रधान बरौली राजू सरोज के पास गया। अपने बीमारी की विस्तृत जानकारी दी। तब राजू सरोज ने लोकसभा कौशाम्बी सांसद पुस्पेंद्र सरोज के पास पीड़ित व्यक्ति की मुलाकात करवाई कैंसर पीड़ित व्यक्ति की दयनीय स्थित को देखते हुए उसके तत्काल अच्छी तरीके इलाज के लिए तीन लाख पच्चास हजार रूपए अपने निधि के अंतर्गत स्वविकृति किया, और जैसे ही कैंसर पीड़ित नरेंद्र कुमार को लोकसभा सांसद कौशांबी पुष्पेंद्र सरोज का सहयोग मिला तो उसके चेहरे मे खुशी दिखी। जैसे ही सांसद निधि की धनराशि मिलने पर नरेंद्र सिंह बनारस पहुँच कर अपना इलाज शुरू किया।

## गांव की समस्या, गांव में समाधान के तहत बौली चम्पहा बाजार में लगाई गई चौपाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चम्पहा बाजार, कौशाम्बी।** गांव की समस्या गांव में समाधान के अंतर्गत शासन द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के संबंध में ग्राम सभा बौली चम्पहा बाजार में एक चौपाल आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी रवि सिंह व कृषि अधिकारी व राजस्व टीम मौजूद रही। खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने चौपाल की अध्यक्षता करते हुए ग्राम सभा बौली चम्पहा बाजार के नागरिकों को संबोधित किया की कहीं भी आपको किसी भी प्रकार की परेशानी हो तो वह स्वयं ग्राम प्रधान विमल चंद्र मोदनवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी रवि सिंह व पंचायत मित्र स्यामु जायसवाल,कोटेदार छक्की लाल से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करवाए।

ग्राम सभा बौली में आवास से संबंधित किसान सम्मान निधि, शौचालय से संबंधित वृद्धा पेंशन से संबंधित विधवा पेंशन विकलांग पेंशन, मृत्यु प्रमाण-पत्र,राशन कार्ड व सरकार द्वारा संचालित की जा रही सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी। और सभी उपस्थित ग्राम वासियों की समस्या सुनी व समस्या का समाधान करने के लिए कहा। जिसमें ग्राम प्रधान विमलचंद मोदनवाल की समस्त ग्राम वासियों ने जमकर सराहना की। जिसमे सैकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।

## नि:शुल्क विद्युत चालित चाक योजना का मिलेगा लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्रशेखर वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में परम्परागत माटीकला के कामगारों के लिए निःशुल्क टूल-किट्स (विद्युत चालित चाक) वितरण किये जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। योजनान्तर्गत माटीकला टूल-किट्स प्राप्त करने के लिए इच्छुक पुरूष, महिला (परम्परागत कारीगर) जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष तक हो वेबसाइड पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। आवेदन किये गये प्रिन्ट आउट की कॉपी दिनांक 10 अगस्त .2024 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकतें हैं, अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेंगा। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, कक्ष सं0-44, विकास भवन, मंझनपुर में संपर्क कर सकतें हैं।

संक्षिप्त खबरें

## खेत में हुई किसानों की आकस्मिक मौतें, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के एक गांव में गुरूवार की शाम दो अलग अलग घटनाओं में दो किसान की मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। लालगंज कोतवाली के परसपुर खीरी गांव निवासी बयालिस वर्षीय सुशील कोरी उर्फ लल्लू पुत्र भूकन कोरी गुरूवार को खेत में जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम उसका गांव स्थित एक धान के खेत में शव पड़ा मिला। युवक की मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि वह बीमारी से ग्रसित था। घटना को लेकर मृतक के चचेरे भाई वीरेन्द्र सरोज की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। दरोगा राजेश यादव का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। वहीं परसपुर खीरी गांव में ही गांव निवासी छियालिस वर्षीय भाई लाल पटेल गुरूवार शाम अपने बेटे व बहू के साथ धान के खेत में काम कर रहा था। इसी बीच अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए ले जाने की तैयारी कर रहे थे लेकिन उसके पहले ही उसकी मौत हो गयी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। दरोगा राजेश यादव ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

## बम के साथ तथा वांछित समेत दो गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान देशी बम के साथ एक युवक को धर दबोचा। लालगंज कोतवाली के दरोगा प्रशांत दुबे गुरूवार की रात हमराहियों के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मेढ़ावां पुल पर संदिग्ध दशा मे एक युवक के बैठे होने की मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस ने फोर्स के साथ घेराबंदी करके गोड़वा सांगीपुर निवासी जुबेर खान पुत्र हबीब खान को चार देशी बम के साथ धर दबोचा। दरोगा प्रशांत ने बताया कि बम के साथ गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। इधर दरोगा कबीरदास ने शुक्रवार को वांछित सुरेश कुमार पुत्र माताबदल निवासी गंभीराबाद बेलहा को संगम चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मारपीट की घटना को लेकर पांच के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना के सकूहाबाद निवासी तारिक अली पुत्र जलील अहमद ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस जुलाई को दोपहर करीब दो बजे रंजिश में गांव के वसीम, सलमान, पप्पू पुत्रगण जमील अहमद, सोहेल, अरमान पुत्रगण वसीम एकराय होकर दरवाजे पर पहुंचे और गाली देने लगे। पीडित की मां सिरातुलनिशा के विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते व तमंचा लहराते चले गये। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दुर्घटना में घायल होने को लेकर कोर्ट के आदेश पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रानीगंज थाना अन्तर्गत जामताली निवासी शैलेन्द्र मिश्र पुत्र रामसमुझ के अनुसार बीते चौबीस मार्च को दोपहर वह अपनी कार से परिवार के साथ लखनऊ जा रहा था। तिना चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। मामले मे पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने पर पीड़ित ने कोर्ट में वाद दायर किया। कोर्ट की फटकार पर लीलापुर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## विवाहिता की मौत पर पति समेत तीन पर दहेज हत्या का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने फांसी के फंदे से विवाहिता की मौत की घटना को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मृतका की मां संगवाईन पत्नी रामबहादुर निवासिनी चिरौंजी का पुरवा बरौली लालगंज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बेटी तीस वर्षीया पूनम सरोज को बीते बुधवार की दोपहर ससुरालीजनों ने मार डाला। एसओ राधेबाबू का कहना है कि मृतका की मां की तहरीर पर पति विशोक सरोज, जेठ अशोक, जेठानी निवासीगण लखापुर चाहिन के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश बहादुर सिंह व ब्लाक अध्यक्ष असहदउल्ला के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों ने मांगों को लेकर लालगंज सीएचसी पर विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष बृजेश ने बताया कि वेतन विसंगतियों को दूर करने, वेतन वृद्धि करने, बोनस प्रदान किये जाने, रिक्त पदों पर स्थानांतरण करने समेत संघ की दस मांगें हैं। जिन पर सरकार उदासीन बनी हुई है। उन्होनें कहा कि मांगों के पूरा न होने पर स्वास्थ्य संविदा कर्मचारी संघ लखनऊ में घेराव करने को मजबूर होगा। इस मौके पर धीरेन्द्र मिश्र, घनश्याम यादव, डा. किरन सिंह, शोभा ओझा, रंजन जायसवाल, संजीव चक्रवर्ती, डा. रईस फातिमा, शीलम पाण्डेय, शिवानी आदि मौजूद रहे।

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। वह यहां हो रही श्रीशिवमहापुराण की कथा में भी शामिल होंगे। अपरान्ह दो बजे लालगंज के संगम चौराहे के समीप आर्यावर्त आई हास्पिटल के शुभारंभ समारोह में बतौर मुख्यअतिथि आयेंगे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह ग्यारह बजे ननौती में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## छात्रवृत्ति हेतु 20 अक्टूबर तक करें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आशीष द्विवेदी ने बताया है कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के छात्र/छात्राओं पूर्वदशम (कक्षा 9-10) एवं दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने हेतु दिनांक 20 जुलाई से 20 अक्टूबर 2024 तक छात्र द्वारा आनलाइन रजिस्टेªशन करते हुये छात्रवृत्ति हेतु आवेदन, आवेदन का फाइनल प्रिन्ट आउट प्रापत कर वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जायेगा। दिनांक 25 जुलाई से 27 अक्टूबर 2024 तक छात्र/छात्रा द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखों से छात्र/छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान, आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्र का डाटा निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित किया जायेगा

# कारगिल विजय दिवस,शहीद स्थल रूर में पौधारोपण एवं शहीदों को किया नमन



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पट्टी तहसील क्षेत्र के रूर गांव में स्थित शहीद स्थल पर पौधारोपण किया गया। साथ ही कारगिल में शहीद हुए वीर जवानों की शहादत को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान एनसीसी के जवानों ने परेड करके वीर जवानों को सलामी दिया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रत्याशी संदीप सिंह पिंटू ने इस दौरान दो दर्जन से अधिक छायादार पौधारोपण करके कारगिल के वीर जवानों को याद किया और कहा कि कारगिल युद्ध में अपने अतुलनीय शौर्य और साहसपूर्ण प्रदर्शन से भारत के स्वाभिमान की विजय पताका फहराने वाले वीर जवान हमेशा हमारे हृदय में रहेंगे। समाजसेवी नरेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि दुश्मनों को पराजित करके दुनिया में भारतीय सेना का डंका बजाने वाले वीर जवान हमेशा हमारे आदर्श रहेंगे। इस दौरान महादेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज महादेव नगर प्रतापगढ़ तथा रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज पट्टी के एनसीसी के छात्राओं ने परेड के माध्यम से वीर जवानों को सलामी देते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम मे पूर्व बीडीसी दिनेश सिंह, मुन्ना सिंह, अजय सिंह, विशाल सिंह, आकाश तिवारी, आदित्य, विकास, प्रधान अरविंद वर्मा, शुभम, राज, सुरेश, अच्छेलाल, कमलेश वर्मा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कारगिल के शहीदो को दी गई श्रद्धांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** गौरवशाली पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष ओंकारनाथ शर्मा एवं महासचिव आर ए सिंह के नेतृत्व मेंजिला सैनिक कल्याण बोर्ड में कारगिल में हुए युद्ध के दौरान विजय ऑपरेशन में शहीद हुए जवानों को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई ।कार्यक्रम का संचालन संगठन के महासचिव आर ए सिंह ने किया । कार्यालय परिसर के शहीद स्थल पर प्रतापगढ़ के पीथीपुर गांव के शहीद हुए जवान विजय शुक्ला के चित्र पर जिला सैनिक कल्याण के सचिव कमांडर दिनेश मिश्रा संगठन के अध्यक्ष ओंकार नाथ शर्मा महासचिवआर ए सिंह सुनील कुमार विनोद कुमार आरपी मिश्रा जयप्रकाश पांडेय राकेश पांडेय एमपी पांडे सुनील शर्मा प्रेमचंद पांडे अजय कुमार सिंह दुर्गेश सिंह योगी अतीक अहमद राम सिंह पनियारी बीबी सिंह के के पांडे आदि ने चित्र पर पुष्प चढ़कर श्रद्धांजलि नमन किया एवं शहीदो के परिवार को सम्मान देकर गौरवान्वित महसूस किया ।

# कारगिल विजय जांबाज सैनिकों की वीरता का प्रतीक -प्रो0 अखिलेश पान्डेय

**● एनसीसी कैडेटों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि**



लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी, प्रतापगढ।** स्थानीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पट्टी में आज 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस पर एन0सी0सी0 के कैडेटों द्वारा पं0 राम राज शुक्ल सभागार मे शहीद श्रध्दांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि ष्कारगिल विजय दिवसष् देश के जांबाज सैनिको की वीरता, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। हम कारगिल युद्ध में अमर शहीदों को शत्-शत् नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते है। कार्यक्रम के पूर्व एन0सी0सी0 छात्रध्छात्राओं के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया जो महाविद्यालय के मुख्य द्वार से निकलकर पट्टी चौक तक भारत माता के जयकारे के साथ गयी। तत्पश्चात सभागार में प्राचार्य तथा एन0सी0सी0 अधिकारी द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर मार्त्यापण एवं पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।

सरस्वती वन्दना प्राची और अर्चना ने प्रस्तुत किया। मंच पर आसीन अथितिओं को मार्त्यापण किया गया। स्वागतगीत प्राची और अर्चना ने प्रस्तुत किया। कारगिल विजय दिवस पर व्याख्यान, अभय प्रताप सिंह, कार्तिक उपाध्याय, खुशी सिंह ने प्रस्तुत किया। अन्त में आभार ज्ञापन एन0सी0सी0 अधिकारी डॉ0 अनिल यादव ने सभी के प्रति किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्रो0 आर0बी0अग्रहरि, प्रो0 मिथिलेश त्रिपाठी, डॉ0 राकेश पाण्डेय, डॉ0 दिलीप सिंह सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन अ0 विकास सिंह ने किया।

## बच्चों ने मनाया कारगिल विजय दिवस, शहीदों को किया नमन



**प्रतापगढ़।** विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी प्रतापगढ़ के शिशु भारती के भैया बहिनों द्वारा आज ष्कारगिल विजय दिवसष्हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।सर्वप्रथम सैनिक वेश में सुसज्जित आए भैया प्रखर तिवारी अनिरुद्ध तिवारी कार्तिक तिवारी समर्थ गुप्ता अक्षत पांडेय रुद्र पटेल आदि सभी भैया का सैनिक सम्मान शिशु वाटिका संचालिका विभा शुक्ला ने प्रवेश द्वार पर किया तिलक और बैच लगाने के बाद भैया बहिनों को सम्मान वंदना सभा के लिए शिशु वाटिका संचालिका जी स्वयं लेकर गई।वंदना प्रमुख बहिन लक्ष्मी तिवारी ने सैनिक भैया बहिनों से ही दीप प्रज्वलन एवम पुषापर्चन कराया और आसान दिया।प्रधानाचार्य सचिन सिंह ने कारगिल के विषय में बताते हुए सैनिकों के शौर्य का वर्णन किया और शहीदों को नमन किया ।बहिन अक्षरा पांडेय श्रद्धातिवारी आस्था शुक्ला आदि ने देश भक्ति गीत और भाषण प्रस्तुत किए। पूरा विद्यालय देश भक्ति के वातावरण से सराबोर था।वंदे मातरम के बाद कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## आत्म हत्या के लिए उकसाने वाली सास गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** विवाहित का उत्पीड़न,आत्म हत्या के लिए उकसाने के मामले में सास को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में थाना अन्तू के निरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह म0उ0नि0 अंकिता बाजपेयी द्वारा तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान, मु0अ0सं0 109,24 धारा 306, 498ए, 201, 506 भादवि से संबंधित मुखबिर की सूचना पर 01 वांछित अभियुक्ता, 1- गीता देवी पत्नी रामआसरे विश्वकर्मा नि0 रामनगर भोजपुर थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ को दिनांक 26.07.2024 को अभियुक्ता के घर से गिरफ्तार किया गया ।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि




**कुण्डा,प्रतापगढ़।** बाबागंज ब्लाक के सत्येंद्र बहादुर सिंह इंटर कॉलेज में आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने वीर सपूतों को दी श्रद्धांजलि ।विद्यालय के शिक्षक आलोक कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत ने 26 जुलाई 1999 में पाकिस्तानी सेना को खदेड़ते हुए करगिल में विजय पताका फहराया था इसके बाद से ही हर साल 26 जुलाई के दिन भारत करगिल विजय दिवस मनाता है।. साथ ही यह उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिन है। जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे शिक्षक ने बताया कि 26 में 1999 से 26 जुलाई 1999 तक 60 दिनों तक यह युद्ध चला जिसमें भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से भगाया और उसे पर पुनः विजय हासिल की ।इस मौके पर ज्योति प्रजापति मानसी यादव अनामिका दीप्ति साहू काजल सौम्या कृतिका सृष्टि सही तमाम छात्राएं मौजूद रहे।

## राजा भइया ने पीथीपुर में कारगिल बलिदानी विजय शुक्ला को किया नमन



लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष,कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने आज 26 जुलाई दिन शुक्रवार को बाघराय थाना क्षेत्र के पीथीपुर ग्रामसभा में बलिदानी लांसनायक विजय शुक्ला के घर पहुंचे।

जहां उन्होंने कारगिल में बलिदान हुए विजय शुक्ला जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्पचक्र अर्पित कर भारत माता के वीर सपूत को नमन किया।

साथ ही कारगिल के बलिदानियों को याद किया।

इसके उपरांत वहां से निकलते हुए राजा भैया बाघराय के रोर गांव पहुंचे,जहां पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पवन सिंह विक्कू दद्दा की भतीजी के निधन पर शोक व्यक्त किया। साथ ही दुःख संतप्त परिवार को सांत्वना देते हुए बोले कि दुःख की घड़ी में पूरा राजा भैया परिवार आपके साथ है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विधायक बाबागंज विनोद सरोज, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख विहार अनुभव यादव, प्रमुख बिहार रामचंद्र सरोज, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्वामी करपात्री की स्मृति में गुरू वंदन समारोह का आयोजन

**▶▶28 जुलाई को तुलसी सदन में होगा शिक्षकों का सम्मान**
**▶▶शिक्षक जीवन की तय करता है दिशा आलोक पाण्डेय**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महराज की स्मृति में 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे से सामाजिक एवं संवैधानिक जागरूकता समिति और अवनि (ट्रस्ट) द्वारा राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका पर संगोष्ठी, गुरु वंदन समारोह में शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन नगर स्थित तुलसी सदन में किया गया है।

इस क्रम में आयोजित प्रेस वार्ता में कार्यक्रम के आयोजक नई दिल्ली बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक कुमार पांडेय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षक का बड़ा महत्व होता है। शिक्षक जीवन की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते है। प्राचीन काल से ही जब भारतवर्ष के अंदर गुरुकुल परंपरा हुआ करती थी गुरुओं का बड़ा ही सम्मान हुआ करता था। समाज का कोई भी कार्य हो गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण होती थी। बड़े से बड़े राजा महाराजा गुरुओं के दिशा निर्देश में अपने राज्य का संचालन किया करते थे। भगवान श्री राम के जीवन में गुरु वशिष्ट, गुरु विश्वामित्र की महत्वपूर्ण भूमिका थी द्यभगवान श्री कृष्ण के जीवन में गुरु संदीपन के महत्व से हम सब से परिचित हैं।ऐसे ही चाणक्य, द्रोणाचार्य के कुशल दिशा निर्देशन में महापुरुषों का सृजन हुआ। संत रविदास, महर्षि वेदव्यास, महर्षि वाल्मीकि आदि आदर्श है। शिक्षक समाज का निर्माता होता है। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज ने अपने जीवन काल में धर्म की स्थापना के लिए अद्भुत प्रयास किया। उनके दिए उद्घोष धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो प्रत्येक मांगलिक कार्य में गूंजते हैं।गुरुओं का हमारे जीवन में बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है। इस बात को दृष्टिगत रखते हुए गुरु वंदन समारोह और शिक्षक गौरव सम्मान का आयोजन किया गया है। गुरु की कृपा, उनके आशीष से ही जीवन में उत्कर्ष हो सकता है द्यगुरु की भूमिका समाज में सदैव प्रासंगिक रही है। प्राचीन काल से वर्तमान समय तक शिक्षा की व्यवस्था शिक्षा की पद्धति में चाहे जो परिवर्तन हुए किंतु गुरु की भूमिका स्थाई रही है। वह सदैव समाज निर्माण और व्यक्ति निर्माण का कार्य निरंतर करता रहा है। गुरु के दिशा निर्देश निर्मित समाज जीवन के विविध क्षेत्र में कार्य करते हुए राष्ट्र की प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर सौरभ पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय प्रयागराज के माननीय न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता के साथ ही अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश कुलदीपपति त्रिपाठी, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश सुरेंद्र कुमार तिवारी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ के विभाग प्रचारक प्रवेश, उच्चतम न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत यादव, उच्चतम न्यायालय में उत्तर प्रदेश सरकार के स्थाई अधिवक्ता अंकुर प्रकाश, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिव प्रकाश सेनानी की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सोनेलाल पटेल चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के प्राचार्य डॉक्टर सलिल श्रीवास्तव करेंगे। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल ने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 1000 शिक्षक सम्मिलित होंगे। प्रेस वार्ता में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रमाशंकर शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, जिला मंत्री विनय सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र प्रसाद पांडेय, विनोद कुमार द्विवेदी, शिशिर खरे,संजय तिवारी, गिरजा शंकर मिश्र,राकेश मिश्रा,रमेश पटेल,अजीत सरोज, रामानंद आदि उपस्थित रहे।

## सपा ने मनाया आरक्षण का अधिकार दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**आज समाजवादी पार्टी कार्यालय मीरा भवन पर संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मनाया गया। जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने बताया पीडीए को अधिकार तभी मिलेगा जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडे ने कहा कि आज भाजपा सरकार निजीकरण करके नौकरियों में आरक्षण का अमल न करके इसे समाप्त कर रही है या सरकार युवाओं को नौकरी भी सिर्फइसलिए नहीं दे रहे जिससे कहीं आरक्षण ना देना पड़ जाए और दलित पिछड़ों वंचितों को उनके हाथ न मिल जाए इस मौके पर समाजवादी पार्टी की महिला सभा जिला अध्यक्ष शांति सिंह ने कहा कि डॉक्टर राम मनोहर लोहिया ने सबके विकास के लिए पिछड़ों को विशेष अवसर दिए जाने की मांग उठाई थी। संविधान और आरक्षण खत्म करने का खतरा अभी टला नहीं है जनता के संकल्पित प्रयास से संविधान विरोधियों को मान देने का सिलसिला रुकने वाला नहीं है अश्वनी सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का वैचारिक संघर्ष जारी रहेगा समाजवादी पार्टी लोकप्रिय की लड़ाई अनवरत रखी जाएगी। इसी को देखते हुए समाजवादी पार्टी संविधान मान स्तंभ की स्थापना कर रही है।इस मौके पर समाजवादी पार्टी विशिष्ट आमंत्रित सदस्य गुलफाम खान, डॉक्टर शेर बहादुर यादव, आर के भीम, अहमद अली, राजकुमार यादव, रामाशंकर यादव, मनीष पाल, संदीप यादव, असलम खान, भैया राम पटेल, माधुरी यादव आदि लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## पड़ोसी ने रास्ते में मिट्टी डालने के विरोध पर महिला को पीटा

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली क्षेत्र के मूरतगंज में गुरुवार को रास्ते में मिट्टी डालने के विरोध पर पड़ोसी ने महिला को जमकर पीट दिया। पिटाई से उसे काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल महिला में थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। मूरतगंज की शकीना बानो पत्नी लईक अहमद के अनुसार गुरुवार को पड़ोसी युवक के रास्ते में मिट्टी डलवाने से आवागमन बाधित हो रहा था। महिला ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी गिरवाने का विरोध किया। आरोप है कि विरोध करने पर वह महिला के साथ गाली गलौज कर उसकी लात घूसों से जमकर पिटाई कर दी। इससे महिला को काफी चोटें आई। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## उधारी मांगने पर युवक को दी जान से मारने की धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट कोतवाली क्षेत्र के पट्टी परवेजाबाद गांव में शुक्रवार की सुबह उधारी रुपया मांगने पर दबंग ने गाली गलौज कर युवक को जान से मारने की धमकी दी। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया।पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।लालपुर गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र धर्मपाल डीजे और साउंड का व्यवसाय करता है। उसके मुताबिक चार साल पहले उसने पट्टी परवेजाबाद गांव के एक युवक को 20 हजार रुपये में डीजे साउंड दिया था। उस समय युवक ने नौ हजार रुपये नकद दिया और 11 हजार रुपये एक माह बाद देने को कहा था। एक माह बाद उसने कई बार युवक से अपने बकाया रुपयों की मांग की। लेकिन युवक पैसा देने में आनाकनी करता रहा। शुक्रवार की सुबह मुकेश अपने रुपयों की मांग करने उसके घर गया। आरोप है कि दबंग पैसे देने से इंकार कर दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## युवकों ने खेत में घास काट रही महिला से अभद्रता कर दौड़ाया

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट कोतवाली क्षेत्र के कयामुद्दीनपुर गांव की रूपा देवी पत्नी उमेश कुमार के मुताबिक शुक्रवार की सुबह वह गांव के बाहर खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान गांव के दो युवक वहां पहुंचे और खेत में घास काटने से मना करने लगे।कारण पूछने पर वह दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने महिला को मारने के लिए दौड़ा लिया। शोर मचाने पर खेत में काम कर रहे लोग मौके पर जुट गए। पीड़ित महिला ने थाने पहुंच कर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## महिला ने शाखा प्रबंधक पर लगाया खाता से पैसा निकालने का आरोप

**नेवादा, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ बाजार स्थित टाइनी शाखा के प्रबंधक पर एक महिला ने उसके खाते से हजारों रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पैसा निकालने की जानकारी मिलते ही महिला के होश उड़ गए। महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।पुलिस चौकी चायल क्षेत्र के मखऊपुर गांव की गीता देवी पत्नी सुभाष कुमार ने तिल्हापुर मोड़ बाजार स्थित टाइनी शाखा में एक बचत खाता खोल रखा है। उसके अनुसार 12 जुलाई को वह शाखा से 6 सौ रुपए निकालने गई थी। वह पैसे निकालकर घर चली आई। एक हफ्ते बाद पैसों की जरूरत पड़ने पर वह फिर एक हजार रुपए निकालने के लिए शाखा गई। उसे बताया गया कि खाते से 55 सौ रुपए निकाले जाने के बाद अब खाते में पैसे नहीं है।यह सुनकर उसके होश उड़ गये।महिला ने शाखा प्रबंधक से 55 सौ रुपए निकालने से इनकार किया लेकिन शाखा प्रबंधक उसकी बात को मानने के लिए तैयार नहीं हुए।काफी हो हल्ला करने के बाद भुक्तभोगी महिला ने थाने जाकर मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## बंटवारे को लेकर युवक को जान से मारने की दी धमकी

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपन घाट कोतवाली क्षेत्र के सैंता गांव निवासी संतोष कुमार पुत्र रामसिंह किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसके मुताबिक पुश्तैनी खेत के बंटवारे को लेकर उसके दो चाचा आये दिन गाली गलौज कर झगड़े पर आमादा हो जाते है। आरोप है कि शुक्रवार की सुबह इसी बात को लेकर वह गाली गलौज कर उसे जान से मारने की धमकी देने लगे। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित युवक ने थाने पहुंच दोनो के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## खेत से मिट्टी निकालने का विरोध करने पर दबंग ने फावड़े से किया हमला, केस दर्ज

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में खेत से मिट्टी निकालने का विरोध करने पर दबंगों ने फावड़े से हमला कर पीड़ित की जख्मी कर दिया , पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी है।सैनी कोतवाली क्षेत्र के भेरावा गांव के रहने वाले शिव भोला पुत्र स्व विजय शंकर ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसके खेत से एक दबंग बिना अनुमति के खुदाई करके मिट्टी निकाल रहे थे जिसकी सूचना पर पुत्र आशीष के साथ खेत पहुंचा तो दबंग गाली गलौच करने लगा , जिसका विरोध करने पर दबंग पुत्र आशीष को मारने के लिए दौड़ा तो बीच बचाव में दबंग ने उस पर फावड़े से हमला कर जख्मी कर दिया । मामले की तहरीर पर पुलिस ने शिव भोला को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजते हुए दबंग उदय सिंह के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही ने जुट गई है।

## न्यायालय के आदेश पर चार महीने बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**भरवारी, कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के नगर के वॉर्ड 03 गौतम बुद्ध नगर के बालकमऊ के बोधनलाल मोहल्ले में स्थित तालाब को मछली पालने हेतु पट्टा कराकर उसमें मछली पालकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण करता है। 17 मार्च को शाम करीब 7 बजे शाम मोहल्ले के ही रहने वाले बच्चालाल व ननबुल ने मछली पकडने की जाल में आग लगा दिया। जिसकी कीमत लगभग पचास हजार रूपये थी। आग लगाने का विरोध तथा आग बुझाने का प्रयास किया तो उक्त दोनो लोगो ने जातिसूचक शब्दो में गाली देते हुए लात-घूसो से मारा पीटा, आग मत बुझाओ नहीं तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को इसी आग में जिन्दा जला देंगे। घटना की सूचना डायल 112 नम्बर पुलिस को दिया पुलिस आयी तो वे लोग गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट चौकी सिंधिया व थाना कोखराज को दिया लेकीन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया, पीड़ित ने न्यायालय आदेश मिलते ही पुलिस ने घटना कारित करने वाले दबंगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 109 वाहनों का ई-चालान किया गया।

# वीबीपी स्कूल में 25वाँ कारगिल विजय दिवस धूमधाम से मनाया गया

### ● कारगिल शहीदों को पौधरोपण के जरिए दिया श्रद्धांजलि



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में शुक्रवार को एनसीसी की 15 वीं बटालियन के कैडेट के साथ 137 सीईटीएफ बटालियन टीए 39 गोरखा राइफल्स के नेतृत्व में कर्नल सुशील गुहानी के निर्देशन में भेजे गए सूबेदार जगदीश सिंह और निपुन छेत्री, विजय सिंह, राहुल नाथ भूशाल, विनोद सिंह, बिजय प्रधान, संजय थापा, सुनील सिंह राणा, सूरज थापा जवानों के साथ 25 वां कारगिल विजय दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के छात्र-छात्राओं सहित ताइक्वांडो स्काउट और गाइड के बच्चों ने परेड में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि हम देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे।

सूबेदार जगदीश सिंह ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा में हम सबको अपना योगदान देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर एनसीसी, स्काउट और गाइड के बच्चों के साथ बटालियन के जवानों और प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल, केयरटेकर काजल मैम, पीटीआई नकुल तिवारी ने पौधरोपण किया। वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय ने राष्ट्रगान करवाया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर छोटे बच्चों ने कला प्रतियोगिता में देश प्रेम के स्लोगन आदि लिखकर अपने तरीके से सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वही स्काउट गाइड के बच्चों ने एक सीखपरक लघुनाटिका प्रस्तुत करके सामाजिक बुराइयों को दूर करने का संदेश दिया। इस पर सभी बच्चों को प्रमाण पत्र तथा 1-1 पौधा प्रदान किया गया, जिसे हर बच्चे ने अपनी माँ के नाम से लगाने का प्रण लिया। इस अवसर पर उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर के के तिवारी ने कहा कि पाकिस्तान के छद्म युद्ध को हमारे सैनिकों ने बड़ी वीरता और शहादत के साथ आज ही के दिन विजित किया था। हम उन वीरों के प्रति नमन करते हुए श्रद्धा सुमन भेज रहे हैं। उत्थान संस्था के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि हम देश के विकास में जिस तरह से अपना योगदान देते हैं उसी तरह देश की सुरक्षा के लिए सैनिक भी सीमा पर अपनी आहुति देते हैं। ऐसे में उन्हें याद करना, देश और सैनिकों के प्रति सम्मान है। वहीं वीपीएस के मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा की एनसीसी देश सेवा के लिए पहला कदम है। आप सब भी एक दिन देश की सेवा में आगे आएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल शुक्ला ने सूबेदार जगदीश कुमार का मोमेंटम देकर आभार व्यक्त किया। आगे उन्होंने अपनी एनसीसी टीम के छात्रों को विशेष शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के पावन दिन पर न केवल हमें संकल्प लेना है, बल्कि दुगुने उत्साह से अपने कर्तव्य पर डट जाना चाहिए। वह चाहे लड़ाई का मैदान हो या पढ़ाई का। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल, फातिमा बीबी, राकेश मालवीय, आर पी ओझा, तरन्नुम काजमी, सुधा पाण्डेय, अभिनन्दन पाण्डेय, रिक्की यादव, हबीब कौसेन, मनीष अग्रहरि, मनीषा शर्मा, अतुल पाण्डेय, दीक्षा अग्रहरि, सोमनाथ पाण्डेय, रिंकू नाग, रमा सिंह, जैनब, सदफ शेख, शाबान, कुमार सौरभ, बलदाऊ पाण्डेय, रवीन्द्र उपाध्याय, ब्रह्मदत्त शुक्ल आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने सुसाइड नोट मिलने के बावजूद नहीं दर्ज किया रिपोर्ट

### ● 11 दिनों से न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार

लोकमित्र ब्यूरो

**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के भीखपुर मेंडवारा गांव में पत्नी के करतूतों से आजिज आकर एक युवक ने 11 दिन पहले कमरे के अंदर गले में गमछे का फंदा डालकर खुदकशी कर लिया था। पुलिस को शव के पास से नौ पेज का सुसाइड नोट मिला है।परिजनों ने घटना को लेकर तहरीर भी दिया लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। पीड़ित परिवार थाने का चक्कर लगाकर थक गया है।

भीखपुर मेंडवारा गांव निवासी बैजनाथ पुत्र जग्गू ने बताया कि उनके बड़े बेटे विजय बहादुर उर्फ बबलू की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं था। जिसके चलते वह काफी परेशान रहता था। 16 जुलाई को पत्नी और बच्चे एक निमंत्रण में शामिल होने गए थे। इसी बीच रात्रि को मजदूरी करके घर लौटे बबलू ने गले में गमछे का फंदा डालकर खुदकुशी कर लिया। शव के पास से एक सुसाइड नोट मिला जिसके बाद पुलिस की जांच पड़ताल में गाड़ी की डिग्गी से नौ पेज का एक और सुसाइड नोट मिला है। घटना को लेकर पीड़ित पिता ने बहू के दो युवकों से संबंध होने का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग किया था। परिजनों का आरोप है कि 11 दिन का समय बीतने के बाद भी अभी तक उनका मुकदमा दर्ज नहीं हो सका है। वह बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए पुलिस कार्यालयों का चक्कर लगाकर थक गया है।

## घर से 45 हजार लेकर महिला लापता, दी तहरीर

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, कौशाम्बी।** संदीपनघाट कोतवाली क्षेत्र के पट्टी परवेजाबाद गांव निवासी शिवराम पुत्र सूरज सरोज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके मुताबिक सोमवार को वह मजदूरी करने चला गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी गुड़िया देवी घर में रखा 45 हजार रुपये लेकर बगैर किसी को बताये कहीं चली गई।शाम को घर लौटने पर उसे न देख उसके होश उड़ गए। उसने रिश्तेदारी समेत तमाम संभावित ठिकानो पर उसकी तलाश की।उसके कहीं सुराग न लगने से निराश होकर पीड़ित ने शुक्रवार को थाने जाकर गुमशुदगी की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस महिला की तलाश में जुट गई है।

## शक्तिपीठ कड़ाधाम में आज से शुरू होगा दो दिवसीय सावन मेला



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कड़ाधाम में पवित्र श्रावण मास में सप्तमी व अष्टमी तिथि को लगने वाला दो दिवसीय सावन मेला आज से शुरू हो रहा है।शनिवार व रविवार को सावन मेला आयोजित होगा।इस मेले में उत्तर प्रदेश के जौनपुर, बनारस, भदोही, मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, आजमगढ़ , गाजीपुर सहित अन्य प्रदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचते हैं।श्रद्धालु भक्त शीतला सप्तमी व अष्टमी तिथि को मां शीतला का व्रत रखते हैं और मां शीतला को हलवा, पूड़ी का भोग अर्पित करते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार शीतलाष्टमी और मां शीतला की महत्ता का उल्लेख हिन्दू ग्रंथ स्कंद पुराण में बताया गया है।यह दिन मां शीतला को समर्पित है।हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार मां शीतला चेचक, खसरा आदि की देवी के रूप में पूजी जाती हैं और इन्हें शक्ति के दो स्वरूप देवी दुर्गा और पार्वती के अवतार के रूप में जाना जाता है।इस दिन मां शीतला का पूजन अर्चन करने से परिवार में सुख शांति बनी रहती है।माता शीतला को भोग स्वरूप ठंडा प्रसाद अत्यंत प्रिय है।

## संविधान हम सबको सम्मान से जीने का अधिकार देता है- सोनी चौधरी



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के कार्यालय में संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव ने किया , इस मौके पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव व जिला पंचायत सदस्य सोनी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान हम सभी को समानता से जीने का अधिकार देता है ,

संविधान में सभी महिलाओं को , दलितों , अल्पसंख्यक सहित सभी वर्गो को संरक्षक देता है , सत्ता दल के लोग संविधान बदलने पर उतारू है परंतु देश की जनता उनके मंसूबों को कामयाब नही होने देगी ।

प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल ने कहा कि संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के जनक छत्रपति साहू जी महाराज ने 26 जुलाई 1902 में अपने संस्थान में आरक्षण पर अमल शुरू किया था । इस मौके पर कार्यक्रम में मौजूद अन्य सपाइयों ने अपने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव , सोनी चौधरी , आनंद मोहन सिंह पटेल , भैयालाल पाल , विभा यादव सहित बड़ी संख्या में सपाई मौजूद रहे।

# बालिका को घर ले जाकर युवक ने जबरन किया दुष्कर्म

लोकमित्र ब्यूरो

**नेवादा, कौशाम्बी।** सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार दोपहर दुकान से सामान लेने जा रही बालिका के साथ युवक ने जबरन दुष्कर्म कर दिया। थाने में शिकायत के बाद भी पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। शुक्रवार को परिजनों ने मामले की शिकायत एसपी से करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसपी ने इंस्पेक्टर को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

इलाके के एक गांव का युवक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। गुरुवार दोपहर उसकी आठ वर्षीय बेटी पड़ोस की दुकान से सामान खरीदने के लिए जा रही थी। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसे रास्ते में रोकर जबरन अपने घर में घसीट ले गया। युवक ने बालिका के साथ जबरन दुष्कर्म कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद युवक किसी से बताने पर बालिका को जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी युवक के चंगुल से छूटने के बाद बालिका ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने बेटी के साथ बेनीराम कटरा चौकी और थाने जाकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपी के खिलाफकार्रवाई न होने से उसके हौसले बुलंद हैं। वह पीड़ित परिवार को सुलह करने की धमकी दे रहा है। शुक्रवार को पिता ने बेटी के साथ जाकर मामले की शिकायत एसपी से करते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने इंस्पेक्टर सरायअकिल को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## दबंगों ने रास्ते के विवाद में लाठी- डंडे से कुनबे को पीटकर किया घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**मनौरी, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के खुर्द मोहल्ले में गुरुवार की रात रास्ते के विवाद में दर्जनों दबंगों ने लाठी-डंडे से कुनबे को जमकर पीट दिया। पिटाई के बाद घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और लूटपाट करने का आरोप लगाया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हालात को काबू में किया। घायलों को इलाज के लिए भेज पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चरवा खुर्द निवासी धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि उसके घर के सामने नगर पंचायत की तरफ से सीसी रोड का निर्माण हो रहा है। पड़ोसी सड़क चौड़ीकरण के निर्माण का विरोध कर रहे हैं। गुरुवार को अधिशाषी अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को बैठाकर दस फिट की सड़क बनाने का कहकर मामले का समाधान कर दिया था। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने समझौता को मानने से इंकार कर दिया। रात में पड़ोसी दबंग दर्जन भी परिजनों और साथियों के साथ लाठी-डंडे से लैस होकर धीरेंद्र के घर पहुंचा और गाली गलौच करने लगा। विरोध करने पर दबंगों ने धीरेंद्र की जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी जमकर पीट दिया। इससे सभी को काफी चोटें आई।

आरोप है कि पिटाई करने के बाद दबंगों ने घर में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए बारह हजार रुपया नकद भी लूट लिया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद हालात को काबू में किया। मारपीट का वीडियो भी किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज जांच में जुट गई है।

## पान- गुटखा की दुकान में सेंध काट कर नगदी समेत हजारों की चोरी



**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के बेरुआ चौराहा स्थित एक पान- गुटखा की दुकान में गुरुवार की रात चोर सेंध काटकर नगदी समेत हजारों रुपए का सामान उठा ले गए। सुबह जानकारी होने पर दुकानदार के होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।चरवा क्षेत्र के बिरौली गांव निवासी पदम भूषण चौरसिया पुत्र स्वर्गीय नारायणदास चौरसिया ने बेरुआ चौराहा स्थित पेट्रोल पंप के सामने पान-गुटखा कोल्ड्रिंग की दुकान खोल रखी है। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम वह प्रतिदिन की भांति दुकान बंद करके घर चले गए।इसी दौरान उनकी दुकान को निशाना बनाते हुए बगल की दीवार में सेंध काट कर चोर कमरे में घुस गए। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखा दो हजार रुपए की नकदी समेत सिगरेट, गुटखा आदि समेत करीब 30 हजार रुपए का सामान पार कर दिया। सुबह दुकान में कटी सेंध और गायब सामान देख कर उनके होश उड़ गए। भुक्तभोगी ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस चोरों के सुराग में जुट गई है।

## बंद पड़े नलकूप से प्रेमी युगल को दबोचा

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी थानाक्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार सुबह बंद पड़े नलकूप से ग्रामीणों ने प्रेमी युगल को धर दबोचा। शोर सुनते ही मौके पर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मामले की सूचना 112 डायल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस किशोरी समेत दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया। घंटों पंचायत के बाद भी मामले में समझौता नहीं हो सका है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले में कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## कारगिल विजय दिवस पर याद किये गए वीर शहीद




**कड़ा, कौशाम्बी।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम स्थित शहीद स्मारक पर शुक्रवार को वीर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी की अगुवाई में उपस्थित लोगों ने कारगिल युद्ध मे शहीद हुए गुलाब चन्द्र सविता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस दौरान भारत माता की जय व गुलाब चन्द्र सविता अमर रहें के उद्घोषों से वातावरण गुंजायमान रहा।विदित हो कि नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के कड़ा निवासी गुलाब चन्द्र सविता 1999 में हुए कारगिल युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।शुक्रवार संत मलूकदास द्वार के समीप स्थित शहीद स्मारक पर कारगिल युद्ध मे शहीद हुए वीर सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।इस अवसर पर अरुण केशरवानी, शिवम मौर्या, अभिषेक मौर्या, अनूप शुक्ला, बृजेश विद्यार्थी, उमेश पटेल, श्यामू अग्रहरि, रवि कुमार, सुघर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# 15 दिनों से विद्युत कटौती का दंश झेल रहे ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

### ● विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर जमकर की नारेबाजी



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** विद्युत उपकेंद्र कमालपुर के अंतर्गत शरीफाबाद गांव में 15 दिनों से बिजली कटौती का दंश झेल रहे ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार शुक्रवार को फूट पड़ा।विद्युत व्यवस्था धड़ाम होने से भन्नाए ग्रामीणों ने लामबंद होकर कमालपुर विद्युत उपकेंद्र का घेराव कर विद्युत अधिकारियों पर जमकर अपनी भड़ास निकाली।हालांकि सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक विनोद यादव व शुभम सिंह ने अपनी सूझबूझ से हो हल्ला कर रहे ग्रामीणों को शांत करा दिया। ग्रामीणों ने बताया की करीब 15 दिन पूर्व गांव में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया 25 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंक गया।शिकायत के बाद करीब दस दिन पश्चात विभागीय अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर बदलवाया जो कि चंद घण्टों में ही दोबारा फुंक गया। लेकिन जिम्मेदारों द्वारा फिर कोई सुध नही ली गयी तो ग्रामीणों का सब्र शुक्रवार को टूट गया और बड़ी संख्या में इकट्ठा होकर विद्युत उपकेंद्र आ धमके और जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

ग्रामीणों के इस कदम से विभाग के जिम्मेदारों के हाथ पांव फूलने लगे।सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता राजपत ने 4 घण्टों के भीतर ही ट्रांसफार्मर बदलवाने का आश्वाशन दिया।ग्रामीणों ने 25 केवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाकर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाए जाने की मांग की है।

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी राहत

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में घर खरीदने वालों को बड़ी राहत दी है। फ्लैट का कब्जा नहीं पाने वालों को ईएमआई पेमेंट को लेकर बैंकों, वित्तीय संस्थानों या बिल्डरों द्वारा कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। न ही उनके खिलाफ चेक बाउंस का मामला चलेगा।सबसे बड़ी अदालत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें खरीदारों की याचिकाओं को अन्य कानूनी विकल्पों की मदद लेने की बात कह कर खारिज कर दिया गया था।शीर्ष अदालत ने केंद्र, बैंकों समेत अन्य को नोटिस भी जारी किया। पीठ ने सभी मामलों पर अंतरिम रोक लगाई जिसके तहत बैंकों/वित्तीय संस्थानों या बिल्डर/डेवलपर की ओर से मकान खरीदारों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।पहले भी अदालत ने खरीदारों के पक्ष में सख्त फैसले दिए हैं। जब संसद में कानून पास होने के बाद कुछ रिअल एस्टेट कंपनियों ने इस संशोधन को अदालत में चुनौती दी थी।दिवालिया कानून यानी इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी में बदलाव कर खरीदार को डिफॉल्टर, डवलपर को उसकी रकम वापस देने संबंधी संशोधन किया गया था।खरीदारों का कहना है कि बैंक की तरफ से ऋण सीधा बिल्डर के खाते में जाता है। जो रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। देश में जिस तेजी से विकास हो रहा है। डेवलपर और बिल्डर सरकारी महकमें से मिली-भगत कर ऊंची-ऊंची इमारतें बना रहे हैं। मध्यम वर्ग को सपने दिखा कर मोटी रकम वसूली होती है। पूरा पैसे चुकाने के बावजूद हजारों लोग तय वक्त पर घर न मिलने से परेशान होकर बिल्डरों के दफ्तरों के चक्कर लगाते नजर आते हैं।विभिन्न कानूनी विकल्प होने के बावजूद उनकी सुनवाई नहीं होती। हालांकि यह फैसला खासकर एनसीआर के मकान खरीदारों के लिए है जबकि यह देश भर के नागरिकों के हित में लागू होना चाहिए।जनता की गाढ़ी कमाई के प्रति बैंकों-वित्तीय संस्थानों, बिल्डरों/डेवलपरों को खुली छूट देने के प्रति सबसे पहले सरकार ही जिम्मेदार है। यह फैसला उन खरीदारों को राहत देने वाला तो है ही, जो अपने घर का सपना दिखा कर खरीदारों को उचित जवाब तक नहीं देते वहीं लोन देकर कर्जदारों को जंजाल में फंसाने वालों को भी सबक लेना होगा।

## सुविचार

"हृदय में जब क्षुद्र स्वार्थ समाप्त हो जाता है तो वही से मनुष्यता का आरंभ होता है।"

# टूटा गुरूर तो याद आया संघम् शरणम् गच्छामि



**मनोज कुमार अग्रवाल**

कहते हैं कि जब तक सफलता कदम चूमती है तब इंसान भगवान को भी याद नहीं करता या यह कहिये कि सफलता का खुमार ही ऐसा है कि इंसान पहले उसे भुलाने लगता है जिसके सहयोग से सफलता प्राप्त की और भगवान को भी भुलाने लगता है लेकिन जब सफलता के रास्ते में कठिनाई या अडचन आनी शुरू होती है तो उसे सब से पहले वह भगवान या हितैषी ही याद आता है जिसे सफलता के मद भरे नशे में भुला रहा था यह सारी कहानी भारतीय जनता पार्टी के कर्ताधर्ताओं पर भी फिट बैठती है पचास साल की जनसंघ से शुरू हुई तपस्या के बाद पहली बार मजबूती के साथ भाजपा 2014 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथियों के साथ मिलकर सत्ता पर काबिज हुई फिर 2019 में अकेले दम पर 303 सीट हासिल कर भाजपा को अपने सामर्थ्य का अतिरंजना भरा गुरूर छाने लगा इसी के चलते अपने साथियों के साथ भी उसका रवैया बदला जिस कारण कई साथी दल भाजपा और राजग से छिटक कर किनारा कर गए 2024 के आम चुनाव सिर पर आ गए भाजपा ने राम मंदिर निर्माण के कार्य को आनन फानन में पूरा कर मंदिर निर्माण के बूते पर माहौल बना कर चुनाव जीतने की योजना बनायी 22 जनवरी 24 को श्रीराम मंदिर के उद्घाटन समारोह से जो माहौल बना वह वास्तव में अभूतपूर्व था भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अब की बार चार सौ पार का नारा दिया भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तो इतना दम्भ में भर गए कि अपनी मातृ संगठन के लिए ऐसा बयान दे दिया जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संबंधों को दरार पैदा करने वाला था चुनाव जैसे जैसे करीब आ रहा था राम मंदिर से पैदा ज्वार धीरे धीरे शांत होता जा रहा था उधर संघ का जमीनी कार्यकर्ता जो अपनी जेब से सूखे चने खाकर मेहनत कर भाजपा को जिताने के लिए बिना किसी निजी अपेक्षा के बिना किसी स्वार्थ कामना के जुट जाता था इस बार घर से बाहर नहीं निकला वह मान बैठा कि अब भाजपा को उस स्वयंसेवकों की जरूरत नहीं है बस 2024 में सफलता हासिल तो हुई लेकिन किनारे की यानी ऐसा जैसे 80 त्न अंक हासिल करने की अभिलाषा लिये परीक्षार्थी को 33त्न अंक हासिल होकर सिर्फ पास घोषित किया गया। देखते ही देखते भाजपा बेशक खुले तौर पर स्वीकार न करें लेकिन उसे अपनी गलतियों का अहसास होने लगा है उसे अहसास होने लगा कि नींव की जमीन धंस रही है। इस बीच आरएसएस प्रमुख ने ईशारे ईशारे में ही प्रधानमंत्री मोदी पर तीर चला कर अपनी अंदरूनी नाराजगी जताई दी। इतना सब होने पर भाजपा को अपने भूले भगवान याद आने लगे।

भाजपा को दस साल बाद याद आया कि सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के संघ से जुड़ने सदस्यता लेने या किसी भी गतिविधियों में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से भागीदारी करने पर छह दशक से सरकारी प्रतिबंध है। भाजपा केंद्र की राजग सरकार ने एक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा लिया है। जिसको लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने फैसले का स्वागत



करते हुए कहा है कि तत्कालीन इंदिरा सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। यह भी कि वर्तमान सरकार का निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है।

जानकारों का मानना है कि लोकसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद अर्श से फर्श की ओर आते देख भाजपा की नींद खुल गई है संघ व सरकार के बीच मनमुटाव की जो खबरें आ रही थीं, हालिया फैसले को सरकार की संघ से उसी तल्खी को दूर करने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है। जिससे जनमानस में यह संदेश दिया जा सके कि भाजपा व संघ में किसी प्रकार का मतभेद नहीं है। वहीं आरएसएस का दावा है कि इस कदम से देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल, हाल के दिनों में संघ की तरफ से जो बयान सामने आ रहे थे, उससे लग रहा था कि भाजपा व संघ के रिश्ते खराब दौर से गुजर रहे हैं। संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने तो कहा था कि भगवान राम ने एक अहंकारी पार्टी को रोका है, जो रामभक्त होने का दावा करती है। यहां तक कि संघ के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखा गया था कि भाजपा कार्यकर्ताओं के अति उत्साह के चलते पार्टी के जनाधार में गिरावट आई है। साथ ही संघ प्रमुख ने बिना नाम लिये पार्टी नेतृत्व के सुपरमैन व भगवान समझने की महत्वाकांक्षा का जिक्र किया था। इन बयानों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि संघ का भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से मोहभंग हो गया है।

ऐसे में जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है, भाजपा का यह कदम दोनों के बीच रिश्ते सामान्य करने की दिशा में उठाया गया कदम कहा जा रहा है। बहरहाल, केंद्र के इस फैसले के बाद कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल सरकार को निशाने पर ले रहे हैं। कांग्रेस ने सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में आरएसएस पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था। आपको बता दें कि 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। आरएसएस व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी।

जिसके बाद इंदिरा गांधी सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश समेत कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था लेकिन केंद्र सरकार के स्तर पर यह प्रतिबंध वैध बना हुआ था। इसी मामले को लेकर इंदौर की एक अदालत में वाद चल रहा था, जिसमें अदालत ने इस बाबत केंद्र सरकार से जवाब मांगा था। फिर केंद्र ने एक आदेश जारी कर प्रतिबंध को खत्म करने की घोषणा की है। वहीं दूसरी ओर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि प्रतिबंध हटाने का केंद्र का फैसला राष्ट्रहित से परे राजनीति से प्रेरित संघ के तुष्टीकरण का फैसला है। वहीं अन्य राजनीतिक दलों का भी मानना है कि सरकारी कर्मचारियों का संविधान और कानून के दायरे में रहकर निष्पक्षता के साथ जनहित और जनकल्याण के लिए काम करना जरूरी होता है। विपक्षी सेकुलरिज्म की दुहाई देकर सरकार के फैसले को अनुचित ठहरा रहे हैं और महात्मा गांधी की हत्या से लेकर अन्य तरह तरह के आरोप लगा कर इस फैसले का विरोध कर रहे हैं लेकिन वास्तव में यह फैसला देर आयद दुरूस्त आयद है आरएसएस की राष्ट्र के प्रति निष्ठा और देशभक्ति अद्वितीय है यह विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी गैर राजनीतिक संगठन है इस से जुडाव से सरकारी कर्मचारियों में देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्य परायणता की प्रेरणा का अनन्त प्रवाह बनेगा जो इस राष्ट्र को नयी उर्जा और शक्ति देगा। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## सरोकार

# मुख्यमंत्री योगी के लिए आसान नहीं उत्तर प्रदेश में विधानसभा का मानसून सत्र का सामना करना

लोकसभा चुनाव नतीजे आने के बाद से सबसे ज्यादा चर्चा के केंद्र में उत्तर प्रदेश है। भाजपा में जिस तरह से सियासी गुटबाजी दिख रही है और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खुलकर मोर्चा खोल रखा है। इतना ही नहीं भाजपा के सहयोगी दल भी काफी मुखर हैं और अपनी ही सरकार पर सवाल खड़े कर रहे हैं तो समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव 37 सांसदों के साथ लखनऊ का मैदान छोड़कर दिल्ली के रण को चुन लिया है। इसके चलते उत्तरप्रदेश की सियासत में 29 जुलाई की तारीख काफी महत्वपूर्ण हो गई है, जिस पर अब सभी की निगाहें लगी हुई हैं।उत्तर प्रदेश का विधानसभा का मानसून सत्र 29 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसी दिन सूबे के राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। अखिलेश यादव के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का 29 जुलाई से पहले चयन कर लेना है। ऐसे में विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री योगी को पार्टी नेताओं के बीच जारी मनमुटाव को दूर करने के साथ-साथ सहयोगी दलों के विश्वास को भी जीतने की चुनौती होगी। इसीलिए मानसून सत्र पर सभी की निगाहें लगी हुई हैं।लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद पहली बार सूबे में विधानसभा का सत्र शुरू होने जा रहा है। उत्तरप्रदेश में 80 में सबसे ज्यादा 37 सीटें जीतने के बाद से समाजवादी पार्टी के हौसले बुलंद है, जिसकी झलक लोकसभा में दिख रही है। ऐसे में समाजवादी पार्टी के विधायक विधानसभा में भी खासा उत्साहित नजर आ सकते हैं और अब तो कांग्रेस भी उनके साथ है। इस तरह समाजवादी पार्टी सदन से सड़क तक आक्रमक रुख अपनाए रखने का प्लान बनाया है। चुनावी नतीजे जिस तरह भाजपा के खिलाफ आए हैं, उसके बाद से ही बैकफुट पर है। ऐसे में विधानसभा में भाजपा के लिए विपक्षी दलों के मुद्दों का सामना करना आसान नहीं होगा। इस बार का विधानसभा सदन की कार्यवाही पर सभी की निगाहें होंगी और विपक्षी तेवर देखने वाला होगा। बिजली कटौती से लेकर कांवड़ रूट पर नेम प्लेट का मामला चल रहा है। इसके अलावा ओबीसी आरक्षण भी एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है।मानसून सत्र में विपक्ष जहां सरकार को घेरने की पूरी तैयारी करके बैठा है तो भाजपा के सहयोगी दल भी अलग कशमकश में हैं। लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा नेताओं में खींचतान जारी है।

केशव प्रसाद मौर्य और मुख्यमंत्री योगी में मनमुटाव की बातें हो रही है। इसके अलावा भाजपा सहयोगी दल अलग-अलग मुद्दों पर भाजपा और योगी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है, लेकिन सत्र शुरू होने से पहले तक यह नहीं खत्म हुआ तो विधानसभा सदन में विपक्ष हावी हो जाएगा। ऐसे में भाजपा और सहयोगी दलों के बीच सियासी रिश्ते सुधारने का जिम्मा मुख्यमंत्री योगी के कंधों पर है, क्योंकि सरकार के वो ही मुखिया हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी सबसे अहम हो जाती है।

लोकसभा चुनाव के बाद ही अपना दल (एस) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर नौकरियों में दलित और ओबीसी आरक्षण में भेदभाव का मामला उठाया था।

निषाद पार्टी के अध्यक्ष और मंत्री डॉ. संजय निषाद ने भी सरकार को चेताया था कि जिन भी सरकारों ने आरक्षित वर्गों की उपेक्षा की उनका नुकसान ही हुआ। इसके अलावा बुलडोजर नीति पर भी सवाल खड़े किए थे। ऐसे ही बातें ओम प्रकाश राजभर ने भी किया था तो आरलडी प्रमुख जयंत चौधरी ने कांवड़ यात्रा वाले मार्ग वाली दुकानों में दुकानदारों के नाम लिखे जाने संबंधी आदेश की आलोचना करते हुए वापस लिए जाने की मांग की थी। इस तरह से सहयोगी दलों के सवालों को विधानसभा सत्र शुरू होने से पहले साधकर रखने की चुनौती है।मुख्यमंत्री योगी के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी चुनौती बने हुए है ।

केशव प्रसाद मौर्य ने बीते दिनों प्रदेश कार्यसमिति में बयान दिया था कि संगठन सरकार से बड़ा था, बड़ा है और हमेशा बड़ा रहेगा। सरकार और संगठन के बीच चल रही खींचतान का संदेश इन शब्दों ने दिया और फिर उसके बाद गत दिवस नई दिल्ली में केशव की पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुलाकात ने उत्तर प्रदेश में बड़े बदलाव की अटकलों को हवा दे दी।

## राशिफल

**मेष** — आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको सकारात्मक माहौल में काम करने का मौका मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप कोई नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। आपकी किसी परिवारिक समस्या का निवारण होने से आपको बहुत सुकून मिलेगा।

**वृष** — आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज कोई खुशखबरी मिलेगी। नौकरी में प्रमोशन की प्रतीक्षा आज समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। आपके लिए आर्थिक लाभ की स्थिति बनेगी। किसी कार्य योजना के कारण आपको दूर की यात्रा करनी पड़ेगी। आज आपके घर के सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं, आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। मित्रों से हर संभव सहायता मिलती रहेगी। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**कर्क** — आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर का अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। संतान को लेकर उलझने दूर होंगी। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप किसी तरह के वाद-विवाद में पड़ने से बचें। आज आप कोई प्रॉपर्टी खरीदने का मन बनायेंगे।

**सिंह** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने निजी जीवन में चली आ रही उलझनों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी।सरकारी नौकरी का प्रयास कर रहे लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। राजनीति से जुड़े लोगों का रुतबा बढ़ेगा। आज आप किसी सामाजिक समारोह में भाग ले सकते हैं। लोग आपके विचारों से प्रभावित होंगे।

**कन्या** — आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आज आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहने वाला है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आज आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के योग बनेंगे। संतान को लेकर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**तुला** — आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। अचानक आपके सामने कुछ चुनौतियां आएंगी

**वश्चिक** — आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी कुछ नये लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। लेकिन आप अपने काम और परिवार के बीच बैलेंस बना कर चलेंगे। जिससे घर में सभी आपसे खुश रहेंगे।

**धनु** — आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे। इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके परिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। आप अपने जीवनसाथी के साथ घर की जिम्मेदारियों को पूरा करने में सफल रहेंगे।

**मकर** — आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे। घर में कोई फंक्शन होने की संभावना है। कुछ लोग साझेदारी में व्यापार शुरू करेंगे।

**कुम्भ** — आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे। लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। आपको निवेश करने का सुनहरा मौका मिलेगा। आज आप सपरिवार किसी अच्छी जगह घूमने जा सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अच्छा मौका मिलेगा।

**मीन** — आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं। आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तो में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने मामले को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में आएगा। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। इस दौरान आपको आपकी मेहनत से अच्छे धन लाभ की संभावना है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### बात उनकी जुबां से क्या निकली...

बात उनकी जुबां से क्या निकली।
मेरी खातिर वही दुआ निकली।।
जाने किस किस की आयेगी शामत
बन सँवर कर वो जलजला निकली।।
देखते सब रहे खड़े उसको।
सामने से वो हूर सी बला निकली।।
ताकते हम रहे जिसे अब तक।
हम पे पहले से वो फ़िदा निकली।।
रूठ अपने गये सभी मेरे।
मुझसे तकदीर भी खफ़ा निकली।।
जान मुश्किल से ही सँभाली है
उसकी क़ातिल बहुत अदा निकली।।
प्यार उनसे हमें हुआ इतना।
फिर न दिल से ही बद्दुआ निकली।।
मेरी हर साँस.यूँ मुअत्तर है
उसकी खुशबू लिए फिज़ा निकली।।
लौट कोई नही कभी पाया।
जिस जगह से तू जिंदा निकली।।
मेरे ख़्वाबों में रोज़ आता था।
अब मुझे देख कर हवा निकली।।
मैंने कोशिश तो की प्रखर लेकिन
मेरी तकदीर ही जुदा निकली।।



**महेन्द्र सिंह प्रखर**

### बारिस आयी बिजली चली गयी

बारिस आयी बिजली चली गयी,
गर्मी कुछ कम हुई उमस बढ़ गयी,
सावन सावन जैसा नही लग रहा,
अब भी जेठ की तरह ही तप रहा।
थोड़ी थोड़ी बारिस में ही पता
चल गया शासन प्रशासन के,
इस अभूतपूर्व नगर प्रबंधन का,
नाली नाले सड़कों पर तालाबों का।
नाली का पानी सड़कों पर,
सड़कों का पानी घर के भीतर,
नर्क बन गए गाँव शहर सब,
कोश रहे वर्षा ऋतु को सब।
पहली बारिस आयी है अब,
सूख गए जब हरे खेत सब,
का बरखा जब कृषि सुखानी,
समय चुके पुनि का पछितानी।
जनता कोश रही शासन को,
शासन डाट रहा जनता को,
मंत्री डाँट रहे अधिकारी को,
अधिकारी डाँटे कर्मचारी को।
बारिस नहीं हुई तो भी तड़पाये,
जब हो जाये तो भी तो तड़पाये,
कंकरीट के फैले हैं यह जंगल,
इनमे रहकर मंगल कौन मनाये।
भूजल का दोहन अंधाधुँध हो रहा,
वर्षाजल संरक्षण कोई नहीं कर रहा,
महल बन गये लाखों और करोड़ों के,
पर बारिस का पानी नाली में जा रहा।
सावन का मधुमास आ गया है,
नहीं पड़े पेड़ों में झूले अब तक,
आदित्य विश्व भर में बढ़ती गर्मी,
काटें पेड़ पर्यावरण बिगड़ने तक।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र आदित्य**
**लखनऊ**



# खेतों में रसायनों का प्रयोग ज्यादा न करें-विधायक किसान भाई मोटे अनाज का अधिक से अधिक उत्पादन करें-जिलाधिकारी

**▶▶ जनपद स्तरीय किसान मेला कार्यक्रम का किया गया आयोजन**






लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कृषि की नवीनतम तकनीक से रबी 2024-25 में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उद्देश्य से जनपद में कृषि निवेशों, खाद, बीज, सिंचाई, विद्युत इत्यादि की उपलब्धता एवं तकनीकी प्रचार प्रसार हेतु सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनान्तर्गत तुलसीसदन (हादीहाल) में जनपद स्तरीय खरीफ गोष्ठी/किसान मेला (खरीफ 2024) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, जिलाधिकारी संजीव रंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस दौरान उपस्थित अतिथियों व किसानों व जनसामान्य द्वारा तुलसीसदन परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया एवं सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त की गयी।

किसान मेला में आये हुये अतिथियों का उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बुके देकर स्वागत किया एवं कहा कि खरीफवर्ष 2024 हेतु धान, मक्का, बाजरा, दलहनी, तिलहनी एवं अन्य फसलों की उपलब्धता है, जिन किसान भाईयों को बीज की आवश्यकता हो कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। इसी प्रकार उन्होने किसान भाईयों को उर्वरक व्यवस्था, कृषि रक्षा रसायन/बायोपेस्टीसाइड, जिंक सल्फेट वितरण, एफपीओ, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण, धान नर्सरी की प्रगति, सोलर पम्प (पीएम कुसुम) योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज ने कहा कि किसान ही ऐसा प्राणी है जो सभी जीव जन्तुओं, मनुष्यों के लिये अन्न उत्पादन का कार्य करते है, इनके द्वारा उत्पादित फसलों के माध्यम से हमें भोजन व अन्य प्रकार की खाद्यय वस्तुयें प्राप्त होती है। कोई भी यज्ञ या अनुष्ठान शुरू करने से पहले हम अन्नदाता की पूजा करते है। किसान भाई वैज्ञानिक युग की ओर बढ़ रहे है एवं पैदावार ज्यादा से ज्यादा कर रहे है। खेतों में रसायनों का ज्यादा प्रयोग न करें, रसायनों का प्रयोग करने से अनेक प्रकार की बीमारियॉ पैदा हो रही है। माननीय प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, चना आदि की पैदावार करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, किसान भाई मोटे अनाज को अपनी फसलों में शामिल कर उनका उत्पादन करें, रसायनों का प्रयोग न करें। कार्यक्रम के दौरान किसान भाईयों ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी संजीव रंजन के समक्ष प्रस्तुत किये जिस पर जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि जो भी समस्यायें है उसका प्रशासन द्वारा लगातार निराकरण किया जा रहा है, जो भी सुविधायें प्रशासन स्तर से होगी वह अवश्य उपलब्ध करायी जायेंगी।

जिलाधिकारी ने किसान भाईयो से कहा कि अपनी खाली पड़ी जमीनों पर पौधे अवश्य रोपित करें और उनकी देखभाल करते रहे जिससे पर्यावरण का सन्तुलन बना रहे। उन्होने कहा कि किसान भाई अपने बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिये विद्यालय अवश्य भेजे। आंवला प्रतापगढ़ की पहचान है, इसके बचाने एवं आंवले के प्रति जो किसानों की समस्यायें है उसका निराकरण किया जायेगा। उन्होने किसान भाईयों से कहा कि जिन पशुओं को उपयोग न हो उसे इधर-उधर न छोड़े, अपने नजदीकी गौशाला से सम्पर्क कर अपने पशुओं को वहां पहुॅचा दे तो काफी हद तक छुट्टा पशुओं से छुटकारा मिल जायेगा। गौशालाओं के निर्माण पूर्ण होने पर जो भी छुट्टा पशु है उन्हें गौशालाओं में संरक्षित कर दिया जायेगा जिससे किसानों की फसलें बर्बाद नही होंगी।

उन्होने किसान भाईयों से कहा कि मोटे अनाज की खपत बढ़ती जा रही है, मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिये अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है एवं मोटे अनाज के बीजों का वितरण किया जा रहा है। किसान भाई मोटे अनाज का अधिक से अधिक उत्पादन करें जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का नारा जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान-जय अनुसंधान है जिसके तहत कृषि क्षेत्र में अनुसंधान हो रहे है, जनपद में विभिन्न प्रकार के फल, फूल आदि का उत्पादन हो रहा है, कृषि की नई नई तकनीकों की जानकारी किसान को उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने कहा कि भारत की पहचान कृषि से है, हमें अपने संस्कृति को बनाये रखना होगा। उन्होने किसानों से कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अवश्य लगाये और उसको संरक्षित रखे जिससे हमे वे वृक्ष फल, छाया, आक्सीजन देते रहे। मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने कहा कि ओडीओपी के तहत आंवला प्रोडेक्ट हेतु चिलबिला स्थित गोड़े में इकाई की स्थापना की जा रही है जिससे स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होगें। जनपद में व्यक्तिगत खेत तालाब का निर्माण कराया गया है किसान भाई मछली पालन, सिंघाड़ा और मखाना की खेती जैसी गतिविधियों के माध्यम से आजीविका से जुड़े जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसी प्रकार विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। किसान मेला में कृषि वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह, डा0 भास्कर शुक्ला ने कृषि की नई नई तकनीकों व खरीफ उत्पादन के सम्बन्ध विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित अतिथियों द्वारा 24 किसानों को रागी, ज्वार, कोदो, सांवा के बीज का वितरण किया गया एवं 03 एफ0पी0ओ0 को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम चमन सिंह, कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के तकनीकी सलाहकार सुनील कुमार सिंह ने किया।

## ताइक्कांडो प्रशिक्षु शिवम का एसटीसी में चयन

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम के ताइक्कांडो प्रशिक्षु शिवम सिंह यादव का चयन एसटीसी रायबरेली साई सेंटर के लिए हुआ है करीब 1 साल से शिवम सिंह यादव पुत्र (श्री सुरेंद्र कुमार यादव )स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में अपने प्रशिक्षक श्री रणजीत यादव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। ताइक्कांडो खेल में वह जनपद के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जो भारतीय खेल प्राधिकरण की किसी भी शाखा में चयनित हुए हैं उनके चयन से क्रीड़ा अधिकारी पूनम लता राज ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ताइक्कांडो ड्रेस प्रदान किया। इस अवसर पर ताइक्कांडो प्रशिक्षक श्री रणजीत यादव क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ला हैंडबॉल को सचिन शुक्ला एथलेटिक्स कोच सोमनाथ यादव फुटबॉल कोच बुद्ध प्रकाश खेलो इंडिया हॉकी कोच आशुतोष सिंह दुर्गेश तिवारी जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह सहित बहुत सारे खेल प्रेमियों एवं समस्त ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने शिवम सिंह यादव के चयन पर प्रसन्नता व्यक्ति की।

## गैंगस्टर एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**आसपुर देवसरा,प्रतापगढ़।** गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग सदस्य दीपक तिवारी को थाना आसपुर देवसरा पुलिस द्वारा किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराध एवं आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी कार्यवाही, अभियान के तहत जनपदवासियों की सूरक्षा सुनिश्चित किये जाने एवं अपराध नियंत्रण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री आनन्द कुमार राय के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष आसपुर देवसरा श्री संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना आसपुर देवसरा पर दिनांक 25.07.2024 को मु0अ0सं0 204,24 धारा 2,3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 का अभियोग पंजीकृत किया गया था । उपरोक्त गैंगस्टर एक्ट के अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार थाना पट्टी द्वारा प्रचलित है । दिनांक 25.07.2024 को रात्रि में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 चन्द्रबली सिंह मय हमराह हे0का0 पवन नायक, का0 अरविन्द यादव द्वारा पतारसी, सुरागरसी के क्रम में मुखबिर की सूचना पर ग्राम अकारीपुर में सती माता मन्दिर के पास से गैंग सदस्य दीपक तिवारी उर्फ आशीष तिवारी पुत्र सालिकराम तिवारी उर्फ बब्बन तिवारी निवासी ग्राम अकारीपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया

## निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के संगम चौराहे के समीप आर्यावर्त आई हास्पिटल में आज शनिवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का शुभारंभ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी दिन में दो बजे करेंगे। यह जानकारी संयोजक डा. धर्मेन्द्र सिंह ने दी है।

# गंगा एक्सप्रेस वे, अवैध खनन मामले में अधिकारियों की खूब रही बल्ले - बल्ले

लोकमित्र ब्यूरो

**बिहार,प्रतापगढ।** बाघराय, बिहार क्षेत्र से होकर गुजर रही गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान अवैध खनन,और मानक की बिना परवाह किए हुई खुदाई के मामले में जिले से लेकर तहसील तक के राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की खूब बल्ले बल्ले रही। यह बात यूं ही नही कही जा रही है,यह पूरा मामला तो तब प्रकाश में आया,जब जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005,आरटीआई के माध्यम से बिंदुवार तरीके से अवैध खनन और मानक को दरकिनार कर की गई खुदाई को लेकर जिलाधिकारी से आरटीआई एक्टिविस्ट अखिल भारतीय ग्राम पंचायत सदस्य संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाज सेवी रूद्र प्रताप सिंह ने जानकारी मांगी। इससे चौकाने वाले तथ्य सामने आए, जिसमें ग्रामसभावार तालाबों में खुदाई के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा दिए गए प्रस्ताव के संबंध में जो जानकारी आई उसमे बिना अनुमति के जलालपुर बारों ग्रामसभा के उस तालाब की खुदाई शामिल है। जिसमे विगत कुछ माह पूर्व गंगा एक्सप्रेस वे में बिना अनुमति व अनियमितता से पूर्ण हुई खुदाई के बाद काल रूप में तब्दील हुए तालाब ने दो मासूमों की जिंदगी निगल ली थी। मासूम बच्चों की मौत मामले में सोशल मीडिया समेत विभिन्न सम्मानित समाचार पत्रों,इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने प्रमुखता से खबरें प्रकाशित की थी,लेकिन तत्कालीन समय जनपद से लेकर तहसील स्तर तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा राजस्व विभाग,एवं पुलिस विभाग उक्त कार्यदाई संस्था या कार्यदाई मिट्टी खनन के ठेकेदार के विरुद्ध न कोई जांच न कोई कार्रवाई कर उल्टा दो मासूमों की जीवन लीला समाप्त होने के बाद गमगीन परिवारी जनों पर दबाव बनाकर कुछ पैसे का लालच देकर। जिसमें जो देय राशि तय भी हुई थी,सूत्रों के अनुसार आज तक उस राशि में पूरी राशि भी मासूमों के परिजनों को नही मिली। मासूमों की मौत के मामले को दबा दिया गया। जबकि मासूमों की मौत प्रकरण में इनके परिवारी जनों ने कार्यदायी संस्था आई टी डी के खिलाफ बच्चों की हत्या की तहरीर बाघराय थाने में दी थी,लेकिन इस भ्रष्टाचार के दौर में अपने बच्चों को खोने के बाद लाचार बेबस परिजनों के आंसू राजस्व विभाग की भ्रष्ट अफसरशाही ने अपने लाभ के चक्कर में मिट्टी ढुलाई में लगे डम्फरों के टायर के नीचे मानों दबा दिए।

उक्त के संबंध में तत्कालीन अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व,जिला खनन अधिकारी का कार्यभार देख रहे उप जिलाधिकारी कुंडा को जांचकर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। लेकिन उक्त उप जिलाधिकारी कुंडा द्वारा 7 माह बीतने एवं दो मासूमों की मौत के बावजूद आजतक जांच आख्या प्रस्तुत नही की गई।जो 23 जुलाई को दिए गए आरटीआई के जवाब में उल्लिखित किया गया है,और इस अवैध खनन के खेल में राजस्व विभाग, पुलिस एवम ग्रामप्रधानों की संलिप्तता बहुत ही संदिग्ध प्रतीत होती है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच होने पर और भी कई चौकाने वाले तथ्य प्रकाश में आ सकते हैं।

## साप्ताहिक सामूहिक ध्यान साधना आज




**प्रतापगढ़।** साप्ताहिक सामूहिक विपश्यना ध्यान साधना का आयोजन आज 27 जुलाई को शाम 6रू30 बजे से सम्राट अशोक महान पुस्तकालय पलटन बाजार पर आहूत किया गया है । यह जानकारी देते हुए राकेश कनौजिया ने बताया कि प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले इस विपश्यना ध्यान साधना शिविर में पुराने साधकों के साथ नए साधकों को आनापान ध्यान का अभ्यास भी कराया जायेगा ।

## स्वच्छ पेयजल के लिए जलवायु संरक्षण जरूरी-अजय क्रांतिकारी

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे,हर घर नल योजनांतर्गत शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में स्वच्छ पेयजल एवं हर घर जल संबंधी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि स्वच्छ पेयजल के लिए जलवायु संरक्षण जरूरी है।जल की अशुद्धियों हम कई तरह की बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।उन्होंने कहा वृक्षों के रोपण और उनके संरक्षण की विधि अपनाकर हम धरती पर जल और वायु को बचा सकते हैं।सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) शिवगढ़ ने कहा कि भूजल स्तर बढ़ाने के लिए वर्षा जल का संचयन करें। फेल्कॉन के डीपीसी शमशाद



अहमद ने लोगों को जल संरक्षण और पर्यावरण को बचाने हेतु प्रेरित किया। कार्यशाला समापन के उपरांत जागरूकता टीमों को हरी झंडी दिखाकर सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने जागरूकता वाहनों को प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया।सभी लोगों को पर्यावरण सेना प्रमुख ने जल शपथ दिलाई।इस मौके एडीपीसी अरूण मौर्य,आशीष सिंह, मुख्य प्रशिक्षक संतोष दुबे एवं नुक्कड़ नाटक की टीम उपस्थिति रही

## अधिवक्ता परिषद ने वारिष्ठ अधिवक्ताओं को किया सम्मानित



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़ ।** अधिवक्ता परिषद अवध,प्रतापगढ़ इकाई द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं का सम्मान सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भारतीय गुरु शिष्य परम्परा को निभाते हुए अपने वरिष्ठ एवं गुरुजनों को सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता राधेश्याम शुक्ल, राजाराम सरोज,रघुवीर उपाध्याय, गिरजा शंकर को माथे पर टीका लगा कर माल्यार्पण करके अंगवस्त्र भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।स्वागत समारोह मे प्रमुख रूप से संघ के विभाग संघचालक रमेश, जिला कार्यवाह हेमंत कुमार , अधिवक्ता परिषद के जिलाध्यक्ष मनोज सिंह,महामंत्री शिवेश शुक्ल, निर्वतमान जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष आशीष मौर्या,मंत्री कुलवंत शर्मा,रुपनारायण सरोज, विनीत शुक्ल,कोषाध्यक्ष भरत लाल, राहुल सिंह, अजीत शर्मा,अभिषेक शर्मा, इन्द्र कुमार दीपू सिंह,प्रशांत गुप्ता, मृदुल,आशीष, गुलाब,अवनीश आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला उद्योग/व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न

**● बैंकों में ऋण पत्रावलियों को जल्द निस्तारण करायें-जिलाधिकारी**



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला उद्योग/व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी सहित व्यापारी एवं उद्यमी सम्मिलित हुये। बैठक में पीएमईजीपी योजना के अन्तर्गत शुचिता अग्रवाल की ऋण पत्रावली वित्तीय वर्ष 2021-22 के अन्तर्गत रजाई, गद्दा एवं तकिया निर्माण हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा प्रतापगढ़ को रूपये 25 लाख भेजी गयी थी शाखा द्वारा उद्यमी को 03 किस्तों में रूपये 14.25 लाख मद में भुगतान किया परन्तु कार्यशील पूंजी मद की धनराशि रूपये 9.50 लाख का भुगतान नही किया गया जिस पर जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा को 03 बार पत्र प्रेषित किया गया परन्तु उसका कोई जवाब नही दिया गया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी को निर्देशित किया कि बैंक में किस वजह से रूपये 9.50 लाख का भुगतान नही किया गया उसकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाये। इसी प्रकार बैठक में उद्यमियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष अवगत कराया। बैठक में उद्यमी रोशन लाल ऊमरवैश्य ने बताया कि चिलबिला बाजार के सहुवन टोला में वर्षो पुराना एक जलाशय है जिसमें करीब 70 घरों का पानी नालियों के माध्यम से जमा होता है बरसात होने पर जलाशय के भर जाने से लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़ता है जिस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद बेल्हा को निर्देशित किया कि आवश्यक कार्यवाही की जाये।बैठक में बताया गया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना में बैंकों को 10 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 07 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गये है जिसके सापेक्ष 04 आवेदन पर ऋण वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में विभिन्न बैंकों को 73 आवेदन पत्र प्रेषित किये गये है जिनमें से 28 आवेदन स्वीकृत किये गये जिसके सापेक्ष 16 आवेदनों पर ऋण वितरण की कार्यवाही की गयी है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत अभी तक कोई लक्ष्य प्राप्त नही हुआ है लेकिन आवेदन पर कार्यवाही की जा रही है। बैठक में एस0पी0वी0 ऑवला एक्सपोर्ट डेवलपमेन्ट फाउण्डेशन के सम्बन्ध में भी उद्यमियों के साथ चर्चा की गयी एवं सुझाव प्राप्त किये गये। जिलाधिकारी ने बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि बैंकों में पत्रावलियॉ को बेवजह लम्बित न रखें जल्द से जल्द उसका निस्तारण किया जाये और ऋण वितरण की कार्यवाही भी की जाये। डीएम ने निर्देशित किया गया कि एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में लाभार्थियों के ज्यादा से ज्यादा आवेदन पत्र प्राप्त किये जाये जिससे बैंकों द्वारा उन्हें लाभ प्राप्त हो सके। बैठक के उपरान्त 05 उद्यमियों क्रमशः मो0 अनाम, वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार बरनवाल, अनुराग खण्डेलवाल एवं मनीष जायसवाल को जनपद में ओडीओपी स्थापना करने के उद्देश्य हेतु जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया।बैठक में जिलाधिकारी ने आये हुये उद्यमियों की समस्याओं को सुना एवं उनके शिकायती पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को हस्तगत करते हुये निर्देशित किया कि उद्यमियों/व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमियों/व्यापर मण्डल की ओर से मो0 अनाम, रोशन लाल ऊमरवैश्य, अनुराग खण्डेलवाल सहित अन्य उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

## देशी बम के साथ युवक को दबोचा

**प्रतापगढ़।** अभियुक्त कमलेश हरिजन के कब्जे से 03 अदद देशी बम बरामद किये गये, उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर शिवनारायण वैश के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली देहात विनीत उपाध्याय के नेतृत्व में उ0नि0 अनीश कुमार यादव मय हमराह हे0का0 भोला यादव, का0 गजेन्द्र सिंह, कां0 मनीष यादव द्वारा संदिग्ध व्यक्तियोंध् वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 26.07.2024 को 03 अदद देशी बम के साथ 01 अभियुक्त कमलेश हरिजन पुत्र छोटे लाल नि0 भुईदहा थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली देहात के खरहर बार्डर खतनपुर की तरफ जाने वाले रोड़ पर बनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# प्रधान की तहरीर पर महिला के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**● महिला ने प्रधान व दलित युवक को दी थी गाली, मारपीट व जान से मारने की धमकी**

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में प्रधान व दलित युवक के साथ हुई मारपीट गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ है। जबकि एक मुकदमा पहले भी दर्ज हो चुका है। महिला ने भी प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मामला कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बरई गांव का है। विकास खंड कुंडा व कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरई प्रधान प्रधान खुर्शीद अहमद उर्फ भुट्टो हाफिज पुत्र जुबैर अहमद की मोबाइल पर गाली गलौज व धमकी भरा संदेश आया था। जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने कुंडा कोतवाली में बीते 10 जुलाई को की थी। उसी की जानकारी करने के संबंध में अगले दिन 11 जुलाई को कोतवाली गए थे। वहां से वापस घर लौटते समय तहसील परिसर से बाहर निकलते समय विपक्षी भाई, बहन व मां ने गाली गलौज करते हुए तीनों प्रधान के ऊपर हमलावर हो गए। अपने ग्राम प्रधान के साथ हो रही बदसलूकी को देख पलरा बरई गांव निवासी दलित युवक दिलीप कुमार गौतम उन्हें बचाने दौड़ा तो उसे भी जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी भी पिटाई कर दी गई। जिससे तहसील में अफरा तफरी मच गई।

इसी दौरान एसडीम भरत राम की गाड़ी तहसील में प्रवेश हुई। हंगामा कर रही महिलाओं को डांट फटकार कर तहसील परिसर से बाहर भगाया। उल्टे महिला ने प्रधान के खिलाफ दुर्व्यवहार का मुकदमा उच्च अधिकारियों के आदेश पर लिखवा दिया। जबकि कोतवाली पुलिस प्रधान जी का मुकदमा दर्ज करने में हीलाहवाली करने लगी। तहसील दिवस में प्रधान खुर्शीद अहमद ने एसपी डॉक्टर अनिल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर न्याय व जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। घटना की जांच क्षेत्राधिकार अजीत कुमार सिंह को सौंपकर उचित कार्रवाई का आदेश दिया था। जांचोपरांत सीओ के आदेश पर महिला व उसके परिजनों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है। आखिरकार लंबे जद्दो-जेहाद के बाद प्रधान को न्याय मिला।

## वारण्टी अभियुक्ता गिरफ्तार

**दिलीपपुर,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक श्री डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना दिलीपपुर के महिला उ0नि0 सारिका मय हमराह म0का0 वन्दना कुमारी द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0नं0 1190ध्06 अ0सं0 181एध्2005 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्ता जड़वती पत्नी अच्छेलाल नि0 ग्राम वशीरपुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रानीगंज आदित्य सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना रानीगंज मे पंजीकृत मु0अ0सं0 136,2024 धारा 147, 149, 323, 504, 506, 302 भादवि से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त अल्ताफ पुत्र गुलहसन उम्र 25 वर्ष नि0ग्राम परसरामपुर थाना रानीगंज, प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र रानीगंज के जामताली मोड़ के आगे रेलवे फाटक पचरास के पास मेढ़ौली मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया ।अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 राजनारायण यादव मय हमराह का0 योगेन्द्र सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र,तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मु0नं0 1160,04 अ0सं0 136,90 धारा 147, 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त 01. राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा पुत्र रामनिरंजन मिश्रा नि0 आमापुर बेर्रा(मधवापुर) थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके गांव के पास से गिरफ्तार किया

## शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

**दिलीपपुर-प्रतापगढ।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत पूर्वी पड़ान बस्ती निवासी रामानन्द पाण्डेय के मकान में बीती रात आग लग गई। इससे कमरे में रखा बेड, बिस्तर, खाद्य सामग्री, कपड़े , इलेक्ट्रॉनिक सामान आदि जलकर खाक हो गया। पड़ोसियों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# अधिवक्ताओं ने कारगिल विजय दिवस धूमधाम संग मनाया



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़** कारगिल युद्ध के 25वीं वर्षगांठ पर रजत जयंती के अवसर पर जनपद की आईटीआई परिसर में स्थित कारगिल विजय पार्क में कारगिल विजय दिवस धूमधाम से जिला कचेहरी के अधिवक्ताओं ने मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित शुक्ल जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन ने किया। यह विजय दिवस विगत 25 वर्षो से लगातार मनाया जा रहा है। वर्ष 1999 ई0 में जब पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सीमा में घुसने का प्रयास किया तो भारतीय फौज ने विपरीत परिस्थितियों में भी उनसे डटकर मुकाबला किया और दिनांक 26 जुलाई 1999 को दुश्मनों को खदेड़कर कारगिल की सबसे ऊंची चोटी पर तिरंगा लहराया।इस युद्ध में भारतीय सेना के 117 सैनिक शहीद हुए, जिसमें प्रतापगढ़ जनपद के पीथीपुर के रण बांकुरे लांस नायक स्वर्गीय विजय शुक्ल भी शहीद हुए। उन्हीं की याद में विगत 25 वर्षो से लगातार शहीद उद्यान प्रतापगढ़ में शहीद दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। स्वर्गीय विजय शुक्ल अपने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दिए जो कि युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। प्रतापगढ़ की धरती ऐसे वीर सपूत को पाकर गर्व महसूस करती है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय विजय शुक्ला की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। भारत माता की जय, अमर बलिदानी स्वर्गीय शुक्ल के नारों से पूरा शाहिद उद्यान गूंजायमान रहा। इसी कड़ी में प्रेम प्रकाश शुक्ल कवि/अधिवक्ता ने स्वरचित कविता के माध्यम से वीर सपूत के जीवन एवं सौर्य गाथा पर भाव व्यक्त किया। रोहित शुक्ल अध्यक्ष जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आज ऐसे ही जवानों की वजह से हमारा देश और हम सब सुरक्षित हैं।समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय शुक्ल का बलिदान युवाओं के लिए प्रेरणा श्रोत है। जयप्रकाश मिश्रा जेपी पूर्व महामंत्री जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन ने बताया कि अमर शहीद विजय शुक्ल को बलिदान दिवस के रूप में यह कार्यक्रम विगत 25 वर्षो से शहीद उद्यान प्रतापगढ़ में धूमधाम से मनाया जाता रहा है। जिसमें अधिवक्तागण,पत्रकारगण, समाजसेवी तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में उपस्थित रहते हैं।मुक्कू ओझा एडवोकेट प्रतिनिधि एमएलसी गोपाल जी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमर शहीद विजय शुक्ला को नमन किया और उनके अमर गाथा पर प्रकाश डाला। इसी तरह अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमें विजयकांत मिश्रा एडवोकेट, विवेक त्रिपाठी पूर्व प्रमुख शिवगढ़, संतोष सिंह, विनय सिंह, अंजनी बाबा, संतोष नारायण मिश्र पूर्व महामंत्री, शिव प्रकाश मिश्रा पूर्व उपाध्यक्ष, परमानंद मिश्र, विनोद उपाध्याय, प्रशांत सिंह, बंटी, अभिषेक कुमार मिश्रा, अतुल सिंह, प्रदीप शुक्ला, प्रीतम शुक्ला, भूपेंद्र सिंह, सत्येंद्र मिश्रा, राम मूर्ति प्रजापति, गौतम कुमार सिंह, अनिल पांडे, अतेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

## दहेज के लिए मारपीट कर महिला को घर से निकाला

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंसा (प्रतापगढ़)।** थाना फतनपुर अंतर्गत गांव सुरवा मिश्रपुर की निवासिनी हसीना बेगम पुत्री अख्तर अली ने आरोप लगाया है कि मेरे पति एवं घर के सभी लोग दहेज के लिए मुझे मारपीट करके जबरदस्ती मेरे मायके में छोड़कर चले गए। शादी के हुए 3 वर्ष अभी नहीं हुए हैं कि दहेज के लिए शादी के बाद से ही प्रताड़ित एवं मारते पीटते रहते हैं। उक्त व्यक्ति का कहना है कि तुम्हारे मां बाप ने जंजीर और अंगूठी नहीं दी। जबकि हैसियत के हिसाब से मेरे मां-बाप ने दहेज दिया है। मेरे एक पुत्र डेढ़ वर्ष का तथा एक पुत्री 22 दिन की पैदा हुई है। मेरे पुत्र को ससुराल जान वाले अपने पास रख करके पुत्री सहित मुझे जबरदस्ती मायके छोड़ गए।उक्त लोगो का कहना है कि यदि ससुराल आओगी तो जान से मार डालूंगा ।थाना फतनपुर में तहरीर देकर विधिक कार्यवाई की मांग की है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## सौराई गांव में बनेगा शिव मंदिर, बढ़ेगा रोजगार - नितिन



**प्रतापगढ़।** मुंबई से 14 साल बाद अपने पैतृक गांव पट्टी तहसील के सौराई गांव पहुंचे उद्योगपति नितिन तिवारी का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। आरव ग्रुप के चेयरमैन नितिन तिवारी 14 साल पहले मुंबई गए जहां उन्होंने बिजनेस की शुरुआत की। धीरे धीरे उनका व्यापार बढ़ने लगा तो उन्होंने इसे मुंबई दिल्ली के साथ विदेशों में व्यापार को बढ़ाया। भगवान भोलेनाथ के भक्त नितिन तिवारी गांव में अपने रिश्तेदारों व दोस्तों के साथ पुरानी यादें साझा की। नितिन तिवारी ने बताया कि उनका कारोबार देश विदेश में फैला है लेकिन गांव की याद सताती रहती थी। गांव की खुशबू उन्हें अपने गांव खींचकर लेकर आई है। गांव की हालत देख उन्होंने कहा कि सबसे पहले गांव में एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा। मंदिर बनने से गांव में लोगो के लिए व्यापार बढ़ेगा। श्री तिवारी ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, व सड़क के साथ गांव में रोजगार बढ़ाने का प्रयास होगा। उद्योगपति ने कहा कि गांव, समाज व जरूरतमंदों के लिए हर संभव मदद का प्रयास करता रहूंगा। पूर्व विधायक संतोष पांडेय ने कहा कि इनके आने से गांव की तरक्की होगी। सौराइ गांव में मंदिर के निर्माण से गांव की ताकत बढ़ेगी,खुशियाली बढ़ेगी।आसपुर देवसरा के सैफाबाद सौराई गांव के रहने वाले है बिजनेसमैन नितिन तिवारी ने उनसे मिलने आए सभी लोगों का आभार जताया। इस अवसर पर मोतीलाल तिवारी, शेषनारायण तिवारी, राजाराम तिवारी, हरिकांत तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, अतुल तिवारी, अतुल शुक्ला, विमलेश मिश्रा मौजूद रहे।

## लोकपाल मनरेगा ने लक्ष्मनपुर ब्लाक व लालगंज के कोटवा शुकुलपुर का किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ–** लोकपाल मनरेगा समाज शेखर प्राण ने लक्ष्मनपुर ब्लाक पहुँचकर मनरेगा सेल का निरीक्षण किया। साथ ही मनरेगा कर्मियों और ब्लाक के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक करके मनरेगा शिकायत निवारण पर गंभीर चर्चा हुई। वहीं लालगंज ब्लाक के कोटवा शुकुलपुर में स्थलीय भ्रमण करके लोकपाल ने फार्म पांड का स्थलीय निरीक्षण प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम वासियों की उपस्थित में किया गया। कोटवा शुकुलपुर के फार्म पांड का स्थलीय निरीक्षण में तालाब में मानक के अनुसार कार्य न करने को गंभीरता लेते हुए पंचायत सहायक व सचिव को 1 सप्ताह के भीतर नियमानुसार दुरुस्त कर सूचित करने का निर्देश दिया। ग्राम प्रधान और मजदूरों के साथ ग्राम में मनरेगा योजना को सुव्यवस्थित संचालन पर चर्चा हुई। लोकपाल समाज शेखर ने कहा की किसी भी दशा मे फर्जी मजदूर मनरेगा योजना मे न लगाए जाए । ग्राम के मजदूरों का भौतिक सत्यापन शीघ् संपादित होगा। उन्होंने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए ग्राम के संसाधनों के विकास मे अपनी भूमिका निभाने की अपेक्षा व्यक्त की।

## स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू हो गई हैं। छात्र-छात्राएं अपने-अपने विषय की कक्षाओं में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। कक्षाओं में 75त्न से कम उपस्थिति पर विद्यार्थी विश्वविद्यालयीय परीक्षा से वंचित किये जा सकते हैं।महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि कक्षाओं के संचालन के साथ ही प्रवेश कार्य भी चलता रहेगा। परास्नातक कक्षाओं एम काम,एमएससी गणित एवं रसायन विज्ञान, एम ए भूगोल, प्राचीन इतिहास, हिंदी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र में भी प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र द्वारा विषयगत समितियां गठित की गई हैं। समितियों द्वारा अपने -अपने विषयों में काउंसलिंग एवं प्रवेश-कार्य किया जा रहा है।

बीकॉम प्रथम सेमेस्टर एवं एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश जोगापुर परिसर में हो रहा है।

## क्षेत्र में जनसामान्य को सदैव बराबर समय देना पहली प्राथमिकता -राजा भइया



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** जनता की समस्याओं का बीते कई दिनों से राजा भइया त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। बता दें कि शुक्रवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने प्रदेश के कोने-कोने से हजारों की संख्या में जनता दरबार राज भवन बेंती में आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण किया । जन समस्याओं को निस्तारण करने के दौरान राजा भइया ने कहा कि क्षेत्र में जन सामान्य को सदैव बराबर समय देना और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना ही हमेशा मेरी पहली प्राथमिकता रहती है।

ज्यादा दिन अपने क्षेत्र की जनता से दूर रहने पर मन व्याकुल हो जाता है। इसलिए पूरा प्रयास रहता है कि अपनों के बीच अधिक से अधिक समय व्यतीत किया जाए। इस दौरान जनसत्ता दल के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली, कुंडा प्रमुख संतोष सिंह पूर्व बाबागंज प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, प्रमुख विहार राम चंद्र सरोज, आशीष तिवारी खरैला, नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

## बस की टक्कर से बाइक हुई क्षतिग्रस्त बाल बाल बचे बाइक सवार



लोकमित्र ब्यूरो

**कटरा मेदनीगंज–** प्रयागराज अयोध्या हाईवे पर बाईपास निर्माण के दौरान वन वे मार्ग होने के कारण आए दिन आपस लोग का एक्सीडेंट होता रहता है एवं गाड़ियां टकराकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं ।प्रयागराज की तरफ से आ रही शव वाहन की बस ने तेलियरगंज बाजार के एसबीआई टाइनी शाखा के सामने यू टर्न से निकले मोनू उम्र 32 वर्ष राजकुमार उम्र 28 वर्ष निवासी भगवा चुंगी को प्रयागराज की तरफ से आ रही बस ने ठोकर मार दी जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों को हल्की-फुल्की खरोचे आई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होते-होते टल गया ।

## पत्नी से नाराज पति ने आत्महत्या के लिए हाथ की नस काटी, हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** पति-पत्नी के विवाद में गुस्साए पति ने आत्महत्या करने के लिए धारदार ब्लेड से अपने हाथ की नस काट लिया। रक्तस्राव होने पर हड़कंप मच गया। इलाज के लिए उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां से प्रयागराज रेफर किया गया है।हथिगवां थाना क्षेत्र के सुनारी गांव निवासी नीरज पटेल 30 वर्ष पुत्र तीर्थ लाल पटेल का सात वर्ष पूर्व सीमा देवी से विवाह हुआ था। दोनों के दाम्पत्य जीवन में एक बेटी जाह्नवी 6 वर्ष, बेटा राज 4 वर्ष, तथा प्रिंस 3 वर्ष पैदा हुए हैं। इधर कुछ दिनों से दोनों के बीच आपसी मनमुटाव हो गया, जिससे दोनों के बीच आए दिन बाद विवाद होने लगा। गुरुवार को देर शाम शराब के नशे की हालत में एक बार फिर घर पहुंचने पर वाद-विवाद व झड़प होने लगी। जिससे गुस्साए पति ने आत्महत्या करने के लिए घर में रखी धारदार ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली। जिससे तेजी से रक्त स्राव शुरू हो गया। रक्तस्राव देख परिजनों में हड़कंप मच गया, तथा लोग रोने चिल्लाने लगे। जिससे कोहराम मच गया। भाई धीरज पटेल व कुलदीप पटेल ने गंभीर रुप से घायल बड़े भाई नीरज पटेल को इलाज कराने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए स्वरुप रानी नेहरु चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया। जहां पर बेहतर इलाज के बाद घायल युवक के स्वास्थ में सुधार हो रहा है।

## अलग अलग दुर्घटनाओं में चार घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार बाइक सवार घायल हो गए। हथिगवां थाना क्षेत्र के खिदिरपुर निवासी रामबाबू यादव 48 बहुत द्वारका प्रसाद यादव, कुंडा कोतवाली क्षेत्र के तिलौरी अमरही निवासी शालिक राम पटेल 55 वर्ष पुत्र रामचंद्र पटेल, कुंडा कोतवाली क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी खलील उद्दीन 38 पुत्र हसमत उल्ला तथा महेशगंज थाना क्षेत्र के अंजनी ऐंधा गांव निवासिनी शिवानी 18 वर्ष पुत्री राजेंद्र प्रसाद यादव सभी लोग अलग-अलग बाइक से जाते समय सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के बाद स्वास्थ में सुधार हो रहा है।

## विद्यालय का पंखा गिरने से शिक्षामित्र जख्मी

**प्रतापगढ़ ।** नगर कोतवाली अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बराछा रंजीतपुर चिलबिला में आज कार्यरत श्री मती कुसुम पाण्डेय शिक्षमित्र सुबह लगभग 10: 30 बजे के करीब पढ़ा रही थी । उसी समय कक्ष में लगा सीलिगं फैन शिक्षिका के सिर पर आ गिरा। इससे उसके बायें कान में गंभीर चोट आ गयी। जब अन्य शिक्षिकाओं कों मामले की जानकारी हुई तब वह आवाक रह गयी। उसी समय आनन - फानन में पीड़िता कों पास के निजी अस्पताल ले जाया गया । जहां पर उन्हे मरहम पट्टी व कान में टांका लगाया गया। विद्यालय प्रशासन को घोर लापवाही के कारण शिक्षिका की जान जाते - जाते बच गयी।

# एसपी ने 41 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार ने शुक्रवार को 41 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में तत्काल पहुंचकर ज्वाइनिंग करें।तबादलों में रमाकान्त तिवारी, पुलिस लाइन से थाना नवाबगंज, उप निरीक्षक घनश्याम यादव थाना सांगीपुर से थाना उदयपुर, उप निरीक्षक अजय कुमार अंचल, थाना सांगीपुर से थाना आसपुर देवसरा, उप निरीक्षक रामजी यादव न्यायालय सुरक्षा से पुलिस लाइन भेजा है।

वहीं, उप निरीक्षक सुमेर राम पुलिस लाइन से थाना पट्टी, उप निरीक्षक सचिन कुमार पुलिस लाइन से थाना सांगीपुर, उप निरीक्षक प्रदीप कुमार पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक प्रभात कुमार पुलिस लाइन से थाना मान्धाता, राजेश कुमार पुलिस लाइन से थाना पट्टी, उप निरीक्षक राजेश कुमार पुलिस लाइन से थाना कंधई, उप निरीक्षक तेज बहादुर गौतम पुलिस लाइन से थाना थाना कोतवाली नगर, उप निरीक्षक राजेश यादव पुलिस लाइन से थाना कोतवाली नगर। उप निरीक्षक मिथलेश राय पुलिस लाइन से थाना पट्टी, उप निरीक्षक मनीष कुमार मिश्रा, पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक धर्मेन्द्र कुमार पुलिस लाइन से थाना महिला थाना भेजा है।इसी तरह उप निरीक्षक रविन्द्र नारायण, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना कंधई, उप निरीक्षक ओंकार सिंह यादव पुलिस लाइन से थाना पट्टी ,उप निरीक्षक श्याम बाबे अग्निहोत्री, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना मान्धाता, उप निरीक्षक जय किशन राम, पुलिस लाइन, प्रतापगढ़ से थाना सांगीपुर उप निरीक्षक अनूप कुमार पुलिस लाइन से थाना थाना आसपुर देवसरा, उप निरीक्षक अशोक कुमार, पुलिस लाइन से थाना लालगंज, उप निरीक्षक इदरीश खान पुलिस लाइन से थाना लीलापुर उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शुक्ला, पुलिस लाइन से थाना लीलापुर, उप निरीक्षक मतगंजन मिश्रा पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक लाल भइया सिंह पुलिस लाइन से थाना सांगीपुर, उप निरीक्षक राम शंकर पाण्डेय पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक नियाज अहमद खान पुलिस लाइन से थाना अंतू,

उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह पुलिस लाइन से थाना कुण्डा, उप निरीक्षक हरीश कुमार यादव पुलिस लाइन से थाना सांगीपुर।वहीं, उप निरीक्षक मो0 युनुस पुलिस लाइन से थाना कुण्डा, उप निरीक्षकअजय कुमार सिंह पुलिस लाइन से थाना सांगीपुर, उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह पुलिस लाइन से थाना मानिकपुर, उप निरीक्षक रामसूरत यादव पुलिस लाइन से थाना कंधई, उप निरीक्षक पारसनाथ पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक बुद्धन राम पुलिस लाइन से थाना महिला थाना, उप निरीक्षक गुलाम मोहिउद्दीन, पुलिस लाइन से थाना महिला थाना, उप निरीक्षक मनोकेशरवानी पुलिस लाइन से थाना अंतू, उप निरीक्षक प्रीति देवी पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना सांगीपुर, उप निरीक्षक सिया शरण नायक पुलिस लाइन से थाना अंतू , उप निरीक्षक कृष्ण मुरारी तिवारी पुलिस लाइन से थाना कंधई ,उप निरीक्षक चित्तर सिंह पुलिस लाइन से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना महेशगंज में तैनात किया गया है।

## उपभोक्ता सेवा अभियान के तहत विद्युत विभाग व विजलेंस टीम का छापा



● 138 बी व 135 के तहत विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज,मचा हड़कंप

● पांच उपभोक्ताओं का बढ़ाया गया भार

लोकमित्र ब्यूरो

**बेलखरनाथ धाम (प्रतापगढ़)।** विद्युत उपभोक्ता सेवा अभियान के तहत गांवों में विजिलेंस व बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को पट्टी टाउन व शेषपुर अठगवा,रसुलहा में पांच कनेक्शनधारियों के भार बढ़ाए गए तथा दो के खिलाफ 138 बी व एक के विरुद्ध 135 विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया। इस दौरान गांव में हड़कंप मचा रहा। पट्टी व उडैयाडीह विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता जयराज राजपूत ने विजलेंस टीम के साथ पट्टी नगर, शेषपुर अठगवा व रसुलहा गांव में विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें दो पांच उपभोक्ताओं का भार व दो के खिलाफ 138 बी तथा एक के विरुद्ध 135 विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया।अवर अभियंता जयराज राजपूत ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने ने उपभोक्ताओं से अपील किया कि समय से बिलों का भुगतान करें। विद्युत विभाग के कारवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच रहा। चेकिंग के दौरान अवर अभियंता जयराज राजपूत, विजलेंस जेई मनोज कुमार पटेल विद्युत कर्मी,गोविंद पाल, विजय सिंह, म विमलेश प्रजापति,मुन्ना पाल, लवकुश सहित कई लोग मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य कर्मचारियों ने काला फीता बाँध कर दर्ज कराया विरोध

▶▶ 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर रहे हैं आंदोलन

▶▶ 7 जुलाई को एमडी कार्यालय लखनऊ का करेंगे घेराव

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर अपनी जायज 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिसमें जनपद के सभी ब्लॉक में कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया एनएचएम संघ अपनी जायज माँग जिसमें म्यूचुअल एवं रिक्त पदों पर गैर जनपद स्थानान्तरण हेतु अनुमोदन एवं संविदा कर्मचारियों हेतु भी प्रत्येक वर्ष स्वयं के अनुरोध पर स्थानान्तरण नीति को लागू किया जाये।,

अतिरिक्त 3: प्राप्त बजट से वेतन विसंगति का निस्तारण कर वेतन वृद्धि किया जाये , संविदा कर्मचारियों हेतु म्च्थ् ग्रेड पे व व। का निर्धारण, नियमित पदो के सापेक्ष होने वाली भर्ती प्रक्रिया में संविदा कर्मचारियों को भारांक ध् वरीयता दिया जाये, ब्भ्व् का पी0बी0आई0 उनके मानदेय में जोड़ा जाये (बिहार राज्य के अनुसार) ,छभ्डध्छभ्ज्म्च् में 7 व 10 वर्ष से अधिक की सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को लॉयल्टी बोनस दिया जाये ,आर0सी0एच0 (एम.सी.टी.एस.) कम्प्यूटर आपॅरेटर का जिला स्वास्थ्य समिति में समायोजन,जिला व ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्यरत प्रबंधकों ध् स्टॉफ की वेतन विसंगति का निस्तारण,कोविड-19 कर्मचारियों का एनएचएम के अन्य कार्यक्रम में समायोजन, सेवा समाप्त नर्स मेण्टर का रिक्त च्भ्छ ट्यूटर के पद पर समायोजन किया जाये।

को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार किये है जिसमें 26 एवं 27 जुलाई को काला फीता बांधकर विरोध दर्ज कराया जाएगा

29 एवं 30 जुलाई को 1 घंटे अधिक कार्यकर विरोध दर्ज कराया जाएगा 31 जुलाई से 2 जुलाई के बीच माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से सौपे जाएंगे 3 से 5 जुलाई के बीच एनएचएम कर्मचारियों द्वारा पोर्टल पर समस्त ऑनलाइन कार्य बंद कर दिये जायेंगे एवं 7 जुलाई को मिशन निदेशक कार्यालय लखनऊ का घेराव करेंगे इसी क्रम मे आंदोलन के प्रथम चरण मे आज जनपद में समस्त एनएचएम कर्मचारियों ने काला फीता बाँध कर विरोध दर्ज कराया

इस मौके पर सीएम शुक्ल ने वर्चुअल समस्त कर्मचारियो को संबोधित करते हुए कहां अपनी जायज मांगों एवं हक की लड़ाई स्वयं को लड़नी पड़ती है आंदोलन के रूपरेखा तैयार हो चुकी है और सभी लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा ले एवं इस आंदोलन को सफल बनाएं इस मौके पर प्रांतीय संयुक्त सचिव शिशिर श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष ब्रजेश बहादुर सिंह, महामंत्री शिवशंकर मौर्य, सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्प के डसने से युवती की हालत बिगड़ी

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के उतरार गांव निवासिनी पुष्पा मौर्या 32 वर्ष पत्नी राजेंद्र बहादुर मौर्य को घर के अंदर सर्प ने काट लिया। जानकारी पर परिजन तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र ले गए। जहां इलाज के बाद स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा के चयन हेतु विज्ञापन

**प्रेस विज्ञप्ति**

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा (Urban Accredited Social Health Activist) के चयन हेतु नगर पालिका परिषद भरवारी के निम्नलिखित वार्ड/मुहल्लों में स्थायी निवास करने वाली महिलाओं से आवेदन विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 06 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रारूप क्षेत्र की ए0एन0एम0 व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर भरवारी कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर तथा निवास प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति को संलग्न करते हुये दिनांक 06 अगस्त 2024 सायं 5 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर सईगंज भरवारी कौशाम्बी में पंजीकृत डाक से या स्वयं प्रापत कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए श्री संदीप सिंह (फार्मासिस्ट) 8738004091 दूरभाष नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | मोहल्ले का नाम | शहरी आशा की संख्या | आशा हेतु निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | गॉधीनगर | 2 | (1) आशा को सम्बन्धित वार्ड की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।<br>(2) उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच हो।<br>(3) न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण हो तथा इण्टर, उच्च शिक्षित होने पर अतिरिक्त अंक निर्धारित है।<br>(हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी न मिलने की दशा में 8वीं उत्तीर्ण का चयन कर लिया जाएगा) |
| 2 | मौलाना आजाद नगर | 1 | |
| 3 | नया नगर | 1 | |
| 4 | नेता नगर | 1 | |
| 5 | किदवई नगर | 1 | |
| 6 | रामनगर | 1 | |
| 7 | धनवंतरी नगर | 2 | |
| 8 | मेहता नगर | 1 | |
| 9 | शाहगंज | 1 | |
| 10 | गौरा | 1 | |
| 11 | इंदिरा नगर | 1 | |
| 12 | नेहरू नगर | 1 | |

नोट : अपूर्ण/गलत फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति के बिना व दिनांक 06 अगस्त 2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
दिनांक 12 अगस्त 2024 को साक्षात्कार हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चस्पा कर दी जाएगी।

**डा0 सरीख कुमार प्रियदर्शी**
**प्रभारी चिकित्साधिकारी**
**आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,**
**श्यामा प्रसाद मुखर्जी नगर सईगंज भरवारी कौशाम्बी**


# ग्रामोदय विश्वविद्यालय में हुई प्रार्थना सभा का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बीकॉम और बीएससी समूह के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने विवेकानंद सभागार में मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व पाठ्यक्रम में शामिल प्रार्थना सभा आयोजित की। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि प्रार्थना सभा के माध्यम में युवाओं में सामूहिकता का भाव उत्पन्न होता है और संस्कृति एवं संस्कारों से परिचित होते हैं। मूल्य और सामाजिक उत्तरदायित्व का व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि प्रार्थना सभा की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियो की विशिष्ट प्रतिभाओं को पहचानने में मदद मिलती है। प्रार्थना सभा कार्यक्रम का प्रारंभ विद्या दायिनी मां सरस्वती का पूजन और स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा और अधिष्ठाताओ ने किया। बीकॉम और बीएससी समूह के छात्र छात्राओं ने ओम का उच्चारण, सरस्वती वंदना एवं कुलगीत प्रस्तुत किया। अंजली द्विवेदी ने श्रीमद भगवद्गीता के प्रेरक विचार व्यक्त किया। वैभव श्रीवास्तव, अंजली द्विवेदी, काजल साहू, इशू भारती सिंह आदि ने सावन गीत कजरी समूह गान किया। उपकुलसचिव अकादमी डॉ साधना चौरसिया ने मासिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। वैभव श्रीवास्तव ने एकल गीत प्रस्तुत किया। डॉ आर के पांडेय समन्वयक प्रार्थना सभा ने आवश्यक सूचनाएं प्रस्तुत किया। रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम के सामूहिक भजन के साथ प्रार्थना सभा का समापन हुआ।

**प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित**

**सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी**


## कार्यालय ग्राम पंचायत दहिनी विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024-25 दिनांक 26.07.2024

**निविदा सूचना**

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत दहिनी द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यों पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 31.07.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 27.07.2024 से 31.07.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रक्कलन की धनराशि (लाख में) | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत दहिनी में बबली यादव के दरवाजे से मुन्ना के दरवाजे तक मौरमीकरण | 1,61353 | 3227 | 500 |

निविदा शर्तेः-
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

**प्रधान,**
**ग्राम पंचायत दहिनी**
**विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत दहिनी**
**विकास खण्ड कर्वी चित्रकूट**



## पं0 श्रीश्याम बिन्दाप्रसाद संस्कृत महाविद्यालय

**मोहीउद्दीनपुर कोराव सरायं अकिल कौशाम्बी (उ0प्र0) 212216**

**आवश्यकता है**

संस्कृत संर्वधन योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत वि0वि0 नई दिल्ली के पत्र में वर्णित शर्तों के क्रम में 20000.00 रूपये प्रति माह मानदेय में 01 पद संस्कृत विषय के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अन्तिम तिथि 14.08.2024 होगी। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

पद- 01 पद संस्कृत अध्यापक (मानदेय)।

शैक्षिक योग्यता-सम्बन्धित विषय में परास्नातक अथवा आचार्य द्वितीय श्रेणी तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में वर्णित परिनियमानुसार परम्परागत उपाधि को वरीयता।

चयन प्रक्रिया- साक्षात्कार के माध्यम से होगी जिसकी सूचना अभ्यर्थियो को अलग से डाक द्वारा व दूरभाष के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

आवेदन शुल्क- 500 रूपये का बैंक ड्राफ्ट प्रबंधक पं0 श्रीश्याम बिन्दाप्रसाद संस्कृत महाविद्यालय मोहीउद्दीनपुर कोरांव कौशाम्बी के पक्ष में देय होगा।

नोट- अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति सादे कागज पर आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक से 14.08.2024 तक प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**प्रबन्धक**
**पं0 श्रीश्याम बिन्दाप्रसाद संस्कृत महाविद्यालय**
**मोहीउद्दीनपुर कोरांव कौशाम्बी**
**उ0प्र0 212216**



## देवमाया द्वारिका प्रसाद ब्रम्हचारी संस्कृत विद्यालय

**बजहा खुर्रमपुर रक्सवारा, कौशाम्बी (उ0प्र0) 212206**

**आवश्यकता है**

संस्कृत संर्वधन योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत वि0वि0 नई दिल्ली के पत्र में वर्णित शर्तों के क्रम में 20000.00 रूपये प्रति माह मानदेय में 01 पद संस्कृत विषय के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अन्तिम तिथि 14.08.2024 होगी। अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए।

पद- 01 पद संस्कृत अध्यापक (मानदेय)।

शैक्षिक योग्यता-अभ्यर्थी को सम्बन्धित विषय में शास्त्री व स्नातक द्वितीय श्रेणी एवं बी0एड0 उत्तीर्ण होना चाहिए तथा उ0प्र0 मा0 संस्कृत शिक्षा परिषद लखनऊ की विनियमावली 2009 में वर्णित परिशिष्ट क के अनुसार।

चयन प्रक्रिया- साक्षात्कार के माध्यम से होगी जिसकी सूचना अभ्यर्थियो को अलग से डाक द्वारा व दूरभाष के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

आवेदन शुल्क- 500 रूपये का बैंक ड्राफ्ट प्रबंधक देवमाया द्वारिका प्रसाद ब्रम्हचारी संस्कृत विद्यालय बजहा खुर्रमपुर रक्सवारा कौशाम्बी के पक्ष में देय होगा।

नोट- अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र प्रमाण पत्र की छायाप्रति सादे कागज पर आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक से 14.08.2024 तक प्रेषित करें। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नही किया जायेगा।

**प्रबन्धक**
**देवमाया द्वारिका प्रसाद ब्रम्हचारी संस्कृत विद्यालय बजहा खुर्रमपुर रक्सवारा**
**कौशाम्बी उ0प्र0 (212206)**



## कार्यालय नगर पंचायत, सरांय अकिल, जिला कौशाम्बी

पत्रांक : 603/न0पं0स0अ0कौ0/2024-25 दिनांक 26.07.2024

विषय खारिज/दाखिल/नामान्तरण /नाम परिवर्तन के प्रकाशन के सम्बन्ध मे।

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सीमा के अन्तर्गत विभिन्न व्यक्त्यिों ने अपनी भूमि/भवन विक्रय कर दिया है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है। अतः उन लोगों की भूमि/भवन का खारिज/दाखिल/मृतक का नाम परिवर्तन किया जायेगा। जिन व्यक्त्यिों को अपनी अपत्ति दाखिल करनी हो तो विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से एक माह के अन्दर कार्यालय में उपस्थित हो कर आपत्ति दाखिल कर सकते है।

नोटः समय व्यतीत होने पर कोई सुनवाई नहीं की जायेगी। जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 | खसरान0/अ0सं0 | मुहल्ला | वार्ड नम्बर | नाम विक्रेता/मृतक | नाम क्रेता/वारिस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 355 | फकीराबाद | 2 | नूर समा उर्फ नूर शमा बानों पत्नी फारुक अहमद | प्रीती जायसवाल पत्नी प्रवीण कुमार जायसवाल |
| 2 | 332 | फकीराबाद | 2 | श्याम किशोर व बृजकिशोर व राज किशोर पुत्रगण राम बहोरी | कुसुम जायसवाल पत्नी नूतन चन्द्र जायसवाल |
| 3 | 175 | फकीराबाद | 6 | मंजू रस्तोगी पत्नी हनुमान रस्तोगी | अमित कुमार देववंशी अशोक कुमार देववंशी |
| 4 | 251 | भगौतीगंज | 3 | मलखान सिंह पुत्र राम हित सिंह | डा0 नूतन चन्द जायसवाल पुत्र राम कृपाल |
| 5 | 51 | भगौतीगंज | 3 | उमेश चन्द्र शर्मा व सुरेश चन्द्र शर्मा पुगण कृष्ण प्रसाद व कौशल्या देवी पत्नी कृष्ण प्रसाद शर्मा | उमेश चन्द्र शर्मा पुत्र कष्ण प्रसाद शर्मा |
| 6 | 87/88 | कटरा | 5 | रामानन्द रस्तोगी व मुकेश कुमार पुत्रगण कैलाश चन्द्र | मानिक चन्द्र केशरवानी पुत्र राम निहोरे |
| 7 | 131 | बुद्धिपुरी | 7 | मोती लाल यादव पुत्र लल्लू प्रसाद यादव | माया देवी पत्नी छवि राम यादव |
| 8 | 9 | फकीराबाद | 8 | राघव प्रसाद मिश्र पुत्र देव नरायन मिश्र | आशा राम मिश्र पुत्र राघव प्रसाद व मिथलेश देवी पत्नी स्व0 हरेराम मिश्र व आशुतोष मिश्र व आलोक मिश्र व प्रशान्त मिश्र पुत्र गण स्व0 हरे राम मिश्र |
| 9 | 224 | बुद्धिपुरी | 10 | राम रती देवी विधवा छितानी लाल | रोशन लाल वर्मा पुत्र कमता प्रसाद वर्मा उर्फ छितानी लाल |
| 10 | 213 | बुद्धिपुरी | 10 | शौकत अली पुत्र सईद हुसैन | समीरुन निशा पत्नी शौकत अली |
| 11 | 106 | कटरा | 11 | कृष्णा देवी पत्नी घनश्याम पटवा | राजेश कुमार देववंशी पुत्र घंनश्याम पटवा |
| 12 | 248 | कटरा | 11 | हीरा लाल पुत्र अयोध्या प्रसाद | विपिन कुमार जायसवाल पुत्र हीरा लाल |
| 13 | 371 | कटरा | 5 | परवीन फातमा पत्नी इश्तियाक अहमद | अदनान अहमद पुत्र इश्तियाक अहमद |
| 14 | 143 | बुद्धिपुरी | 7 | महा देव प्रसाद पुत्र सहादेव प्रसाद | अमरनाथ पुत्र स्व0 महादेव प्रसाद |
| 15 | 64 | कटरा | 5 | गोरे लाल पुत्र गिरधारी लाल | राधे मोहन सिंह पुत्र राम सुन्दर सिंह |
| 16 | 387 | भगौतीगंज | 3 | सरोजनी पत्नी राम लखन पाण्डेय | अशीस कुमार पुत्र महन्त लाल |
| 17 | 186 | फकीराबाद | 6 | पंकज कुमार रस्तोगी पुत्र रमेश चन्द्र | सरोज देवी पत्नी जगत नारायण |
| 18 | 186 | फकीराबाद | 6 | पंकज कुमार रस्तोगी पुत्र रमेश चन्द्र | अनीता देवी पत्नी अशोक कुमार पाठक |
| 19 | 124 | फकीराबाद | 2 | मो0 शरीफ पुत्र लाल मोहम्मद | मो0 सलीम पुत्र मो0 शरीफ |
| 20 | 175 | फकीराबाद | 6 | महेश प्रसाद रस्तोगी पुत्र अनन्त प्रसाद रस्तागी | सविता राय पत्नी सुबोध राय |
| 21 | 175 | फकीराबाद | 6 | रेहान अहमद पुत्र मुश्ताक अहमद | जुगल राय पुत्र सुबोध राय |
| 22 | 641 | मोलवीगंज | 4 | मो0 इरफन पुत्र स्व0 फिदा हुसैन | सुशमा सोनवाल पत्नी राजेन्द्र कुमार सोनवाल |
| 23 | 347 | भगौतीगंज | 3 | मिश्री लाल पुत्र चन्दी लाल | सन्तोष कुमार जैन पुत्र मिश्री लाल जैन |
| 24 | 59/200 | फकीराबाद | 6/8 | इकबाल अहमद पुत्र अब्दुल खालिक | अफजाल, सरफराज, एजाज, मेराज, मो0 अरसद, पुत्रगण स्व इकबाल अ0 |
| 25 | 186 | फकीराबाद | 6 | पंकज कुमार रस्तोगी पुत्र रमेश चन्द्र | मीरा देवी पत्नी अजय बाबू |
| 26 | 116 | कटरा | 11 | हीरामणि देवी पत्नी अशोक कुमार | अखिलेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्र अशोक कुमार जायसवाल |
| 27 | 122 | कटरा | 5 | अशोक कुमार जायसवाल पुत्र मंगल दास | अखिलेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्र अशोक कुमार जायसवाल |
| 28 | 122 | कटरा | 5 | अखिलेन्द्र कुमार जायसवाल पुत्र अशोक कुमार जायसवाल | रंजीत कुमार केशरवानी पुत्र सत्य नारायण केशरवानी |
| 29 | 142 | बुद्धिपुरी | 10 | नारायण दास केशरवानी पुत्र बसन्त लाल उर्फ पुत्तीलाल | दुर्गेश कुमार ताम्रकार पुत्र भैरव प्रसाद |
| 30 | 87 | बुद्धिपुरी | 10 | जमीला बानो पत्नी स्व0 शमशाद अली | नाजनीन बानो पत्नी राशिद अली |
| 31 | 92 | कटरा | 11 | शशीभूषण सिंह पुत्र स्व0 हरिहरनाथ सिंह | राहुल देव रस्तोगी व नीरज रस्तोगी पुत्रगण स्व0 कृष्ण नरायण |
| 32 | 104 | कटरा | 11 | राजेन्द्र कुमार पाण्डेय राम भजन पाण्डेय | गिरजा देवी पत्नी राजेन्द्र व प्रिया व राधा पण्डेय पुत्री राजेन्द्र कुमार |
| 33 | 89/136 | कटरा | 11 | शिवमूरत पुत्र सुन्दर लाल्लू पुत्र राम नरायन | नागेश कुमार पुत्र स्व0 शिवबाबू |
| 34 | 342/17/121/64 | मोलवीगंज | 4/5 | मिथलेश केशरवानी पत्नी रमेश चन्द्र केशरवानी रमेश चन्द्र पुत्र राधेरमण | विकास केशरवानी व आकाश केशरवानी पत्रुगण स्व0 रमेश चन्द्र केशरवानी |
| 35 | 269 | फकीराबाद | 5 | मो0मोगीस सिद्दीकी पुत्र मो0 इदरीश | किशवर जहॉ पत्नी मो इशरत |
| 36 | 353 | फकीराबाद | 2 | नूरसमा उर्फ नूरशमा बानो पत्नी फारुक अहमद | अरती जायसवाल पत्नी शिवशकर |
| 37 | 353 | फकीराबाद | 2 | नूरसमा उर्फ नूरशमा बानो पत्नी फारुक अहमद | रेखा पण्डेय पत्नी सन्तोष कुमार पाण्डेय |
| 38 | 135 | बुद्धिपुरी | 9 | सूर्यबली पुत्र बाबादीन ताम्रकार | कलावती पत्नी सूरजबली व कृष्ण बिहारी व बलराम ताम्र0 पुत्र सूरजबली |
| 39 | 639 | मोलवीगंज | 4 | वर्णिका केशरवानी पत्नी विनोद कुमार केशरवानी | मान्शु गुप्ता पत्नी विकास गुप्ता |
| 40 | 232 | फकीरबाद | 6 | खालिद आजम पुत्र मो0 आजम | शिवानी सोनी पत्नी धीरेन्द्र वर्मा |
| 41 | 51 | फकीराबाद | 2 | मुख्तार अहमद व मुमताज अहमद पुत्रगण मुस्ताक अहमद | नूरजहॉ बेगम पत्नी लईक अहमद |
| 42 | 259 | भगौती गंज | 3 | छेदी लाल पुत्र कल्लू केवट | कल्लू केवट पुत्र छेदी लाल केवट |
| 43 | 313 | कटरा | 11 | राहुल देव रस्तोगी व नीरज रस्तोगी पुत्रगण स्व0 कृष्ण नारायण | मीता देवी जैन पत्नी नेम चन्द्र जैन |
| 44 | 104 | फकीराबाद | 8 | मुक्तार अहमद पुत्र अब्दुल कुद्दूस | जाकिरा बीबी पुत्री स्व0 मुक्तार अहमद उर्फ हाफिज मुक्तार |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत सराय अकिल**
**जनपद-कौशाम्बी**



## राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा के चयन हेतु विज्ञापन

**प्रेस विज्ञप्ति**

राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शहरी आशा (Urban Accredited Social Health Activist) के चयन हेतु नगर पालिका मंझनपुर कौशाम्बी के निम्नलिखित वार्ड/मुहल्लों में स्थायी निवास करने वाली महिलाओं से आवेदन विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 06 अगस्त 2024 तक आमंत्रित किये जाते है। आवेदन का प्रारूप क्षेत्र की ए0एन0एम0 व नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गॉधी नगर मंझनपुर कौशाम्बी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र पूर्ण रूप से भरकर तथा निवास प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति को संलग्न करते हुये दिनांक 06 अगस्त 2024 सायं 5 बजे तक आयुष्मान आरोग्य मंदिर नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गॉधीनगर मंझनपुर में पंजीकृत डाक से या स्वयं प्राप्त कराया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए श्री शुभनेत्र सिंह (फार्मासिस्ट) 7408570940 दूरभाष नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।

| क्र0 | मोहल्ले का नाम | शहरी आशा की संख्या | आशा हेतु निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | नेतानगर | 1 | (1) आशा को सम्बन्धित वार्ड की स्थानीय निवासी होना आवश्यक है।<br>(2) उम्र 20 से 45 वर्ष के बीच हो।<br>(3) न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण हो तथा इण्टर, उच्च शिक्षित होने पर अतिरिक्त अंक निर्धारित है।<br>(हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी न मिलने की दशा में 8वीं उत्तीर्ण का चयन कर लिया जाएगा) |
| 2 | नयानगर द्वितीय | 1 | |
| 3 | चमनगंज | 1 | |
| 4 | मंसूरनगर | 1 | |
| 5 | हजरतगंज | 1 | |
| 6 | काशीराम कालोनी (समदा) | 1 | |
| 7 | चकनगर द्वितीय | 1 | |
| 8 | बबुरा | 1 | |
| 9 | ओसा | 1 | |

नोट : अपूर्ण/गलत फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रति के बिना व दिनांक 06 अगस्त 2024 के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।
दिनांक 12 अगस्त 2024 को साक्षात्कार हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चस्पा कर दी जाएगी।

**डा0 श्रेयांश जैन**
**प्रभारी चिकित्साधिकारी**
**आयुष्मान आरोग्य मंदिर**
**नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,**
**गॉधीनगर मंझनपुर, कौशाम्बी**

# बालिका सशक्तिकरण कार्यशाला की मेधावी बालिकाओं को एनटीपीसी द्वारा निःशुल्क शिक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत ग्रीष्मकालीन छुट्टियों में संपन्न कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाली 120 बच्चियों में से उच्च मेधावी बारह बालिकाओं को एनटीपीसी ऊंचाहार प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी ऊंचाहार आवासीय परिसर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में निःशुल्क शिक्षा हेतु एडमिशन दिया गया है। इस मुहिम के तहत परियोजना परिसर के डीएवी स्कूल में एक इंटरैक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने मेधावी बालिकाओं तथा उनके अभिभावकों से संवाद स्थापित किया।बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए श्री छाबड़ा ने कहा कि इन बालिकाओं के अंदर जो छिपी प्रतिभा है, उसे बाहर निकालें और अपने



आपको किसी से कमतर ना आंकते हुए लक्ष्य निर्धारित करें और अपने कौशल एवं प्रतिभा से सबसे आगे निकलने का साहस पैदा करें। श्री छाबड़ा ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे बच्चियों को घर में पढ़ने व जो कार्य स्कूल में दिया जाए उसे पूरा करने के लिए ना केवल प्रेरित करें बल्कि समय-समय पर उनका मार्गदर्शन भी करें। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख रूमा दे शर्मा ने बालिकाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि एनटीपीसी ने आपको एक सशक्त मंच दिया है, अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए इसका भरपूर लाभ उठाएं। अभिभावकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी बच्चियां हीरा हैं और ये अवसर उन्हें तराशने का एक प्रयास है।डीएवी स्कूल के प्रधानाचार्य देवेन्द्र मिश्र ने कहा कि संस्कार और शिक्षा डीएवी संस्था के मूल में है। सभी ग्रामीण बालिकाएं जो इस संस्था का हिस्सा बन रही हैं, वे हिंदी से अंग्रेजी और अंग्रेजी से हिंदी में पाठ्य सामग्री में जमकर अभ्यास करें ताकि वे संस्था के सामान्य छात्र-छात्राओं से भी दो कदम आगे बढ़कर अपना, अपने माता-पिता तथा इस संस्था का नाम रौशन करें।

इन बच्चियों को आगे बढ़ने के लिए स्कूल की ओर से हर संभव सहायता दी जाएगी।सीएसआर विभाग ने सभी अभिभावकों तथा बालिकाओं का ऊंचाहार परियोजना प्रमुख से परिचय करवाया तथा परियोजना प्रमुख का इस बात के लिए आभार व्यक्त किया कि बालिकाओं और उनके अभिभावकों से संवाद कायम करके उनकी जो हौसला अफजाई किया है, इससे बालिका सशक्तिकरण अभियान को और गति मिली है। साथ ही इस बात को बल मिला है कि एनटीपीसी आसपास के ग्रामीणों के सहूलियतों तथा उनके बच्चों के कौशल विकास के प्रति एनटीपीसी कितना संवेदनशील है।

# ग्राम समाज के मार्ग को बनाया ओपन गैरेज, कच्चे मार्ग पर किया अवैध अतिक्रमण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में जहां एक ओर सूबे की सरकार गांवो को बेहतर बनाने के लिए दृढ़संकल्पित होकर कार्य कर रही है तो वहीं कुछ लोगो के द्वारा चंद रुपयों के लालच के चलते। गांव की सड़क को ही अपना ओपन गैरेज बनाकर अतिक्रमण कर आने जाने वाले राहगीरों के लिए जानलेवा सबब बन रहा है। इन लोगों को यह तक नहीं समझ आता की गांव की इस जमीन से होकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे नन्हे मुन्ने बच्चे अपने स्कूल के लिए आते- जाते हैं। आए दिन बच्चे बारिश से बन गए गढ़ो में गिरकर चुटहिल हो रहे है। जी हां हम बात कर रहे हैं लालगंज क्षेत्र के कोरिहारा गांव की जहां पर न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सहित सैकड़ों परिवार के आवास स्थित है। विद्यालय के सामने से होकर जाने वाला कच्चा मार्ग एक ट्रक मैकेनिक के द्वारा



अतिक्रमण कर लिया गया है।यह ट्रक मालिक इन बच्चों की ओर इतना संवेदनहीन हो चुका है कि वह आए दिन गिर रहे अभिभावकों व बच्चों के प्रति निष्क्रियता दिखाते हुए ट्रैकों को बेतरतीब तरीके से खड़ा करके उसे रिपेयर कर रहा है।

समय रहते अगर इस ओर कोई कड़ा कदम नही उठाया गया तो कोई बड़ी अनहोनी होने से रोका भी जा सकता है। अब देखना यह है कि इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान कब आकर्षित होगा और इस ट्रक मैकेनिक के खिलाफ कार्यवाही होगी या फिर ऐसे ही यह अतिक्रमण करता रहेगा।

# बालिका विद्या मंदिर ने मनाया कारगिल विजय दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज के ख्यातिलब्ध विद्यालय सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को भारतीय सेना की शौर्यगाथा के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित कारगिल युद्ध का विजय दिवस मनाया गया। सेना से रिटायर्ड कैप्टन राजबहादुर और कैप्टन भुवनेश्वर सिंह ने युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देने वाले बलदानी सैनिकों के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको नमन किया। बालिकाओं ने राष्ट्रभक्ति के गीत गाकर शहीदों को याद किया। कारगिल युद्ध में शामिल रहे सेवानिवृत्त सूबेदार राजेंद्र कुमार मौर्य और रिटायर्ड हवलदार वीरेंद्र सिंह ने उस समय सेना के साहसिक



पराक्रम के घटनाक्रमों का उल्लेख किया जिससे छात्राएँ रोमांचित होकर भारत माता की जय का उद् घोष करने लगी। कार्यक्रम में आए अवकाश प्राप्त सैनिकों को प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक त्रिलोकी नाथ शर्मा , आचार्य नीरज वाजपेयी , संजीव शुक्ल , विवेक शुक्ल , संजय कुमार , जितेंद्र प्रताप सिंह , आचार्या रीना बाजपेई , लक्ष्मी , श्वेता तिवारी , दिव्या पांडेय आदि आदि शिक्षक शिक्षिकाये मौजूद रही।

फोटो न05

# राजस्व कार्यों में तेजी लाने के लिए एसडीएम ने लेखपालों के क्षेत्रों में किया फेर बदल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** उप जिलाधिकारी ने तहसील लालगंज में तैनात 15 नवनियुक्त लेखपालों को जहां क्षेत्र आवंटित किए हैं वहीं 14 लेखपालों के क्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। कई लेखपालोंको अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है ।उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ल द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार नवनियुक्त लेखपाल रवि सिंह कुटियाल को ऐंधी,जितेंद्र सिंह को जेरी, अर्पण पटेल को भीतरगांव ,अजीत कुमार गौतम को डुमटहर, शालू को शाहपुर ,नीरज को चिलौला, अन्नपूर्णा को मदुरी ,प्रियंका निर्मल को मुरारमऊ, आशीष कुमार को धूरेमऊ, मोहित चौधरी को पल्टीखेड़ा, अनुपम सिंह को बैरुवा, अंजना सिंह चौहान को सागर खेड़ा, सौरभ वर्मा को बीजेमऊखपुरा, दिव्या सिंह को रणगांव तथा प्रतिभा को सरायबैरिया खेड़ा में तैनात किया गया है। वहीं पुराने लेखपालों में तहसील सदर से स्थानांतरित होकर आए लेखपाल कृष्ण कुमार सिंह को बरौंडी, दुकनहा में तैनात रहे आशीष कुमार को सेमरपहा भेजा गया है जबकि बेमौरा महेश खेड़ा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रणगांव में तैनात रहे आनंद वर्मा को चांदा गांव में तैनाती देते हुए राजस्व निरीक्षक कार्यालय के अंतर्गत भूलेख संबंधी कार्य में भी लगाया गया है।मुरारमऊ के लेखपाल मनीष कुमार को बरी गांव में तैनाती देते हुए राजस्व निरीक्षक कार्यालय के अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल संबंधी कार्य भी दिए गए हैं।

इसी प्रकार सेमरी से अमर बहादुर सिंह को अंबारा पश्चिम भेजा गया है जबकि सोंडासी का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। ऋषिकांत को गेंगासों से हटकर निहस्था, सलोन तहसील से स्थानांतरित होकर आए दीपक कुमार को बहाई तथा डुमटहर मे रहे दिनेश कुमार को तेजगांव में तैनात किया गया है। वहीं सलोन तहसील से स्थानांतरित होकर आए अतुल विक्रम यादव को चहोतर के साथ चित्ताखेड़ा, सेमरपहा में तैनात रहे लेखपाल उमाकांत तिवारी को सेमरी तैनात करते हुए लच्छीपुर का अतिरिक्त प्रभार किया गया है। तहसील सदर से स्थानांतरित होकर आए नीरज कुमार को गेंगासो के साथ ही गौरारुपई ,बहाई में लेखपाल रहे दिलीप कुमार को धुराई के साथ अतरहर, पाहों में तैनात रहे जितेंद्र सिंह को खीरो के साथ पाहो गांव तथा तेजगांव में तैनात रहे राजकुमार पाल को दूकनहा गांव के साथ टिकवामऊ का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

# पीएम श्री सहित तीन विद्यालयों का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** एसडीएम नवदीप शुक्ला ने पीएम श्री इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सहित 3 प्राइमरी विद्यालयों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं ठीक रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण पर एसडीएम के अचानक पहुंच जाने से विद्यालयों में हड़कंप मच गया। हालांकि तीनों स्कूलों में शिक्षक मौजूद मिले। स्कूल में कुछ बच्चे ड्रेस में नही थे जिस पर उप जिलाधिकारी ने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया और कहा कि अभिभावकों को बुलाकर बच्चों को ड्रेस में आने के लिए समझाया बुझाया जाये। चिक मंडी परिषदीय स्कूल में 8 बच्चे दिव्यांग है। लेकिन दिव्यांग के अनुकूल शौचालय नहीं है। एसडीएम ने कहा कि दिव्यांग शौचालय की व्यवस्था कराई जाएगी। एसडीएम ने बच्चों से किताब भी



पढ़ाया जिस पर कक्षा चार के बच्चों को अंग्रेजी ना आने पर एसडीएम ने शिक्षकों को पढ़ाई पर और अधिक ध्यान देने का निर्देश दिया। एमडीएम के रूप में स्कूल में तहरी बच्चों को दी गई। एसडीएम ने बताया कि इसी तरह प्राथमिक स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा।

# संविधान व आरक्षण समाप्त करना चाहती है मोदी सरकार-इं0 वीरेन्द्र यादव

**▸▸सपा कार्यालय में संविधान-मान स्तंभ की की गयी स्थापना**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी कार्यालय में संविधान-मान स्तम्भ की स्थापना की गयी। 26 जुलाई 1902 को छत्रपति शाहू जी महराज ने ज्योतिबा राव फूले की प्रेरणा से अपने राज्य में पहली बार 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था लागू की थी। इस अवसर पर आरक्षण अधिकार दिवस विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े,



पी0डी0ए0 के लोगों को सम्मान देने की जो परिकल्पना ज्योतिबा राव फूले, छत्रपति शाहू जी महराज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डा0 राम मनोहर लोहिया, मुलायम सिंह यादव ने की थी और संविधान में व्यवस्था दी थी उसी संविधान एवं संविधान के तहत मिलने वाले आरक्षण को सरकार समाप्त कर देना चाहती है। बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि बाबा साहब ने 26 नवम्बर 1946 को संविधान की रचना की एवं 26 जनवरी 1950 को भारतीय गणतंत्र में लागू किया गया। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि मोदी सरकार सरकारी विभागों का निजीकरण कर आरक्षण समाप्त कर देना चाहती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शशिकांत शर्मा ने कहा कि आरक्षण निजी कम्पनियों एवं शिक्षण संस्थानों में लागू किया जाय। प्रान्तीय नेता शिव मूर्ति सिंह राना ने कहा कि आरक्षण भीख नहीं पी0डी0ए0 का अधिकार है। शिक्षा विद रमेश चौरसिया नें कहा कि आरक्षण के बल पर ही हम अपना भविष्य बना सकते है। इसके लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव मो0 अरशद खान ने किया। गोष्ठी को उमाशंकर चौधरी, चौधरी सुरेश निर्मल, हसीन अहमद, शिव नारायण सोनकर, राजेन्द्र यादव, मुशीर अहमद, राजेश मौर्या, अरूण यादव, शुभम लोहिया, जगदेव यादव, बृजेन्द्र चौधरी, राकेश यादव, रामनाथ, सुरेश पासी, कृपाशंकर यादव, रंजीत यादव, सौरभ सिंह, चन्द्र प्रकाश आजाद, पुत्तन सिंह, जे0पी0 यादव, विनायक सोनकर, सत्येश गौतम, संदीप शुक्ला ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर अनुज बारी, भीम सिंह यादव, मजहर, अशोक गुप्ता देशराज यादव, विनोद यादव, फिरोज अहमद, सुरतीज सिंह, शिवबरन यादव, समर बहादुर, फहीम अहमद, गुरू प्रसाद यादव, राम कुमार पूर्व प्रधान, पवन पासवान, लवकुश मौर्या, इबरार अली, बबली यादव, देशराज उर्फ पप्पू, अभिषेक यादव, विनय यादव, धीरज यादव, शिवम् प्रजापति, गुड्डु यादव, राजू यादव, रमाकांत गुप्ता, आनन्द यादव सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीद हुए राजेन्द्र यादव की पत्नी को किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग जिलाध्यक्ष वंश बहादुर सिंह, जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी एवं शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए राजेन्द्र यादव जी के निवास पर जाकर शहीद की धर्म पत्नी को अंगवस्त्र पहनाकर उन्हे सम्मानित किया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि मातृ भूमि के प्रति शहीदो ं के बलिदान और वीरता को शब्दो में व्यक्त करना असम्भव है, लेकिन हम अपने दिल की गहराइयों से उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित



करते है और उनके बलिदान को नमन करते है। पूर्व सैनिक विभाग कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बंस बहादुर सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध मे हमारे जवानो ने न केवल अपनी जान की परवाह किये बिना अपने कर्तव्यो ं को निभाया बल्कि देश की रक्षा के लिए अटूट साहस और सर्मपण का परिचय दिया उनकी वीरता और बलिदान हमे गर्व का अनुभव कराते है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शहीद चौक पर मोमबत्तियां जलाकर कारगिल के शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर में कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को किया नमन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड बालिका विद्या मन्दिर रायबरेली में कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय और देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले सैनिकों को स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रदत्त पुष्पचक्र श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित करते हुए देश के उन जांबाज वीर शहीद सैनिकों को नमन किया जिन्होंने देश रक्षा हेतु अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इसी क्रम में स्कूल की हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल



सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने भी कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम को आकर्षक बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज प्रभांशु श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में दीपांजलि सिंह, अनामिका मिश्रा, सार्थक शुक्ला, भावना श्रीवास्तव और उनके सहयोगी साथियों का सराहनीय योगदान रहा।अंत में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए 26 जुलाई की तारीख को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह खास दिन देश के वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने तमाम मुश्किलों को पार करते हुए पाकिस्तानी सैनिकों के मंसूबों को पस्त करते हुए कारगिल की चोटियों पर तिरंगा फहराया था। अतः 26 जुलाई 1999 का वह दिन हर भारतवासी के लिए गर्व का दिन था। जब पाकिस्तानी सैनिकों को कारगिल से खदेड़कर दुर्गम चोटियों पर तिरंगा फहराया।

इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# कारगिल युद्ध हमारे देश के लिए बहुत ही कठिन समय था: रवींद्र सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। सन् 1999 में इस तारीख को भारत और पाकिस्तान के बीच 3 महीने तक चले युद्ध का अंत हुआ था।दरअसल, 3 मई 1999 को पाकिस्तान ने कारगिल की पहाड़ियों पर 5 हजार से ज्यादा सैनिकों के साथ घुसपैठ कर कब्जा जमा लिया था। इसे लेकर 5 मई के दिन भारतीय सेना गश्त पर निकली, तो पाक सेना द्वारा भारतीय सेना के पांच जवानों को बंधक बनाकर यातनाएं देकर मार दिया गया। इसके बाद पाकिस्तानी घुसपैठियों को कारगिल से खदेड़ने के लिए 'ऑपरेशन विजय' चलाया गया। इस युद्ध में 2 लाख भारतीय सैनिकों ने हिस्सा लिया था और ये युद्ध 60 दिनों तक चला था। 26 जुलाई 1999 के दिन आधिकारिक रूप से कारगिल युद्ध समाप्त हुआ। उक्त बातें मुख्य अतिथि कैप्टन आर बी सिंह ने व्यक्त



किया।वेटरन बृजेश सिंह ने कहा कि भारतीय थल सेना और वायु सेना के ज्वाइंट ऑपरेशन से पाकिस्तानी फौज एवं घुसपैठियों को मार गिराया गया। बोफोर्स तोप से 90 डिग्री अर्थात सीधी खड़ी चढ़ाई पर बैठें हुए दुश्मनों पर गोला बारूद गिराया गया एवं मिराज 2000 फाइटर जेट, मिग 27 ,29 की सहायता से 77 मिसाइलों से उनके बंकर और पोस्टों को तबाह कर दिया गया।समाजसेवी भाजपा नेता रवींद्र सिंह ने कहा कि कारगिल युद्ध हमारे देश के लिए बहुत ही कठिन समय था। इसके अलावा, यह एक संकट की स्थिति थी जिसने हर भारतीय के बीच राष्ट्रवाद , देशभक्ति और एकता की भावना को जन्म दिया। प्रदीप पांडेय ने कहा कि हमारे सेना पर हमें गर्व है जिन्होंने हमारी देश की रक्षा की और यह युद्ध सबसे बड़ा इतिहास बना है। मैं सभी वीर सेनाओं को श्रद्धांजलि देता हूं और देश उनके साथ खड़ा है।संस्था के द्वारा कैप्टन आर बी सिंह, वेटरन बृजेश सिंह को अंगवस्त्र एवं स्मृतिचिन्ह से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के हाथों से पाकड़ का पौधा रोपित किया। योगाचार्य बृजमोहन ने कहा कि साहसी योद्धाओं को शत-शत नमन जिन्होंने कारगिल युद्ध को गौरवशाली अंत तक पहुंचाने के लिए अपनी जान लगा दी।उपस्थित साधक आरती, शिवानी यादव, तनु पाठक, निलेश सिंह, बीके बर्नवाल, पिंकू सिंह, विशाल गुप्ता, अमित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देषन पर चला चार पहिया वाहनो पर लगी काली फिल्म हटाने का अभियान



**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में षुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में चार पहिया वाहनों के शीशों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलनें वालों का चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों की चेकिंग करते हुए वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगी पाई जाने पर काली फिल्म निकलवाई गई, उपरोक्त प्रकार के सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन तथा अपूर्ण नम्बर प्लेट वाले वाहनों एवं मोडीफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग व प्रवर्तन कार्रवाई की गई , एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान चलाया गया । उक्त संपूर्ण अभियान के दौरान पूरे जनपद में कुल 463 चालान करते हुए 661000 रूपये का जुर्माना योजित किया गया।

# केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली में चल रही बॉलीबॉल प्रतियोगिता की धूम दूसरे दिन भी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में चल रही 53वीं सम्भागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बॉलीबॉल, बालक वर्ग की प्रतियोगिता के दूसरे दिन का खेल आज सुबह 6:30 बजे प्रातः शुरू हुई तो सबसे पहले कल के उन अधूरे मैचों को पूरा कराया गया जो बारिश के कारण पूरे नहीं हो सके थे । ततपश्चात बारिश द्वारा दोपहर में पुनः व्यवधान उत्पन्न करने तक अंडर 17 के 9 लीग मैच व अंडर 14 के दो सेमीफाइनल मैच खेले गए।अंडर 14 का पहला सेमीफाइनल केन्द्रीय विद्यालय इन ई आर बरेली और पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली के बीच खेला गया, जिसमें केन्द्रीय विद्यालय इन ई आर बरेली ने पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पाली को सीधे सेटों में 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ



बिजनौर लखनऊ प्रथम पाली ने केन्द्रीय विद्यालय रक्षा विहार कानपुर को 3-1 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई । फाइनल मुकाबला कल शनिवार को खेला जाएगा।अंडर 17 के 9 लीग मैचों के परिणाम कुछ इस प्रकार रहे।केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट द्वितीय पाली ने केन्द्रीय विद्यालय अर्मापुर कानपुर को 2-0 से हराया।केन्द्रीय विद्यालय न.2 ओसीएफ शाहजहांपुर प्रथम पाली ने केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिजनौर लखनऊ प्रथम पाली को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली ने केन्द्रीय विद्यालय ओसीएफशाहजहांपुर द्वितीय पॉली को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय बदायूं द ने केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट द्वितीय पॉली ने केन्द्रीय विद्यालय रक्षा विहार कानपुर को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय न.2 ओसीएफ शाहजहांपुर प्रथम पाली ने केन्द्रीय विद्यालय बदायूँ को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय न.1 अर्मापुर कानपुर ने केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय सीआरपीएफ बिजनौर लखनऊ प्रथम पाली ने केन्द्रीय विद्यालय बलरामपुर को 2-0 से हराया। केन्द्रीय विद्यालय ओसीएफ शाहजहांपुर द्वितीय पाली ने केन्द्रीय विद्यालय रक्षा विहार कानपुर को 2-0 से हराया।समाचार लिखे जाने तक प्रथम एवं तृतीय कोर्ट से बारिश का पानी सुखाया जा रहा था एवं द्वितीय कोर्ट पर केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली एवं केन्द्रीय विद्यालय कानपुर कैंट द्वितीय पाली के बीच सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये लीग मैच में कांटे की टक्कर जारी थी।

न्यूज डायरी

## विद्युत दुर्व्यवस्था को लेकर पड़िला में आमरण अनशन करेंगे उपभोक्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई।** थरवई पावर हाउस के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के आदेशानुसार विद्युत आपूर्ति में घोर लापरवाही के लिए विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद भी विद्युत आपूर्ति नियमानुसार नही किए जाने के संबंध में पडिला पांडेश्वर नाथ धाम में आज शनिवार को विद्युत विभाग के खिलाफ आमरण अनशन किए जाने का निर्णय लिया गया है ।आमरण अनशन में मुख्य रूप से विजय कुमार सदस्य जिला पंचायत, महंत अखिलेश गिरी , बिंदु गुप्ता, राहुल चौधरी, राम अचल यादव ग्राम प्रधान पडिला, अतुल शर्मा समाजसेवी, सुनील विश्वकर्मा, आबिद हुसैन, देवेंद्र गिरी अज्जू आदि होंगे।

## बाहरपुर में आज आयेंगे परिवहन मंत्री

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** बाहरपुर स्थित राम कुमार शुक्ल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस होलागढ़ के तृतीय स्थापना दिवस के अवसर पर 27 जुलाई यानी शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश दयाशंकर सिंह आयेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष बी के सिंह आदि मौजूद रहेंगे।जानकारी संस्थापक/प्रबंधक रामानुज शुक्ल ने दी है।

## छः घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी, बंच कंडक्टर लगेगा

**नैनी(प्रयागराज)।** सोमेश्वर पावर हाउस क्षेत्र के आई ब्लॉक एडीए कालोनी दूरवाणी नगर में कल 27 जुलाई को पुराने जर्जर बिजली के तारों को हटाकर बंच कंडक्टर लगाने का कार्य किया जाएगा।
इस लिए पूर्वान्ह 11 बजे से शाम पांच बजे तक क्षेत्र के आई ब्लॉक और जी ब्लॉक दूरवाणी नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी अवर अभियंता राजेश यादव ने दी।

## श्री राम कथा जीवन का आधार है- साध्वी अन्नपूर्णा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** पांडेश्वर नाथ धाम पण्डिला महादेव मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के प्रथम दिवस पर कथा वाचक साध्वी अन्नपूर्णा ने भक्तों को बताया भगवान की सेवा करने वाले भक्त को जीवन में कभी दुख नहीं मिलता है भगवान भाव से मिलते हैं सच्ची श्रद्धा विश्वास रखने वाले भक्त को भगवान कभी कष्ट नहीं देते हैं । इस मौके पर ननकू पांडेय, संतोष शर्मा, महारानी दीन केसरवानी, केशव दूबे सहित बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे श्री राम कथा में शामिल थे ।

## मकान बनाने को लेकर ठेकेदार ने मालिक और उसके घर वालों को बेरहमी से पीटा,मुकदमा

**कौंधियारा (प्रयागराज )।** थाना क्षेत्र के गड़ैया कला निवासी अनुराधा तिवारी ने थाने में जाकर तहरीर देकर बताया कि उसके पति मनोज तिवारी ने मकान बनाने का ठेका उसके ही गाँव के अखिलेश सोनकर पुत्र फूलचंद सोनकर को पिछले महीने दिया था।मकान का काम ठीक ठाक न कराने और हफ्ते हफ्ते काम से गायब रहने के चलते मनोज तिवारी ने दूसरे मिस्त्री को काम का ठेका दे दिया । गुरुवार की शाम दर्जनों की संख्या में अखिलेश सोनकर,रवि सोनकर, राकेश सोनकर,प्रदीप सोनकर, बाबा सोनकर,वैद्य, रोहित सहित अन्य लोग धारदार हथियार लेकर मनोज तिवारी उसके बुजुर्ग पिता कृपानाथ तिवारी और मनोज की पत्नी अनुराधा तिवारी को घर मे घुसकर मारा पीटा,भद्दी भद्दी गालियाँ दीं। और जान से मारने की धमकी देते हुए एससी एसटी के तहत फर्जी मुकदमा लिखाने तक की भी धमकी दे डाली। मारपीट के दौरान तीनों के ही शरीर पर गंभीर चोटें आई है। घायल अवस्था में पीड़िता अपने परिजनों के संग कौंधियारा थाना पहुंची और न्याय की गुहार लगाई । जहां पुलिस ने सभी का मेडिकल करा घर भेज दिया। तहरीर के आधार पर कौंधियारा थाना की पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।और कार्यवाही करने की बात कही।

## उदयभान करवरिया की रिहाई पर ब्राह्मण समाज में प्रसन्नता

**प्रयागराज।** एकीकृत ब्राह्मण महासंघ की बैठक प्रतापगढ़ में एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विवेक पांडेय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पंडित उदयभान करवारिया को रिहा करने पर उतर प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए मिष्ठान बॉट कर खुशियाँ मनाई गई। इस अवसर पर एकीकृत ब्राह्मण महासंघ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट पंडित विवेक दत्त मिश्रा पाली तहसील बार अध्यक्ष, पहलवान दुबे, राकेश तिवारी, रमेश तिवारी, निलेश शुक्ला , ज्वाला जैसल, समाजसेवी वल्लभ पांडेय, सचिन पांडेय, प्रदीप पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे पर शुक्रवार की सुबह किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।
मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह तकरीबन 5ः00 बजे नैनी थाना क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से एक युवक की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। देखने वालों की अच्छी खासी भीड़ जुट गई। उसके सिर पर बाल नहीं थे। उसकी उम्र तकरीबन (30) वर्ष आंकी गई। उसकी पहिचान नहीं हो सकी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। दुर्घटना के बाद चालक गाड़ी समेत भाग गया। पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

## नए यमुना पुल से युवती ने लगाई छलांग, पर्स और चप्पल पुल पर मिला

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के नए यमुना पुल से शुक्रवार की दोपहर पश्चात एक युवती ने पानी में छलांग लगा दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जल पुलिस एवं गोताखोरों को लगाया। कई घंटे लगातार प्रयास करने के बावजूद शव का कहीं पता नहीं चला। यमुना पुल पर युवती का चप्पल एवं पर्स पाया गया।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर पश्चात तकरीबन ढाई बजे नए यमुना पुल से एक युवती ने छलांग लगा दी। देखने वालों की अच्छी खासी भीड़ इकट्ठी हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जल पुलिस एवं गोताखोरों को लगाया। कई घंटे लगातार प्रयास करने के बावजूद शव का कहीं पता नहीं चला। यमुना पुल पर युवती का पर्स एवं चप्पल पाया गया। पर्स के अंदर मिले आधार कार्ड के अनुसार उसका नाम अर्चना देवी पुत्री विनय कुमार बिंद निवासी असरवई, पोस्ट- चामू, जारी, प्रयागराज बताया गया। फिलहाल पुलिस मामले में जांच- पड़ताल कर रही है।

## बहरिया में चंद्रशेखर आजाद का आगमन आज

**बहरिया ।** आजाद समाज पार्टी, (भीम आर्मी ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का आगमन शनिवार को चार बजे बहरिया के धमौर गांव में होगा । चंदशेखर फूलपुर विधान सभा में होंने वाले उप चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगें । शुक्रवार को प्रदेश के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और कार्यकर्ताओं में जोश बढ़ाया । उक्त जानकारी पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष व जोन प्रभारी अखिलेश कुमार आजाद नें दी है।

# जन-जन के मदद के लिए आपके हाथ सदैव आगे बढ़ते रहें -चंद्रदेव मिश्रा

### मोदी-योगी के योजनाओं के माध्यम से गरीब शोषित वंचित पीड़ित के मदद ईश्वर स्वस्थ दीर्घायु रखें-विनोद प्रजापति

**नारीबारी (प्रयागराज)।** विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद का जन्म दिवस आयोजन मंडल ने बड़े धूमधाम से बृहस्पतिवार को यूनाइटेड इंजीनियरिंग कॉलेज नैनी ऑडिटोरियम में केक काटकर मनाया। मुख्य अतिथि सच्चा आश्रम के पूर्व प्राचार्य चंद्रदेव मिश्रा जी ने अपना आशीर्वाद देते हुए जन-जन के मदद के लिए शुभकामनाएं दी।भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विनोद प्रजापति ने विधायक करछना पियूष रंजन निषाद को शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु यशस्वी होने के साथ निरंतर जनसेवा करते हुए मोदी-योगी के योजनाओं के माध्यम से गरीब शोषित वंचित पीड़ित के मदद हेतू



शुभकामनाएं दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इसके पूर्व जिलाध्यक्षा, जिला पदाधिकारियों,मंडल, शक्ति केंद्र,बूथ के कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक लोगों ने बड़ी माला के साथ बुकें एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएं दी। जन्मदिन समारोह समारोह में भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा रमाकांत विश्वकर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। विधायक करछना ने कहा आप सबके आशीर्वाद शुभकामनाओं के प्रति मै हृदय से आभारी हूं। सदैव आप सभी का इसी तरह स्नेह मिलता रहे जिससे समाज की सेवा करता रहूं। संचालन जिला उपाध्यक्ष त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने किया। आयोजक ब्लाक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी,अनिल पटेल,डाँ,अनूप दास, इन्द्रनाथ मिश्रा, प्रमोद तिवारी, नन्हें पांडेय आदि ने भी बड़ी माला के माध्यम से शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देने वालों में जिला उपाध्यक्ष जयसिंह पटेल, जिला महामंत्री राजेश शुक्ला, पुष्पराज पटेल,जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रचंड, ओम प्रकाश निषाद, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ,प्रोटोकॉल मंत्री सुरेश शुक्ला,कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता, राजकुमार मिश्रा,अरुण सिंह पप्पू, सुभाष सिंह पटेल, राजमणि पासवान, सविता शर्मा,मंडल अध्यक्ष करछना पंकज द्विवेदी, भीरपुर अजय सिंह,भडेवरा प्रदीप पांडे, सोमेश्वर महादेव नागेश्वर निषाद,प्रदीप महरा आदि के साथ अपना दल, निषाद पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता,ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्षद,भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## किसी की भी विदाई हो भावुक पल होता है -पंकज त्रिपाठी

**हंडिया।** उतरांव थाने में शुक्रवार को दो दरोगा की अश्रुपूरित विदाई की गयी। आपको बता दे की थाने में तैनात अनिकेत सिंह और प्रेम कुमार का स्थानांतरण हो गया। शुक्रवार दोपहर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने दोनों दरोगा की विदाई की तैयारी की। इस मौके पर थाना स्टाफ विदाई में शामिल हुआ। बारी-बारी से सभी फूल मालाओं से लादकर दोनों दरोगाओं की जमकर स्वागत सत्कार कर अश्रुपूरित विदाई की। इस मौके पर विदाई टीम के मुखिया थाना अध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विदाई किसी की भी हो बहुत ही दुखदाई होती है। अब तक हम लोगों के साथ में रहे दोनों भाई हम लोगों को अलविदा कहकर जाना बहुत ही दुखद है।

## तकनीकी संसाधनों से यातायात व्यवस्था संभालने पर होगा बल




**प्रयागराज।** आगामी महाकुम्भ-2024-25 की तैयारियों एवं यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं के प्रबन्धन हेतु समुचित व्यवस्था के सम्बन्ध में अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन, प्रयागराज की अध्यक्षता में त्रिवेणी सभागार पुलिस लाइन्स, कमिश्नरेट प्रयागराज में परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी आयोजित की गयी।
परामर्शदात्री समिति की गोष्ठी में महाकुम्भ-2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के सुविधाजनक आवागमन हेतु तकनीकी साधनों सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन एवं आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स के माध्यम से निगरानी कर यातायात नियंत्रित किये जाने पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत प्रचलित परियोजनाओं के कार्य समय से पूर्ण करा लिए जायें। रेलवे स्टेशनों पर श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के सुरक्षित आवागमन हेतु बेहतर सुविधायें उपलब्ध करायी जायें एवं श्रद्धालुओं से शालीनतापूर्ण एवं विनम्र व्यवहार के दृष्टिगत स्किल्ड अधिकारी एवं कर्मचारीगण महाकुम्भ मेला ड्यूटी में लगाये जायें।
गोष्ठी में पुलिस आयुक्त प्रयागराज, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज, पुलिस महानिरीक्षक रेंज प्रयागराज, जिलाधिकारी प्रयागराज, कुम्भ मेलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला तथा पुलिस एवं प्रशासनिक एवं परामर्शदात्री समिति के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## हल्की बारिश ने खोल दी ग्राम पंचायतों के विकास की पोल, जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** सावन की एक-दो दिन की बारिश ने गांव में हुए विकास की पोल खोलकर रख दी। अगर बात करें खड़ंजे पर पानी भरा होने पर 200 लोगों को रोज आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी रास्ते से स्कूल जाने वाले बच्चे गाड़ियों में बैठ कर जाते हैं। इस उबड़-खाबड़ एवं गढ्ढे में भरे पानी की वजह से बड़ी दुर्घटना हो सकती है। सड़क के किनारे पानी की निकास के लिए नाली न होने से खड़ेजे पर अक्सर पानी भरा रहता है।
वही बात करें तो बहरिया ब्लाक ग्राम सभा चंद्रावट पटेल बस्ती के महुआ पटेल के घर के पास खडेजे पर अक्सर पानी भरा रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पानी से संक्रामक रोग जैसी बीमारी हम लोगों को फैलने का भय बना रहता है। यहां पर पानी का निकास न होने से खड़ंजे



पर अक्सर पानी भरा रहता है। इसकी शिकायत हम लोगों ने अपने ग्राम सभा के ग्राम प्रधान से भी की। इसका कोई निदान अभी तक नहीं हो सका। कुछ दिन पहले आश्वासन मिला था कि बजट आएगा तो पानी की नाली और इंटर लॉकिंग करवा कर दुरुस्तीकरण करवाया जाएगा। मगर सारे दावे हवा हवाई ही रह गए। वहीं विकास की बात करें तो गांव में गंदगी का अंबार जगह-जगह पानी जैसी समस्या सड़कों पर बना हुआ है। जिस पर जिम्मेदार अधिकारी मौन बैठे। ग्रामीणों कि मांग है कि हम लोगों के आने जाने के लिए जो रास्ता बना है और उस पर बरसात का पानी भरा हुआ है।
यदि उस सड़क पर निकासी के लिए नाली नही बनवायी गयी और सड़क पर भरा पानी समय रहते नही निकलवाया गया तों गांव में संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना रहेगा।

## कारगिल दिवस वर्षगांठ पर पोस्टर प्रतियोगिता संपन्न

**नैनी(प्रयागराज)।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेश जैन के संरक्षण में तथा रक्षा एवं स्त्रातेजिक अध्ययन विभाग प्रभारी डॉ. दीपक एवं असिस्टेंट प्रोफेसर निरुपमा यादव के निर्देशन में कारगिल दिवस के अवसर पर ÷कारगिल दिवस की 25वीं वर्षगांठ÷ विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमे बी.ए. पंचम सेमेस्टर की छात्रा नैन्सी पाल को प्रथम स्थान, बी.एससी. पंचम सेमेस्टर की छात्रा काजल मिश्रा को द्वितीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा रूबी देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।पोस्टर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रोफेसर सुवर्णा सरकार ,डॉ. स्मिता पॉल और डॉ.



अमित मिश्रा को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे वीर सैनिकों ने कारगिल में अपने अपने शौर्य और पराक्रम का जो परिचय दिया है, वह अद्भुत एवं अविस्मरणीय है। दो महीने तक चलने वाले युद्ध का 26 जुलाई को विजय के साथ समापन हुआ था। आज के दिन देश के लिए कुर्बान हो जाने वाले उन अमर शहीदों को हम शतशत नमन करते हैं। हम उनके बलिदान को कभी भुला नहीं सकते। विभाग प्रभारी डॉ. दीपक ने कहा कि भारतीय सेना अपने देश का गौरव बनाये रखने में सदा कामयाब रही है। हमारे सैनिकों ने अपने देश के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी और अपने साहस और पराक्रम से उनमें जीत हासिल की है।आज का दिन सशस्त्र बलों के वीरतापूर्ण प्रयासों और बलिदान को याद करने का दिन है। डॉ. निरुपमा यादव ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के शौर्य का प्रतीक है।
इस अवसर पर प्रोफेसर ओम प्रकाश, प्रोफेसर नीतू सिंह डॉ. भास्कर शुक्ला , डॉ.होसित गुप्ता ,डॉ मीनाक्षी राठौड़ तथा डॉ.अर्चना राय ने अपनी उपस्थिति से छात्र- छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए प्रेरित किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ. भास्कर शुक्ला ने दी।

## साइबर ठगों ने खाते से उड़ा दिए 57 हजार रुपये, मामला दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी (प्रयागराज )।** साइबर ठगों ने एक युवक के खाते से दो किश्त में 57 हजार रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने तत्काल नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर शिकायत करते हुए औद्योगिक क्षेत्र थाने में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया।
मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र थाना के अंतर्गत छरिबना गांव निवासी हिमांशु मिश्र पुत्र प्रदीप कुमार मिश्र ने पुलिस को दिए गए तहरीर में बताया, कि बीते 22 जुलाई को एक अनजान नंबर से उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले शख्स ने बताया, कि आपके पिता ने आपके एकाउंट में पैसा भेजने को कहा था। गलती से ज्यादा पैसा डेबिट हो गया है। इसे लेकर उसने बैक क्रेडिट का मैसेज भेजा। युवक उनके झासे में आकर एक बार 22 हजार और दूसरी 35 हजार रुपये फोन पे के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। इसके पश्चात जब उसने अपना एकाउंट चेक किया, तो उसे पता चला, कि उसके एकाउंट में कोई पैसा नहीं आया है। उसने तत्काल इसकी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोटिंग पोर्टल पर दर्ज कराते हुए पैसे को होल्ड करा दिया। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच- पड़ताल में जुट गई है।

## माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस एवं छात्र संसद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**नैनी ( प्रयागराज )।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती एवं छात्र संसद का शपथ - ग्रहण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह %कैप्टन भारतीय सेना% ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अतिथि का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया द्व विद्यालय के शिशु मंदिर के भैया बहनों ने शानदार प्रस्तुति विद्या मंदिर के भैया /बहनों ने मनमोहक भाषण एवं पोस्टर प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया
कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्र संसद, कन्या भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि पियूष रंजन निषाद विधायक करछना के द्वारा संपन्न कराया गया द्व इस क्रम में छात्र संसद के प्रधानमंत्री अमन सिंह ,कन्या भारती के प्रधानमंत्री आयुषी शुक्ला व शिशु भारती के प्रधानमंत्री शगुन शुक्ला सहित सभी पदाधिकारी को उनके पद व गोपनीयता की शपथ विधायक करछना ने दिलाई इसी क्रम में विगत वर्ष 2023-24 हाई स्कूल के टॉपर हिमांशु सिंह ,सौरभ सिंह ,आदर्श द्विवेदी तथा इंटरमीडिएट के टॉपर सोनाक्षी यादव, कनिष्का केसरवानी एवं साक्षी सिंह को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्रा, अगम कुमार पाठक ,बनवारी लाल चौरसिया, आशा तिवारी, वंदना सिन्हा, रतना कुशवाहा, राजकुमार पाल, सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे

# राम नाम देता है हजार दिव्य नामों का फल -आचार्य हरिवंश

### कथा व्यास ने की राम नाम के महात्म्य की विशद व्याख्या, सोमेश्वर नाथ मंदिर में चल रही शंकर के राम की कथा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** बाबा सोमेश्वर नाथ धाम में चल रही शंकर के राम विषयक कथा में व्यास पीठ पर विराजमान आचार्य डॉ अशोक हरिवंश ने कथा प्रेमियों को शिव पार्वती चर्चा प्रसंग पर बताया कि शिव जीने पार्वती जी को बताया कि केवल एक बार राम कह लो तुम्हें सहस्त्र नाम, भगवान के एक हज़ार नाम लेने का फल प्राप्त हो जाएगा। एक राम नाम हज़ार दिव्य नामों के समान है।
आचार्य अशोक हरिवंश ने कथा विस्तार में शंकर जी से पार्वती ने जिज्ञासा शांत करने के लिए सवाल किया कि आप बार बार किसे प्रणाम करते हैं।महादेव जी को एक बार बिना कारण के किसी को प्रणाम करते देखकर पार्वती जी ने यह प्रश्न




पूछा था।शिव जी ने पार्वती जी से कहा कि हे देवी, जो व्यक्ति एक बार राम कहता है, उसे मैं तीन बार प्रणाम करता हूँ।पार्वती जी ने दोबारा सवाल किया कि आप श्मशान में क्यूँ जाते हैं और ये चिता की भस्म शरीर पे क्यूँ लगाते हैं।उनकी शंका समाधान के लिए उसी समय शिवजी पार्वती जी को श्मशान ले गए। वहाँ एक शव अंतिम संस्कार के लिए लाया गया। लोग राम नाम सत्य है कहते हुए शव को ला रहे थे।शिव जी ने कहा कि देखो पार्वती ! इस श्मशान की ओर जब लोग आते हैं तो राम नाम का स्मरण करते हुए आते हैं। और इस शव के निमित्त से कई लोगों के मुख से मेरा अतिप्रिय दिव्य राम नाम निकलता है उसी को सुनने मैं श्मशान में आता हूँ।श्री राम नाम से मुझे अगाध प्रेम है।
अरैल स्थित सोमेस्वर नाथ धाम में बीते 22 जुलाई से राम कथा चल रही है।कथा के आयोजक प्रमोद कुमार तिवारी पिंटू द्वारा भव्य धार्मिक आयोजन के साथ प्रतिदिन विशाल भंडारा चल रहा है।उंन्होने कहा कि पवित्र सावन मास में मुझे बाबा ने सेवा का मौका दिया है।कथा प्रेमियों व बाबा भक्तों की सेवा से जीवन धन्य हो गया।संयोजक अभिषेक तिवारी टिंकू ने कहा कथा पंडाल में भक्तों की भारी भीड़ जुट रही है।
कथा व्यवस्था मे आयोजन टीम के ,बबलू पांडेय,सुशांत दीक्षित ,कोतवाल यादव,सूरज यादव,कुलदीप मेहरा,अमित शुक्ला,पमपम गुरु आदि भक्तों की सेवा में जुटे हैं।

# मोटे अनाज के सेवन से लोग होंगे सेहतमंद-पप्पू गौतम

### प्रमुख प्रतिनिधि ने ब्लॉक में वितरित किए मोटे अनाज के बीज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार लोगों को सेहतमंद रखने के लिए मोटे अनाज के सेवन और उसके उत्पादन को लेकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रही है। ब्लॉक उरुवा में कृषि विभाग की टीम ने कोदो व रागी के निशुल्क बीज का वितरण किया है।किसानों को बीज वितरित करते हुए प्रमुख प्रतिनिधि उरुवा पप्पू गौतम ने कहा कि सरकार की यह सोच दूरदर्शी है। किसानों को मोटे अन्न उत्पादन को बढ़ावा देना चाहिए।
श्री गौतम ने कहा कि हम लोगों के बचपन मे ज्वार,बाजरा,सांवा,काकून जैसे मोटे अनाज की खेती बड़े पैमाने



पर होती रही।इन अनाजों को खाकर लोग स्वस्थ जीवन जीते रहे।इनके सेवन से लोगों को लंबी उम्र भी मिलती रही।
बदले परिवेश में अधिक उपज के लिए परम्परागत खेती लुप्त हो गयी और कृषि में डंकल बीजों का कब्जा हो गया।अन्न की मिठास गयी और डंकल अन्न के सेवन से सौ विमारियाँ लोगों के जीवन पर भारी पड़ने लगी।उन्होंने कहा बदलाव प्रकृति का नियम है।कृषि अनुसंधानों से यह तय हो गया कि मोटे अनाज स्वास्थ के लिए वेहद कारगर हैं।उन्होने किसानों से अपील की है कि मोटे अन्न की खेती को बढ़ावा दें।
बीज वितरण में एटीएम अरुण शुक्ल ने बताया कि सरकार ने किसानों को मोटे अनाज उत्पादन के लिए सरकार प्रोत्साहित कर रही है।साथ ही सरकार इसके खरीद के लिए भी तैयार है।शुक्ल ने बताया कि पंजीकृत किसानों को निशुल्क किट वितरित की जा रही है।जिन किसानों को अभी तक मोटे अनाज की किट नही उपलब्ध हुई है वह मेजारोड कृषि भंडार से अपना बीज ले सकते हैं।मौके पर कई किसान मौजूद रहे।

## चाची की मौत के सदमे में भतीजी ने दी जान

### पुलिस टीम ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**मेजा (प्रयागराज)।** खून के रिश्ते और उसके साथ दिली लगाव कभी कभी जानलेवा बन जाता है।थाना क्षेत्र के तँदरिया गांव में कुछ इसी तरह की घटना से पूरा क्षेत्र सिहर उठा। यहाँ चाची की मौत के सदमे की वजह से भतीजी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी। एक साथ दो मौतों से गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है। जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के तंदरिया गांव निवासी प्रेमचंद्र निषाद की पत्नी सुनीता देवी (42) गुरुवार की शाम तकरीबन साढ़े आठ बजे घर में टीवी का प्लग लगा रही थी। उसी दौरान करंट की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन आनन-फानन में निजी हास्पिटल ले गए जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। महिला की मौत का सदमा उसकी भतीजी शीतू (16) पुत्री राधेश्याम निषाद बर्दाश्त नहीं कर सकी। रात्रि तकरीबन दस बजे वह चाची के बियोग में घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। डेढ़ घंटे के अंतराल में दो-दो मौतो से जहां गांव में मातमी सन्नाटा पसर गयो । वही दो मौतो से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर जेवनियां चौकी प्रभारी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे और दोनों शवो को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, नापाक मंसूबो को कामयाब नहीं होने देंगे

## ● कारगिल वॉर मेमोरियल से पीएम मोदी का पाकिस्तान को कड़ा संदेश



**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कारगिल युद्ध स्मारक पर बहादुर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पीएम मोदी ने वॉर मेमोरियल पहुंचकर जवानों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने साल 1999 में भारत-पाकिस्तान की युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर जवानों को याद करते हुए पाकिस्तान पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा, 'पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी दुष्प्रयास किए, उसे हमेशा मुंह की खानी पड़ी है।

लेकिन पाकिस्तान ने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। वह आतंकवाद और प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाए रखने का प्रयास कर रहा है।'पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज मैं ऐसी जगह से बोल रहा हूं जहां आतंक के आका मेरी आवाज सीधे सुन सकते हैं, मैं आतंकवाद के इन संरक्षकों को बताना चाहता हूं कि उनके नापाक इरादे कभी सफल नहीं होंगे। हमारे जवान पूरी ताकत से आतंकवाद को कुचलेंगे और दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। पीएम मोदी ने आगे कहा,आतंकवाद को हमारे जांबाज पूरी ताकत से कुचलेंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।

लद्दाख हो या फिर जम्मू-कश्मीर, विकास के सामने आ रही हर चुनौती को भारत परास्त करके ही रहेगा।पीएम मोदी ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि कारगिल युद्ध के समय मैं एक सामान्य देशवासी के रूप में अपने सैनिकों के बीच था। आज जब मैं फिर कारगिल की धरती पर हूं, तो स्वाभाविक है कि वो स्मृतियां मेरे मन में ताजा हो गई हैं। उन्होंने आगे कहा कि आज लद्दाख की ये महान धरती कारगिल विजय के 25 वर्ष पूरे होने की साक्षी बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर होते हैं। पीएम ने कारगिल युद्ध के दौरान वीर सैनिकों के अदम्य साहस को याद करते हुए कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था।पीएम ने अग्निपथ योजना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना के जरिए देश ने इस महत्वपूर्ण सपने को एड्रेस किया है। अग्निपथ का लक्ष्य सेनाओं को युवा बनाना और सेनाओं को युद्ध के लिए निरंतर योग्य बनाए रखना है। साल 1999 के मई महीने में पाकिस्तान की ओर से कुछ घुसपैठिये भारत की धरती में घुस आए थे। इसके बाद भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन विजय' शुरू किया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर के कारगिल जिले और एलओसी पर मई से जुलाई 1999 तक युद्ध चला।

### अग्निपथ योजना पर विपक्ष के दावों की पीएम मोदी ने खोली पोल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अग्निपथ योजना पर विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि वे देश की रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े एक संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने द्रास (लद्दाख) में कारगिल युद्ध स्मारक का दौरा करने के बाद ये बात कही। उन्होंने विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाई और 1999 के युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा, अग्निपथ योजना हमारे रक्षा बलों के लिए आवश्यक है। दशकों से इस बात पर बहस और चर्चा होती रही है कि कैसे सुनिश्चित किया जाए कि सशस्त्र बल युवा रहे और हमेशा युद्ध के लिए तैयार रहे। एक भारतीय सैनिक की औसत आयु वैश्विक औसत से अधिक है जो एक चिंता का विषय है। विभिन्न समितियों ने इस पर चर्चा की लेकिन किसी भी सरकार ने सही कदम उठाने की जहमत नहीं की।प्रधानमंत्री ने कहा, अग्निपथ योजना के माध्यम से इस मुद्दे को संबोधित किया गया। इस योजना का मकसद सेना को युवा और युद्ध के लिए तैयार रखना है।पीएम मोदी ने योजना पर राजनीति



करने के लिए विपक्ष की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, कुछ लोग अपने निजी लाभ के लिए इस मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। ये वही लोग हैं जो विभिन्न रक्षा-संबंधी घोटालों में शामिल थे और हमारी सेनाओं को कमजोर किया। वे कभी नहीं चाहते थे कि वायुसेना को आधुनिक लड़ाकू विमान मिलें। ये वही लोग हैं जो तेजस लड़ाकू विमान परियोजना को ठंडे बस्ते में डालने की योजना बना रहे थे।प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ लोग अग्निपथ योजना के बारे में झूठ फैला रहे हैं कि सरकार पैसे बचाने के लिए ऐसा कर रही है। लेकिन मैं उनसे पूछना चाहता हूं - पेंशन का मुद्दा 30 साल बाद आएगा, सरकार आज फैसला क्यों लेगी... इसे भविष्य की सरकार के लिए छोड़ सकती थी। लेकिन, हमने सेनाओं के फैसले का सम्मान किया। हमारे लिए यह राजनीति नहीं है... हमारे लिए देश की सुरक्षा सबसे पहले है।पीएम मोदी ने आगे कहा, जो लोग युवाओं को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं, इतिहास गवाह है कि उन्हें कभी सैनिकों की चिंता नहीं रही। उन्होंने वन रैंक वन पेंशन पर झूठ बोला। यह मेरी सरकार है जिसने वन रैंक वन पेंशन योजना लागू की... ये वही लोग हैं जिन्होंने पिछले सात दशकों में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक नहीं बनवाया। ये वही लोग हैं जिन्होंने हमारे सैनिकों के लिए पर्याप्त संख्या में बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं बनवाए।

## बंगाल नौकरी घोटाला मामले में सीबीआई ने की 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान




**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल नगरपालिका नौकरी घोटाला मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल की 15 विभिन्न नगर पालिकाओं में 1,814 अवैध भर्तियों की पहचान की है।ये सभी भर्तियां 2014 से आउटसोर्स की गई एजेंसी एबीएस इन्फोजोन प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से की गई थीं, जिसका स्वामित्व निजी प्रमोटर अयान सिल के पास है। वह स्कूल की नौकरी के लिए करोड़ों रुपये की नकदी मामले में पहले से ही न्यायिक हिरासत में है।सूत्रों ने बताया कि राज्य में कुल 17 नगर पालिकाएं सीबीआई जांच के दायरे में हैं और केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने 15 शहरी नगर निकायों में अवैध भर्तियों की पहचान की है।उत्तर 24 परगना जिले में पानीहाटी और टाकी नगरपालिकाओं में सीबीआई अवैध भर्ती के एक भी मामले का पता नहीं लगा पाई है।सूत्रों ने बताया कि सीबीआई ने हाल ही में कोलकाता की एक विशेष अदालत में इस संबंध में ब्यौरा प्रस्तुत किया है।सूत्रों ने बताया कि 15 नगर पालिकाओं में से अनियमित भर्तियों की संख्या दक्षिण दमदम नगर पालिका में सबसे अधिक रही। यहां से 329 भर्तियां की गईं।

इसके अलावा उत्तर 24 परगना जिले के कामराहाटी, बारानगर और टीटागढ़ में भी सबसे ज्यादा भर्तियां की गई हैं।जांच से पता चला कि कई नगर पालिकाओं में विभिन्न पदों के लिए नकदी लेकर भर्तियां की गईं, जिनमें चिकित्सा अधिकारी, वार्ड मास्टर, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर और सफाई सहायक आदि शामिल थे।हाल ही में सीबीआई ने अपनी जांच के दौरान तीसरे पक्ष का भी खुलासा किया है, जिसमें कम से कम 25 बैंक खातों का पता लगाया गया है। इन सभी खातों का इस्तेमाल गलत तरीके से अर्जित आय को रखने के लिए किया गया था। इन बैंक खातों की बारीकी से जांच करने पर पता चला कि इन खातों में मोटी राशि जमा की गई, बाद में जिन्हें निकाल लिया गया।हाल ही में सीबीआई के वकील ने विशेष अदालत को बताया कि केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने नगर निगमों में भर्ती मामले की जांच करते हुए 42 स्थानों पर छापेमारी की थी, जहां से उन्होंने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए थे।

### भाजपा ने कारगिल के अमर शहीदों को किया नमन

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आज भारतीय सेना के अमर जवानों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा ने कहा है कि सैनिकों ने भारत माता की आन और तिरंगे की शान की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान कर दिया।भाजपा ने एक्स हैंडल पर लिखा है, %%अपने अदम्य साहस और वीरता से भारत माता की आन और तिरंगे की शान बरकरार रखने वाले कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि और वीर जवानों को नमन।

### बीजेपी नेता और पूर्व एमपी प्रभात झा का निधन, 67 साल की उम्र में मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभात झा का निधन हो गया है। वह मध्य प्रदेश के अध्यक्ष रहे थे और पार्टी के राज्यसभा सांसद भी रहे। उन्होंने गुरुवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके दो बेटे हैं। वह मूल रूप से बिहार के सीतामढ़ी जिला के कोरियाही गांव के रहने वाले हैं। प्रभात झा को भाजपा के उन नेताओं में शुमार किया जाता था, जिनकी बौद्धिक जगत में साख रही है। वह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर भी रहे थे।भाजपा के प्रवक्ता हितेश बाजपेयी ने उनके निधन की पुष्टि की है। उन्हें जून के आखिर में ही एयरलिफ्ट कर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एडमिट कराया गया था। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और प्रदेश भाजपा के महासचिव हितानंद शर्मा उनका हाल जानने भोपाल के अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो गुरुग्राम लाया गया था।बीजेपी नेताओं के अनुसार, 29 जून को प्रभात झा को न्यूरोलॉजिकल परेशानियों के चलते भोपाल से दिल्ली के लिए एयर एंबुलेंस के जरिए लाया गया था। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में एडमिट किया गया था, जहां उनका रूटीन ट्रीटमेंट भी मेदांता में ही चलता है।

## भारतीय पुरावशेषों की तस्करी रोकने के लिए भारत और अमेरिका के बीच समझौता

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को सांस्कृतिक संपत्तियों की बहाली एवं सुरक्षा तथा चुराई गई भारतीय पुरावशेषों की तस्करी को रोकने के लिए पहली बार द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। यहां भारत मंडपम में आयोजित 46वें विश्व धरोहर समिति की बैठक में आयोजित समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर के अवसर पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सचिव गोविंद मोहन और भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी उपस्थित थे।इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार द्वारा हमारी कलाकृतियों और सांस्कृतिक विरासत को वापस लाने के लिए अपनाए गए सक्रिय दृष्टिकोण को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि आज का दिन इतिहास में सुनहरे अक्षरों से लिखा जाएगा। हम भारतीय धरोहर की सुरक्षा और हमारी




ऐतिहासिक धरोहरों को घर वापस लाने की दिशा में महत्वपूर्ण समझौता कर रहे हैं।भारत और अमेरिका ने आज सांस्कृतिक संपत्तियों की बहाली और सुरक्षा तथा चुराई गई भारतीय पुरावशेषों की तस्करी को रोकने के लिए पहले द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए। पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के बाद से वहां से 262 पुरावशेष भारत लाए गए हैं। भारत सरकार के लिए विरासत के संरक्षण का काम प्राथमिकताओं में से एक है। आने वाले समय में अमेरिका से 297 पुरावशेष लाए जाएंगे।इस मौके पर भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि भारत एक शानदार देश है। मानव संस्कृति को समझने के लिए भारत की संस्कृति को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह समझौता न्याय के बारे में है। बौद्धिक संपदा के संरक्षण के बारे में है। इस मौके पर संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविंद मोहन ने कहा कि आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण दिन है। आज दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच समझौता हुआ है। यह बड़ा दिन है, दोनों देशों के बीच समझौता होने से पुरावशेषों की तस्करी को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### किराये के हैलीकॉप्टर पर भजनलाल सरकार खर्च करेगी हर साल 23 करोड़ से अधिक धनराशि

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में भले ही किसी भी पार्टी की सरकार रही हो, लेकिन किसी भी सरकार ने हवाई जहाज या हेलीकॉप्टर खरीदने की जहमत नहीं उठाई, बल्कि हर साल करोड़ों रुपये किराये या लीज के हवाई जहाज और हेलीकॉप्टरों से यात्रा करने पर फूंक दिए गए है । राजस्थान विधानसभा में लगे एक सवाल से यह खुलासा हुआ है । सवाल के जवाब में बताया गया है किराज्य सरकार के पास वर्तमान में कोई हवाई जहाज व हैलीकॉप्टर नहीं है।वहीं भजनलाल सरकार ने 5 जून 2024 को मैसर्स रेडबर्ड एयरवेज प्रा0 लि0, नई दिल्ली से हैलीकाप्टर लीज या किराये पर लेने का अनुबन्ध किया गया है। इस पर प्रतिवर्ष 23.79 करोड़ रुपये की राशि प्रतिवर्ष व्यय होना अनुमानित है।2023-24 में 29.94 खर्च हुए है ।

### ● ● एमएसपी पर कृषि मंत्री ने कहा ● ●

## सरकार किसानों को लाभान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध, कांग्रेस ने सरकार को घेरा


**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राज्यसभा में शुक्रवार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी पर सरकार से सवाल पूछा गया। इस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार इस बात को लेकर प्रतिबद्ध है कि एमएसपी का लाभ किसानों तक पहुंचे। हालांकि विपक्ष सरकार के इस जवाब से नाराज दिखाई दिया और उनके नेताओं ने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश की।उल्लेखनीय है कि एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर किसान संगठन आंदोलनरत हैं। इस मुद्दे को लेकर हाल ही में किसान नेता कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से संसद में मिले थे। इससे पहले भी किसान नेता अन्य विपक्षी नेताओं के साथ मिलकर इस मुद्दे को उठा रहे हैं।राज्यसभा में शिवराज सिंह चौहान ने अपने जवाब में कहा कि सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि एमएसपी का पूरा लाभ देश के किसानों तक पहुंचे। इसलिए देश के किसानों को एमएसपी दिलाने




तथा इस प्रणाली को और अधिक प्रभावी व पारदर्शी बनाने के लिए सुझाव देने हेतु सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया गया है। साथ ही, समिति को कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) को अधिक स्वायत्तता देने तथा इसे और अधिक वैज्ञानिक बनाने के तरीकों की व्यवहार्यता की जांच करने के लिए कहा गया है। साथ ही उच्च मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से देश की बदलती जरूरतों के अनुसार कृषि विपणन प्रणाली को मजबूत करने के लिए सुझाव देने का भी दायित्व सौंपा गया है। यह समिति प्राकृतिक खेती तथा फसल विविधीकरण के विषयों पर भी काम कर रही है।उन्होंने बताया कि इस समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं तथा 22 जुलाई, 2022 से अब तक 6 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त उपरोक्त विषयों पर विभिन्न उप-समितियों की 35 बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं।चौहान ने कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा हैं। किसान की सेवा हमारे लिए भगवान की पूजा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य एमसएसपी की दरें किसान को ठीक दाम देने के लिए लगातार बढ़ाई गई हैं। फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अधिकतम एमएसपी पर खरीद हुई है। इस साल भी तुअर, मसूर और उड़द की जितनी भी पैदावार किसान करेंगे, उसे सरकार खरीदेगी।

इसके खिलाफ कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने विजय चौक पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज भारत में किसानों के लिए 'काला दिन' है। मोदी सरकार का भयावह षड्यंत्रकारी चेहरा उजागर हो गया है। देश के कृषि मंत्री ने इनकार कर दिया कि किसानों और खेत मजदूरों को एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून कभी नहीं बनाएंगे। इतना ही नहीं, उन्होंने सी2+50 प्रतिशत पर एमएसपी निर्धारित करने से भी मना कर दिया। देश के करोड़ों किसान मोदी सरकार के इस अहंकार को कभी माफ नहीं करेंगे।

### भारत ने एशियाई आपदा तैयारी केंद्र की अध्यक्षता संभाली



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के क्षेत्र में वैश्विक और क्षेत्रीय स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभा रहा है। भारत ने इस दिशा में कई वैश्विक पहल की हैं, जिनमें आपदा रोधी अवसंरचना के लिए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन (सीडीआरआई) की स्थापना जैसी पहल प्रमुख हैं।भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य और विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने गुरुवार को बैंकॉक, थाईलैंड में वर्ष 2024-25 के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से एशियाई आपदा तैयारी केंद्र (एडीपीसी) की अध्यक्षता संभाली है।एडीपीसी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु लचीलापन निर्माण में सहयोग और कार्यान्वयन के लिए एक स्वायत्त अंतरराष्ट्रीय संगठन है। भारत और आठ पड़ोसी देश अर्थात बांग्लादेश, कंबोडिया, चीन, नेपाल, पाकिस्तान, फिलीपींस, श्रीलंका और थाईलैंड एडीपीसी के संस्थापक सदस्य हैं।

## भारी बारिश के बीच महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार की नजर बाढ़ जैसे हालात पर

**मुंबई (आरएनएस)।** पश्चिमी घाट (सह्याद्रि पर्वतमाला) में रुक-रुक कर तेज बारिश हो रही है। ऐसे में बाढ़ और बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति को देखते हुए महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार एक दूसरे के संपर्क में है और स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही हैं।



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार मौजूदा घटनाक्रम को लेकर कर्नाटक के साथ लगातार संपर्क में है, जिनके कारण पहले कठिन परिस्थितियां पैदा हुई थीं।फडणवीस ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, महाराष्ट्र सरकार कर्नाटक सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। कर्नाटक के अतिरिक्त सचिव और अलमट्टी बांध के चीफ इंजीनियर के साथ लगातार बातचीत की जा रही है। कर्नाटक सरकार से 517.5 मीटर का जलस्तर (एफआरएल) बनाए रखने के लिए कहा गया है और इसे मंजूर कर लिया गया है।डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य में भारी बारिश के कारण कुछ बांधों से पानी छोड़ना पड़ा है।

वह सिंचाई विभाग के साथ लगातार संपर्क में हैं। विभाग को स्थानीय प्रशासन के साथ संपर्क में रहने को कहा गया है।खडकवासला बांध से गुरुवार को 35 हजार 300 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। अब 40 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और बारिश की स्थिति के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।इसी तरह, कोयना बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो सुबह 3 बजे 30 हजार क्यूसेक हो गया, अब इसके 40 हजार क्यूसेक तक पहुंचने की उम्मीद है।

पहले की तरह राज्य से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से महाराष्ट्र और कर्नाटक दोनों राज्यों में चिंताजनक स्थिति पैदा हो सकती है। 2019 की विनाशकारी बाढ़ के दौरान दोनों राज्यों के बीच राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था।बाद में, तत्कालीन भारतीय जनता पार्टी सरकार ने एक विशेषज्ञ अध्ययन समिति (ईएससी) का गठन किया था, जिसने अगली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार को अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी।

दिलचस्प बात यह है कि ईएससी ने 2019 बाढ़ विवाद पर कर्नाटक को %क्लीन चिट% दे दी थी। साथ ही पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) गठबंधन पर भी उंगली उठाई थी।इस बीच, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने राज्य में बारिश और बाढ़ की स्थिति पर चर्चा के लिए देर रात बैठक की। गुरुवार को इस बाढ़ के कारण कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।

## नोएडा प्राधिकरण ने अवैध कब्जे पर चलाया बुलडोजर, 15 करोड़ की जमीन कराई मुक्त

**नोएडा (आरएनएस)।** नोएडा प्राधिकरण अवैध तरीके से जमीन पर कब्जा करने वाले भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अब तक करोड़ों रुपए की जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जा चुका है।प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को हटाने का अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार सुबह प्राधिकरण की टीम ने सेक्टर-44 में अभियान चलाकर करीब तीन हजार वर्गमीटर जमीन को कब्जा मुक्त कराया।बीते कई दिनों से चल रहे अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने 2020 से लेकर अब तक करीब 2000 करोड़ की जमीन अवैध कब्जा मुक्त कराई है। भूमाफिया इस जमीन के चारों ओर बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर रहे थे। ये जमीन प्राधिकरण के मास्टर प्लान 2031 में शामिल है। यह जमीन आवासीय श्रेणी में आती है।प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-44 के सदरपुर गांव में करीब तीन हजार वर्ग मीटर जमीन प्राधिकरण अधिसूचित और कब्जा प्राप्त जमीन है। भू माफियाओं ने इस जमीन के चारों ओर बाउंड्री कराकर गेट लगा दिया था।जब प्राधिकरण को इसकी जानकारी मिली तो नियमानुसार पहले नोटिस जारी कर इसे तत्काल हटाने को कहा गया। जब उन्होंने कब्जा नहीं छोड़ा तो शुक्रवार सुबह प्राधिकरण 50 लोगों की टीम और बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंची। जब तक अतिक्रमणकर्ता कुछ समझता प्राधिकरण ने बाउंड्री वॉल और गेट को तोड़ते हुए जमीन पर कब्जा कर लिया।इस जमीन की कीमत करीब 15 करोड़ रुपए आकी जा रही है।

## मारकंडा नदी पर बना पुल बहा, रुद्रप्रयाग-मदमहेश्वर ट्रैक पर फंसे 125 यात्री, 10 लोग बचाए गए

**देहरादून/रुद्रप्रयाग,(हि.स.)।** उत्तराखंड राज्य के जनपद रुद्रप्रयाग में मदमहेश्वर ट्रैक पर गोंडार नदी पर बना वैकल्पिक पुल शुक्रवार को बह गया और ट्रैक पर लगभग 125 लोग फंस गए। हालांकि एसडीआरएफ ने रेस्क्यू कर 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। ट्रैक पर फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू जारी है।आपातकालीन परिचालन केंद्र रुद्रप्रयाग के अनुसार रुद्रप्रयाग जनपद के ऊखीमठ तहसील अंतर्गत वनतोली गोंडार में मारकंडा नदी पर बना वैकल्पिक पैदल पुल के बहने से मदमहेश्वर मंदिर में लगभग 100 व्यक्ति और ऑन ट्रैक पर 20-25 व्यक्ति फंस गए। हालांकि सभी सुरक्षित हैं।



पीडब्ल्यूडी ऊखीमठ तहसील प्रशासन से टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। हेली रेस्क्यू के लिए कार्य गतिमान है। रांसी से नानू चट्टी वैकल्पिक हेलीपैड बनाया जा रहा है, वहीं से सभी यात्रियों का रेस्क्यू किया जाएगा।वहीं मदमहेश्वर ट्रैक पर गोंडार के पास फंसे लोगों को निकालने के लिए एसडीआरएफ की एक टीम इंस्पेक्टर अनिरुद्ध भंडारी के नेतृत्व में हेलीकॉप्टर से मदमहेश्वर से पांच किलोमीटर नीचे नानू नामक स्थान पर पहुंच गई है। वहां पर करीब 25 से 30 लोग हैं। अभी तक 10 लोगों को रेस्क्यू कर हेलीकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है। शेष लोगों को भी जल्द ही रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाएगा। एसडीआरएफ की एक अन्य टीम पोस्ट अगस्त्यमुनि से पैदल मार्ग से होते हुए घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

## पठानकोट में फिर दिखी संदिग्धों की मूवमेंट

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पठानकोट में सैन्य क्षेत्र के निकट गुरुवार रात भी तीन संदिग्ध व्यक्तियों के एक घर में घुसपैठ करने की सूचना पर पंजाब पुलिस तथा बीएसएफ ने समूचे क्षेत्र की नाकाबंदी कर सर्च अभियान शुरू किया है। एक सप्ताह में यह दूसरा मौका है जब सीमावर्ती जिले पठानकोट में संदिग्धों की मूवमेंट देखी गई है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात पठानकोट के सैन्य क्षेत्र मामून से सटे इलाके के गांव फंगतौली में तीन संदिग्धों की मूवमेंट देखी गई है।

गांववासी बलराम सिंह के अनुसार रात करीब ढाई बजे तीन संदिग्ध दीवार फांदकर उसके घर में घुस आए और आवाज देकर रोटी की मांग की। उन्होंने कमरे का दरवाज़ा नहीं खोला और न ही उनकी आवाज का कोई जवाब दिया।बलराम सिंह ने बताया कि तीनों संदिग्धों के पास बैग थे और उन्होंने काले रंग के कपड़े पहने थे।

उन्होंने आवाज देकर कहा कि उठो, हमें भूख लगी गई रोटी दो। तीन चार बार बोले और फिर लाल रंग की लाइट पर्दे पर डालकर डराने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

# एके की एक्स जंग

## केशव प्रसाद मौर्य दिल्ली की वाईफाई का पासवर्ड हैं

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। अखिलेश् यादव ने कहा कि मौर्य जी दिल्ली के मोहरा हैं। वह दिल्ली के वाई फाई के पासवर्ड हैं। अब आप दिल्ली के वाई फाई के इस पासवर्ड का खेल देखिए। वैसे हमारा विंटर ऑफर खुला है। वह कोटा को लेकर पत्र लिख कर दोहरी भूमिका निभाना चाहते हैं।

अखिलेश ने कहा कि यूपी में टॉप पदों पर कौन लोग बैठे है। यह भी देखिए। लोग सपा को जातिवाद बता रहे हैं। भाजपा के नेता खुद कह रहे हैं कि आज जैसा भ्रष्ट्चार पहले कभी नहीं रहा। पुलिस एनकाउंटर का रेट लगाती है। हत्याओं का दौर चल रहा है। बीजेपी के लोग ही कानून व्यवस्था बिगाड़ रहे है। दिल्ली व लखनऊ मिल कर काम करते तो ना जाने यूपी कितनी प्रगति कर लेता है।

अखिलेश ने कहा कि अग्निवीर व्यवस्था को समाजवादी पार्टी कभी स्वीकार नहीं कर सकती। मैं खुद मिलिट्री स्कूल से पढ़ा हूँ, मेरे कई मित्र सेना में हैं। आप 5 ट्रिलियन इकोनॉमी की बात करते हैं तो आप नौजवान को फौज को पक्की नौकरी नहीं दे सकते? भाजपा के लोग बहुत परेशान हैं इस समय,उन्हें नही पता क्या मुद्दे इस समय उठाया जाए।

## कांग्रेस का मोहरा बन गए हैं सपा बहादुर



**लखनऊ।** बीजेपी में मची हलचल के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के बीच बयानबाजी और वार-पलटवार का दौर जारी है। शुक्रवार को एक बार फिर अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य पर निशाना साधते हुए दिल्ली के वाईफाई का पासवर्ड बताया। इस पर पलटवार करते हुए केशव मौर्य ने अखिलेश यादव को कांग्रेस का मोहरा बता दिया। दोनों के बीच पिछले दो सप्ताह से सोशल मीडिया पर एक दूसरे पर हमले का दौर चल रहा है। इसकी शुरुआत भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में केशव के सरकार से बड़ा संगठन वाले बयान के बाद हुआ है। इसके बाद केशव दिल्ली पहुंचे तो अखिलेश ने सौ लाओ सरकार बनाओ मानसून ऑफर लिखकर ऐसा तंज कसा की पूरी भाजपा सपा प्रमुख को निशाने पर लेने लगी।

शुक्रवार को सबसे पहले अखिलेश यादव ने लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए केशव पर निशाना साधा। अखिले यादव ने कहा कि केशव दिल्ली के मोहरा हैं। वह दिल्ली के वाईफाई के पासवर्ड हैं। कह भी कहा कि वैसे हमारा विंटर ऑफर खुला है। वह कोटा को लेकर पत्र लिख कर दोहरी भूमिका निभाना चाहते हैं। अखिलेश यादव केशव के उस पत्र की चर्चा कर रहे थे जिसमें उन्होंने संविदा पदों पर आरक्षण को लेकर पत्रत्र लिखा था।

# अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी में मिलेगा वेटेज

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है भारत, 10 साल में हुए बेहतरीन रिफॉर्मः योगी आदित्यनाथ**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश की सेवा करके लौटने वाले अग्निवीरों को यूपी पुलिस और पीएसी बल में वेटेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के रूप में देश को ट्रेंड और अनुशासित युवा सैनिक मिलेंगे। सीएम योगी ने अग्निवीर मुद्दे पर विपक्ष की राजनीति को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि विरोधियों का काम हर प्रगति और रिफॉर्म वाले कार्य में अड़ंगा लगाने, टांग अड़ाने और अफवाह फैलाने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। बीते 10 साल में भारत में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय सेना के आधुनिकीकरण और इसके साजो-सामान के मामल में हम आत्मनिर्भरता की ओर से बढ़ रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने से पहले शुक्रवार शाम यहां अपने सरकारी आवास पर सीएम योगी मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### समय-समय पर रिफॉर्म अत्यंत जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश और समाज के लिए प्रगति और समृद्धि के नित नये प्रतिमान स्थापित करने के लिए समय-समय पर होने वाला रिफॉर्म अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। हर फील्ड में पिछले 10 साल में बेहतरीन रिफॉर्म हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अथर्व्यवस्था को एक सम्मानजनक स्थिति में पहुंचाने और दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में लाने के लिए कार्य किये गये हैं। एक तरफ हम समृद्धि के नित नये सोपान छू रहे हैं, तब हमें राष्ट्रीय सुरक्षा को भी उतना ही महत्व देना होगा। सेना और उनके साजो सामान में आत्मनिर्भरता के लिए उठाये गये कदम हों या आधुनिकिकरण के लिए लिए गये त्वरित निर्णय, आज अत्याधुनिक फाइटर प्लेन भारत के पास हैं।



### अग्निवीरों के लिए सरकार प्रतिबद्ध

सीएम योगी ने कहा कि आज अग्निवीर में युवा उत्साह के साथ भर्ती हो रहे हैं। इसके बाद उन्हें पैरा मिलिट्री और सिविल पुलिस में समायोजित करने की व्यवस्था की जा रही है। यूपी सरकार ने भी कहा है कि अग्निवीर की योजना जैसे-जैसे आगे बढ़ती है और जब ये युवा अपनी सेवा के बाद वापस आएंगे तो हम यूपी पुलिस और पीएसी बल में इनके समायोजन की सुविधा और वेटेज देंगे। अग्निवीरों के रूप में ट्रेन्ड और अनुशासित युवा हमें मिलेंगे। इसके लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेना में रिफॉर्म के इस अभियान को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सर्वोपरि मानते हुए हमें आगे बढ़ाना चाहिए।

### अग्निवीर को लेकर युवाओं में उत्साह

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी और तमिलनाडु में डिफेंस इंडस्ट्रियल कारीडोर विकसित हो रहा है। यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के 6 नोड में हजारों करोड़ का निवेश आया है। चाहे भारत डायनेमिक्स लिमिटेड का कार्य हो या ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की दिशा में प्रगति, हमने लंबी छलांग लगाई है। सेना भी हमारी इस गति के साथ आगे बढ़ रही है। अग्निवीर की योजना भारतीय सेना में इसी दृष्टि से आगे बढ़ाई गई है। इसे लेकर युवाओं में उत्साह है। 10 लाख अग्निवीर भारतीय सेना के अग्निपथ पर मजबूत जवान के रूप में अपनी सेवा देने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। दुर्भाग्य है कि कुछ राजनीतिक दलों के लिए स्वयं की राजनीति देश से बड़ी हो गई है। वो देश की कीमत पर राजनीति करना चाहते हैं। वह हर रिफॉर्म और प्रगति वाले कार्य में टांग अड़ाने, गुमराह करने और बयानबाजी करने जैसे कृत्य करते रहते हैं। विपक्ष इस मुद्दे को लेकर लगातार युवाओं को गुमराह कर रहा है।

## निषाद पार्टी की कोर कमेटी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी-राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संजय कुमार निषाद के सरकारी आवास पर 01 विक्रमादित्य मार्ग पर निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी की कोर कमेटी/पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

निषाद ने महाराज गुह्यराज निषाद विधीवत पूजन से कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

निषाद ने बताया कि आज प्रदेश की कोर कमेटी/पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के लिए दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी जानी आवश्यक होती है तो इसी सम्बंध में बैठक का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर से आये कार्यकर्ता क्षेत्र में प्रचार प्रसार के दौरान आ रही परेशानियों को भी पार्टी फॉर्म पर रखते हैं, जिसमे कुछ शासकीय/जिला स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों की समस्या भी शामिल होती है और कुछ पार्टी स्तर की भी समस्या आती जिसमे प्रचार प्रसार को आ रही समस्याओं को कार्यकर्ता बताते है, ऐसा करने से पार्टी शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं में समन्वय बना रहता है। निषाद कहा कि जो कार्यकर्ता क्षेत्र की समस्याओं को मेरे समक्ष रखता है हम संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को हल करवाने का कार्य भी मरते हैं साथ ही साथ समस्याओं को गंभीरता को देखते हुए संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी अवगत कराते है जिससे की कार्यकर्ताओ का मनोबल बढ़ता है।

## लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुक्रवार को लखनऊ मंडल के जनप्रतिनिधियों की बुलाई गई। लखनऊ मंडल की बैठक में भाजपा के पूर्व जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह, आबकारी मंत्री नीति अग्रवाल, विधायक नीरज बोरा, अदिति सिंह समेत सभी विधायक और एमएलसी भी शामिल हुए, लेकिन उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक नहीं पहुंचे। जबकि वह लखनऊ में ही थे।

बृजेश पाठक के बैठक में नहीं पहुंचने को लेकर प्रदेश की सियासत गरमा गई है। दरअसल मुख्यमंत्री मंडलवार भाजपा और सहयोगी दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के हार की समीक्षा कर रहे हैं। जहां गुरुवार को मुख्यमंत्री ने मेरठ और प्रयागराज मंडल की बैठक की।

वही शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ मंडल के सभी विधायकों से विधानसभावार लोकसभा चुनाव के परिणामों को लेकर चर्चा की और हार के कारणों की जानकारी ली। लोकसभा चुनाव के बाद लखनऊ मंडल की यह पहली बैठक थी । जिसमे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। वही मुख्यमंत्री की तरफ से सभी जनप्रतिनिधियों को कार्यकर्ताओं के साथ संवाद स्थापित करने को कहा गया।

# विधानसभा के मानसून सत्र से पहले सतीश महाना की बैठक

▸▸ अधिकारियों से लिया तैयारियों का जायजा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के आगामी 29 जुलाई से प्रारम्भ हो रहे मानसून सत्र से पहले इसकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज एक आलाधिकारियों की एक उच्च स्तरीय बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में प्रमुख सचिव, विधान सभा, प्रदीप दुबे, अपर मुख्य सचिव (गृह) दीपक कुमार, प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, के. रविन्द्र नायक, एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश, एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और पुलिस कमिश्नर लखनऊ अमरेन्द्र सेंगर मौजूद रहे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि सत्र के दौरान वाहनों की जांच, आपातकाल स्थिति में विधानभवन परिरसर से सदस्यों अधिकारियों एवं नागरिकों को सुरक्षित निकालने और विधानभवन के निर्धारित स्थानों पर क्यू आरटी टीम की भी चुस्त व्यवस्था होनी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानभवन आने वाले विधायकों के गनर और सुरक्षा कर्मियों के बैठने तथा जलपान लंच आदि की उचित व्यवस्था करने के साथ ही भविष्य में उनके बैठने की स्थाई व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान अग्निशमन उपकरणों एवं दमकल वाहनों की पूरी व्यवस्था होनी चाहिए। इसके साथ ही बैठक में विधानसभा भवन की वर्तमान सुरक्षा व्यवस्थाओं का आकलन करने, उसको सुदृढ़ करने, विधान सभा में दर्शकों के प्रवेश प्रक्रिया समेत अन्य बिंदुओं के विषय में विशिष्ट व्यवस्था करने पर चर्चा किया गया।

### पंचायत अध्यक्षों की व्यावहारिक समस्याओं का निराकरण होगा: राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश के पंचायतीराज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की अध्यक्षता में विगत दिवस कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिला पंचायत अध्यक्षों से सीधा संवाद करते हुए उनकी व्यावहारिक समस्याओं को जानना था साथ ही उनके सुझावों को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे कार्यक्रमों को शामिल करते हुए योजनाओं को गति देना है। पंचायती राज मंत्री ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है।बैठक में अध्यक्षों द्वारा जिला पंचायतों में स्थित विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियो विशेष जोर दिया। इस हेतु कारगर नीति बनाये जाने का सुझाव रखा गया। इसका उद्देश्य सम्पत्ति का कारगर प्रबन्ध किया जाना है। जिला पंचायत अध्यक्षों ने कर्मचारियों की कमी दूर किये जाने हेतु नियुक्ति किये जाने का सुझाव दिया। पंचायती राज मंत्री ने अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत मांगो पर उचित कार्यवायी किये जाने का आश्वासन दिया।

## होम-स्टे योजना से ग्रामवासियों को मिलेगा स्वरोजगार: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि स्थानीय स्तर पर ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने, युवाओं के ज्ञान और कौशल में संवर्धन करने के उद्देश्य से होम-स्टे में आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत युवाओं को आय के बेहतर साधन उपलब्ध हो सके तथा युवा घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके। होम-स्टे योजना से ग्रामीणवासियों को रोजगार के साथ आमदनी भी प्राप्त होगी और पर्यटन गांव तक पहुंच जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि होम-स्टे योजना के तहत 229 गांवों को पर्यटन गांवों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां ठहरने की व्यवस्था स्थानीय समुदाय द्वारा होम-स्टे के रूप में प्रदान की जाएगी। जो स्थानीय भ्रमण, स्थानीय व्यंजन, लोक गीत-नृत्य, स्थानीय सांस्कृतिक एवं परंपराओं का अनुभव प्रदान करेंगे। गौरतलब हो कि विभाग की इस महत्वाकांक्षी परियोजना 'कृषि-ग्रामीण और गंगेय-ग्राम ग्रामीण पर्यटन' के माध्यम से चयनित गांवों के लोगों के लिए अलग-अलग चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिससे की स्थानीय स्तर पर ही उद्यमिता विकास किया जा सके। 26 जुलाई को होम-स्टे प्रबंधन 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का समापन सम्पन्न हुआ। जुलाई 22 से 26 तक आयोजित पांच दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में अयोध्या, कानपुर, मैनपुरी, आगरा, अलीगढ़,फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा और कासगंज से 38 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को संचार कौशल, बेसिक कंप्यूटर, इंटरनेट, मोबाइल संचार, व्यक्तित्व विकास, सौंदर्य मानक, मार्केटिंग, एकाउंटेंसी के बुनियादी कौशल, होम-स्टे से जुड़े नियम-कानून, होमस्टे के कार्यात्मक क्षेत्रों का रखरखाव आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

## योगी में पहले भी था विश्वास, आज भी है भरोसा, वही हमारे नेता: पूर्व मंत्री फतेह बहादुर

लोकमित्र ब्यूरो



**गोरखपुर।** पूर्व मंत्री और कैम्पियरगंज से भाजपा विधायक फतेह बहादुर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना नेता बताते हुए कहा है कि योगी जी पर पहले भी भरोसा था और आज भी विश्वास है। खुद के जान-माल के खतरे को लेकर हो रही उच्च स्तरीय जांच से संतुष्ट बताते हुए फतेह बहादुर सिंह ने कहा कि उन्हें पिछले पांच सालों से उपलब्ध कराई गई वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देन है और वह पूरी निष्ठा और आस्था के साथ सीएम योगी के साथ पहले भी थे और अब भी हैं।

शुक्रवार को अपने लेटर हेड पर एक बयान जारी करते हुए फतेह बहादुर सिंह ने कहा, अभी हाल ही में कथित तौर पर कुछ व्यक्तियों द्वारा मेरी जान-माल का खतरा बताया गया, जिसकी प्रशासन द्वारा उच्च स्तरीय जांच एसटीएफ द्वारा कराई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

मैं जांच से पूरी तरह संतुष्ट हूं। पूर्व मंत्री सिंह ने यह भी कहा है, व्यक्तिगत रूप से मैं माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के साथ पहले भी था और अभी भी हूं। यहां यह भी स्पष्ट करना चाहूंगा कि मुझे पिछले पांच वर्षों से वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा भी माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा उपलब्ध कराई गई है। माननीय मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ जी महाराज के नेतृत्व में मैं पूरी तरह निष्ठा एवं आस्था के साथ विश्वास रखता हूं। माननीय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का उत्तरोत्तर चहुमुखी विकास हो रहा है, जिसकी पूरे देश में सराहना की जा रही है। बता दें कि सीएम योगी के निर्देश पर विधायक फतेह बहादुर सिंह को वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। इसके तहत वर्तमान समय में कुल 11 सुरक्षाकर्मी (1-4 की गार्द तथा 6 पीएसओ 8-8 घंटे के लिए) लगाए गए हैं।

## कुशल राजनीतिज्ञ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे राजीव रंजन सिंह: अनूप



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बिहार के निवासी जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन सिंह के असामयिक एवं आकस्मिक निधन पर जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि राजीव रंजन कुशल राजनीतिज्ञ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी थे। उनके असामयिक निधन से बिहार के राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्र में एवं हमारी पार्टी को अपूर्णीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई हो पाना असम्भव है। प्रदेश अध्यक्ष ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति एवं शोक-संतप्त परिजनों को इस महान दुःख की घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। राजीव रंजन सिंह जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बहुत ही आत्मीय एवं विश्वास पात्र थे।

## हिंदू भक्तों खातिर इकरा हसन ने मांगी ट्रेन

▸▸ लोग बोले,नेता हो तो ऐसी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की कैराना से सांसद इकरा हसन चौधरी का लोकसभा में पहला भाषण सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोकसभा के गठन से बाद से पहली बार इकरा हसन को संसद में बोलने का मौका मिला है। इससे पहले वह सिर्फ शपथ ग्रहण के दौरान ही बोल सकी थीं।

इकरा चौधरी ने हिंदू भक्तों के लिए कुछ डिमांड की है। सोशल मीडिया पर लोग लिख रहे हैं कि एक मुस्लिम सांसद होने के बावजूद भी उन्होंने हिंदू भक्तों के लिए डिमांड की है।

कई ने लिखा है कि एक युवा नेता के तौर पर उन्होंने अच्छा उदाहरण पेश किया है। वहीं कईयों ने लिखा है कि सांसद हो तो ऐसी। इकरा हसन ने कहा, श्धन्यवाद सभापति, संसद में मुझे बोलने का मौका दिया। इसलिए सबसे पहले मैं अपने क्षेत्र की ऐसी समस्या सदन में रखना चाहूंगी, जिसका सरोकार जन-जन से है। मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना में रेल मंत्रालय से संबंधित विभिन्न समस्याएं काफी लंबे वक्त से लंबित है। इनका पूरा कराया जाना, आम जनता की सुविधा के लिए बहुत जरूरी है।

पानीपत-कैराना-मेरठ रेल मार्ग का सर्वे कई बार कराया जा चुका है लेकिन अभी तक इस मार्ग पर कार्य नहीं शुरू हो सका है। यूपी हरियाणा को जोड़ने वाला यह रेल मार्ग बेहद आवश्यक है।श् शामली से प्रयागराज तक और शामली से वैष्णो देवी तक, नई ट्रेनों की चलाने की मांग श्रेत्र के लोग लंबे समय से आने की मांग कर रहे हैं। प्रयागराज में हाई कोर्ट का होना और वैष्णो देवी धार्मिक स्थल होने के साथ, दोनों क्षेत्रों में कनेक्टिविटी होना बहुत जरूरी है।

अंत में दिल्ली शामली, सहारनपुर रेल मार्ग पर कई जगहों पर रेलवे पुलों का निर्माण जरूरी है। अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री से अनुरोध करूंगी कि वह इन समस्याओं को जल्द निपटाएं। इकरा हसन का ये वीडियो इसलिए भी वायरल हो रहा है क्योंकि 23 जुलाई को ही आम बजट के साथ ही रेलवे का भी बजट पेश हुआ है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते वक्त रेल मंत्रालय का जिक्र तक नहीं किया है। ऐसे में अब इकरा हसन ने रेलवे मंत्रालय से अपने इलाके के लिए कई डिमांड सीधे लोकसभा के जरिए ही कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला की चेन छीनकर भागा कार चालक

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना इलाके में एक महिला का मंगलसूत्र छीनकर कार चालक फरार हो गया। वो पास के ही एक अस्पताल में दवा लेने आई थी। अस्पताल के बाहर छिनैती की वारदात को अंजाम दिया गया। सीसीटीवी जब्त किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। शुक्रवार की दोपहर करीब एक लखनऊ सीतापुर रोड पर साढामऊ गांव में स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में संजफिया पत्नी जमुना निवासी शाहपुर थाना इटौंजा इलाज के लिए आयी थी । वहीं उसके साथ में गांव की दो अन्य महिला भी आयीं थी। महिला जब अस्पताल के बाहर निकली तो दोनों महिला मेडिकल स्टोर से दव खरीदने चलीं गई ।घ् तभी के कार वहीं पहुंची। कार चालक ने महिला पूछा कहां जाना है, आओ छोड़ दें। महिला ने इंकार कर दिया। तभी चार पहिया वाहन सवार ने महिला के गले में पड़ा सोने का मंगलसूत्र छीनकर भाग गया

### बीकेटी में पेट दर्द के बाद युवक की मौत

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की पहचान अजय कुमार (25) के रूप में हुई है। वो इंदौरबाग के पं दीनदयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान में मजदूरी का काम करता था। मृतक के चाचा दिलीप कुमार ने बताया कि अजय के पेट में गुरुवार की रात दर्द होने लगा। हम सभी लोग अस्पताल चलने के लिए कहे। लेकिन अजय ने सुबह डॉक्टर के पास चलने के लिए कहा। दिलीप की मानें तो सुबह 6 बजे फिर से अजय के पेट में तेज दर्द हुआ। हम सब उसे इंदौराबाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### आयुष अस्पताल में चोरी

**लखनऊ।** लखनऊ के पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के कल्ली पश्चिम में स्थित 50 बेड आयुष चिकित्सालय में चोरी हो गई। अस्पताल परिसर के अंदर दो डॉक्टरों के कमरे में लगी एसी के आउटडोर सहित जनरेटर का बैट्री तक चोर उठा ले गए। घटना की जानकारी सुबह अस्पताल पहुंचने पर हुई। जब डॉक्टरों ने कमरे में बैठकर एसी चलाई तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। पुलिस ने चिकित्सा अधीक्षक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक संदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि 50 बेड के आयुष चिकित्सालय में चोरी हुई है, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि चोर पीछे की बाउंड्री वॉल से अंदर घुसे और चोरी की वारदात कर भाग निकले। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि अस्पताल के सीएमएस की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### बिजली के खंभे में उतरा करंट,दो गायों की मौत

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनी नगर थाना क्षेत्र के स्कूटर इंडिया चौराहे के पास शुक्रवार की सुबह में विद्युत विभाग व नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण से दो गायों की करंट लगने से मौत हो गई। पूरा मामला स्कूटर इंडिया चौराहे के पास का है। जहां बिजली के खंभे में करंट उतरने के कारण से दो गायों की मौत हुई। मौके पर मौजूद लोगों नाराजगी जताई और कहा कि नगर निगम अगर अपना काम सही से करता तो इन बेजुबान गायों की मौत ना होती। लोगों का कहना है कि चौराहे के पास नाले के किनारे लगे बिजली का खंभा जर्जर था लेकिन इसे नहीं बदला गया।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के पिपरसंड रोड के पास रहने वाले राजा सोनी ने सुजीत व उसके चार-पांच साथियों के खिलाफ थाने में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजा सोनी का कहना है कि रात करीब 11.45 बजे सुजीत और उसके चार-पांच साथी ऑटो रिक्शा लेकर उसके पास पहुंचे। सभी ने उसका कॉलर पकड़ा और लगभग आधा किलोमीटर तक ऑटो से खींचते हुए ले गए। इससे उसको काफी चोट लगी। आरोप लगाया है कि इस दौरान आरोपियों ने उसे इतना मारा कि बायां हाथ भी टूट गया। उसके बगल में मौजूद साले संदीप को भी गंभीर चोट आई है। राजा सोनी ने सभी आरोपियों के ऊपर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाते हुए सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। सरोजनी नगर थाना प्रभारी शैलेन्द्र गिरी का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। जांच चल रही है और जो भी दोषी होगा, उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गार्ड की मौत

**लखनऊ।** आलमबाग बस अड्डे के सामने गुरुवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से गार्ड गिरीश चन्द्र साहू (67) की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया है। बाजारखाला के मेंहदीगंज निवासी गिरीश चन्द्र साहू आलमबाग बस अड्डे पर गार्ड के पद पर तैनात थे। गुरुवार सुबह वह ड्यूटी पर आए थे। दोपहर में वह दुकान से सब्जी-पूड़ी लेकर लौट रहे थे। वह बस अड्डे के पास पहुंचे तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बुजुर्ग मरीजों का इलाज कर दवा बांटी

**लखनऊ।** कल्ली पूर्व गांव में 50 बेड एकीकृत आयुष अस्पताल की ओर से वृद्धावस्था रोग निवारक शिविर लगा। आयुष अस्पताल के अधीक्षक डॉ. संदीप कुमार शुक्ला के निर्देशन में लगे शिविर में 125 वृद्धजनों और दूसरे मरीजों को परामर्श व इलाज दिया गया। मौके पर निन्शुल्क दवा वितरित की गई। डॉ. प्रज्ञा साहू, डॉ. आशुतोष शुक्ला, कर्मचारी दिलीप, आलोक, पिंकी, कौशल, ग्राम प्रधान राम खेलावन, गणेश अवस्थी मुख्य रूप से रहे।

### सुशांत गोल्फ सिटी में युवक ने फांसी लगाई

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित घर में गुरुवार को एक युवक ने फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मूलरूप से गाजीपुर के दिलदार नगर निवासी विष्णुकांत चौबे (30) सुशांत गोल्फ सिटी के मांढर मऊ में किराये के घर में रहकर निजी कंपनी में काम करते थे। पुलिस के मुताबिक गुरुवार शाम को दिल्ली में रह रहे पिता उमाकांत चौबे ने बेटे विष्णुकांत को फोन किया पर संपर्क नहीं हो सका। उन्होंने बेटे के दोस्त को फोन किया। वह कमरे पर गया तो विष्णुकांत के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर भीतर गए तो विष्णुकांत फंदे के सहारे लटके हुए थे। परिवार में पत्नी पूजा व एक बेटी है। पत्नी बेटी को लेकर मायके गई हुई थी। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राजकीय एवं निजी आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन करे आवेदन

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए राजकीय और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हैं।आवेदन आईटीआई में नियमित चलने वाले कोर्स तथा टाटा टेक्नोलाजी लिमिटेड के सहयोग से संचालित 149 राजकीय संस्थानों में 11 दीर्घकालीन व्यवसायों के प्रशिक्षण सत्र के लिए किया जा सकता है, जो अगस्त 2024 से प्रारंभ होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।अधिशासी निदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों में किसी भी प्रकार की त्रुटियों के संशोधन हेतु अभ्यर्थियों को 2 दिन यानि 48 घंटे का समय दिया जाएगा। प्रवेश की जानकारी हेतु अभ्यर्थी विवरणी को पूर्ण रूप से या आवश्यकतानुसार किसी भाग को प्रिंट कर सकते हैं या डाउनलोड कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 04 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक है।

# प्रमोटर बनाने का झांसा दे व्यापारी से एक करोड़ हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वांचल में आईटी हब और बहुमंजिला होटल निर्माण का दावा करते हुए रियल एस्टेट फर्म संचालक ने व्यापारी से करीब एक करोड़ रुपये ऐंठ लिए। आरोपी ने एनआरआई होने का झांसा देकर करीब 125 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू करने का झांसा दिया था। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्लोबस अपार्टमेंट निवासी सगीर अहमद की मुलाकात डालीबाग निवासी काजी मुख्तार से हुई थी। बातचीत के दौरान मुख्तार ने बताया कि वह अमेरिका में रहता है और एनआरआई है। भारत सरकार ने विदेशी निवेशकों को आमंत्रित कर रही है। इसी क्रम में वह भी पूर्वांचल में आईटी हब सेटअप करने वाला है। आईटी के साथ एक बहुमंजिला होटल भी तैयार किया जाएगा। जिसमें होटल के साथ मॉल भी होगा। काजी मुख्तार की लुभावनी बातों पर भरोसा कर सगीर झांसे में फंस गए। कुछ मुलाकातों के बाद आरोपी ने सगीर से कहा कि अगर तुम कम्पनी में प्रमोटर के तौर पर जुड़ जाओ। जिससे अच्छा मुनाफा कमा सको।

काजी की बात पर भरोसा कर सगीर ने भी हामी भर दी। जिसके बाद आरोपी ने करीब एक करोड़ रुपये टुकड़ों में लिए। जिसके बाद होटल और आईटी हब के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पूछताछ करने पर काजी टाल मटोल करने लगा। शक होने पर सगीर ने छानबीन करना शुरू किया। जिसमें काजी मुख्तार की हकीकत का पता चला। सगीर के मुताबिक आरोपी एनआरआई नहीं है। धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए काजी मुख्तार ने जमीन के फर्जी कागज भी तैयार कराए थे। जिन्हें दिखा कर वह लोगों से रुपये ऐंठता है। एसओ विकासनगर विपिन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पार्टनर बनाने के नाम पर व्यापारी से 21 लाख ऐंठे

**लखनऊ।** गोमतीनगर कोतवाली में व्यापारी ने रेस्टोरेंट चलाने वाले दम्पति के खिलाफ 21 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने व्यापारी को पार्टनर बनाने का झांसा दिया था।

आलमबाग मधुबन नगर निवासी अमित चौरसिया हॉट एण्ड कूल कार्नर चलाते हैं। उनकी पहचान कानपुर रोड एलडीए कॉलोनी निवासी अमित कुमार शर्मा से थी। जो पत्नी के साथ मिल कर पत्रकारपुरम में अनन्या रेस्टोरेंट चलाता है। वर्ष 2022 में अमित शर्मा ने रेस्टोरेंट का रिनोवेशन कराने की बात कहते हुए मदद मांगी। करीब 21 लाख रुपये का खर्चा भी बताया। अमित चौरसिया के मुताबिक आरोपी और उसकी पत्नी ने रेस्टोरेंट में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी देने की बात भी कही थी। जिसके चलते वह तैयार हो गए। टुकड़ों में करीब 20 लाख रुपये अमित चौरसिया ने दम्पति के बताए खातों में जमा किए। एग्रीमेंट के वक्त शर्त थी कि अमित चौरासिया का भतीजा भी रेस्टोरेंट पर बैठेगा। कुछ वक्त पूर्व उन्होंने भतीजे को रेस्टोरेंट भेजा। जहां पहुंच कर पता चला कि आरोपियों ने रेस्टोरेंट की मरम्मत नहीं कराई है। यह बात पता चलने पर अमित चौरसिया ने रुपये वापस करने के लिए कहा। जिस पर दम्पति ने उन्हें गाली देते हुए भगा दिया।

## आज गोमतीनगर और कमता में बिजली संकट से जूझेंगे हजारों उपभोक्ता

**संकट**

- ट्रांसफार्मर व जर्जर लाइन बदलने और पेड़ों की कटाई-छंटाई होगी
- कमता और गोमतीनगर में सुबह से शाम तक बिजली कटौती रहेगी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** जर्जर लाइन बदलने, आरडीएसएस योजना के अंतर्गत बिजली लाइनों की मरम्मत करना, जर्जर पोल बदलना आदि। यह काम विद्युत विभाग की ओर से 27 जुलाई शनिवार को बिजली सुधार की दिशा में ढेरों काम होंगे। इस दौरान गोमतीनगर के अधिकांश खंडों में सुबह से शाम तक बिजली कटौती की जाएगी। इसके अंतर्गत लौलाई के हासेमई में देव रेजीडेंसी के बाद ट्रांसफार्मर से जुड़े एलटी लाइन में जर्जर तारों को बदला जाएगा। इस दौरान सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक बिजली की सप्लाई ठप रहेगी।

इसके अलावा कमता उपकेंद्र के अंतर्गत जगपाल खेड़ा गांव 250 केवीए ट्रांसफार्मर के एलटी लाइन में जर्जर तारों को बदला जाएगा। इस वजह से सुबह से शाम तक बिजली की कटौती रहेगी। वहीं देवरिया फीडर के अंतर्गत लाइन बदलने के दौरान सुबह से शाम तक बिजली नहीं जाएगी। जबकि विश्वास खंड उपकेंद्र से पोषित 11 केवी विकास फीडर पर पेड़ों की कटाई-छटायी के दौरान सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विवेक खंड 3, विजय खंड, उजारियो की सप्लाई बाधित रहेगी। वहीं विद्युत नगरीय वितरण खंड गोमती नगर के अंतर्गत विपिन खंड, विपुल फीडर पर एबीसी डालने का काम होगा। इस वजह से विद्युत सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं सृजन विहार की सप्लाई आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### अब इंग्लैंड और अमेरिका भी चखेगा कालानमक स्वाद

**लखनऊ।** अब इंग्लैंड और अमेरिका भी कालानमक चावल का स्वाद चखेगा। करीब सात दशक बाद कालानमक चालव इंग्लैंड और पहली बार अमेरिका जाएगा। इसके पहले नेपाल, सिंगापुर, जर्मनी, दुबई आदि देशों को भी कालानमक चावल का निर्यात किया जा चुका है। इंग्लैंड तो कालानमक के स्वाद और सुगंध का मुरीद रह चुका है। बात करीब सात दशक पुरानी है। तब गुलाम भारत में देश भर में अंग्रेजों के बड़े-बड़े फॉर्म हाउस हुआ करते थे। ये इतने बड़े होते थे कि इनके नाम से उस क्षेत्र की पहचान जुड़ जाती थी। मसलन बर्डघाट, कैंपियरगंज आदि। सिद्धार्थनगर भी इसका अपवाद नहीं था। उस समय सिद्धार्थ नगर में अंग्रेजों के फार्म हाउसेज में कालानमक धान की बड़े पैमाने पर खेती होती थी। अंग्रेज कालानमक के स्वाद और सुगंध से वाकिफ थे। इन खूबियों के कारण इंग्लैंड में कालानमक के दाम भी अच्छे मिल जाते थे। तब जहाज के जहाज चावल इंग्लैंड को जाते थे। करीब सात दशक पहले जमींदारी उन्मूलन के बाद यह सिलसिला क्रमशः कम होता गया।

## बीबीएयू में लर्निंग एंड स्पीकिंग संस्कृत कोर्स की शुरूआत

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** बीबीएयू में ऑनलाइन लर्निंग एंड स्पीकिंग संस्कृत कोर्स में ऑनलाइन आवेदन की शुरूआत हो गई है। इस शॉर्ट टर्म कोर्स का संचालन भी ऑनलाइन होगा। बीबीएयू के डिपार्टमेंट ऑफ संस्कृत एंड वेदिक स्टडीज की ओर से लर्निंग एंड स्पीकिंग संस्कृत शॉर्ट टर्म कोर्स कराया जा रहा है। ऑनलाइन क्लास चलेंगी। 50 सीटें निर्धारित की गई हैं। कोर्स 90 दन का होगा। हिन्दी और इंग्लिश दोनों माध्यमों से कोर्स कराया जाएगा। हालांकि इंग्लिश और हिन्दी की ऑनलाइन कक्षाएं अलग-अलग समय पर चलेंगी। भारतीय अभ्यर्थियों को इस कोर्स के लिए 500 रूपये और विदेशी छात्रों को 10 डॉलर देना होगा।

**काउंसलिंग फीस 29 जुलाई तक जमा करें:** बीबीएयू में पीजी के तीसरे चरण की काउंसलिंग शुरू हो गई है। शुक्रवार को अभ्यर्थियों ने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। 29 जुलाई को अभ्यर्थियों को सीट कंफर्म करने के लिए फीस जमा करनी होगी। तीसरे चरण की काउंसलिंग पूरी होने के बाद चौथे चरण की काउंसलिंग एक अगस्त से शुरू होगी। चार अगस्त को सीट कंफर्म करने के लिए फीस जमा करनी होगी।

**एमबीए में चयनितों की सूची 31 को:** बीबीएयू में एमबीए और एमबीए आरएम में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। चयनित अभ्यर्थियों की लिस्ट 31 जुलाई को जारी की जाएगी। दो अगस्त तक फीस फीस जमा करने का मौका दिया जाएगा। डाक्युमेंट का सत्यापन पांच अगस्त को सुबह 10 बजे से होगा। किसी को कोई समस्या है तो वह बीबीएयू प्रशासन से सम्पर्क कर सकता है।

## महापौर ने सुनी गई जीआईएस की शिकायतें मौके पर हुआ सभी 161 आपत्तियों का निस्तारण

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगर में स्थित भवनों के जी.आई.एस. सर्वे में किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध आपत्तियों के निराकरण हेतु दिनांक 26.07.2024 शुक्रवार को जी.आई.एस. समाधान दिवस का आयोजन लखनऊ नगर निगम मुख्यालय स्थित त्रिलोकीनाथ हॉल में किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल द्वारा स्वयं समाधान दिवस में आकर समस्याओं को सुना गया एवं उनके निस्तारण हेतु आदेशित किया गया।




समाधान दिवस में भवन स्वामियों से जी.आई.एस. द्वारा किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध लिखित आपत्तियां साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो सहित आमंत्रित की गई थी। उक्त जी.आई.एस. समाधान दिवस में सभी अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक व कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ जी.आई.एस. सर्वे की टीम मौजूद रही। समाधान दिवस में जोनवार 161 आपत्तियां प्राप्त हुई जिसमें से सभी 161 आपत्तियों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

शुक्रवार को सम्पन्न जी.आई.एस. समाधान दिवस में महपौर द्वारा समस्त जोनल अधिकारीयों एवं उनके अधीनस्थ कर अधीक्षक एवं राजस्व निरीक्षको को निर्देश दिए गए कि आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल ही गणना व जाँच करते हुए मौके पर निस्तारण कराया जाए।

## किशोर के हाथ में तमंचा थमा कराई फायरिंग, गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्राम प्रधान के 15 वर्षीय बेटे के हाथ में तमंचा थमा कर दबंग ने फायरिंग कराई। करीब 45 दिन पहले बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ तो मोहनलालगंज पुलिस ने किशोर से पूछताछ की। उसने तमंचा देकर फायरिंग कराने वाले के बारे में बताया। उसे शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि गदियाना निवासी बुद्धि प्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित ने ग्राम प्रधान के बेटे से करीब 45 दिन पूर्व असलहे से फायरिंग कराई थी। एक फायर खुद भी किया था। इसका वीडियो मोबाइल पर रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया में पोस्ट कर दिया। यही वीडियो दो दिन पहले वायरल हुआ। इंस्पेक्टर के मुताबिक फुटेज के आधार पर किशोर से उसके परिवार के सामने पूछताछ की गई। उसने बताया कि बुद्धि प्रकाश असलहा लेकर आया था। किशोर को लेकर खेत की तरफ गया और पहले खुद तमंचे से फायरिंग की। फिर किशोर के हाथ में तमंचा देकर गोली चलवाई और वीडियो रिकॉर्ड किया। इंस्पेक्टर के मुताबिक आरोपित के पास से 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए हैं।

# कमलेश तिवारी की पत्नी ने मांगी इच्छामृत्यु

- कमलेश तिवारी के हत्यारोपी को मिली जमानत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ में हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी के हत्यारोपी की जमानत के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कमलेश तिवारी की पत्नी के साथ बड़ी संख्या में लोग परिवर्तन चौक पहुंचे। इस दौरान श्सैयद असीम अलीश् को फांसी दो के नारे लगे। कमलेश तिवारी की पत्नी और हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण कमलेश तिवारी ने कहा कि यह बहुत दुख की बात है की कमलेश की हत्या के आरोपी सैयद असीम अली को जमानत दे दी गई। उन्होंने कहा कि अगर जमानत निरस्त नहीं किया गया तो सुप्रीम कोर्ट के बाहर धरना देंगे। अगर आरोपी की जमानत नहीं निरस्त की गई तो सरकार हमें इच्छा मृत्यु की



इजाजत दे। किरण तिवारी ने अपनी मांगों को लेकर लखनऊ पुलिस के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा। लखनऊ में चर्चित हिंदूवादी नेता कमलेश तिवारी हत्याकांड के आरोपी सैयद आसिम अली को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपी की ओर से इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने आरोपी आसिम अली की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस केस में 13 में से 8 आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इस आधार पर आसिम अली को जमानत दे दी गई। इस प्रकार अब इस मामले में 9 आरोपियों को जमानत दे दी गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लखनऊ के चर्चित कमलेश तिवारी की हत्या और षड्यंत्र मामले में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कोर्ट ने सांप्रदायिक घृणा और दिन दहाड़े हत्या एवं षड्यंत्र के आरोपी मुख्य अभियुक्त सैयद आसिम अली को जमानत पर रिहा करने से इनकार किया था। कोर्ट ने अन्य पीठ से पहले ट्रायल पूरा करने के निर्देश का पालन करने का अधीनस्थ अदालत को आदेश दिया था। कोर्ट की ओर से आदेश में कहा गया था कि अगर एक साल में ट्रायल पूरा नहीं होता है तो याची हाईकोर्ट आ सकता है। 2016 में सोशल मीडिया पर पैगम्बर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी का मामला आया था। मुफ्ती नईम काजमी और इमाम मौलाना अनवारूल हक ने इसके बाद फतवा जारी कर कहा कि हत्या करने वाले को 51 लाख और डेढ़ करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनकी पत्नी ने इस मामले में नाका हिंडोला थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस संबंध में 18 अक्टूबर 2019 को दर्ज कराई गई। इसमें दो नामित और दो अज्ञात पर हत्या का आरोप लगाया गया। मामले की जांच के दौरान षड्यंत्र का बड़ा खुलासा हुआ और 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई। कमलेश तिवारी के हत्यारोपियों सीएम योगी ने इसका संज्ञान लेते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया था और साथ ही कमलेश तिवारी के परिजन को 15 लाख रुपए और सीतापुर में आवास की सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया था।

# शाइन सिटी निदेशकों ने स्कूल संचालक से पांच करोड़ हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बंथरा कोतवाली में स्कूल संचालक ने शाइन सिटी के निदेशक राशिद और आसिफ नसीम के खिलाफ पांच करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने स्कूल संचालन की बात कहते हुए दस करोड़ रुपये में सौदा किया था। इस दौरान छात्राओं से मिलने वाली फीस भी राशिद और उसके साथियों ने अपने पास रख ली। फिर दरोगा खेड़ा निवासी भानु प्रताप सिंह का कानपुर रोड पर ही हाम कैम्पस है। जिसके संचालन के लिए उन्होंने बैंक से लोन लिया था।

भानु के स्कूल में ही सदर निवासी मो. सूफी कंटेंट डिजाइनर के पद पर था। जो शाइन सिटी के लिए एजेंट के तौर पर भी काम करता था।




भानु को दिक्कत में फंसे देख सूफी ने शाइन सिटी निदेशक राशिद और आसिफ नसीम से मुलाकात कराई। जिन्होंने हाम कैम्पस के संचालन की हामी भर दी। जिसके बाद आसिफ ने एजेंट सैफ को संचालन का जिम्मा सौंप दिया। इस दौरान हुए एग्रीमेंट के तहत करीब दस करोड़ रुपये का सौदा हुआ। जिसमें से आधी रकम ही भानु को दी गई। कुछ दिनों तक स्कूल चलाने के बाद आसिफ ने आगे काम करने से मना कर दिया और बचे हुए पांच करोड़ रुपये भी नहीं दिए। आरोप है कि आसिफ ने बच्चों से फीस भी ली थी।

जिसे स्कूल की जगह अपने अकाउंट में जमा कर लिया। इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## देशी-विदेशी मेहमानों ने बताई कैटरिंग की बारीकी

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में अवध कैटर्स एसोसिएशन के दो दिनी कन्वेंशन और एक्सपो का शुक्रवार को समापन हो गया।

दूसरे दिन समारोह का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस विनोद साही ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कैटर्स एसोसिएशन के इस आयोजन को देखकर कहा कि किसी भी इवेंट का महत्वपूर्ण अंग कैटरिंग ही होता है। खान-पान की विशेषता ही इवेंट को यादगार बनाती है। समारोह में फेडरेशन ऑफ आल इंडिया कैटरर्स के सीनियर जरनल सेक्रेटरी किरीट बुद्धदेव, जॉइन्ट सेक्रेटरी परेश देसाई भी रहे। यहां गोल्डी मसाले के सुदीप गोयनका, राजेश मसाले के राजेश अग्रहरि और ज्ञान दूध के जय अग्रवाल ने सामूहिक घोषणा करते हुए कहा कि कैटरर्स के लिए जल्द एक ऐप बनाया जाएगा।

## ट्रक सेल्स एजेंट को दबंगों ने पीटा, रुपये लूटने का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पीजीआई कोतवाली में अशोक लेलैंड कम्पनी के एजेंट ने ट्रक संचालक और उसके साथियों के खिलाफ डेढ़ लाख रुपये लूटने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित को ट्रक की डील करने के सिलसिले में बुला कर आरोपितों ने वारदात को अंजाम दिया।

एलडीए कॉलोनी निवासी अवधेश कुमार सिंह अशोक लेलैंड में डीएसआई के पद पर हैं। उन पर ट्रक मालिकों से सम्पर्क कर बिक्री का जिम्मा है। कुछ वक्त पूर्व राजेश सिंह उर्फ दान बहादुर से मुलाकात हुई, जिसने अवधेश के जरिए एक ट्रक खरीदा। एजेंट के मुताबिक हाल ही में दान बहादुर ने दूसरा ट्रक खरीदने की बात शुरू की। कम्पनी की तरफ से दिए गए रेट से कम कीमत पर उन्हें दूसरा डीलर ट्रक उपलब्ध करा रहा है।



यह बात दान बहादुर ने कम्पनी के उच्च अधिकारियों से कही थी। इसके चलते डीलर को कम्पनी से कम रेट पर डील करने से रोक दिया गया। यह बात पता चलने पर दान बहादुर ने अवधेश पर सौदा रद्द कराने का आरोप मढ़ दिया। फिर बात करने के लिए वृंदावन सौभाग्यम के पास बुलाया। दान बहादुर के साथ कार में विशाल सिंह, यश राज और आयुष गर्ग पहले से थे। अवधेश के गाड़ी में बैठते ही मारपीट कर उनसे डेढ़ लाख रुपये लूट लिए गए। यह आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पीजीआई कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

# भांजी का बर्थडे मनाने के बाद युवक ने खुद को मारी गोली

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** थाना सदर के अंतर्गत सदर बाजार क्षेत्र में एक युवक ने खुद को गोली मारकर जान दे दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ने सदर स्थित मामा फ्रैंकी रेस्टोरेंट थोड़ा आगे कार रोकी, फिर खुद की कनपटी में पिस्टल लगाकर गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग कार के पास गए तो देखा कि युवक खून से लथपथ सीट पर पड़ा हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर उसके शव को बाहर निकाला। पुलिस उपायुक्त शहर सूरज राय ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।



मृतक मामा फ्रैंकी रेस्टोरेंट संचालक हिमांशु सचदेवा के बेटे का साला है। वह अपनी बहन के घर आया था। कुछ दिन बाद उसकी चार साल की भांजी का बर्थडे है। बर्थडे पर उसे विदेश थाईलैंड जाना था, ऐसे में उसने घर में पहले ही भांजी का बर्थडे मनाया, केक काटा। इसके बाद वह बाहर निकल आया। बाहर आकर अपनी गाड़ी में बैठ गया। इसी दौरान उसने अपनी कनपटी पर पिस्टल से गोली मार ली। भरे बाजार में गोली चलने से दहशत फैल गई। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आवाज सुनकर रेस्टोरेंट के कर्मचारी और लोग भागकर कार के पास पहुंचे। शीशे में से देखा तो अंदर युवक खून से लथपथ पड़ा था। कार अंदर से लॉक थी। लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला। अंदर युवक मृत अवस्था में था। गाड़ी में खून फैला हुआ था। पता चला है कि मृतक के माता-पिता का पूर्व में कोविड के दौरान देहांत हो चुका है। चर्चा है कि मृतक अपने मोबाइल फोन में कुछ रिकार्डिंग छोड़ गया है। कुछेक लोगों ने बताया कि मृतक क्रिपटो करेंसी के लेन-देन से भी जुड़ा हुआ था।

# भाइयों की आखो में मिर्च डालकर लूटे 10 लाख

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** कमला नगर मुख्य बाजार में बाइक सवार चार बदमाशों ने एयरटेल पेमेंट बैंक के डिस्ट्रीब्यूटर दो भाईयों की एक्टिवा को लात मार कर गिरा दिया। उसके बाद मिर्च पाउडर से उनकी आखों में डालकर पैसों से भरा बैग छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने भाईयों पर तमंचा तान दिया। जिससे भाई घवरा गये और पैसों से भरा बैग छोड़ दिया। व्यापारी पर लेकर फरार हो पर बदमाश रुपयों का थैला लूटकर निकल भागे। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। कैमरों में बदमाश फिरोजाबाद हाईवे की तरफ जाते दिखे है। कमला नगर के शांति नगर निवासी नरेंद्र और महेश मोटवानी सगे भाई हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह एयरटेल पेमेंट बैंक के डिस्ट्रीब्यूटर हैं। सुल्तानगंज पुलिया पर ऑफिस में कैश कलेक्शन का काम होता है। गुरूवार को नकदी जमा की थी। वह रात 9 बजे ऑफिस बंद करने के बाद घर के लिए एक्टिवा से चले थे। उनके पास कलेक्शन के 10 लाख रुपये थे। महेश एक्टिवा चला रहे थे। पीछे बैठे नरेंद्र थैला संभाले हुए थे। मोबाइल भी थैले में थे। मुगल रोड होते हुए आए। दोनों कुछ खाने के लिए श्रीराम चौक की तरफ जाने वाले मार्ग के लिए मुड़ गए। तभी पीछे से पल्सर और अपाचे बाइक पर 4 बदमाश आए। दो बदमाशों ने एक्टिवा में लात मारकर गिरा दिया। दोनों भाई कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया। यह आसपास से निकलकर जाते लोगों की आंखों में भी गिर गया। वह लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही बदमाश थैला छीनने लगे। भाइयों ने विरोध किया। तभी दो बदमाशों ने तमंचे तान दिए। इस पर वो घबरा गए। थैला छोड़ दिया।



## सुनसान इलाका चुना

पुलिस ने कमला नगर में कई जगह पर सीसीटीवी फुटेज देखे। इससे पता चला कि बदमाश रेकी करके आए थे। उन्हें पता था कि व्यापारी कैश लेकर मुगल रोड से जाते हैं। इसलिए दुकान से ही पीछे लग गए। मुगल रोड पर जहां पर लूट की, वहां पर सुनसान रहता है। उन्होंने व्यापारियों को स्कूटर में लात मारने के बाद गिरा दिया था,जिससे वह ज्यादा दूर न जाएं। वारदात के बाद हाईवे की तरफ होते हुए फिरोजाबाद की तरफ भाग निकले।



## दहशत में आ गए व्यापारी

कमला नगर में लूट की सूचना बाजार में तेजी से फैल गई। इस पर दुकानों के शटर गिरने लगे। कुछ दुकानें पहले से ही बंद हो गई थीं। मगर, बड़े शोरूम खुले हुए थे। घटनास्थल पर व्यापारी भी पहुंच गए। उनका कहना था कि कमला नगर में कई बार व्यापारियों क साथ वारदात हो चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त की मांग की ।

# उपरी कमाई में सादे बिल हो रहे सहायक

▸▸ क्षेत्र में हो रहा नल रिबोर मरम्मत कार्य का फर्जीवाड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** उत्तर-प्रदेश सरकार व शासन स्तर से गांव में विकास कार्यों को करानें को लेकर जो बजट आवंटित कराया जाता है वो बजट गांव तक पहुंचने के पहले ही जिम्मेदारो द्वारा भ्रष्टाचार करने के कागजात तैयार कर लिए जाते हैं। आइए हम बात करते हैं विकासखण्ड धौरहरा की जहां हैंडपंप मरम्मत,नल रिबोर के विल बाउचर फर्म मालिक और संबंधित विभाग के ग्राम पंचायत सचिवों के गठजोड़ के चलते सादे विल बाउचर पहले से फर्म मालिक के द्वारा सौप दिए जाते हैं।बताया जाता उपरोक्त फर्म मालिकों द्वारा दशकों से सरकारी करोड़ों रुपए का आंख मिचौली का खेल खेला जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 20 से 30 प्रतिशत फर्म मालिक लेकर शेष रकम जिम्मेदार भ्रष्टाचारियों को वापस दे दी जाती है।यह खेल विकास खण्ड के जिम्मेदार अधिकारियों के नाक के नीचे लंबे अरसे से चल आ रहा परंतु मोटे कमीशनबाजी के चलते लगाम लगाने में निरंकुश साबित रहा। विकास खण्ड धौरहरा में अली वारिस कांट्रेक्टर,अली कांट्रेक्टर फर्म की निष्पक्ष जांच हो तो लाखों नहीं करोड़ों सरकारी रुपए का घोटाले का पर्दाफाश हों सकता है। जबकि जिम्मेदार अधिकारी जनता के हित के कार्यों को दरकिनार कर अपने जेबें भरने में मस्त देखें जा सकतें। जबकि मीडिया के हाथ में सादा बिल लगा है। अब देखना है कि जिम्मेदार उच्च अधिकारी इस प्रकरण में क्या कार्यवाही करते हैं या मामले को रफा-दफा करने का प्रयास करेंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। अगर निष्पक्ष जांच का दायरा जिम्मेदार बढ़ाए तों न जाने कितने लोगों की गर्दनें फंस सकती है लेकिन शायद कमीशनबाजी के चलते मुमकिन नहीं है।

# मानव जीवन के लिए जरूरी हैं वृक्ष

▸▸ अब हमारे चेतने का समय है। यदि अब भी हम नहीं चेते तो हमारा यह मौन हमें कहां ले जायेगा और क्या मानव सभ्यता बची रह पायेगी: विजय मिश्रा

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** शुक्रवार को स्थानीय रोहनलाल चतुर्वेदी सर्वोदय इंटर कालेज में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के अवसर पर अशोक, नीम, जामुन और बरगद के वृक्ष लगाये गये। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार, लेखक,पर्यावरणविद एवं राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा समिति के अध्यक्ष श्री ज्ञानेन्द्र रावत, प्रमुख समाजसेवी एवं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, मैनपुरी संजीव जी यादव, कालेज के प्राचार्य शिक्षाविद विजय जी मिश्र, अनुपम जी द्विवेदी, अंजली राजपूत,अमोल सिंह, विनय कुमार, वसंत यादव, पंकज सोलंकी, आलोक शर्मा, यश सक्सेना, मनोज कुमार, योगेन्द्र कुमार, राजेन्द्र सिंह सहित कालेज के शिक्षकों, छात्रों के अलावा काफी संख्या में प्रबुद्ध जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय थी।

इस अवसर पर श्री रावत ने देश में जारी वृक्षारोपण अभियान की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज समय की मांग है कि वृक्षारोपण अभियान को जनांदोलन बनाया जाये। पर्यावरण की रक्षा की दिशा में इस अभियान में जनसहभागिता बेहद जरूरी है। हमें यह जान लेना चाहिए कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना ही बेमानी है। वृक्ष रहेंगे, तभी हम जीवित रहेंगे। संजीव यादव ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की रक्षा भी बेहद जरूरी है। तभी वृक्षारोपण अभियान की सफलता संभव है।दुनिया में जिस तेजी से पेड़ों की तादाद कम हो रही है, उससे पर्यावरण दुष्प्रभावित हो रहा है।

यही नहीं पारिस्थितिकी, जैव विविधता और मानवीय जीवन पर भी भीषण खतरा पैदा हो गया है। सर्वोदय कालेज के प्राचार्य विजय मिश्र ने कहा कि पेड़ों का होना हमारे जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह जैव विविधता, कृषि की स्थिरता, सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा और जलवायु को स्थिरता प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हैं। अब हमारे चेतने का समय है। यदि अब भी हम नहीं चेते तो हमारा यह मौन हमें कहां ले जायेगा और क्या मानव सभ्यता बची रह पायेगी ? यह हमें सोचना होगा इसलिए एक पेड़ जरूर लगायें।

# संतों महात्माओं का जीवन समाज की भलाई के लिए होता है: हरीश वर्मा



लोकमित्र ब्यूरो

**हरियाणा/ हिसार (नवप्रीत कौर)।** संतो महात्माओं का जीवन दूसरों की भलाई के लिए होता है। संत महात्मा विपदा आने से पूर्व अपने अनुयायियों को अवगत करवा देते हैं, व उन्हें विपदा से दूर करते हैं। वह हमेशा अपने भक्तों को भलाई का मार्ग दिखाते हैं। उक्त वक्तव्य अनेक संस्थाओं धार्मिक संगठनों से जुड़े युवा इनेलो नेता हरीश वर्मा ने स्थानीय कैमरी रोड स्थित श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन श्री ओमानंद ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच व्यक्त किए। हरीश वर्मा ने कहा की संत सदैव ज्ञान की बात करते हैं, इसलिए कहा जाता है संतों के सानिध्य का मौका हमें कभी भी नहीं चूकना चाहिए। वह उनके बताएं भक्ति के मार्ग पर चलते हुए सभी की भलाई के लिए सोचना चाहिए जिससे परमात्मा स्वयं प्रसन्न हो जाएंगे। इस के अलावा इस मौके पर ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम के संचालक एवं गद्दीनशीन महंत राजेश्वरा नंद महाराज ने समाजसेवी हरीश वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया व आश्रम में पँहुचे श्रद्धालुओं के लिए लंगर प्रसाद की व्यवस्था की गई व सभी लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

# चोरी के योजना बनाते हुए दो शातिर चोर गिरफ्तार

▸▸ अवैध असलहा कारतूस, एक मोबाइल तथा प्लास, टॉर्च, आरी का ब्लेड आदि अन्य सामान बरामद

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** शुक्रवार को कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चोरी के योजना बनाते हुए दो शातिर चोर गिरफ्तार, मौके से अवैध असलहा कारतूस, एक मोबाइल तथा प्लास, टॉर्च, आरी का ब्लेड आदि अन्य सामान बरामद, अभियुक्त नन्हे के विरुद्ध आधा दर्जन आपराधिक मामले हैं दर्ज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 02 शातिर चोर नन्हे पुत्र सतपाल सिंह निवासी पवास थाना कोतवाली देहात जिला एटा, सोनू पुत्र सतपाल सिंह निवासी पवास थाना कोतवाली देहात जिला एटा को चांदपुर की तरफ से आने वाले रास्ते पर बनी गुमटी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व एक मोबाईल ओपो व अन्य चोरी हेतु उपयोग में लाए जाने वाले उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है। जबकि एक चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकला। पकडे गये चोरों से उनके तीसरे भागे हुये साथी के बारे में पूछा तो उसका नाम जीतू पुत्र राम स्वरुप बघेल निवासी पवास थाना कोतवाली देहात बताया। पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने बताया की हम दोनों भाई है तथा अपने अन्य फरार साथी जीतू के साथ मिलकर बन्द पडे मकान एवं दुकानों में चोरी करके अपने शौक पूरे करते हैं, आज भी हम किसी बडी दुकान मकान में चोरी की योजना बना रहे थे कि आपने पकड लिये। मोबाइल के सम्बन्ध में पूछने पर बताया कि यह मोबाइल उन्होंने जीतू से 1500 रुपए में खरीदा था।

# मुकदमों का जल्द निस्तारण ही उद्देश्य : जिला जज

▸▸ कलेक्ट्रेट बार में हुआ नवागत जनपद न्यायाधीश एंव एसएसपी का स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन एटा के सभागार में नवागत जनपद न्यायाधीश दिनेश चन्द्र गुप्ता व एसएसपीश्याम नारायण सिंह का स्वागत समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मंचासीन अतिथि समस्त अपर जिला जज,जुडिशल मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। सभी का बार के अध्यक्ष/ महासचिव ने अधिवक्ताओं व अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष अशोक कुमार सिकरबार ने की, और संचालन पंकज कुमार उपाध्याय एडवोकेट ने किया। प्रथम वक्ता के रूप में तहसील अलीगंज बार के सदस्य साहित्यकार दिनेश दीक्षित एडवोकेट ने कहा कि न्याय और कानून व्यवस्था के हस्ताक्षर मंच पर मौजूद हैं, उन्होंने कविता के माध्यम से उनका स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता सी0पी0 सिंह ने कहा कि बार और बेंच का हमेशा सहयोग रहना चाहिए, तभी हम जल्द न्याय के लिए आशा कर सकते हैं।उन्होंने कविता पाठ के माध्यम से अपनी बात रखी कि÷शिकवे इतने कि, किताब लिख दूँ,---?कहकर अपनी बात समाप्त की। रोहित पुंडीर एडवोकेट ने कहा कि जिला जज साहब निष्पक्ष रूप से न्याय के लिए प्रयत्नशील हैं।उन्होंने एसएसपी से भी कहा कि थानों में अधिवक्ताओं के साथ भेदभव रहता है,पुलिस और अधिवक्ताओं में सामंजस्य स्थापित रहना चाहिये। यदुवीर सिंह चौहान एडवोकेट ने कहा कि न्यायालय में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था काफी खराब है इस पर भी एक नजर न्यायिक अधिकारियों को रखनी चाहिए,और हम युवा अधिवक्ताओं को कॉपरेट करना चाहिए। रामनरेश मिश्रा पूर्व अध्यक्ष कलेक्ट बार ने कहा कि अधिवक्ता और बेंच आपस में सामंजस बनाए रखे,अधिवक्ता एकता की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि हम सब अधिवक्ता मिलकर ही समस्याओं का निस्तारण कर सकते हैं।इसलिए हमें एक जुट होकर रहना चाहिए। प्रमोद तिवारी एडवोकेट ने कहा कि बेंचऔर बार से सामंजस बनाए रखें कहीं कोई शिकायत हो तो अपने अध्यक्ष को बताएं।वो आज भी गंभीर होकर न्यायायल में जाते हैं।प्रमोद मिश्रा एडवोकेट अलीगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने अच्छे कार्यक्रम सम्पन्न करने के लिए समस्त अधिवक्तागण एवं बेंच का आभार जताया।संचालन कर रहे अधिवक्ता पंकज कुमार ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को कैश की गंभीरता को ध्यान में रखकर न्याय करना चाहिए, देरी से न्याय मिलने से कुछ पीड़ित अपनी दवी जवान से न्याय को संदेह की दृष्टि से देखते हैं।और न्यायिक अधिकारियों को पुलिस रिपोर्ट के आधार पर ही नहीं बल्कि अपने विवेक से न्याय करना चाहिए।महासचिव गिरीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि एटा की पावन भूमि पर नवागत जिला जज और एसएसपी को कलेक्ट्रेट बार की ओर से स्वागत किया।और कहा कि मैं बार की ओर से उम्मीद करता हूं की बेंच केस निस्तारण में गंभीरता दिखाएगी। इस बीच बार- बेंच रिलेशन मधुर रहना चाहिए।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने कहा कि जो रियल होता है, वही न्याय होता है।न्याय को हमारी आंखे देख नही पाती।न्यायाधीश को ईस्वर का रूप भी माना जाता है।न्यायाधीशो और पुलिस के सामने ऐसी भी चीजे आती है।जिस पर न्याय करते समय गंभीर चिंतन-मंथन की जरूरत होती हैं।उन्होंने कविता पाठ करके तालियों की गड़गड़ाहट का आनंद लिया, और कहा कि अधिवक्ता एक सम्मानजनक पद होता है।उन्हें पुलिस से शिकायत नही मिलेगी।बस अधिवक्ताओ को भी पुलिस और बार की गरिमा का ध्यान बनाकर रखनी चाहिए।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश दिनेश चन्द्र गुप्ता ने कहा कि न्याय की दोआँखे अधिवक्ता और न्यायाधीश,इसलिए हमको मिलकर निष्पक्ष रूप से न्याय करना होगा।उन्होंने अपने अधिवक्ता प्रक्टिश कार्यकाल का भी जिक्र किया।और बड़े ही सादुभाव से अधिवक्ताओ से कहा कि वह न्याय के लिए पूरी निष्पक्ष एवं ईमानदारी के साथ अपना फर्ज समझकर कार्य करें, अधिवक्ता को अपने क्लाइंट के साथ भी ईमानदारी के साथ काम करना चाहिए, बार और बैंच रथ के दो पहिये है, न ज्यादा दूर जा सकते हैं और न ही चिपककर चल सकते हैं।उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ितों को जल्द न्याय के लिए मैं जिले में अपनी बैंच के सहयोग से काम करूँगा।

# एक मद्य निषेध रैली एवं एक संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न

▸▸ आरएस पब्लिक इण्टर कॉलेज, चॉदपुर खुर्द, एटा में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हुए कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिला मद्य निषेध अधिकारी भूपेश कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को आर0एस0पब्लिक इण्टर कॉलेज, चॉदपुर खुर्द, एटा में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक मद्य निषेध रैली एवं एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र छात्राऐं एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे। रैली में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया एवं नक्शा मुक्ति से सम्बन्धित स्लोगनों को बोलते हुए रैली आयोजित की गयी। विभाग के ओर से जिला मद्य निषेध अधिकारी एटा भूपेश कुमार उपस्थित रहे संगोष्ठी में इनके द्वारा बताया गया कि आये दिन नशा से बहुत से परिवार बेघर हो रहे है तथा नशे के कारण बहुत सी सड़क दुर्घटनायें भी घटित हो रही है नशे से मनुष्य की सोचने समझने की शक्ति क्षीर्ण होती चली जाती है। कार्यक्रम के बीच-बीच में मद्य निषेध साहित्य का वितरण किया गया एवं नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ भी ग्रहण करायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य अशोक कुमार, अरूण कुमार स0अ0, अशोक कुमार स0अ0, अरविन्द सिंह स0अ0 एवं संदीप कुमार स0अ0 आदि उपस्थित रहे।

# कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जीटी रोड के प्रांगण में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता एडवोकेट, विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ,कोषाध्यक्ष मनमोहन राठी एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य भवनाथ झा के द्वारा किया गया।




कक्षा द्वादश की बहन तृप्ति व उनके साथियों ने कारगिल विजय दिवस पर अपने विचारों से प्रकाश डाला। अगला कार्यक्रम गीत ÷कर हर मैदान फतेह का रहा÷ जिसमें बहनों ने अपनी नृत्य प्रस्तुति दी। इसके बाद कक्षा 6 व 7 की नन्ही बालिकाओं ने कमल के फूल को अपने अभिनय से दर्शाया। तिरंगे के रंग में दिखता हुआ कमल का फूल अपनी विशेष छटा बिखर रहा था। इसके बाद लघु नाटिका लक्ष्य की प्रस्तुति हुई, जिसमें टाइगर हिल की जीत कितनी मुश्किल से मिली और हमारे भारतीय सैनिकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए किस प्रकार टाइगर हिल को वापस अपने कब्जे में लिया और वहां पर तिरंगा फहराया, की प्रस्तुति व वहां शहीद हुए राष्ट्र के जांबाज जवानों के परिवारों देश प्रेम की भावनाओं को दर्शाया। इस लघु नाटिका के पश्चात शौर्य प्रदर्शन का कार्यक्रम भी रहा। जिसमें आत्मरक्षा के गुर, संचालन, समरूपता का प्रदर्शन अति मनमोहक रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने कहा कि जितनी भी यह तालियां कार्यक्रम में बज रही हैं यह सभी तालियां देश के उन जवानों के नाम है जिन्होंने अपने पराक्रम से हमें यह गौरव का दिन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम में सुंदर वह मनमोहक प्रस्तुति के लिए सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर अजय गौड, डॉक्टर अरुण राजोरिया, राजेंद्र सिंह, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, राजेश कुमार, प्राची गुप्ता, सत्य प्रकाश पाठक , सीता शर्मा ,लवली शर्मा, कामिनी राठी, आलोक त्रिवेदी, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, डॉक्टर संजीव कुमार सिंह, सूबेदार सिंह शाक्य, सुनीता जैन ,कुसुम पांडे, ममता उपाध्याय सोनिया ,डॉक्टर राहुल शर्मा ,विनय वशिष्ठ ,आश्चर्य वार्ष्णेय, श्याम भारद्वाज, अंकुर गोयल, जितेंद्र सिंह ,राहुल चौहान, पवन कुमार ,संजीव कुमार मिश्रा, कृष्णकांत पांडे ,विवेक पांडे, मनोज कुमार सिंह, नागेश अग्निहोत्री, रमन प्रताप सिंह ,अलका सक्सेना, शिखा सक्सेना, निधि पांडे, सुखवीर सिंह , दीपक राघव, शैलेश प्रताप सिंह, योगेश कुमार मिश्रा, लोकेंद्र कुमार,रवीश चंद्र, संयोगिता भारद्वाज ,अंजू वार्ष्णेय, डॉ अजय उपाध्याय ,सौरव गुप्ता, विकास अग्रवाल ,शिवकांत चंदेल, वीरेश कुमार, अनिल कुमार ,पंकज मलिक, राजीव कुमार वर्मा, अवनीश माहेश्वरी, गार्गी शर्मा ,हरी बाबू शर्मा, विजय कुमार , नवीन नीरज शर्मा, नवनीत यादव ,सुमित उपाध्याय,अनू गुप्ता ,अंजू शर्मा, छत्रपाल सिंह, श्रृद्धेश उपाध्याय, विजय कुमार, केशव मिश्रा ,मुनेंद्र प्रताप सिंह, मोहित शाक्य आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांध किया शिक्षण कार्य

लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर तहसील क्षेत्र के सभी शिक्षामित्रों द्वारा काला दिवस मनाया गया। अपना विरोध जताते हुए परिषदीय विद्यालयों में शिक्षामित्रों द्वारा काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया गया। आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला महामंत्री राष्ट्रदीप पचौरी ने बताया कि सात साल पूर्व उच्चतम न्यायालय द्वारा 25 जुलाई 2017 को समायोजन रद्द किये जाने वाद आर्थिक तंगी से जूझ रहे प्रदेश के शिक्षामित्र तिल तिल कर मर रहे हैं। इस बढ़ती महंगाई में भी केन्द्र और प्रदेश सरकारों द्वारा शिक्षामित्रों को प्रति माह महज दस हजार रुपये बतौर मानदेय दिये जा रहे हैं।

इस अल्प पगार में शिक्षामित्र अपने परिवार का भरणपोषण कैसे कर सकेंगे प्रदेश व केंद्र की सरकारों द्वारा इस बारे में कोई निर्णय लेने की जहमत तक नही उठायी है। सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली केन्द्र तथा प्रदेश सरकारों की इसी अनदेखी और सौतेले रवैये से आहत शिक्षामित्रों द्वारा गुरुवार को बांहों मे काली पट्टी बांध कर शिक्षण कार्य किया गया। तथा पूर्व में उनके द्वारा किये गये बायदो को याद दिलाया गया।




उत्तर प्रदेश दूरस्थ बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुद्योतकर यादव ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा सात साल पहले 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त कर दिए जाने का आदेश दिया गया था। साथ ही टीईटी उत्तीर्ण शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक पद पर नियुक्त किये जाने तथा दो बार टीईटी कराकर अन्य शिक्षामित्रों को भी सहायक अध्यापक बनाये जाने का आदेश दिया गया था। मगर प्रदेश की योगी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का मखौल बनाते हुए न तो टीईटी पास शिक्षामित्रों को शिक्षक पद पर नियुक्ति दी गयी अपितु एनसीटीई के नियमो को ताक पर रखते हुए सुपरटेट की परीक्षा थोप दी गयी। और सारे नियम कानूनों का हनन करते हुए कॉपियां भी जलबा दी गयी।ताकि शिक्षामित्र किसी भी तरह शिक्षक नही बन सके।

आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रामबहादुर वर्मा ने बताया कि समायोजन निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी में एक जनसभा मे शिक्षामित्रों के भविष्य के प्रति आश्वासन दिया गया था। यह आश्वासन अभी तक साकार रूप नही ले सका है। इसके बाद प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2017 में भाजपा के संकल्प पत्र से भी शिक्षामित्रों को अभी तक कोई राहत नही मिली है।

# भीषण गर्मी ने चैन तो बिजली कटौती ने उड़ाई नींद, नहीं दूर हो रही समस्या

▸ बिजली गुल-गर्मी फुल- उमसभरी गर्मी के बीच दो दिनों से बिजली गुल होने से लोगों का हाल-बेहाल,अनशन की बन रही संभावनाये

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर मे उमसभरी गर्मी के बीच लगातार दो दिनों से बिजली के गुल हो जाने से लोगों का गर्मी से हाल बेहाल हो गया है,पूरा दिन लोगों के शरीर से पसीना टपकता रहा,इतना ही नही लोगों के लघु उद्योग के धंधे भी बिद्युत आपूर्ति न होने से रुक गये,साथ ही पेयजल किल्लत का भी लोगों को सामना करना पड़ रहा है।

आये दिन होने वाली बिजली कटौती से लोगों मे आक्रोस व्याप्त हो चुका है, जिससे भविष्य मे अनशन जैसी घटनाये भी घटित होने की संभावनाये प्रतीत हो रही हैं।

गुरूवार और शुक्रवार को पूरा दिन तेज धूप निकली रही जिसके चलते लोगों को उमाश भारी गर्मी का सामना करना पड़ा। अधिकतर लोग गर्मी से राहट पाने के लिए घरों मे दुबके रहे लेकिन अंधाधुंध बिजली कटौती से उन्हे राहत नही मिल सकी। आलम यह है कि पूरा दिन लोग पसीने से तर-बतर नजर आये।

बिजली गुल होने से मुख्य रूप से व्यापारियों को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।कई व्यापारियों को तो किराये पर जनरेटर तक मंगवाने पड़ रहे हैं।

**नही मिल पा रही निर्बाद्ध बिजली आपूर्तिः** सूबे के मुखिया योगी आदियनाथ ने जहां एक तरफ बिजली बिभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की शख्त कदम उठाकर घोषणा की है वहीं दूसरी तरफ जनपद लखीमपुर खीरी मे बिद्युत बिभाग के कर्मचारियों द्वारा जमकर बिजली कटौती करने से क़स्बा वासियों को 10 घंटे भी निर्बाध्य बिजली आपूर्ति नही मिल पा रही है जिससे बिजली उपभोक्ता व व्यापारी व्याकुल हो उठे हैं।

### आंदोलन की दी चेतावनी

लोगों का कहना है कि उमसभरी बिजली लोगों का वैसे ही जीना मुहाल किये हुए है ऊपर से अंधाधुंध बिजली कटौती कोढ़ मे खाज का काम कर रही है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही बिजली की समस्या का निस्तारण नही किया गया और बिजली कटौती बंद नही की गयी तो सड़क पर उतर कर आंदोलन किया जायेगा।

### जिम्मेदार मौन

बिजली बिभाग की लचर कार्यशैली से उपभोक्ता परेशान हो उठे। बिजली बिभाग के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी समस्या का निस्तारण न करने के बजाय मौन साधे बैठे है। अधिकारियों को सम्पर्क करने पर उनके फोन स्विचऑफ आते हैं और यदि सम्पर्क हो भी जाये तो जानकारी देना मुनासिब नही समझते हैं और फोन को रिसीव कर तुरन्त काट देते है।

## कारगिल विजय दिवस भारतीय जनता युवा मोर्चा ने निकाला मशाल जुलूस

**गाजियाबाद।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से पूरे भारत में कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर प्रत्येक राज्य व जिलों में मसाल जुलूस तिरंगा रैली शहीद परिवार सम्मान समारोह आदि किया जा रहे हैं। इसी क्रम में महानगर अध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन देना ने बताया कि इसी के चलते गाजियाबाद में भी आज मसाल जुलूस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम महानगर अध्यक्ष भाजपा संजीव शर्मा के नेतृत्व में हुआ एवं इसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढा ने की ढ्ढ कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए सचिन डेढा ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य वर्तमान में युवा पीढ़ी को कारगिल विजय दिवस की गाथाओं को सुना कर देशभक्ति के लिए प्रेरित कर युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है। कार्यक्रम के बारे में ज्यादा बताते हुए महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी ने बताया कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर सैनिकों ने दो महीने से अधिक समय तक चले इस युद्ध में विषम परिस्थितियों में अपने शौर्य का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सैनिकों को नस्तो नाबूद कर विजय हासिल की थी ढ्ढ इस युद्ध में हमारे लगभग 527 सैनिकों ने अपनी शहादत दी।

# डीएम ने खीरी के पांच पराक्रमी कारगिल सैनिकों को किया सम्मानित

▸ जरा याद करो कुर्बानी! कारगिल के शहीदों को शत् शत् नमन, डीएम ने दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** जिलेभर में शुक्रवार को 25 वॉ ÷कारगिल शौर्य दिवस÷ को शौर्य दिवस मनाते हुए वीर जवानों को श्रद्धाजंलि दी गई। वहीं कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित शहीद स्मारक में प्रभारी डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया गया।

प्रभारी डीएम/सीडीओ अभिषेक कुमार ने एडीएम संजय कुमार सिंह संग जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय स्थित कारगिल शहीद स्मारक पर बलक्दिानक्यिों को श्रद्धांजलक्यि अर्पक्ति की। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें प्रभारी डीएम अभिषेक कुमार ने कारगिल युद्ध में शामिल पराक्रमी 05 पूर्व सैनिकों (ऑनररी कैप्टन अकरम खान, ऑनररी लेफ्टीनेंट प्रेम कुमार, सुबेदार लखविंदर सिंह, नायक संदीप कुमार, और नायक खगेश्वर प्रसाद) को शील्ड एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया।

प्रभारी डीएम अभिषेक कुमार ने कहा कि आज का दिन सिर्फ जीत को याद करने का नहीं है, बल्कि सेना के उन जवानों की वीरता, शौर्य, और अदम्य साहस को याद करने का दिन है... जिनके सजदे में देशवासियों का सिर हमेशा से झुकता आया है। आज पूरी देश करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतो को याद कर रहा है।

डीएम ने कारगिल दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कारगिल युद्ध में जवानों की योगदान को रेखांकित किया। एनसीसी कैडेट्स सेना के शौर्य को जानने के लिए उनकी इंस्पिरेशनल स्टोरी पढ़ें। पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को कोई असुविधा न हो इसका पूरी अफसर की टीम की ओर से हर संभव प्रयास करेंगे। एडीएम संजय सिंह ने कहा कि कारगिल जैसा कठिन युद्ध होने के बाद भी देश के सैनिकों ने बहादुरी को परिचय देते हुए देश की सरहदों को दुश्मनों से मुक्त करवाया। सैनिकों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद सिंह ने पूरा देश आज 25 वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। 1999 में आज ही के दिन भारत ने दुनिया के सबसे दुर्गम युद्ध क्षेत्रों में पाकिस्तानी सेना को खदेड़ कर कारगिल युद्ध में जीत में हासिल की थी। यह खास दिन देश के उन वीर सपूतों को समर्पित है, जिन्होंने कई मुश्किलों का सामना करते हुए 26 जुलाई, 1999 को पाकिस्तानी सेना को करगिल से खदेड़ कर दुर्गम चोटियों पर विजय पताका फहरायी थी. करगिल विजय। कार्यक्रम में एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, रेनू मिश्रा, सीओ सिटी रमेश चंद्र तिवारी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय, एनसीसी कैडेट्स, सेवा के जवान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रोजगार मेले में 23 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**एटा।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, एटा द्वारा अपने कार्यालय परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेला आयोजित किया गया जिसमें 40 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया, जिनमें से 23 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयन किया गया। रोजगार मेले में 4 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एल0आई0सी0 कम्पनी में 07 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 5 अभ्यर्थियों का, पुखराज हेल्थकेयर प्रा0लि0 कम्पनी में 15 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 07 अभ्यर्थियों का, ग्रोफास्ट फर्टिलाइजर्स कम्पनी में 10 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 05 अभ्यर्थियों का तथा होली हर्वस कम्पनी में 08 प्रतिभागियों के सापेक्ष 06 अभ्यर्थियों का चयन कम्पनियों द्वारा किया गया।

### जिलाधिकारी ने शहीदों की वीरांगनाओं को सम्मानित किया



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा कि 26 जुलाई के दिन हमारे देश के जवानों ने सन् 1999 में अपनी मातृ भूमि की रक्षा हेतु अपने को बलिदान कर दिया था और देश ने कारगिल युद्ध में विजय पताका लहराई थी। कारगिल शहीदों की याद में हर वर्ष 26 जुलाई को कारगिल दिवस मनाया जाता है।जिलाधिकारी को कारगिल दिवस की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कर्नल महेन्द्र प्रसाद (अ0प्रा0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने निदेशालय सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास उ0प्र0, द्वारा प्रकाशित ÷काफी टेबल बुक÷ भेंट की। जिलाधिकारी ने कारगिल दिवस के मौके पर शहीदों की वीरांगनाओं को शाल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, उप जिलाधिकारी न्यायिक जलेसर जगमोहन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### पॉलिटेक्निक छात्रों को टैबलेट वितरित किए



**गाजियाबाद।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. एन.के. शर्मा, डॉ. नवनीत शर्मा, डॉ. विनोद कुमार और डॉ. पूजा अरोड़ा ने सरकार के डिजी शक्ति कार्यक्रम के तहत टैबलेट्स वितरित किए।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल शिक्षा और तकनीकी कौशल में सशक्त बनाना है। इस अवसर पर कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा, ÷यह कदम छात्रों की पढ़ाई में सहूलियत प्रदान करेगा और उन्हें आधुनिक तकनीकी युग के लिए तैयार करेगा।÷ उन्होंने यह भी बताया कि ये टैबलेट्स छात्रों को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने, डिजिटल सामग्री तक पहुंचने और अपने अध्ययन को और प्रभावी बनाने में मदद करेंगे। छात्रों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि यह उनके अध्ययन में बहुत मददगार साबित होगी।

## राष्ट्रीय भागीदारी दिवस पर कांग्रेस अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग द्वारा मीटिंग आयोजित

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय भागीदारी दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग विभाग कांग्रेस ने आज शुक्रवार को लखनऊ में मीटिंग आयोजित की। राष्ट्रीय भागीदारी



दिवस पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शहनवाज आलम ने जातिगत जनगणना कराने और आरक्षण पर लगीं 50 प्रतिशत की पाबंदी को हटाने की मांग की । शहनाज़ आलम ने कहा कि पूरे प्रदेश में जातिगत जनगणना और आरक्षण पर 50 प्रतिशत की पाबंदी हटाने की मांग को लेकर अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय भागीदारी दिवस पर नेहरू भवन कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित जातिगत जनगणना कराओ कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष सलीम सैफी और महानगर अध्यक्ष सैयद वली हसन के नेतृत्व में अल्पसंख्यक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# राम सेवक यादव को बनाया गया निघासन क्षेत्र का पूर्ति निरीक्षक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**निघासन-खीरी।** पूर्ति निरीक्षक साधना श्रीवास्तव के तबादले के बाद राम सेवक यादव को निघासन क्षेत्र का नया पूर्ति निरीक्षक बनाया है गोला से स्थानांतरित होकर आये है उन्होंने चार्ज ग्रहण कर लिया है पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव ने बताया कि उनकी प्राथमिकता होगी कि वह जनता के रुके कार्य करा सकें। गरीब एवं मजदूरों को समय से राशन मिल सके। नागरिक, राशन कार्ड संबंधी कार्यों के लिए दफ्तर में आ सकते हैं रामसेवक यादव ने कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बताया कि उनकी पहली प्राथमिकता राशन वितरण प्रणाली को दुरुस्त करना है राशन प्रणाली को दुरुस्त करने के लिए एक कमेटी का गठन करने की योजना बनाई जाएगी जिसमे विभिन्न क्षेत्रों के कोटेदारों व सेक्टरों को शामिल किया जाएगा हर हफ्ते कमेटी



की बैठक होगी कमेटी द्वारा राशन वितरण पर नजर रखी जाएगी कि कितने लाभार्थियों को राशन मिला और जिन लाभार्थियों को राशन नहीं मिला है उसके पीछे क्या कारण है इससे पहले वो गोला में तैनात थे पूर्व में रामसेवक यादव ने एलआईयू में भी सेवा दे चुके है।

# सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

▸ जोशीली कविताएं एवम् विभिन्न प्रतियोगिताएं रहीं कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** शुक्रवार को विश्व के कठिनतम युद्धों में एक कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सनातन धर्म सरस्वती विद्या मंदिर बालिका इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वन्दना से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने आए हुए मुख्य अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्रा का परिचय एवं स्वागत किया।

मुख्य अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्र ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि कारगिल का युद्ध विश्व का सबसे कठिन युद्ध था। क्योंकि इसमें वायुसेना आदि नही केवल पैदल सैनिकों ने अपने अदम्य साहस से घुटनों के बल रेंगते हुए पहाड़ों पर बैठे दुश्मन पाकिस्तान के आतंकवादियों के वेष में आए हुए सैनिको को मार गिराया था। उन्होंने बताया कि जब भी पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से बातचीत हुई, भारत ने धोखा ही खाया है। तत्कालीन प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व0 अटल बिहारी बाजपेई मित्रता के लिए पाकिस्तान गए थे और पीछे से पाकिस्तान ने कारगिल पर कब्जा कर लिया। मुख्य अतिथि ने अपनी कविताओं के माध्यम से कारगिल युद्ध के विषय में बताकर सभी को जोश से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा बहनों ने मानव पिरामिड बनाकर सभी का मन मोह लिया। कारगिल विजय दिवस पर छात्राओं के मध्य भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं प्रबन्धक द्वारा उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय प्रबन्धक चन्द्र भूषण साहनी ने आए हुए अतिथि कर्नल सी.पी. मिश्र के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की सहायक आचार्या निवेदिता अवस्थी ने किया।

# विद्यालय में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कृषक समाज इंटर कॉलेज में आज प्रधानाचार्य ए पी सरोज की अध्यक्षता कारगिल विजय दिवस मनाते हुए बच्चों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई।

प्रधानाचार्य ने बताया कि भारत के सैन्य इतिहास में एक गौरवशाली दिन है। कारगिल वह क्षेत्र है, जहां भारत और पाकिस्तानी सेना ने युद्ध किया और पड़ोसी मुल्क के कब्जे से कारगिल द्रास क्षेत्र को आजाद कराया। इस दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के खिलाफ विजय गाथा लिखी थी। भारत-पाकिस्तान की इस सैन्य जंग को इतिहास में विजय के प्रतीक के तौर पर मनाया जाता है और हर साल कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन, भारत वीर सैनिकों के साहस और बलिदान को



याद करता है जिन्होंने देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में बच्चों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई जिससे बच्चों में भारत के सैनिकों के बलिदान साहस को हमेशा हमेशा के लिए याद रखें। कार्यक्रम में श्याम मूर्ति शुक्ला लखपत भारती डॉ अनिल कुमार अरुण कुमार पांडे सरोज कुमार वर्मा उपस्थित है।

# अवैध शराब निर्माण, बिक्री रोकने को चला अभियान

▸ विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं का डीएम ने लिया संज्ञान, गठित टीमो ने की छापेमारी

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखीमपुर-खीरी।** अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के नेतृत्व मे प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग की संयुक्त टीमो ने विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया।

विभिन्न माध्यमों से अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री से संबंधित प्राप्त सूचनाओं का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने संज्ञान लिया। डीएम के निर्देश पर आबकारी व पुलिस महकमें ने छापेमारी कर कार्यवाही की। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ व नीमगांव थाना प्रभारी सुनीता कुशवाहा के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम लालहनपुर सुतेहरा लोनीपुरवा थाना नीमगांव में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों से कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में और लहन प्लास्टिक की पिपियों बरामद की। मौके पर लहन सहित पिपियों को भी नष्ट किया।

आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर ने ग्राम तुलसीपुर थाना फ़रधान में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची शराब और लहन सहित चढ़ी भट्ठी बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठियों और लहन को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक एचएन पाण्डेय क्षेत्र 2 मोहम्मदी ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम खाकिन थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थान से कच्ची शराब और लहन बरामद कर नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रभात तिवारी क्षेत्र 4 पलिया खीरी मय स्टाफ ने गुलरा भगवंत नगर थाना मझगई में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और उनके पास के स्थानों से कच्ची शराब और लहन बरामद किया। मौके पर चढ़ी भट्ठी सहित लहन को नष्ट किया।

आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला ने मय स्टाफ ग्राम कुधवा थाना गोला ग्राम देवरिया कैमारा पिपरा झाला थाना हैदराबाद में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध स्थानों से कच्ची की चढ़ी भट्ठियों सहित प्लास्टिक के पाउचों में कच्ची शराब बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठि को नष्ट किया और 1 अभियुक्त को कच्ची शराब व्यापार में लिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा खीरी मय स्टाफ द्वारा ग्राम धौरहरा नाला थाना धौरहरा में दबिश दी। दबिश में नदी किनारे से कच्ची शराब और लहन पिपीयो में बरामद किया।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये। इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 13 अभियोगो को पंजीकृत किया। 285 लीटर अवैध शराब और 1320 लहन बरामद की।

# एक दर्जन ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग बदहाल

▸ सडक निर्माण कार्य में लापरवाही से सवा लाख आबादी परेशान, जिम्मेदार मौन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**धौरहरा-खीरी।** जिले की तराई तहसील में शामिल धौरहरा क्षेत्र में सरकारी विभागों के जिम्मेदार अधिकारी कैसे काम करते हैं व काम की निगरानी करते हैं इसकी बानगी निम्न हैं।

क्षेत्र के विकास खण्ड रमियाबेहढ में ब्लाक मुख्यालय से दूर दराज के गांवों को जोड़ने वाली सड़क निर्माण कार्य में जिम्मेदार अधिकारियों व फर्म द्वारा तय समय तक निर्माण कार्य पूरा न होने से लोग दूसरे मार्गों व दूरस्थ दूरी तय करके अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं।जानकारी के मुताबिक विभाग द्वारा एक वर्ष में 01.07.023 से 01.07.024 तक 13 किमी सड़क निर्माण होने से करीब एक दर्जन ग्राम पंचायतों की सवा लाख आबादी को आने जाने में सहूलियत होगी लेकिन लोक निर्माण विभाग व कार्यदाई संस्था बालाजी बिल्डर्स द्वारा तय समय पर कार्य पूर्ण न करके मिट्टी की परत,सडक किनारे मिट्टी के ढेर व कही कही सिर्फ पत्थर डालकर छोड दिया गया जिसमें राहगीरो को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञात हो विकास खंण्ड मुख्यालय पर ष्ट ॥ ष्ट पशु-चिकित्सालय,ब्लाक संसाधन केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय सहित तहसील मुख्यालय व जिला मुख्यालय तक आने जाने में दिक्कते आ रही है।

ज्ञात हो इस मार्ग के किनारे ग्राम पंचायत नैनापुर, रामनगर बगहा, गुलरिया ताल्लूके अमेठी,अग्घरा,परौरी,हौकना मटेरा,सुजई कुण्डा भटपुरवा कलां आदि गांवों की करीब सवा लाख आबादी प्रभावित होती है।इस मामले में लोक निर्माण विभाग के जे ई अखिलेश वर्मा ने कहा कि निर्माणधीन मार्ग पर बना रपटा पुल टूटने से देरी हुई हैं एक माह में सडक निर्माण कार्य पूर्ण होगा। उपरोक्त प्रकरण में एस डी एम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है संबंधित विभाग बात कर तय समय में कार्य पूर्ण करने को कहा जाएगा।

# बजट 2024-25 - एक मास्टर स्ट्रोकः डा. एम. चुबा आओ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नई दिल्ली/ गाजियाबाद।** सभी देश वासियों को केंद्रीय बजट 2024-25 का स्वागत करना चाहिए विश्व स्तर पर कठिन परिस्थितियों में इस वर्ष का बजट पेश करने के लिए प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को मे हृदय से बधाई देता हूं।

यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.2 फीसदी तक पहुंच गयी है. दरअसल, इसने एक रिकॉर्ड कायम कर दिया है. इस बजट में कृषि, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा से लेकर हर सेक्टर पर फोकस रखा गया है और इसके लिए वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण बधाई की पात्र हैं।

हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि बजट समावेशी है, जिसमें रोजगार सृजन और कौशल में सुधार पर जोर दिया गया है। विशेष रूप से, यह कृषि और सेवा एवं विनिर्माण जैसे अन्य क्षेत्रों के बीच सही संतुलन बनाने में भी सक्षम है। नए वित्तीय वर्ष में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये के पर्याप्त आवंटन की घोषणा की, जिसका श्रेय वित्त मंत्री को जाता है। महत्वपूर्ण बात यह है कि अगले दो वर्षों में 10 मिलियन किसानों को प्राकृतिक



कृषि पद्धतियों से परिचित कराया जाएगा।जन्म से एक नागा किसान के रूप में, मुझे यह जानकर खुशी होती है कि हमारी मोदी सरकार 32 क्षेत्रीय और बागवानी फसलों के लिए नए 109 उच्च उपज वाले, जलवायु लचीले बीज जारी करेगी।इस प्रयास से विशेष रूप से नागाओं और देश के बाकी हिस्सों में पूर्वोत्तर के लोगों और अन्य कृषि समुदायों को अत्यधिक लाभ होगा।केंद्र सरकार किसान उत्पादक संगठनों, सहकारी और स्टार्टअप को भी बढ़ावा देगी। कृषि में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उपयोग तीन वर्षों में किसानों और भूमि के लिए किया जाएगा। प्रधान मंत्री का नेतृत्व समय की कसौटी पर खरा उतरा है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में उन्होंने देश को 2047 तक एक विकसित भारत की यात्रा की ओर अग्रसर किया है। वित्त मंत्री सीतारमण ने राजकोषीय घाटे का लक्ष्य घटाकर 4.5 प्रतिशत कर दिया है और उन्होंने नई व्यवस्था में संशोधित आयकर संरचना की भी घोषणा की है।

मैं विशेष रूप से 20 लाख युवाओं को कुशल बनाने जैसी पहलों का स्वागत करता हूं अगले पांच वर्षों के दौरान 1000 प्रशिक्षण संस्थानों को भी उन्नत किया जाएगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने सरकार के लिए नौ प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को भी सूचीबद्ध किया है जैसे कृषि में उत्पादकता और लचीलापन, रोजगार और कौशल, समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय, विनिर्माण और सेवाएं, शहरी विकास, ऊर्जा सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार, अनुसंधान और

विकास और अगली पीढ़ी के सुधार। यह बजट 10 वर्षों के विकास का एक समेकन होगा और निश्चित रूप से देश को विकासशील भारत से विकसित भारत की यात्रा पर ले जाएगा।

वस्तुत~ बजट सदैव देश को विकास और प्रगति के पथ पर ले जाने की संकल्प यात्रा है। वित्त मंत्री निर्मला जी ने एक अच्छा कार्य किया है और मुझे विश्वास है कि श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश %विकसित भारत% के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।पीएम मोदी 2014 से भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हम परिणामोन्मुख परियोजनाओं, महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों और कल्याणकारी योजनाओं के साथ इस महान यात्रा पर हैं।

उत्तर पूर्व भारत में बैंकिंग गतिविधियों के विस्तार के लिए की गई घोषणा एक अच्छा कदम है। मुझे हॉस्टल और क्रेच के माध्यम से महिला कार्यबल की भागीदारी के लिए समर्थन, सरकारी गारंटी के साथ छात्रों के लिए 7.5 लाख रुपये तक के ऋण जैसी नई पहल भी महत्वपूर्ण कदम है। इनसे छात्रों को मदद मिलेगी. मुझे यह जानकर भी खुशी हुई कि उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता भी सुनिश्चित की गई है।

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को खामियां नहीं मिल रही हैं और यही कारण है कि वे यहां तक कह रहे हैं कि इस साल का बजट कांग्रेस के घोषणापत्र की नकल है। उनके पास अब और अधिक तर्कसंगत ढंग से आचरण करने के और भी अधिक कारण हैं।

संक्षिप्त खबरें

## संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर संविधान मान स्तंभ दिवस मनाया गया पार्टी के नेता कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर संविधान मान स्तंभ दिवस पर चर्चा किया । पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियां महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने विस्तार से संविधान मान स्तंभ के बारे में चर्चा किया ।

समाजवादी पार्टी आज संविधान मान स्तंभ की स्थापना करके आरक्षण का अधिकार दिवस मना रही है। पीडीए को अधिकार तब ही मिलेंगे जब उचित रूप से आरक्षण का हक सबको मिलेगा। संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए समाजवादी पार्टी प्रतिबद्ध है। आरक्षण की संकल्पना महात्मा ज्योतिराव फुले जी की है। ज्योतिराव फुले जी का उद्देश्य सभी को संख्या के अनुपात में आरक्षण देना था। आज के दिन, 26 जुलाई सन 1902 को राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने संस्थान में आरक्षण का अंमल शुरू किया। बाबा साहब ने आरक्षण को संवैधानिक दर्जा 26 जनवरी 1950 को दिया। उनका उद्देश्य हजारों सालों से जिनको संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व नहीं था, उनको आरक्षण देना था अर्थात बहुजन समाज को राजनीतिक जमात बनाने हेतु उनमें से ही प्रशासक वर्ग निर्माण करना था।

इसमें महात्मा ज्योतिराव फुले जी का अधूरा काम राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने करवीर अर्थात कोल्हापूर संस्थान में पूरा किया और महात्मा ज्योतिराव फुले और राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज का अधूरा काम बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने भारतीय संविधान में आरक्षण की व्यवस्था करके पूरा किया।

## अधेड़ की संदग्धि परिस्थितियों में हुई मौत,परिजनों ले लगाया हत्या का आरोप



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बे के वार्ड नंबर छः रूद्र नगर के रहने वाले पैंसठ वर्षीय सुंदर लाल पुत्र मैकू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई वहीं बड़े भाई की बहु ने चचेरे ससुर की हत्या का आरोप लगाते हुए दो लोगों के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।कस्बे की रहने वाली सुलेखा पत्नी राम कुमार ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसके चचेरे ससुर को उनके पड़ोसी राजेश कुमार उर्फघंटी पुत्र बजरंगी राम अभिलाष पुत्र राम नाथ निवासी कैलाश पुर मजरे कोटवा मदनिया रोजाना शराब पिला रहे थे और बहला फुसलाकर चार दिन पहले उनकी जमीन को दोनों ने मिलकर पैसा देने की बात कहकर वसीयत करवा ली। बीते बृहस्पतिवार को उनके चचेरे ससुर ने उन्हें बताया कि उपरोक्त लोगों द्वारा पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं, और आज शुक्रवार को सुबह चचेरे ससुर को राजेश और राम अभिलाष अपने साथ ले गए और हत्या कर दी उसके बाद शव लाकर घर में लेटा दिया गया। अतिरिक्त निरीक्षक हरिकेश सिंह ने बताया कि बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत होने की बात सामने आ रही मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही पता चलेगा।

## बेसिक शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार मांदड के निर्देश के क्रम में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समस्त जिला स्तरीय टास्कफोर्स सदस्य एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालय के निरीक्षण करना सुनिश्चित करें, जिससे सी0एम0 डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग अच्छी प्रदर्शित हो एवं समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया ब्लॉक टास्कफोर्स से समन्वय स्थापित कर निरीक्षण ससमय पूर्ण करें। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में पी0एम0 में छात्र उपस्थिति न्यूनतम 70 प्रतिशत तक सुनिश्चित करें, अन्यथा जनपद की रैंकिंग खराब होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनके द्वारा कम अधिगम स्तर वाले विद्यालय जो उनके द्वारा गोद लिये गये है। साथ ही साथ ए0आर0पी0 एवं एस0आर0जी0 द्वारा उनके लक्ष्य के सापेक्ष सर्पोटी सुपर विजन शत-प्रतिशत किया जाये। डी0बी0टी0 पेन्डेन्सी को सम्बन्ध में जिला समन्वयक एम0आई0एस0 को निर्देशित किया गया है कि 01 सप्ताह में समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर अध्यापक स्तर से आधार सत्यापन कराते हुए अपूर्ण डी0बी0टी0 पेन्डेन्सी को पूर्ण करें, जिससे डी0बी0टी0 से अवशेष छात्र को लाभान्वित हो सके। समस्त अधिशासी अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी अपने नगरीय क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों को 19 पैरामीट पर अक्तूबर से पूर्व ही संतृप्त कराना सुनिश्चित करे बीडीओ, एडीओ पंचायत , खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने ग्रामीण क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों को 19 पैरामीटर पर अक्तूबर से पूर्व संतृप्त कराएं समस्त अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड को निर्देशित किया गया कि 40 मीटर से दूर व 40 मीटर से कम दूरी स्थित विद्युत पोल वाले अविद्युतीकृत विद्यालयों को विद्युत संयोजन कराना सुनिश्चित कराए, जिसकी धनराशि मार्च माह में विद्युत विभाग को उपलब्ध करायी जा चुकी है।

# अयोध्या : अवैध पर कसा शिकंजा, तीन माह में पौने दो करोड़ का जुर्माना

**▸▸सीएम योगी के निर्देश पर खनन विभाग के अधिकारियों ने वसूले 9,50,000 रुपये की हुई वसूली**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शासन व्यवस्था को नयी तकनीक से जोड़कर किये जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम दिखने लगा है। प्रदेश में अवैध खनन और इसके परिवहन के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियान में भी नई तकनीक का बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है। इसके नतीजे भी असरकारी दिखाई दे रहे हैं। खनन विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग ने अवैध खनन करने वाले खनन माफियाओं पर एक अप्रैल से 30 जून तक लगभग 1,79,50,746 का जुर्माना किया है। जिसमे अब तक लगभग 9,50,000 रुपये की वसूली की गई है।



सरयू नदी के तराई क्षेत्र मे बालू माफिया रात होते ही अवैध खनन मे लग जाते हैं। इसके अलावा कई क्षेत्रों मे मिट्टी खनन भी तेज है। जिला खनन अधिकारी राघवेंद्र सिंह खनन माफियाओं के लिए काल बन गए है। पूरी रात खनन विभाग की टीम खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है। जिला खनन अधिकारी ने बताया कि एक अप्रैल से 30 जून तक 9950746 रुपये का खनन माफियाओं पर जुर्माना किया गया। जिसमे लगभग 15 लाख रुपए की जुर्माना राशि वसूल कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 200 वाहनों से 80 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया हैं खनन माफ़िया बालू का भण्डारण भी करते हैं। इसके विरूद्ध भी खनन विभाग की टीम लगातार छापेमारी कर रही है। छापे के दौरान अवैध खनन से भण्डारित की गई 6000 घन मीटर बालू सीज की गई है।

## बीफार्मा व डीफार्मा में 60 सीटों के सापेक्ष क्रमशः 56 व 55 ने लिया प्रवेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की प्रवेश काउंसिलिंग में बीफार्मा व डीफार्मा की काउंसिलिंग विवेकानंद सभागार में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। बीफार्मा की 60 सीटों के सापेक्ष 56 अभ्यर्थियों ने फीस जमा कर प्रवेश लिया। इसमें एक रैंक से 181 रैंक तक के अभ्यर्थियों को बुलाया गया था। जिनमें एससी की चार सीटें रिक्त रही। इन्हें प्रतीक्षा सूची से भरा जायेगा। वही दूसरी ओर डीफार्मा की प्रवेश काउंसिलिंग में 01 रैंक से 129 तक के अभ्यर्थियों को बुलाया गया। जिनमें 60 सीटों के सापेक्ष 55 अभ्यर्थियों ने प्रवेश काउंसिलिंग कराकर फीस जमा की। इनमें एससी की 05 सीटें प्रतीक्षा सूची से भरी जायेगी। प्रवेश समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि बीफार्मा में 56 व डीफार्मा में 55 अभ्यर्थियों ने फीस जमा कर पाठ्यक्रम में प्रवेश ले लिया है। बीफार्मा की 04 व डीफार्मा की 05 एससी सीटे प्रतीक्षा सूची से भरी जायेगी। प्रवेश काउंसिलिंग को सम्पन्न कराने में डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 महेन्द्र सिंह, डॉ0 अजय शुक्ला, डॉ0 अंकुर श्रीवास्तव, डॉ0 प्रशांत सिंह, सुभाष विश्वकर्मा, अजय कुमार राधव कुमार, देवीदीन का विशेष योगदान रहा। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शनिवार को एलएलएम पाठ्यक्रम की प्रवेश काउंसिलिंग होगी। जिनमें 60 सीटों के सापेक्ष एक रैंक से 134 रैंक तक के अभ्यर्थियों को बुलाया गया है।

## जहरीले पदार्थ के सेवन से मौत

**बीकापुर -अयोध्या ।** कोतवाली क्षेत्र के भग्गू जलालपुर निवासी आरती संग्रह विनय सिंह पुत्र धर्म सिंह द्वारा गुरुवार को शाम जहरीले पदार्थ का सेवन करने पर परिजनों द्वारा सीएचसी बीकापुर लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर धर्मेंद्र रंजन द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गहन इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को दोपहर बाद हृदय गति रुकने से निधन होने की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक ही परिवार की पूरी देखरेख करता था। इसके बाद एक पुत्री लगभग 15 वर्ष और एक पुत्र लगभग 12 वर्ष का है। तथा माता-पिता की देखरेख स्वयं ही करता था। जहरीले पदार्थ का सेवन करने का कारण भी कोई समझ नहीं पा रहा है।

# अयोध्या में जमीन के कब्जे को लेकर फिर विवाद

### लोढ़ा ग्रुप की किसानों के साथ गुंडागर्दी बर्दाश्त नही-तेज नारायण पांडेय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** अयोध्या में जमीन के कब्जे को लेकर फिर से विवाद खड़ा हो गया है। माझा बरेहटा क्षेत्र में स्थानीय किसानों और लोढ़ा ग्रुप के बीच जमीन को लेकर टकराव बढ़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी सरकार में पूर्व राज्यमंत्री पवन पांडेय के साथ किसानों ने एक प्रेस वार्ता की, जिसमें उन्होंने लोढ़ा ग्रुप पर गंभीर आरोप लगाए।पवन पांडे ने आरोप लगाया कि लोढ़ा ग्रुप ने जमीन लेने के बाद भी अब स्थानीय किसानों को परेशान करना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर किसानों को धमकाते हैं और बची हुई जमीन को कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। पवन पांडे ने चेतावनी दी कि समाजवादी पार्टी किसानों के हक के लिए सड़क



पर उतर कर आंदोलन करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि वह किसानों के लिए क्या कर रही है। पवन पांडेय ने कहा कि अगर सरकार ईमानदार है तो वह किसानों की जमीन बचाए, अन्यथा वह भ्रष्ट समझी जाएगी। उन्होंने बीजेपी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर यही हाल रहा तो पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ेगा। किसानों ने भी कहा कि लोढ़ा ग्रुप के बाउंसर उन्हें धमकाते हैं और उनकी जमीन कब्जाने की कोशिश कर रहे हैं। माझा बरेहटा में लोढ़ा ग्रुप ने पहले से ही जमीन ले रखी है और अब उसके आसपास की जमीन पर भी कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

यह मामला अयोध्या में एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है और किसानों के आंदोलन के संकेत से स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रदेश सरकार और प्रशासन इस विवाद को कैसे सुलझाते हैं और किसानों की सुरक्षा और हक को कैसे सुनिश्चित करते हैं।

## कारगिल विजय दिवस पर 26 बने रक्तदानी


### पुलिस ने उठाया है जीवन बचाने का बीड़ा- मो अहद




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या !** कारगिल विजय दिवस के परिपेक्ष्य में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में किया गया! राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित इस रक्तदान शिविर में 26 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बनें जिसमें करीब डेढ़ दर्जन पुलिस के जवानों ने रक्तदान किया !यह रक्तदान शिविर एक यूनिट रक्तदान सरहद के सैनिकों के नाम से समर्पित रहा! इस मौक़े पर संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि रक्त का निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं होता यह दान करने से ही जरूरत मंदो को मिलता है, लिहाजा युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए! जिससे किसी की मौत खून की कमी से न हो! रक्तदान प्रभारी आरक्षी मो अहद ने कहा कि यह रक्तदान शिविर सैनिक परिवार को समर्पित है और प्रदेश में किसी की मौत खून के अभाव में न हो इसके लिए पुलिस साथियों की टीम पूरे प्रदेश में सक्रिय है, जिससे प्रति दिन मरीजों की जान बच रही है! संस्था सचिव इंद्र प्रीत सिंह ने कहा की संस्था का उद्देश्य लोगों में रक्त दान के प्रति जागरूकता लाना है, जिससे देश रक्त के मामले में आत्म निर्भर हो सकें! शिविर की अध्यक्षता वृद्ध आश्रम से जुड़े अमरेश चंद मिश्र ने किया! रक्तदान करने वालों में आशीष सिंह, दीपक पटेल, आलोक मिश्र, सुनील मिश्र, आशुतोष सिंह, प्रियंकर मिश्र, प्रवेश यादव, मिथिलेश यादव, सचिन शर्मा, प्रदीप तिवारी, इंद्र प्रीत सिंह, संजय यादव, व अन्य लोगों ने किया!

## रेवतीगंज बाजार में बन रही नई बिजली लाइन में गड़बड़ झाले की हुई शिकायत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज विद्युत सब स्टेशन क्षेत्र के रेवतीगंज बाजार में नए फीडर की लाइन निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसको लेकर लोगों में काफी असंतोष है। इस नई विद्युत लाइन के निर्माण में बिजली का तार और विद्युत पोल के घपले बाजी का खेल भी सामने आया है। शिकायतकर्ता शेषमणि त्रिपाठी ने बताया कि रेवतीगंज के नाम से बन रहे नए फीडर की लाइन बाजार की पूरब पटरी से पास है, लेकिन ठेकेदार तार व विद्युत पोल बचाने के चक्कर में बाजार में कई स्थानों पर रोड को क्रॉस कर रहा है, जबकि सर्वे के अनुसार बाजार में केवल एक जगह रोड पर लाइन का क्रॉस है। इसके अलावा पहले से बनी बिजली लाइन के 440 बोल्ट के खंभों का नई बनाई जा रही हाईटेंशन लाइन में इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकार लोगों द्वारा बताया गया कि 11 हजार बोल्ट की हाईटेंशन लाइन को छोटी लाइन के विद्युत पोल से नहीं टच होना चाहिए। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि लाइन निर्माण के लिए बनाई गई ड्राइंग में कई जगह मनमानी करके नियम के विरुद्ध 11 हजार हाईटेंशन लाइन के पोल गाड़े गए हैं और लाइन क्रॉस की गई है। जब कई बार इस गड़बड़झाले की शिकायत की गई तो अधिशासी अभियंता ने नियम संगत लाइन बनवाने की जगह शिकायत कर्ता के दरवाजे पर गलत तरीके से क्रास की गई बिजली लाइन को हटाने के लिए ठेकेदार को निर्देश दिए हैं।

# प्रकृति एवं मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी है-पूर्व सांसद लल्लू सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के तहत शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय राजेपुर तथा सरायरासी में पौधे रोपित किए गए। राजेपुर में 10 तथा सरायरासी में 20 स्थानों पर पौधरोपण किया गया। रोपित किए गए पौधों में दोनों स्थानों में एक-एक हरिशंकरी सहित नीम, पीपल, बरगद, अशोक शामिल हैं। पौधों के संरक्षण के लिए सभी पौधों में ट्री-गार्ड लगाया गया है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि पौधों के रोपण के बाद उनके बड़े होने तक



उनके संरक्षण का दायित्व सबसे अहम है। पौधों की सुरक्षा के लिए सभी में ट्री-गार्ड लगाया गया है। प्रकृति एवं मानव जीवन के लिए पौधरोपण जरूरी है। पौधों से ही मानव जीवन बच सकता है। प्राकृतिक सम्पदा को बचाने लिए पेड़ पौधे अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी पौधरोपण तक ही सीमित नही होनी चाहिए बल्कि उनके वृक्ष बनने तक उनके संरक्षण का दायित्व भी हमारा है।उन्होंने बताया कि हरिशंकरी वृक्ष का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। विभिन्न धर्म ग्रंथों में इसका उल्लेख मिलता है। पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मलित रोपण को हरिशंकरी कहते है। तीनों के पौधों का इस प्रकार रोपित किया जाता है जिससे तीनो वृक्षों का संयुक्त छत्र विकसित हो व तीनों वृक्ष के तने विकसित होने पर एक तने के रुप में दिखाई दे।उन्होंने बताया कि अयोध्या न्यास द्वारा जिले में नक्षत्र वाटिका, पंचवटी व नवग्रह वाटिका निर्माण कर हरिशंकरी तथा अन्य पौधों का रोपण किया जा रहा है। पौधें के संरक्षण की व्यवस्था की जा रही है।सरायरासी में पौधरोपण के समय प्रधान रणधीर सिंह लल्ला, राम नरायन सिंह, शिव बक्श सिंह, अक्षय लाल गौड़, किरन याव, राहुल विश्वकर्मा, रणधीर सिंह डब्लू सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## डिप्टी सीएम के आदेश के बावजूद भी सीएचसी हैदरगंज में छोटी पर्ची पर लिखी जा रही है बाहर की महंगी दवाईयां व जांच

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हैदरगंज- अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व स्वास्थ्य मंत्री सहित उच्चाधिकारियो के आदेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरगंज के अधीक्षक व चिकित्सक के लिए कोई मायने नहीं रखता। क्षेत्र के गरीब मजदूर मरीजों को बाहर की जांच व दवाइया लिखने पर कड़ी रोक लगने के बावजूद सीएचसी हैदरगंज के डॉक्टरो द्वारा बेखौफ बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। बाहर मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने के बाद ओपीडी में इलाज कर रहे अधीक्षक के ऊपर एक गरीब परिवार की महिला ने गम्भीर आरोप लगाये है। पीड़िता का कहना है कि हमारे ही साथ में कई मरीजों को बाहर की महंगी महंगी दवाइया लिखी गई । वह गरीब महिला न चाहते हुए भी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाइया खरीदने को मजबूर हुई है।प्रशासन भी सब कुछ जानते हुए भी हाथ पर हाथ धरे बैठा है।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरगंज की ओपीडी में औसतन 50 से 60 मरीज इलाज के लिए गावो से आते हैं। इनमें से अधिकांश मरीज गरीब तबके के होते हैं । मरीजों की शिकायत रहती है कि अधिकांश डॉक्टर व चिकित्सा अधीक्षक स्वास्थ्य केन्द्र से कुछ दवाइया देने के बाद बाहर की महंगी महंगी दवाइया लिख देते हैं।बाहर की दवाइया महंगी होने पर गरीब मजदूर तबके के मरीज इसे खरीद पाने में असमर्थ होते हैं। आरोप लगाया जा कि डॉक्टरों द्वारा सरकारी पर्ची पर नही अलग से छोटी छोटी पर्ची पर कमीशन की महंगी महंगी दवा लिखी जाती है। जो कि चिन्हित चुनिंदा मेडिकल स्टोर पर ही मिलती है । इस तरह के आरोप महिला के अलावा पाली अचलपुर के मजरे शिवपुर निवासी श्री भगवान ने भी लगाये।उनका कहना था कि उन्हें 560 रुपये की बाहर की दवा लिख दी गई , गांव के गरीब लोग इतने पैसे लेकर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए नही आते हैं। कुछ लोगो ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि डॉक्टरों द्वारा आए दिन बाहर की महंगी महंगी दवाएं लिखी जा रही हैं।

आपको बता दें कि हैदरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर जो भी मरीज आते हैं डॉक्टर साहब मरीज को या उनके परिजनों को छोटी छोटी पर्चियों पर कमीशन की महंगी महंगी दवाएं लिख देते हैं। जिससे परिजन बड़े मुश्किल से खरीद पाते हैं । इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या से शिकायत किया गया तो उन्होंने कहा कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी ।

## महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुमारगंज -अयोध्या।** आशा भगवान बक्स सिंह महाविद्यालय पूराबाजार में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। इस अवसर पर छायादार एवं फलदार पौधें लगाये गये। इस कार्यक्रम में,पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित प्रतिभागियों की उपस्थिति। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नीलमणि सिंह ने पौधारोपण कर अपने संदेश में वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने, ऑक्सीजन प्रदान करने और



जैव विविधता को बनाए रखने में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। श्री सिंह ने कहा कि जैसे मां अपने बच्चों को संभाल कर रखती है ठीक इसी तरह से हमें पेड़ों को संरक्षण देकर उनका पालन पोषण करना चाहिए। पेड़ हम सबको जीवन प्रदान करते हैं इन्हें लगाने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा हम सभी को करनी चाहिए। अपने बच्चों को माता-पिता जैसे समय देते हैं वैसे ही पौधों को बड़े करने में समय का दान जरूरी है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को उनके द्वारा लगाए गए पौधे को अपनाने, उनकी देखभाल करने और उनका पालन-पोषण करने के स्थानीय समुदाय के लोग शामिल थे लिए भी प्रोत्साहित किया। प्रिंसिपल के संबोधन के बाद, वृक्षारोपण उत्साह और समर्पण के साथ शुरू हुआ। प्रतिभागियों ने नए लगाए गए पेड़ों की देखभाल करने और वन क्षेत्र के संरक्षण में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महाविद्यालय के डॉ. गोपालनंदन समन्वयक राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल क्षेत्र के हरित आवरण को बढ़ाना है, बल्कि वृक्षारोपण और पर्यावरणीय स्थिरता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। यह कार्यक्रम विभिन्न स्थानीय निकायों और छात्रों के सहयोग एवं व्यापक भागीदारी और सामुदायिक जुड़ाव से सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाविद्यालय के शिक्षक छात्र संघ का सदस्य गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय समुदाय के लोग शामिल हुए

# अमर शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि- डॉ जनार्दन

## एमएलके पीजी कॉलेज में एनसीसी ने कारगिल दिवस पर आयोजित कराया कार्यक्रम





**बलरामपुर ।** 51 वीं यू पी बटालियन एन सी सी की ओर से एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर सभागार में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में देश के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए उनकी वीरगाथा का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि मेजर जनरल(रिटायर्ड) एस के राव, सदर विधायक पलटू राम,नगरपालिका परिषद बलरामपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि डी पी सिंह,प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय,प्रधानाचार्य हरि प्रकाश वर्मा,के पी यादव व राकेश प्रताप सिंह को बैज लगाकर स्वागत किया गया। कारगिल युद्ध में माँ भारती के चरणों में सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर सपूतों को नमन करते हुए मेजर जनरल एस के राव ने कैडेटों का आहवान किया कि जरूरी नहीं है कि हम सभी सीमा पर जाकर ही देश के लिए कुछ कर सकते हैं, आवश्यकता है कि हम जहाँ भी जिस पद पर हैं वहां से ऐसे कार्य को अंजाम दे जो देश की प्रगति में योगदान कर सके। उन्होंने कहा कि देश के लिए शहीद होने वाले अमर जवानों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि उनके राष्ट्र की रक्षा व प्रगति में हम भी पीछे न रहें। सदर विधायक पलटू राम ने अपने ओजस्वी उदबोधन में कहा कि भारत संस्कृति, क्षमा और साहस की भूमि है। यह देश और इसका इतिहास दुनिया के लिए उल्लेखनीय और प्रेरणादायक है। भारतीय सबसे कठिन दृश्यों से गुज़रे हैं और फिर भी अपना गौरव बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। हमारे सैनिकों ने कई लड़ाइयां लड़ी हैं और उनमें जीत हासिल की है। प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डी पी सिंह ने कहा कि एन सी सी एकता और अनुशासन का पाठ पढ़ाता है। देश की प्रगति के लिए अनुशासित ढंग से देश की एकता के लिए प्रयत्नशील रहें। प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने कहा कि बटालियन द्वारा आयोजित कार्यक्रम कैडेटों में आत्मविश्वास जागृत करती है। दृढ़ इच्छा शक्ति के बलबूते हमारे देश के जवानों ने विषम परिस्थितियों में भी पाकिस्तान के नापाक मंसूबों को धवस्त कर दिया था। प्रधानाचार्य के पी यादव ने सभी को कारगिल विजय दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अरविंद प्रताप सिंह पटवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना के शौर्य,वीरता और बलिदान को नमन करता हूँ। कार्यक्रम का संचालन एम एल के महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। इसके पूर्व कैडेटों ने अपने उदबोधन से अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अंडर ऑफिसर वीरेंद्र की टीम द्वारा फौजी जीवन पर आधारित नाटक को खूब सराहा गया। वहीं सीनियर अंडर ऑफिसर दीपिका सिंह एन्ड टीम द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य ने कार्यक्रम में समा बाँधा। कारगिल विजय दिवस पर आधारित मूवी भी दिखाया गया। इसके बाद क्क व ष्ट प्रमाण पत्र परीक्षा में, ग्रेड प्राप्त करने वाले कैडेटों को प्रमाण पत्र प्रदानकर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर बटालियन के एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल अनुराग गंजवार, एन सी सी अधिकारी मेजर वन्दना पाण्डेय,लेफ्टिनेंट मदन लाल, लेफ्टिनेंट शशांक,3ह्स्र ऑफिसर आनंद चौधरी, केयर टेकर ऑफिसर वंदना पांडेय,सूबेदार नायक,सूबेदार खड़का बहादुर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राजनैतिक दुर्भावना से ये मुकदमा दर्ज करवाया-राहुल गांधी

अगली पेशी 12 अगस्त को





**सुलतानपुर।** मानहानि के मामले में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी आज सुल्तानपुर पहुंचे। इस दौरान एमपी एमएलए कोर्ट में वे पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। उन्होंने कहा परिवाद मे कहे गए कथन झूठे और निराधार हैं। उन्होंने कहा कि मेरी और पार्टी की छवि को नष्ट करने के लिए राजनैतिक दुर्भावना से ये मुकदमा दायर किया गया। उन्होंने सारे आरोप झूठे और निराधार बताए हैं। बहरहाल अब इस मामले में 12 अगस्त को सुनवाई होगी, वहीं कोर्ट ने साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। वहीं राहुल के दौरे को लेकर पूरा दीवानी परिसर छावनी में तब्दील रहा, वहीं राहुल से मिलने के लिए भारी संख्या में नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दरअसल करीब साढ़े 5 वर्ष पूर्व कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक अपत्तिजनक बयान दिया था। इसी से नाराज सुल्तानपुर के बीजेपी नेता विजय मिश्रा मिश्रा ने परिवाद दाखिल किया था जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। इस मामले में राहुल गांधी बीते 20 फरवरी को सुल्तानपुर पहुंचे हुए थे और अपनी जमानत करवा ली थी। फिलहाल पिछली कई पेशियों से राहुल गांधी पेश नहीं हुए थे। लिहाजा एमपी एमएलए कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उन्हें अंतिम मौका दिया था। लिहाजा आज राहुल कोर्ट में पेश हुए और अपना बयान दर्ज करवाया। राहुल के अधिवक्ता की माने तो कोर्ट में राहुल ने परिवाद मे कहे गए कथन झूठे और निराधार बताए हैं। उन्होंने कहा कि मेरी और पार्टी की छवि को नष्ट करने के लिए राजनैतिक दुर्भावना से ये मुकदमा दायर किया गया। उन्होंने सारे आरोप झूठे और निराधार बताए हैं। बहरहाल अब इस मामले में 12 अगस्त को सुनवाई होगी, वहीं कोर्ट ने साक्ष्य प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। वापस जाते समय राहुल गांधी विधायक नगर चौराहे के समीप गुमटी में एक मोची की दूकान पर रूके और उससे उसके व्यवसाय पर चर्चा की। जिसके बाद मोची चैतराम भावुक हो उठा और बोला साहब मेरे पास आपके लिए उपहार में एक चरण पादुका है जिस पर राहुल मुस्कुराये और बोले शादी के लिए आपसे ही लेकर जाउगा।

# युवा कांग्रेसियों ने नीट छात्रों की राहुल गांधी से करवाई मुलाकात



**सुलतानपुर।** अमित शाह पर टिप्पणी मामले में न्यायालय में पेश होने आए राहुल गांधी का कांग्रेसियों ने जगह-जगह स्वागत किया। लखनऊ हवाई अड्डे से पूर्वांचल एक्सप्रेस से आने पर बाबू गंज चौराहे पर युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी और उपाध्यक्ष मानस तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कांग्रेसियों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके साथ ही नीट परीक्षा में हुई धांधली के संबंध में छात्रों को यूंका के पूर्व जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी और उपाध्यक्ष मानस तिवारी ने राहुल गांधी से मिलवाया। छात्रों ने अपनी बात रखते हुए राहुल गांधी से मांग की कि नीट परीक्षा रद्द होनी चाहिए और पुनः परीक्षा करवाई जानी चाहिए। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि वे युवाओं के साथ हैं और लगातार हो रही परीक्षाओं की धांधली, पेपर लीक मामलों को सदन में पहले भी उठाते रहे हैं और आगे भी इस लड़ाई को कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक लड़ने का काम करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले सोमवार को पुनः इस मुद्दे को सदन में उठाएंगे। इसको लेकर नीट परीक्षा के छात्रों ने राहुल गांधी का धन्यवाद किया और साथ ही युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुब्रत सिंह सनी और उपाध्यक्ष मानस तिवारी को भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मिलवाने पर धन्यवाद प्रकट किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के नेता आदित्य विक्रम सिंह, अमित पांडे, सूरज विश्वास, अतुल यादव, आर्यन तिवारी, अंशु मिश्रा, वैभव मिश्रा, प्रेम शुक्ला, राहुल सिंह, मुकेश, इजरायल, श्याम विशाल तिवारी, सूरज अग्रहरि, राहुल अग्रहरि, जब्बार प्रधान, स्वामीनाथ तिवारी, अखिलेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेंट जेवियर्स के बच्चों ने निकाला कारगिल दिवस पर प्रभात फेरी





**बलरामपुर ।** कारगिल विजय दिवस पर सेंट जेवियर्स ने शनिवार को शहीदों के नाम प्रभात फेरी निकालकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है जनपद में कारगिल विजय दिवस पर सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल ने बड़े ही धूम-धाम से शहर के मुख्य मार्ग से प्रभात फेरी निकलते हुए देश के शहीदों के प्रति जागरूक किया है।

कारगिल विजय दिवस पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आसिम रूमी के मार्गदर्शन में विद्यालय के बच्चों ने नगरपालिका परिषद कार्यालय से प्रभात फेरी आरम्भ की। प्रभात फेरी का उद् घाटन मुख्य अतिथि डी0 पी0 सिंह एवं प्राचार्य आसिम रुमी के द्वारा झण्डी दिखाकर किया गया।

इस प्रभात फेरी में विद्यालय के 100 से अधिक बच्चों के साथ अध्यापकों ने शिरकत की। प्रभात फेरी नगर पालिका कार्यालय से शुरु हुई जो घास मण्डी होती हुई मुख्य बाजार से वीर विनय चौराहें पर समाप्त हुई। इस रैली में विद्यालयी स्कूल बैंड के बच्चों ने बैण्ड धुन से शमा बांध दिया। प्रभात फेरी में स्कूल बैण्ड, एनसीसी कैडेट, विद्यालयी रोटरी क्लब के छात्र एवं अन्य छात्रों ने वीर सपूतों के जोरदार नारे लगाए। प्रभात फेरी के अन्त में वीर विनय चौराहे पर स्कूल के हेड बाय ओमकार शर्मा व हेड गर्ल वैभवी दुबे ने अपने भाषणों से कारगिल शहीदों को भावभीनी श्रद्धाजंली दी। इसी क्रम में प्रधानाचार्य भी आसिम रुमी अध्यापक संजय तोमर, लईक अंसारी, डी. एन शुक्ला मनमोहन ओझा ने वीर सपूतों के चित्र पर मालार्पण करश्रदा सुमन अर्पित किए। कैडेट अल्पना सिंह एवं कृष्णायादव ने कार्यक्रम में लोगों को देश की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने की अपील की। तत्पश्चात स्कूल के छात्रों एवं एनसीसी कैडेटों ने एक नाटक की प्रस्तुति की जिसमें उन्होंने रेलवे फाटक पर होने वाले दुर्घटनाओं से बचने के बारे में लोगो को जागरूक किया।अंत में प्राचार्य श्री आसिम रूमी ने पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कारगिल युद्ध में अपने शौर्य की गाथा लिखने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजली व श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में लईक अंसारी, संजय तोमर, मनमोहनओझा, डी0 के0 दुबे, डी. एन शुक्ला, राजू सर एवं पम्पा बाग मैम ने विशेष योगदान दिया।

# अमर शहीदों के पद चिन्ह पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि- आशुतोष

## वात्सल्य पब्लिक स्कूल में कारगिल दिवस पर आयोजित हुआ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम





**बलरामपुर ।** शुक्रवार को वात्सल्य पब्लिक एवं इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम मनाया गया ।स्कूल के छात्र छात्राओं ने वीर अमर शहीदों को नमन कर उन्हें याद किया

कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा दो के छात्रों ने देश भक्ति नाटक से किया। जिसका शीर्षक कारगिल एक शौर्य गाथा रहा है जिस में श्रेयांश, जैकलिन ,कान्हा ,सीमा ने प्रतिभाग किया। कक्षा एक आयांश, सिया ,नव्या ,आरव, दीपक, रिया, अंशिका , काव्य द्विवेदी, आद्या, आरोही शर्मा ने अमर शहीदों के लिए कुछ लाइन बोली आओ सलामी दे उन्हें जो इसके असली हकदार है मिट्टी की हर एक परत उन्हीं के कर्जदार है।प्रबंधक डॉ आशुतोष प्रसाद शुक्ला बच्चों ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिवस है इस युद्ध में भारत की विजय हुई थी कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने कला प्रतियोगिता मैं हिस्सा लिया जिसमे शामिल विहान, जैश,लावण्या, श्रृष्टि आर्य, गुंजन, निधि, अभय, ने सुंदर चित्र बनाकर सबका दिल जीत लिया । जिसमे जैश , आर्य को प्रथम पुरस्कार मिला।कक्षा 7 के छात्र कामेश्वर मिश्रा ने ओ देश मेरे गाना प्रस्तुत किया । जिसमे अश्विनी गुप्ता ने ढोलक की ताल देते हुए बराबर साथ निभाया ।

इसी अवसर पर एसएसबी कैंप के ऑफिसर विजय सिंह जो कारगिल विजेता है,ने बच्चों से वीडियो कॉलिंग पर बात- चीत की तथा आज के दिन के बारे में बच्चों को बताया कि कैसे हमारे वीर जवानों ने कारगिल विजय किया। जिसमे हमारे देश के बहुत से जवान अपने देश की शान के लिए शहीद हो गए।इस अवसर पर वात्सल्य पब्लिक स्कूल की उपप्रधानाचार्य सोनाली तिवारी, एडमिन अनुष्का पांडेय तथा टीचर्स अर्पिता सिंह , प्रिया, सुप्रिया, अर्पिता ,गरिमा, मुस्कानआदि शामिल हुई । वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल शिखा सिंह , व्यवस्थापक शिवम सिंह उपप्रधानाचार्य मनीषा सिंह , कोऑर्डिनेटर प्रज्ञा शर्मा , प्रीति उपाध्याय, तथा अध्यापिकाएं प्रिया शुक्ला, प्रीति शुक्ला , नफीशा, अमिता पांडे, कृष्णा मिश्र ,शैलजा श्रीवास्तव, आराधना दुबे प्रियंका जैसवाल, शिवानी,सलोनी आदि टीचर्स भी शामिल हुई ।

# शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी- रेखा देवी



**बलरामपुर ।** समग्र शिक्षा माध्यमिक राज्य परियोजना के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के चतुर्थ वर्षगांठ की उपलक्ष पर शिक्षण सप्ताह के चौथे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसके साथ-साथ बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज में स्पोर्ट्स डे मनाया गया। स्पोर्ट्स डे के अवसर पर कॉलेज की छात्राओ तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज की प्रधानाचार्या रेखा देवी ने स्पोर्ट्स डे के अवसर पर कहा कि खेल से मनुष्य का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है।

जितना शिक्षा आवश्यक है उतना ही खेल भी आवश्यक है। सभी व्यक्तियों को खेलना चाहिए क्योंकि खेलने से मनुष्य पूर्ण स्वस्थ एवं फिट रहता है। इस अवसर पर कॉलेज की वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्र ने कहा कि खेल छात्राओं के विकास में सहायक होता है। खेलने से मनुष्यो के अंदर चुस्ती फुर्ती बनी रहती है। आलस्य दूर भागता है एवं व्यक्ति पूर्ण रूप से स्वस्थ रहता है। विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्र ने वंदना पांडे, मधुकर सिंह, चंदन पाठक, प्रिया रानी श्रीवास्तव, खुशबू वर्मा अर्चना श्रीवास्तव, शाहीन, अमिता कश्यप, आस्था आनंद आदि शिक्षक शिक्षिकाओं के सहयोग से कीड़ा कराया। छात्राओं ने मेंढक कूद, दौड़, खो खो, तथा कबड्डी आदि खेल खेले। मेंढक कूद में कक्षा 3 की डाली प्रथम, आरती द्वितीय तथा अलास्का तृतीय स्थान पर रही। दौड़ में कक्षा 3 की दिव्यांशी प्रथम, आरती द्वितीय तथा डाली तृतीय स्थान पर रही। कक्षा 6 से 8 की दौड़ प्रतियोगिता में साजिया प्रथम, शाहाना द्वितीय, तथा रजनी तृतीय स्थान पर रही। दौड़ प्रतियोगिता में कक्षा 5 की तुबा प्रथम, रुखसार द्वितीय तथा कक्षा चार की गीत तृतीय स्थान पर रही। खो खो में आयशा, शाजिया, माही, सादिया, कविता, सायमा , रिदाला, सगुनी, तथा रोशनी की टीम प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी में उर्मिला, खुशी, वैष्णवी, अंशी, साहिबा, संगीता तथा रूपाली की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अविनाश मिश्र, वंदना पांडे, अन्नपूर्णा देवी, अदिति राठौर, सोनम मौर्या, प्रियंका गुप्ता, अर्चना श्रीवास्तव, मीनाक्षी गौड़, चंदन पाठक, मानसी वर्मा, प्रिया रानी श्रीवास्तव, खुशबू वर्मा, शाहीन, आस्था आनंद, अमिता कश्यप आदि शिक्षक शिक्षिकाये उपस्थित रहे।

# बरुआ उत्तरी में मनाया गया वीरांगना फूलन देवी शहादत दिवस



**सुलतानपुर।** बृहस्पतिवार को देर सायं विकास खण्ड लम्भुआ अंतर्गत बरुआ उत्तरी निषाद बस्ती में अम्बेश निषाद के नेतृत्व में वीरांगना फूलन देवी शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि मोस्ट निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद ÷गुरूजी÷ ने कहा कि इतिहास साक्षी है

हम लोगों को कमजोर करने के लिए हमारे उद्धारकों को छल और धोखे से मारा गया। इस अवसर पर मोस्ट ब्लॉक प्रमुख लम्भुआ जितेंद्र निषाद ने वीरांगना फूलन देवी का चित्र वितरित किया गया। उक्त अवसर पर मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, ब्लाक संयोजक डा. विनोद निषाद, मनदीप कुमार कनौजिया, संतोष निषाद, मुकेश निषाद (आईटी), सुग्रीव निषाद, पारस नाथ निषाद, राहुल निषाद, बब्लू निषाद, नागेंद्र निषाद, प्रदीप निषाद, प्रद्युम्न निषाद, उमेश निषाद, जीवा निषाद, शिवा निषाद, निखिल निषाद, प्रभावती देवी, संजू निषाद, निःशुल्क मोस्ट पाठशाला बरुआ उत्तरी की शिक्षिका रेनू निषाद सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# सिटी मजिस्ट्रेट के निरीक्षण में आल इज वेल मिला एआरटीओ ऑफिस



**सुलतानपुर।** गुरुवार को अमहट स्थित एआरटीओ दफ्तर का हाल जानने सिटी मजिस्ट्रेट दीपक कुमार औचक निरीक्षण को पहुंचे। यहां उन्होंने परिसर की साफ- सफाई देखने के साथ ही विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहनों के रजिस्ट्रेशन, ट्रांसफर, रिन्युअल आदि का हाल जाना।

लाइसेंस पटल पर तैनात लिपिक से सिलसिलेवार जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि जरूरी कार्य से ही आवेदकों को परिसर के अंदर आने दें। अन्यथा की स्थति में आवेदक घर बैठे परिवहन पोर्टल पर अपना आवेदन करें। आन लाइन आवेदनों को ससमय निबटाया जाय। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों को किसी भी दशा में अंदर आने पर पाबंदी है। ऐसे में कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति पकड़ा गया तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सिटी मजिस्ट्रेट ने दफ्तर की चाक-चौबंद व्यवस्था देख संतुष्टि जाहिर की। इस मौके पर लिपिक महेश सिंह, विनय कुमार पाण्डेय, निशात फातिमा समेत स्टॉफ के अन्य लोग मौजूद रहे।

## अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति होगी चिह्नित, प्रयागराज पहुंची बरेली पुलिस

**प्रयागराज।** माफिया रहे अशरफ के साले सद्दाम की संपत्ति चिह्नित करने के लिए बिथरी चैनपुर पुलिस प्रयागराज पहुंच गई है। पुलिस प्रयागराज में संबंधित विभागों से दस्तावेज खंगालेगी। उसके बाद सद्दाम की संपत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। सद्दाम मौजूदा समय में बदायूं की जिला जेल में बंद है।माफिया खालिद अजीम उर्फ अशरफ के साले अब्दुल समद उर्फ सद्दाम पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है। बिथरी चैनपुर थाने के क्राइम इंस्पेक्टर अजय कुमार और दरोगा रणधीर कुमार प्रयागराज के लिए रवाना हुए हैं। वह पुलिस-प्रशासन की मदद से सद्दाम की संपत्ति चिह्नित कर बरेली आकर रिपोर्ट सौंपेंगे।माफिया अशरफ जब जिला जेल में बंद था, तब उस समय सद्दाम ने जेल में सारी सुविधा मुहैया कराई थीं और प्रयागराज के उमेशपाल हत्याकांड के शूटरों से भी अशरफ की मुलाकात कराई थी। इस मामले में थाना बिथरी चैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सद्दाम ने अशरफ के दम पर बरेली में पूरा नेटवर्क खड़ा किया था।सद्दाम को सितंबर 2023 में दिल्ली से एसटीएफ ने गिरफ्तार कर बिथरी पुलिस को सौंपा था। कुछ दिनों में उसकी जेल बदल दी गई थी। इससे पहले प्रयागराज पुलिस ने सद्दाम की पांच संपत्तियों को चिह्नित की थीं, इनमें एक लग्जरी कार और चार जमीनें हैं, जो हटवा और आसपास के इलाकों में स्थित हैं। पुलिस को गाड़ी से संबंधित विवरण मिल गया है, जबकि जमीनों के संबंध में दस्तावेजों की जांच की जा रही है।सद्दाम पर 1 मार्च को गैंगस्टर लगाया गया था। उसके गैंग में 11 लोग शामिल हैं। इस गैंग में सद्दाम के अलावा प्रयागराज के एक आतिन जफर का नाम भी शामिल है। आतिन उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य शूटर और अतीक अहमद के बेटे असद का दोस्त है। असद को भगाने में और बरेली जेल में अवैध तरीके से अशरफ से मुलाकात करने वालों में आतिन भी शामिल था। वह चकिया निवासी जफरुल्लाह का बेटा है,

जो देवरिया जेल कांड में अतीक के बेटे उमर के साथ लखनऊ जेल में निरुद्ध है। वह मौजूद समय में रामपुर जेल में बंद है।

## कारगिल विजय दिवस भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना- श्याम सुंदर सिंह पटेल

### कारगिल की लड़ाई को भारतीय सेवा के द्वारा लड़ी गई सबसे कठिन लड़ाई में गिना जाता है- बांके बिहारी पांडे




**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, राजापुर प्रयागराज में प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे के मार्गदर्शन में 25वां कारगिल विजय दिवस संगीताचार्य मनोज गुप्ता के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति गीतों एवं ओजपूर्ण भाषणों के साथ संपन्न हुआ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सूबेदार थलसेना एवं कारगिल युद्ध विजेता श्याम सुंदर सिंह पटेल का स्वागत प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने अंग वस्त्रम एवं माल्यार्पण करके किया। मुख्य अतिथि ने अपने युद्ध के अनुभव को बताते हुए कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना है यह युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच सन 1999 में हुआ था पाकिस्तानी सेना भारत की सीमा पर घुसपैठ कर रही थी और एल ओ सी का कुछ हिस्सा अपने कब्जे में कर चुकी थी। इस पर भारतीय सेना ने सैन्य अभियान चलाया और चुनौतियों से लड़कर पाकिस्तानी सेना का डटकर सामना किया, हमारे सैनिक ऊंचाइयों तक चढ़ाई करके गए, मौसम की मार झेली, कई कई दिनों तक सिर्फ लड़ते रहे, लेकिन हमने हार नहीं मानी यह हमारा हौसला ही था जिसने भारत को विजय दिलाई थी।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य बांके बिहारी पांडे ने बताया कि कारगिल की लड़ाई को भारतीय सेना के द्वारा लड़ी गई सबसे कठिन लड़ाईया में गिना जाता है।

दुश्मन को खदेड़ते हुए भारतीय सेना ने देश की रक्षा की थी। भारतीय सेना का यह ऑपरेशन विजय लगभग तीन महीनों तक चला था और सेना ने टाइगर हिल को 26 जुलाई 1999 में वापस अपने कब्जे में लेते हुए जीत का परचम लहराया था।

कार्यक्रम का कुशल संचालन दिनेश कुमार शुक्ल एवं सत्य प्रकाश पांडे ने किया।

## धरना दे रहे किसान यूनियन के कार्यकर्ता बीडीओ के आश्वासन पर माने



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सहसों।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में ब्लॉक के 45 ग्राम पंचायत में नाली, इंटरलॉकिंग, पेंशन आवास आदि विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक में तालाबंदी की तथा धरना प्रदर्शन किया। चार घंटे तक नारेबाजी के साथ हसिया व लाठी लेकर कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। खंड विकास अधिकारी देव कुमार ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं से बातचीत की तथा सोमवार तक सभी समस्याओं के उचित समाधान का आश्वासन दिया। जिस पर ब्लॉक का ताला खोलकर कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त किया। इस दौरान थाना थरवई की पुलिस शांति व्यवस्था के लिए मौजूद रही। विधि सलाहकार अशोक मिश्रा ने बताया कि यदि सोमवार तक समाधान हो जाता है तो ठीक है अन्यथा मंगलवार को अगली रणनीति बनाई जाएगी।

## वाहन चोरों के हीरो का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले बड़े गैंग का भंडाफोड़ किया है। गिरोह के मुखिया समेत चार वाहन चोर पकड़े हैं। पुलिस ने तीन बोलेरो, दो स्कार्पियो, एक अप्पे वैन, एक स्पेंडर बाइक बरामद की है। इन बदमाशों से बरामद गाड़ियों और सामान की कीमत करीब 53 लाख रुपए है।

डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती ने आज प्रेसवार्ता में बताया कि नवाबगंज, हंडिया, फाफामऊ, सोरांव और कर्नलगंज से वाहनों की चोरी करता था। कुछ दिनों बाद प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों या फिर दूसरे शहरों में वाहनों को ले जाकर आधे दाम पर बेच देता था। चार बदमाश वाहन चोरी करके ठिकानों पर छिपा देते थे। इसके बाद एक बिचौलिया वाहन बेचने के लिए लग जाता था। गिरोह का सरगना कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा यादव कई बार जेल गया है।

जेल से छूटने के बाद उसने वाहन चोरों का गिरोह बनाया और वारदातें करने लगा।

पकड़े आरोपियों में कृष्ण कुमार उर्फ बच्चा निवासी बनई का पुरा नवाबगंज, अंकित गौतम निवासी कटरा कौड़िहार, बच्चा पासी उर्फ अभि पासी निवासी बुदौना नवाबगंज, शनि सरोज निवासी टिकुरी हथिगंवा प्रतापगढ़ हैं। पांचवा आरोपी उमेश चंद गुप्ता उर्फ बिल्लू निवासी कोरारी नवाबगंज का रहने वाला है। गाड़ियों को बेचना इसका काम था।

## उल्लास से मनाई गई कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती

### छात्र संसद का शपथ -ग्रहण कार्यक्रम का धूमधाम से आयोजन



**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र, नैनी में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती एवं छात्र संसद का शपथ -ग्रहण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश सिंह %कैप्टन भारतीय सेना% ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने अतिथि का श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। शिशु मंदिर के भैया बहनों ने शानदार प्रस्तुति विद्या मंदिर के बच्चो ने मनमोहक भाषण एवं पोस्टर प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में छात्र संसद, कन्या भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण मुख्य अतिथि पियूष रंजन निषाद विधायक करछना के द्वारा संपन्न कराया गया। इस क्रम में छात्र संसद के प्रधानमंत्री अमन सिंह, कन्या भारती के प्रधानमंत्री आयुषी शुक्ला व शिशु भारती के प्रधानमंत्री शगुन शुक्ला साहित् सभी पदाधिकारी को उनके पद व गोपनीयता की शपथ माननीय मुख्य अतिथि विधायक करछना ने दिलाई।इसी क्रम में विगत वर्ष 2023-24 हाई स्कूल के टॉपर हिमांशु सिंह,क्षसौरभ सिंह, आदर्श द्विवेदी तथा इंटरमीडिएट के टॉपर सोनाक्षी यादव, कनिष्का केसरवानी एवं साक्षी सिंह को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

उक्त अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राधेश्याम तिवारी, संजय कुमार मिश्रा, अगम कुमार पाठक, बनवारी लाल चौरसिया, आशा तिवारी, वंदना सिन्हा, रतना कुशवाहा, राजकुमार पाल सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बीएलई संचालक ने वृद्ध को लगाया 8500 रुपये का चूना



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के महुआ कोठी बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक महुआ कोठी की बीएलई शाखा संचालक ने एक 80 वर्षीय वृद्ध को 8500 रुपये का चूना लगा दिया है। पेंशन चेक कराने गए वृद्ध का कई किस्तों में पैसा निकाल लिया गया है। गुलचपा, धुर्रवा गांव निवासी मोहम्मद हनीफ का बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा महुआ कोठी में खाता है।

80 वर्षीय वृद्ध का वृद्धा पेंशन आती है। इस वृद्ध का स्टेट बैंक में भी खाता है। आरोप है कि यह वृद्ध जब भी अपनी पेंशन का पैसा चेक कराने और निकलवाने महुआ कोठी बीएलई शाखा संचालक अभिषेक गुप्ता के पास जाता था तो वृद्ध का अंगूठा लगवा कर पेंशन नहीं आने की बात कही जाती थी। उधर उसी लगाये गये फिंगर से स्टेट बैंक में आई पेंशन का पैसा बीएलई साखा संचालक अभिषेक गुप्ता द्वारा निकाल लिया जाता था। वृद्ध को जब यह जानकारी हुई की उसका पेंशन का पैसा स्टेट बैंक की शाखा में आता है तो वहां जाकर पता लगाने पर जब-जब यहां फिंगर लगाया है तब तब उस वृद्ध का वहां पैसा निकाला पाया गया। जानकारी होने पर वृद्ध मामले की शिकायत महुआ कोठी शाखा प्रबंधक से किया। लेकिन कागजी पचड़े को सुन वह शांत हो गये। आपको बताते चले की कथित बीएलई संचालक द्वारा ऐसे ही दर्जनों लोगों को चूना लगाया है। जहां फंसता है वहां दलालों के माध्यम से लोगों को पैसा वापस कर सुलह समझौता कर लेता है। आपको यह भी बताते चले कि बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा महुआ कोठी में प्रिंटर अक्सर खराब रहता है जिसकी वजह से लोग पासबुक पर अपना पैसा नहीं छपवा पाते इसीलिए लोगों को जानकारी नहीं हो पाती कि उसका कितना पैसा आया है और निकाला है। कहीं न कहीं बैंक कर्मियों की भी मिली भगत बीएलई संचालक के साथ होती नजर आ रही है।

## निरंजन पुल के नीचे भरा पानी, टूटा सिविल लाइंस का संपर्क



**प्रयागराज।** शहर में दो दिन से हो रही लगातार बारिश के बाद निरंजन डॉट पुल के नीचे पानी भर गया है। इसके चलते सिविल लाइंस से प्रयागराज जंक्शन सहित पुराने शहर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अवरुद्ध हो गया है। वाहनों को मेडिकल चौराहा या फिर हाईकोर्ट के आगे पानी की टंकी चौराहे से होकर पुराने शहर के खुल्दाबाद, लूकरगंज, हिम्मतगंज, करेली, करेलाबाग, मुट्ठीगंज, जॉनसेनगंज, चौक, घंटाघर, विवेकानंद मार्ग आदि जाना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है।

निरंजन डॉटपुल के नीचे घुटने भर से अधिक पानी भर गया है। यह स्थिति हर बरसात होने के बाद हर बार होती है। पानी निकासी का कोई प्रबंध न होने के कारण पुल के नीचे का इलाका तालाब में तब्दील हो जाता है। बाइक तो पूरी समा जाती है जब ज्यादा बारिश हो जाती है। सिविल लाइंस से पुराने शहर को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। इससे होकर ही यात्री प्रयागराज जंक्शन के एक नंबर प्लेटफार्म पर जाते हैं। यह मार्ग बंद होने के कारण दूसरे मार्ग से जाने पर घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। तमाम यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। शुक्रवार को भी डॉट पुल के नीचे पानी भर जाने के कारण पुराने शहर में जाने के लिए पानी की टंकी और मेडिकल चौराहे से रामबाग वाले मार्ग पर घंटों जाम लगा रहा।

## जगत के कल्याण के लिए रुद्राभिषेक का किया गया शुभारंभ

### भक्तों के द्वारा 11000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कार्य शुभारंभ किया गया



**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में मुंशी राम प्रसाद के बगिया नारायण वाटिका की प्रांगण में काशी के ब्राह्मणों के द्वारा पूर्ण विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ जगत के कल्याण के लिए भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक का आयोजन का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं ने गंगा के पवित्र जल से 11000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कार्य आरंभ किया। इस अवसर भगवान शिव को गंगाजल, गाय का दूध, दही, गन्ना का रस, पंचामृत, शहद, बेल पत्र, भांग ,धतूरा, फल, फूल, आदि सामग्री से रुद्राभिषेक किया गया।

इस अवसर सपना आर्या, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी, सतीश चंद्र केसरवानी, शैलेंद्र गुप्ता, मोहित केसरवानी, राजेश केसरवानी अजय अग्रहरि एवं सैकड़ो भक्त गण उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी ने सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से की मुलाकात



**कोरांव (प्रयागराज)।** नगर पंचायत कोरांव की एक नाबालिक बालिका के साथ बीते 18 जुलाई को हुए दुष्कर्म मामले को लेकर भाजपा नेता इलाहाबाद संसदीय सीट से लोकसभा प्रत्याशी रहे नीरज त्रिपाठी ने दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर न्याय का भरोसा दिलाया। पीड़ित परिजनों के समक्ष भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी ने डीएम व कमिश्नर से वार्ता कर 24 घंटे में समुचित कार्रवाई कराने की बात कही। भाजपा नेता ने एसडीएम आकांक्षा सिंह से फोन पर वार्ता की और दुष्कर्म स्थल काशीराम कॉलोनी में रह रहे लोगों की जांच कराने तथा अन्य हर संभव कार्रवाई करने की बात कही। जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी पिंटू चौबे ने कहा है कि अगर 24 घंटे के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारियां को मांग के अनुरूप कार्रवाई नहीं की गई तो सोमवार को डीएम और कमिश्नर का घेराव किया जाएगा भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी द्वारा परिजनों से मुलाकात के दौरान थाना प्रभारी नितेंद्र शुक्ल, भाजपा नेत्री आरती देवी कोल व अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रयागराज में 26,785 पात्र लाभार्थियों को मिला उनके सपनो का आशियाना

### गरीबों को अपने घर के आशियाने का सपना पूरी कर रही है योगी सरकार

**⇨लाभार्थी सलमा ने योगी-मोदी का जताया आभार, कहा तिरपाल की छत से मिली पक्की छत**

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबके लिए आवास के संकल्प को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हक़ीक़त में बदल रहे हैं। मोदी और योगी का संकल्प है कि हर गरीब का अपना घर हो। इसके लिए भाजपा सरकार योजनाओं को धरातल पर तेजी से उतार रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में प्रयागराज में 26 हज़ार से अधिक लोगों को अपना घर मिल चुका है। सरकार इसके लिए लाभार्थियों को ढाई लाख रुपए का अनुदान देती है।

मोदी-योगी सरकार गरीबों के अपने घर के सपने को सच बनाने के लिए आर्थिक मदद कर रही है। बशर्ते आपके पास अपनी जमीन हो। सरकार सबके सिर पर छत देने के लिए संकल्पित है। जिला नगरीय विकास अभिकरण की परियोजना अधिकारी प्रतिभा श्रीवास्तव बताती हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास योजना है। इसके अंतर्गत प्रयागराज में कुल 26,785 आवास स्वीकृत हुए हैं । जिसमें अभी तक 20,489 घर पूर्ण हो चुके हैं, जिसमें लाभार्थी रहने भी लगे हैं। इसके अलावा जल्दी ही 6,296 घर बन कर तैयार हो जाएंगे। जून 2024 तक जनपद में 85.73 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके है। इसी तरह प्रयागराज मंडल में 77,552 आवास स्वीकृत हुए जिसके सापेक्ष 60,824 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह मंडल में 92.63 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार मेरा घर मेरा अभिमान के तहत शहरी गरीबों के सपने को साकार कर रही है। सरकार बिना जाति, पंथ, मजहब देखे सभी पात्रों को विकास और कल्याणकारी कार्यों का लाभ दे रही है। सबको छत मिले, सबका अपना घर हो इस मिशन के साथ योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। कोटवा निवासी रश्मि ने बताया कि यदि योगी सरकार ने उनकी मदद नहीं की होती तो उनके सिर पर कभी छत नहीं मिल पाती। रश्मि के मुताबिक, आज मेरा अपना पक्का घर हो गया है। शहर के दरियाबाद की सरैया सलमा भी मोदी योगी सरकार का आभार जता रही हैं। सलमा कहती हैं कि तिरपाल के नीचे उनका परिवार रहता था लेकिन आज उसका घर पक्का बन चुका है। मजदूरी और दूसरे के घर का चूल्हा चौका कर कमाने खाने वाले हम लोग अपने जीवन में कभी भी अपना घर नहीं बनवा पाते, अगर मोदी-योगी सरकार हमारी मदद नहीं करती।

## कांग्रेसियों ने किया भारतीय न्याय संहिता पुस्तक का वितरण



**प्रयागराज।** भारतीय न्याय संहिता पुस्तक का वितरण आज उच्च न्यायालय में स्थित अधिवक्तों को अब्दुल कलाम आज़ाद और इरशाद उल्ला के द्वारा किया गया।

%भारतीय न्याय संहिता% भारत गणराज्य में आधिकारिक दंड संहिता है। यह दिसंबर 2023 में संसद द्वारा पारित होने के बाद 1 जुलाई, 2024 को लागू हुई, जो भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की जगह लेगी, जो ब्रिटिश भारत के समय से चली आ रही थी। वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप गिहार ने कहा कि अपने मुवक्किलों के अधिकारों की रक्षा करने और न्याय के कार्य को बढ़ावा देने में, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को बनाए रखने का प्रयास करेंगे। हर समय कानून और कानूनी पेशे के मान्यता प्राप्त मानकों और नैतिकता के अनुसार स्वतंत्र और परिश्रमपूर्वक कार्य करूगा।क्षआगे उन्होंने कहाँ की एक अधिवक्ता का यह कर्तव्य होगा कि वह अपने मुवक्किल के हितों की रक्षा सभी निष्पक्ष और सम्मानजनक तरीकों से निडरता से करे। एक अधिवक्ता को ऐसा खुद पर या किसी अन्य पर किसी भी अप्रिय परिणाम की परवाह किए बिना करना चाहिए।

## शिवलिंग ब्रह्म का स्वरूप एवं प्रकृति का प्रतीक है- सतानंद जी महाराज

### महारुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का किया गया निर्माण



**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के तृतीय दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए सतानंद महाराज ने कहा कि पापी व्यक्ति भी जब प्राश्चित करते हुए भगवान शिव का चिंतन मनन करता है तो भगवान शिव उस पर भी कृपा करते हैं और वो पाप मुक्त हो जाता। शिव पुराण की कथा भक्तों को निष्पाप कर देता है।

व्यास जी ने कहा कि संत ही भंगवत प्राप्ति का मार्ग है इसलिए जिसके जीवन में संत आगमन होता है तो समझ लीजिए उसके जीवन में भगवंत प्रवेश करने वाले हैं।

कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या रही। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया की कथा के पूर्व महा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया।

कथा की महाआरती किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर पूज्य कौशल्या नंद गिरी ने किया।आरती में कुमार नारायण, सतीश चंद्र केसरवानी, मोहित केसरवानी, राम जी केसरवानी, पार्षद नीरज गुप्ता, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी, राजेश केसरवानी, शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अजय अग्रहरि, आशा केसरवानी, उषा केसरवानी, धीरेंद्र चतुर्वेदी आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

## 13 गांवों के दिव्यांगों को वितरित किए गए उपकरण



**बहरिया ।** विकास खंड बहरिया के ग्राम पंचायत कहली में पंचायत भवन मे द हंस फाऊंडेशन की तरफ से दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम रखा गया। इस दौरान 13 गांवों के दिव्यांग जन एकत्र हुए। इस दौरान गरीब दिव्यांग को हंस फाउंडेशन की तरफ से उपकरण प्रदान किया गया। इसमें ट्राई साइकिल, हवा रूपी गद्दा, व्हेलचेयर, सिंगल स्टिक, बैसाखी शामिल है। फाऊंडेशन के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर दीक्षा सिंह ने बताया कि हमारी संस्था 4 विषय पर काम कर रही है। स्वास्थ, शिक्षा, आजीविका, और विकलांगता। बहरिया के 21 गांव में जाकर निः शुल्क दवा दी और जांच किया गया। मेडिकल टीम मे डाक्टर उसैद अहमद, फार्मासिस्ट स्वदीप कुमार, एलटी अंकित यादव, एएनएम वंदना द्विवेदी, पायलट अनीश अहमद, कहली ग्राम प्रधान प्रेम चंद्र, रामपूजन यादव, उमाशंकर यादव एवम गांव के अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनाया गया कारगिल विजय दिवस




**प्रयागराज।** जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज कारगिल विजय दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्टीय कैडेट कोर एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पोस्टर प्रतियोगिता , देशभक्ति गायन प्रतियोगिता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ डॉ नीलिमा मिश्रा संयोजक राजीनीति विज्ञान विभाग ने किया। पोस्टर प्रतियोगिता की निर्णायक मेजर डॉ अर्चना पॉल एवं गायन प्रतियोगिता कि निर्णायक डॉ नम्रता देव रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में अमृता कुमारी को प्रथम, सपना सरोज को दितीय एवं अनन्या सिंह को तृतीय स्थान मिला। गायन प्रतियोगिता में शिखा प्रजापति को प्रथम, अनामिका कुमारी को दितीय और साक्षी दूबे को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में डॉ कस्तूरी भारद्वाज, डॉ रूपम मिश्र, डॉ अंजलि शिवहरे एवं छात्रायें उपस्थित रहे।

